# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-10-09-2023

# जनशिकायतों का करें त्वरित निस्तारण



पुलिस लाइन सभागार में आयोजित बैठक में सम्बोधित करते एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर।

**एसएसपी ने अफसरों को दिया जनसुनवाई निर्देश**

**गोरखपुर (एसएनबी)।** विभिन्न माध्यमों से प्राप्त पब्लिक के प्रार्थना-पत्रों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण कार्य में लगाये गए कार्यालय, सर्किल व थाना स्तर के जनसुनवाई अफसरों के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर ने बैठक की।

बैठक में नोडल अफसर एसपी ट्रैफिक श्यामदेव की मौजूदगी में अब तक आए प्रार्थना पत्रों के संबंध में कृत कार्रवाई की जानकारी एसएसपी श्री ग्रोवर ने ली। उन्होंने जिन मामलों का निस्तारण नहीं हो सका था उसके कारण की भी जानकारी हासिल की। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मातहत अफसरों से कहा कि किसी भी माध्यम से प्राप्त पब्लिक के प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की कोताही क्षम्य नहीं होगी। जनसुनवाई प्रणाली में पांच प्रकोष्ठ बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री जनता दर्शन में प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों के प्रभारी एसआई जयशंकर दुबे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों के लिए प्रभारी एसआई रविंद्र नाथ दुबे, रात्रराजपत्रित अधिकारियों /थानों पर प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों के प्रभारी एसआई नवनीत नागर, आईजीआरएस से प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों के लिए प्रभारी एसआई रघुनंदन त्रिपाठी एवं शासन /उच्चाधिकारियों के माध्यम से प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों के लिए प्रभारी गोपनीय सहायक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को बनाया गया है। एसएसपी ने सभी को निर्देश दिया कि विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण तरीके से प्रभारीगण कराना सुनिश्चित करेंगे। राजपत्रित अधिकारी अपने भ्रमण के दौरान समय समय पर प्रार्थना पत्रों के निस्तारण जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को देना सुनिश्चित करेंगे। प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में यदि अन्य विभाग की भी जिम्मेदारी बनती है तो उससे समन्वय स्थापित कर उसका निस्तारण करें। फरियादियों से अच्छा व्यवहार करें और उनकी समस्याओं को सौम्यता के साथ सुनकर उन्हें यह भरोसा दिलाएं कि उनकी समस्या का वह अविलंब निस्तारण करने का प्रयास करेंगे।

# डाक्टर की गिरफ्तारी को नेपाल ने इंटरपोल से मांगी मदद

■ दिलीप सिंह /एसएनबी।

■ गोरखपुर।

नेपाल के कास्की पोखरा महानगर पालिका के वार्ड संख्या 18 के सारंगकोट स्थित सामुदायिक जंगल में हत्याकर फेंकी गई युवती के शव के मामले में गोरखपुर के एक चिकित्सक समेत अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए नेपाल ने इंटरपोल से मदद मांगी है। यही नहीं रिमाइंडर भेजने की भी नेपाल पुलिस तैयारी कर रही है। इस प्रकरण

**राजेश्वरी श्रीवास्तव उर्फ राखी की नेपाल में हुई हत्या का मामला**

में अपनी बहन की लाश के फोटोग्राफ आदि देखने के बाद अमर कुमार श्रीवास्तव निवासी बिलंदपुर थाना कैंट ने डाक्टर समेत अन्य कई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इस प्रकरण की नेपाल पुलिस जांच-पड़ताल करने के बाद कास्की एसपी ने इंटरपोल को पत्र लिखकर डा. धर्मेन्द्र प्रताप सिंह व अन्य की गिरफ्तारी में मदद की मांग की है।

इस चर्चित प्रकरण में मृतका के भाई अमर प्रकाश श्रीवास्तव पुत्र हरिराम श्रीवास्तव निवासी बिलंदपुर थाना कैंट ने शाहपुर और नेपाल के कास्की के सारंगकोट थाने में भी मुकदमा दर्ज कराया था। नेपाल पुलिस अपना काम कर रही है और इधर शाहपुर पुलिस भी अपने तईं जांच-पड़ताल में लगी हुई है। यहां यह भी बता दें कि अमर कुमार श्रीवास्तव की बहन राखी उर्फ राजेश्वरी श्रीवास्तव

**इंटरपोल को नेपाल पुलिस रिमाइंडर भेजने की तैयारी में**

**6 जून 2018 को नेपाल के पोखरा महानगर पालिका के वार्ड संख्या 18 के सारंगकोट स्थित सामुदायिक जंगल में मिली थी राखी राजेश्वरी श्रीवास्तव की हत्याकर फेंकी लाश**

**मृतका के भाई अमर कुमार श्रीवास्तव ने जनवरी 19 में कास्की के सारंगकोट थाने में दर्ज करायी थी गोरखपुर के डाक्टर व अन्य के खिलाफ नामजद प्राथमिकी, शाहपुर थाने में भी मृतका के भाई ने दर्ज कराया था मुकदमा**

(32) की हत्या सिर और पेडू पर गंभीर चोट पहुंचाकर कर दी गयी थी। शव को कास्की के सामुदायिक जंगल की झाड़ियों में फेंक दिया गया था। 6 जून 18 को नेपाल पुलिस ने युवती की लाश बरामद कर जांच-पड़ताल शुरू की। शव का पोखरा एकेडमी आफ हेल्थ साइसेंज वेस्टर्न रिजनल हास्पिटल रामघाट 10 पोखरा में पोस्टमार्टम भी कराया। इधर जानकारी पाकर मृतका का भाई अमर कुमार नेपाल पहुंचा और फोटो आदि देखकर अपनी बहन की शिनाख्त की। इसके बाद 28 जनवरी 2019 को डाक्टर और उसके साथ वालों के खिलाफ केस दर्ज कराया। जानकार सूत्रों की मानें तो शाहपुर पुलिस इस प्रकरण की जांच-पड़ताल के सिलसिले में कुछ दिन पहले नेपाल भी गई थी। वहां से कुछ साक्ष्य व अन्य जानकारी एकत्र की है। वहीं नेपाल पुलिस की जांच-पड़ताल के बाद मामला पोखरा न्यायालय में लंबित है। अभियुक्त बनाये गये डाक्टर समेत तीन अन्य के खिलाफ नेपाल के पोखरा न्यायालय की ओर से 5 फरवरी 23 को वारंट जारी किया जा चुका है। 18 मार्च 23 कास्की एसपी कार्यालय से इंटरपोल को पत्रांक संख्या 12977 के तहत अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लिखा-पढ़ी की है। अब इसको लेकर इंटरपोल को रिमाइंडर भेजने की तैयारी में है। इस संबंध में पूछे जाने पर डाक्टर धर्मेन्द्र प्रताप सिंह का कहना है कि इंटरपोल के संबंध में मुझे कोई जानकारी नहीं है।

# नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपित गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** पिपराइच पुलिस ने पांच वर्षीया मासूम से हुए छेड़छाड़ के मामले में आरोपित सतेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 श्रीपत सिंह निवासी पिपराबसंत थाना पिपराइच जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धारा 354 भादवि व 9/10 पाक्सो एक्ट के तहत कोर्ट में पेश कर जेल भेजवा दिया।

# 220 लीटर कच्ची शराब के साथ चार गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** राजघाट थाना पुलिस ने 220 लीटर कच्ची शराब, पांच सौ ग्राम नौसादर एवं एक किग्रा यूरिया के साथ चार आरोपितों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्तों ने अपना नाम राहुल कुमार पुत्र पारोसदा निवासी बसियाडीह मंदिर थाना तिवारीपुर, नन्हे पासवान पुत्र वंशी निवासी हनुमानगढी थाना राजघाट, देशदीपक पुत्र मुरारीलाल निवासी इलाहीबाग आगा मस्जिद के पीछे थाना तिवारीपुर व मोनू निषाद पुत्र रामलाल निषाद निवासी घासीकटरा नीम के पेड के पास थाना तिवारीपुर जनपद गोरखपुर बताया।

# हत्या के प्रयास का आरोपित गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** एम्स थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे आरोपित राजेश उर्फ राजा यादव पुत्र अर्जुन यादव निवासी नन्दानगर एफसीआई गेट के बगल थाना एम्स जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धारा 352, 307, 504, 427, 34 भादवि के तहत कोर्ट में पेश कर जेल भेजवा दिया।

# पति समेत कई के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस

**गोरखपुर (एसएनबी)।** खोराबार पुलिस तहरीर देने के बावजूद नहीं कार्यवाही की तब परेशान होकर विवाहिता एसएसपी से मिली और उनको पूरी जानकारी दी। तब कहीं जाकर खोराबार पुलिस ने पति समेत ससुराल वालों के खिलाफ धारा 498, 323, 504, 506 एवं 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

खोराबार प्रतिनिधि के अनुसार रोशनी साहनी पुत्री राजा राम निवासी भइसहा टोला रघुनाथपुर थाना खोराबार की रहने वाली है। पीड़िता ने 6 सितम्बर को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर शिकायत किया कि उसका विवाह 11 दिसम्बर 20 को धर्मेंद्र पुत्र राम केवल ग्राम भगुआ थाना गौरीबाजार जिला देवरिया के साथ हुआ था। पिता ने यथा स्थिति अनुसार दान-दहेज दिया था। ससुराल जाने के कुछ दिनों बाद ससुराल वाले पांच लाख रुपये बतौर दहेज के रूप में मंगाने के लिए विवाहिता पर दबाव बनाने लगे। इसी बीच विवाहिता रोशनी को एक पुत्री पैदा हुई। इसके बाद उसका पति काफी नाराज रहने लगा। विवाहिता का आरोप है कि दो दिसम्बर 22 को ससुराल वाले मारे पीटे तथा हत्या कर लाश फेंक देने की योजना बनाने लगे। तब वह भाग कर मायके आ गई। पिता के साथ खोराबार थाने पर जाकर रोशनी ने तहरीर दिया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। 7 दिसम्बर 22 को विवाहिता रोशनी ने एसएसपी को पत्र दिया जिसपर खोराबार पुलिस ससुराल वालों से समझौता करा कर उसे ससुराल भिजवा दिया। वहां जाने पर ससुराल वाले पहले से अधिक परेशान करने लगे। 28 जुलाई 23 को ससुराल वाले रोशनी को बुरी तरह मारे पीटे, तब वह भागकर मायके आ गई और पिता के साथ खोराबार थाने जाकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की तब उसने एसएसपी से मिलकर पूरी जानकारी दी। उनके आदेश पर खोराबार पुलिस ने शुक्रवार की देर रात पति धर्मेंद्र निषाद , ससुर राम केवल ,प्रमिला देवी ,बाल किशन ,सुनीता देवी तथा रीता देवी निवासीगण ग्राम भगुआ थाना गौरीबाजार जिला देवरिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**खोराबार पुलिस ने तहरीर देने के बावजूद नहीं की कार्यवाही तो पीड़िता पहुंची एसएसपी के पास तब कहीं जाकर ससुरालियों के विरुद्ध दर्ज हो सका मुकदमा**

# आटो लेकर फरार आरोपित गिरफ्तार

**कैम्पियरगंज (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र से चकमा देकर ऑटो लेकर फरार अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर ऑटो को भी बरामद कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम संतकबीरनगर जनपद के बखिरा निवासी विजय पासवान बताया। शुक्रवार को ऑटो चालक अशोक यादव को चकमा देकर आरोपित ऑटो लेकर भाग गया था।

# पुलिस चौकी का एसएसपी ने किया उद्घाटन

**गोला/देईडीहा (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के हरपुर में शनिवार को धुरियापार चीनी मिल के पास स्थापित नई पुलिस चौकी का एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से संवाद करते हुए कहा कि यह क्षेत्र गोला थाना मुख्यालय से काफी दूरी पर स्थित है। जिसके वजह से पुलिस को अपराधियों तक पहुंचने में तथा आमजनों को पुलिस तक सूचना पहुंचाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था लेकिन अब कोई समस्या नहीं होगी। अपराधी भी पकड़ में होंगे और आमजनों को भी सहूलियत होगी। इस अवसर पर एसपी दक्षिणी अरुण कुमार सिंह, सीओ अजय कुमार सिंह, थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार राय, चौकी प्रभारी रविप्रकाश कुंवर सहित अनेक पुलिसकर्मी व स्थानीय लोग मौजूद रहे।



# इंस्टाग्राम से बुलाकर करते थे लूट, दो गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** मेल एप व इंस्टाग्राम से चैटिंग कर बुलाने व उनके साथ लूट की घटना को अंजाम देने के दो आरोपियों को शनिवार सुबह खोराबार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एक आरोपी अभी फरार है। पुलिस उसकी तलाश में है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान विवेक यादव निवासी सिरजम खास थाना गौरीबाजार व रितांशु यादव उर्फ जुगनु निवासी सिरजम खास थाना गौरीबाजार के रूप में हुई है। उनके पास से पुलिस ने 2000 नगद व लूट की मोटरसाइकिल व कार बरामद किया है।

**फरार चल रहे एक आरोपित की तलाश में जुटी पुलिस**

**लूट की दो घटनाओं का खुलासा**

**लूट की एक घटना का पुलिस ने नहीं दर्ज किया था केस**



खोराबार पुलिस द्वारा पकड़े गये अभियुक्तों के बारे में जानकारी देते एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने प्रेसवार्ता में बताया कि पकड़े गए बदमाशों का एक गिरोह है जो मेल डेटिंग एप जो गे कम्युनिटी के लोगो के लिए है उसपर जाते है। या फिर इंस्टाग्राम पर जाकर गे टाइप लोगो को जन्मदिन पार्टी का झांसा देकर बुलाते है। फिर उन्हें कार में बिठाकर खोराबार के सुनसान इलाके तरकुलानी रेगुलेटर के पास ले जाते हैं। वहां पहुंचकर उनसे मारपीट कर लूट की घटना को अंजाम देते हैं। इन लोगो ने 7 सितंबर, 2023 को झंगहा निवासी संजय निषाद को बुलाकर उसका ₹1000, मोबाइल, बाइक लूट लिया था। साथ ही उसके दोस्त से फोन पे से भी कुछ रुपये मंगाया था। इसके पूर्व 21 अगस्त को भी इन लोगो ने कुशीनगर के एक युवक को बुलाकर लूट की घटना को अंजाम दिया था।

### नहीं दर्ज किया था पुलिस ने केस

इसी स्थान पर एक माह पूर्व गौरीबाजार के आयुष नामक युवक से लूट हुई थी। स्थानीय खोराबार पुलिस को इस लूट का पता था लेकिन यहां केस दर्ज नही हुआ। पीड़ित देवरिया जिले के गौरी बाजार थाना पर जाकर लेकिन वहां भी केस नही हुआ। एक लड़की का भी अपहरण उसी स्थान से एक माह पूर्व हुआ था। जहां इन लोग ने यह घटना की थी वहां से 3 किमी तक चारो तरफ केवल खेत व सुनसान है। देवरिया हाइवे से 7 किमी से ज्यादा अंदर है। फिर बिना किसी स्थानीय व्यक्ति के इस घटना में शामिल हुए यह कैसे संभव हुआ। देवरिया के लोगो को कैसे उस जगह का पता चला। इसका जवाब फिलहाल खोराबार पुलिस नही दे पा रही है।

चर्चा है कि उन्हें किसी स्थानीय युवक ने वहां पहले अपने एक फंक्शन में बुलाया था। बाद में वह स्थानीय भी घटना में शामिल हो गया। जिसे पुलिस ने हिरासत में लेने के बाद छोड़ दिया। फिलहाल पुलिस बैतालपुर के रहने वाले फरार आरोपी की तलाश में जुटी है।

# चार के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा

**SAHJANWA:**सहजनवां थाना क्षेत्र के सिहबरा हरदी में जमीन विवाद में मारपीट में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास व मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है. गांव के रामचन्द्र यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि एक जमीन को लेकर पड़ोस के रहने वाले सत्यानंद यादव से विवाद है. मामला न्यायालय में लंबित है. इस जमीन पर मवेशी बांधे जाते हैं. शुक्रवार की सुबह साढ़े छह बजे सत्यानंद यादव, शिवानंद यादव, विजय यादव और द्रोपदी देवी मिलकर झोपड़ी उजाड़ने लगे. पत्नी मीरा देवी ने विरोध किया तो लाठी-डंडा और ईंट-पत्थर से हमला कर घायल कर दिया. पिटाई से पत्नी मीरा बेहोश हो गई थी. पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है.

# ब्लैकमेलिंग से छात्रा नहीं जा रही स्कूल

**SIKRIGANJ:** सिकरीगंज क्षेत्र की रहने वाली बीए प्रथम वर्ष की छात्रा को बहन के पट्टीदारी का में रहने वाला युवक ब्लैकमेल कर रहा है. आरोप है कि तीन लाख रुपये न देने पर आपित्तजनक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी दे रहा है. स्कूल आते-जाते छेड़खानी करता है. आरोपित के डर से छात्रा ने कालेज जाना छोड़ दिया है. थानाध्यक्ष मनीष यादव ने कहा कि जांच की जा रही है.

# नवनिर्मित हरपुर चौकी का एसएसपी ने किया उद्घाटन

**GOLA BAZAR:** एसएसपी गौरव ग्रोवर ने शनिवार को धुरियापार चिनिमिल के पास नवनिर्मित हरपुर पुलिस चौकी का फीता काटकर उद्घाटन किया. इस दौरान एसएसपी गौरव ग्रोवर ने कहा कि जिस तरह से नया पौधा रोपकर देखभाल व सिंचाई की जाती है और बड़ा होने पर वही पेड़ अनेक लाभ देता है. गोला थाने के लिए ठीक उसी प्रकार से हरपुर पुलिस चौकी जन आकांक्षाओं के लिए सुविधाजनक व फायदेमंद साबित होगी. इससे स्थानीय आमजन को सुविधा मिलेगी. एसएसपी ने कहा कि अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने में यह चौकी प्रभावी रहेगी. उन्होंने कहा कि कम समय में पुलिस घटनास्थल पर पहुंचेगी. नवनिर्मित हरपुर चौकी अंतर्गत 33 गांवो की आबादी को सुरक्षा दी जाएगी. पुलिस



अधीक्षक दक्षिणी अरुण कुमार सिंह ने कहा कि चौकी पर आसानी से शिकायतकर्ता पहुंचकर अपनी समस्या का निदान करा सकेंगे. क्षेत्राधिकारी गोला अजय कुमार सिंह ने कहा कि थाने से गांवों की दूरी देखकर पुलिस चौकी की आवश्यकता महसूस की जा रही थी. निर्माण होने से आसपास रहने वाले गांव के व्यक्तियों के लिए यह पुलिस चौकी सुविधाजनक साबित होगी. इस दौरान एसपीआरए दक्षिण अरूण कुमार सिंह, क्षेत्राधिकार अजय कुमार सिंह, थाना प्रभारी गोला धीरेन्द्र राय, चौकी प्रभारी रविप्रकाश कुंवर, एसआई भूपेंद्र तिवारी, अवनीश कुमार सिंह, मुकेश यादव आदि उपस्थित रहें.

# मेल डेटिंग एप से दोस्ती कर लूटने वाले गिरोह का पर्दाफाश

### एसपी सिटी ने प्रेसवार्ता में दी जानकारी



खुलासा करते एसपी सिटी.

**KUSHUMHI:** मेल डेटिंग एप पर युवकों से दोस्ती कर बर्थ-डे मनाने के बहाने बुलाकर लूटने वाले गिरोह का खोराबार थाना पुलिस ने पर्दाफाश किया है. गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल कार, लूटी गई बाइक व दो हजार रुपये बरामद किए गए हैं. पकड़े गए आरोपित देवरिया जिले के रहने वाले हैं. सरगना की तलाश चल रही है. एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने शनिवार की दोपहर अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि झंगहा के सिंहपुर मल्ल टोला के रहने वाले संजय निषाद की दोस्ती पहले इंस्टाग्राम पर देवरिया, गौरी बाजार के सिरजम खास में रहने वाले राहुल मौर्य, विवेक यादव व रितांशु से हुई थी. चैटिंग व बातचीत होने पर संजय इनसे मेल डेटिंग एप पर जुड़ गया. सात सितंबर को संजय का जन्मदिन था. राहुल ने मैसेज करके बताया कि कुई बाजार में बर्थ-डे की पार्टी होगी, वह भी आए. शाम सात बजे बाइक से पहुंचा तो तरकुलानी रेग्युलेटर के पास कार लेकर खड़े राहुल, विवेक व रितांशु ने रोक लिया. कुछ देर बात करने के बाद पिटाई कर बाइक छीन ली. जान से मारने की धमकी देकर जेब में रखे रुपये व मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए. संजय के चाचा मुराली की तहरीर पर लूट का मुकदमा दर्ज कर खोराबार थाना पुलिस ने सर्विलांस की मदद से शनिवार की सुबह विवेक व रितांशु को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में पता चला कि 21 अगस्त की रात में भी इन लोगों ने बर्थ-डे पार्टी मनाने का झांसा देकर तरकुलानी रेग्युलेटर के पास एक अन्य युवक से लूट की थी, जिसका मुकदमा दर्ज था. एसपी सिटी ने बताया कि बरामद हुई कार गिरोह के सरगना राहुल की है.

## देवरिया जिले में भी की है वारदात

पकड़े गए आरोपितों से पूछताछ में पता चला कि देवरिया जिले में भी उन लोगों ने एक वारदात की है, जिसका मुकदमा दर्ज नहीं है. पुलिस का मानना है कि राहुल के पकड़े जाने पर कई और घटना का पर्दाफाश होगा.

## निशाने पर होते थे बाहर काम करने वाले

गिरोह के निशाने पर बाहर काम करने वाले लोग होते थे. पकड़े गए सदस्यों ने बताया कि ऐसे लोग आसानी से बातों में फंस जाते थे. उन्हें लगा था कि वारदात के बाद बदनामी के डर से कोई पुलिस के पास नहीं जाएगा, लेकिन संजय ने स्वजन व पुलिस को बता दिया.



**21** अगस्त की रात में भी इन लोगो ने बर्थ-डे पार्टी मनाने का झांसा देकर तरकुलानी रेग्युलेटर के पास एक अन्य युवक से लूट की थी, जिसका मुकदमा दर्ज था.

# माफिया विनोद उपाध्याय पर एक लाख का इनाम घोषित

**गोरखपुर (एसएनबी)।** शाहपुर निवासी एवं जिले के मोस्ट वांटेड माफिया विनोद उपाध्याय पर ईनाम की राशि अब बढ़ाकर एक लाख रुपये की गयी है। टॉप 10 माफिया पर अभी तक 50 हजार का इनाम था जिसे शनिवार को एडीजी जोन अखिल कुमार ने बढ़कर एक लाख रुपए कर दिया। माफिया विनोद उपाध्याय का नाम यूपी के टॉप 61 व जिले के टॉप 10 बदमाशों की सूची में शामिल है। बदमाश की गिरफ्तारी के लिए एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई

**टॉप 10 बदमाश पर पहले घोषित था 50 हजार का इनाम**

**फरार चल रहे माफिया पर एडीजी जोन अखिल कुमार ने बढ़ाया ईनाम**

को नोडल बनाया गया है। विनोद रेल विहार शाहपुर का रहने वाला है। उसने अयोध्या में भी मकान बनवाया है। उसके खिलाफ शहर कोतवाली के एक मामले में एनबीडब्ल्यू जारी हुआ था। तभी से वह फरार है। जिसके बाद पिछले 3 माह में पहले 25 हजार फिर 50 हजार और अब इनाम की राशि बढ़ाकर एक लाख कर दी गयी है। इन तीन महीनों में रंगदारी व जमीन हड़पने और जालसाजी के आरोप में 5 से ज्यादा केस शाहपुर, गुलरिहा व रामगढ़ताल में माफिया विनोद उपाध्याय पर दर्ज हुआ। इसके अलावा उसके भाई संजय व जयप्रकाश सहित कुछ गुर्गो पर भी केस हुआ है। विनोद का भाई संजय व गुर्गे इस समय जेल में है। विनोद फरार है। यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत विनोद व उसके भाई संजय का मोगलहा स्थित मकान भी ध्वस्त हो चुका है बावजूद उसने अभी तक कोर्ट में सरेंडर नहीं किया है। विनोद पर 30 से ज्यादा केस हत्या, फिरौती, अपहरण, रंगदारी, जालसाजी के आरोप में दर्ज है। एडीजी जोन अखिल कुमार ने बताया कि इनाम बढ़कर एक लाख किया गया है। जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

# बीआरडी में मिली निजी एम्बुलेंस सीज

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (9 Sep):** बीआरडी मेडिकल कालेज परिसर में खड़े निजी एंबुलेंस को गुलरिहा थाना पुलिस ने शुक्रवार की रात में सीज कर दिया. टवेरा गाड़ी का प्रयोग अवैध तरीके से एंबुलेंस के रूप में किया जा रहा था.

चौकी प्रभारी शुक्रवार की रात में परिसर के भीतर गश्त कर रहे थे. इसी दौरान परिसर में खड़ी टवेरा गाड़ी मिली जिस पर एंबुलेंस लिखा था. प्रतिबंध के बाद भी एंबुलेंस परिसर में कैसे यह पूछने पर किसी ने कुछ बताया नहीं. आसपास खड़े युवकों से पूछने पर उन्होंने भी कुछ नहीं बताया. खोजबीन करने पर एंबुलेंस का चालक रामगढ़ताल क्षेत्र में रहने वाला फारूख मिला, जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया. पूछताछ के बाद फारुख को मुचलके पर छोड़ दिया गया. एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि बीआरडी मेडिकल कालेज परिसर में निजी एंबुलेंस के प्रवेश पर रोक है. निर्देश की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई हो रही है.

# बाइकाथॉन का ट्रैक तैयार, आज निकलेगा साइकिलिस्ट का कारवां

दैनिक जागरण आईनेक्स्ट की ओर से ऑर्गनाइज होने वाले मेगा इवेंट का इंतजार खत्म

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (9 Sep):** इंतजार की घड़ियां खत्म हुईं. फन, फिटनेस और मस्ती के भरपूर डोज के साथ रविवार को साइकिलिंग का मेगा फेस्टिवल बाइकॉथन सेलिब्रेट किया जाएगा. करीब सात किलोमीटर के इस सफर में हजारों साइकिलिस्ट एक दूसरे के हमसफर बनेंगे. साइकिलिस्ट के लिए शनिवार देर शाम नगर निगम टीम ने ट्रैक भी तैयार कर दिया. ओमनी जेल प्रेजेंट दैनिक जागरण आईनेक्स्ट बाइकाथॉन साइकिलिंग इवेंट रेस नहीं बल्कि रैली है, जिसका मकसद एनवायर्नमेंट को पॉल्युशन फ्री बनाने के साथ ह्यूमन फिटनेस को बढ़ावा देना है. इसमें फर्स्ट, सेकेंड और थर्ड का कोई कॉन्सेप्ट नहीं है. इवेंट में पार्टिसिपेट करने वाले सभी पार्टिसिपेंट्स को लकी ड्रॉ में शामिल होकर साइकिल के साथ अट्रैक्टिव गिफ्ट जीतने का मौका मिलेगा.

## रैली के बाद मचेगा धमाल

दैनिक जागरण आईनेक्स्ट की ओर से ऑर्गनाइज इस रैली के कंप्लीट होने पर लोगों को एंटरटेन करने की भी भरपूर व्यवस्था की गई है. रैली के वापस लौटने के बाद जहां पार्टिसिपेंट्स अपना रिफ्रेशमेंट कूपन देकर रिफ्रेशमेंट किट हासिल कर सकेंगे. वहीं स्टेज पर रॉक परफॉर्मेंस के जरिए लोगों को फन और मस्ती करने का मौका भी मिलेगा. इसके बाद चीफ गेस्ट के हाथों लकी ड्रॉ निकाला जाएगा, जिसमें लोगों को कई अट्रैक्टिव प्राइज जीतने का मौका भी मिलेगा.




बाइकाथॉन की टीशर्ट पहनकर चहक उठे बच्चे. साथ में डायरेक्टर विवेक श्रीवास्तव.



अवेयरनेस के लिए दैनिक जागरण आईनेक्स्ट हमेशा से ही आगे रहता है. अगर आपके पास बहुत पैसा है लेकिन हेल्थ नही है तो वो पैसा किया काम का नही. आज फिट रहने के लिए साइकिलिंग बहुत बढ़िया माध्यम है. मैने विदेशों में देखा है कि वहां के लोग अपना ज्यादातर काम साइकिल से ही निपटाते हैं. इससे वे हमेशा फिट रहते हैं और एनवायर्नमेंट को भी पॉल्युटेड होने से बचाते हैं.

**रविकिशन शुक्ल**
सांसद गोरखपुर



आज के बिजी लाइफस्टाइल में फिटनेस पर ध्यान देना बहुत जरूरी है.गाड़ियां हमारी बेसिक नीड है, लेकिन हमें चाहिए कि कम से कम एक दिन तो साइकिलिंग करें, जिससे काफी कुछ नहीं, लेकिन थोड़ी मात्रा में पॉल्युशन कम हो सके. मुझे भी साइकिलिंग पसंद है और सभी को साइकिल चलानी चाहिए. आईनेक्स्ट के बाइकॉथन इवेंट में शामिल होकर कोई भी ऐसा कर सकता है.

**डॉ. गौरव ग्रोवर**
एसएसपी गोरखपुर



दैनिक जागरण आईनेक्स्ट का बाइकॉथन इवेंट फन, फिटनेस और मस्ती के लिए एक कंप्लीट इवेंट है. इसमें साइकिल चलाने वालों की तादाद हजारों होती है. इसमें छोटे बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक सभी शामिल होते हैं, जिसे देखकर काफी अच्छा लगता है. वही रविवार को छुट्टी का दिन होने की वजह से लोगों का मजा कई गुना बढ़ जाता है.

**जय गुप्ता**
डायरेक्टर, स्टेपिंग स्टोन इंटर कॉलेज



फिट रहने के लिए साइकिलिंग बहुत जरूरी है. दैनिक जागरण आईनेक्स्ट बाइकाथॉन का बहुत प्रोग्राम अच्छा होता है. मुझे भी साइकिलिंग पसंद है. इस एनवायर्नमेंट को पॉल्युशन फ्री और हेल्थी के रैली निकालकर सिटी के मैसेज देते है. यह एक सराहनीय कदम है.

**एसके शुक्ल**
बिजनेस हेड, आईजीएल

## आज भी मिलेंगी किट

इसके लिए तैयारियां पूरी की जा चुकी है. जिन लोगों को किट्स मिल चुके हैं, वह अपने किट संग साइकिल लेकर टाइमली रीजनल स्पोर्ट्स स्टेडियम पहुंचे. वहीं जिन लोगों ने अब तक किट्स नहीं हासिल किया है, वह रैली से पहले स्टेडियम में पहुंचकर अपना किट कूपन जमा करने के बाद किट हासिल कर सकते हैं. किट डिस्ट्रिब्यूशन के लिए स्टेडियम में एक स्टॉल लगाया जाएगा, जहां ऑनस्पॉट किट डिस्ट्रिब्यूट होगा. रैपस स्कूल के बच्चों को शनिवार को जैसे ही किट मिली तो वे किट पहनकर चहक उठे.

इवेंट — बाइकॉथन (सीजन-15)
प्लेस — रीजनल स्पोर्ट्स स्टेडियम
फ्लैग ऑफ — 6.30 बजे सुबह




## सुबह 6.30 बजे होगा फ्लैग ऑफ

दैनिक जागरण आईनेक्स्ट की ओर से ऑर्गनाइज होने वाले इस मेगा इवेंट का फ्लैग ऑफ सुबह 6.30 बजे रीजनल स्पोर्ट्स स्टेडियम से होगा. करीब 7 किमी की इस रैली में पुलिस सिक्योरिटी के साथ ट्रैफिक पुलिस, मेडिकल स्टाफ और एम्बुलेंस भी मौजूद रहेंगी. इसके साथ ही चेक प्वाइंट्स पर लोगों के लिए पानी की व्यवस्था भी की गई है. रीजनल स्टेडियम से निकलकर यह रैली यूनिवर्सिटी चौराहा, छात्रसंघ चौराहा, दाउदपुर, फिराक गोरखपुरी चौराहा, बेतियाहाता, शास्त्री चौराहा, गोलघर, कालीमंदिर, पुलिस लाइंस देते हुए वापस रीजनल स्टेडियम में पहुंचकर खत्म होगी.



साकिलिंग का शौक किसे नही होता है. मुझे भी इसका काफी शौक था, लेकिन 5वीं क्लास तक मेरे पास साइकिल नही थी. छठवी में पहुंचा तो मेरे दोस्त साइकिल से आने लगे. मुझे भी साइकिल पाने की ख्वाहिश जगी. मैने पिताजी से इसके लिए कहा. उन्होंने उस समय कुछ नही किया. उस दौर में भी मुझे फिट रहने की आदत थी, इसलिए स्पोर्ट्स इवेंट खासतौर पर एथलेटिक्स में हिस्सा लिया करता था. मुझे याद है कि 400 मीटर की रेस थी और मैने उसमें पार्टिसिपेट किया था. रेस में हिस्सा लिया और मैं अपनी पूरी ताकत के साथ इसमें दौड़ लगाई. मेरी कोशिश कामयाब रही. मैं पहली पोजीशन पर रहा, जिसके बाद पापा ने मुझे साइकिल दिखाई. छठवी क्लास में मुझे जाकर साइकिल मिली, जिसके बाद हमने उससे काफी मस्ती की.

**आदित्य प्रताप सिंह**, भारतीय युवक संघ

## यह हैं पार्टनर्स

**प्रेजेंटेड बाई**
ओमनी जेल, आरपीएम एकेडमी पाम पैराडाइज ब्रांच

**सपोर्टेड बाई**
एवन साइकिल

**प्राउड पार्टनर**
रेडिको

**बैंकिंग पार्टनर**
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

**इन एसोसिएशन विद**
रालको टायर्स, ऐश्प्रा डेवलपर्स और स्टेपिंग स्टोन इंटर कॉलेज सूरजकुंड

**को-स्पॉन्सर**
सोलंकी एंड एसोसिएट्स

# गुलरिहा में युवक ने फंदे से लटक कर दे दी जान

- गुलरिहा क्षेत्र के सेमरा नम्बर एक की घटना
- प्रेम प्रसंग बताई जा रही जान देने की वजह

गुलरिहा, हिन्दुस्तान संवाद। गुलरिहा थाना क्षेत्र के सेमरा नंबर एक में शनिवार की सुबह एक युवक अपने कमरे में मृत मिला। कमरा अंदर से बंद था तथा पास में मेज पर खाने से भरी थाली पड़ी थी, मृतक के गले में बेडशीट से बना फंदा लिपटा मिला, जिसका आधा हिस्सा पंखे की कुंडी से लगा था। सूचना डायल 112 पर दी गई। मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है,फिलहाल गुलरिहा पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजकर जांच में जुटी है।

मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के सेमरा नंबर एक निवासी रामप्रवेश उर्फ मनोज (24 वर्ष) पुत्र हरिश्चंद मौर्या शुक्रवार की शाम अपने कमरे में खाना मंगाकर सोने चला गया। शनिवार की सुबह उसकी मां जगाने गई तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी आवाज लगाने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो खिड़की से देखने पर युवक जमीन पर गिरा दिखाई दिया। खिड़की तोड़कर परिजन कमरे में गए तो देखे कि युवक के गले में बेडशीट लिपटा था और वह मृत अवस्था जमीन पर पड़ा था। घटना की सूचना परिजनों ने डायल 112 पर दी। सूचना पर पहुंची गुलरिहा पुलिस ने देखा कि बेडशीट का आधा हिस्सा गले में तथा आधा फटा हिस्सा पंखे की कुंडी से लटका मिला। युवक का मोबाइल बेड पर फ्लाइट मोड में था और थाली का खाना परोसे हालत में थी। वह चार भाइयों में सबसे बड़ा था। बताया जा रहा है मामला प्रेम प्रसंग का है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है।

# ठाणे की किशोरी से रेप के आरोपी मौसेरे भाई दबोचे

गुलरिहा, हिन्दुस्तान संवाद। महाराष्ट्र के ठाणे निवासी किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में गुलरिहा के जंगल डुमरी नंबर दो निवासी मौसरे भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। युवक ने न सिर्फ खुद किशोरी से दुष्कर्म किया, बल्कि अपने दोस्त के साथ किशोरी का आपत्तिजनक वीडियो बनाकर वायरल भी कर दिया। मामले में एक साधु और झारखंड निवासी युवक भी आरोपित हैं।

किशोरी के पिता ने बीते दिनों ठाणे में गोरखपुर के दो युवकों समेत चार के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया था। दुष्कर्म एवं पाक्सो एक्ट का केस गुलरिहा थाने में स्थानांतरित होने के बाद स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार को इलाके के अकटहवा पुलिया के पास से आरोपित करन व रितिक को गिरफ्तार किया था।

किशोरी के पिता के अनुसार उसकी बेटी अपनी मां के साथ अलग रहती है। गोरखपुर के एक युवक से उसकी फेसबुक के जरिये दोस्ती हुई। इसी बीच गुलरिहा के जंगल डुमरी नंबर दो बंगला टोला निवासी मौसरे भाइयों ने किशोरी को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। एक दिन युवक रितिक पासवान ने किशोरी को फोन कर बताया कि उसके दोस्त करन की तबीयत खराब थी।

## अश्लील वीडियो बनवाकर ब्लैकमेल कर रहा था साधु

इसी बीच करन ने किशोरी से छुटकारा पाने के लिए एक साजिश रची। जिसके तहत वह किशोरी को एक साधु वेशधारी संतोष तिवारी के पास ले गया। साधु ने कहा कि तुम दोनों में से एक की जल्द मौत हो सकती है। यदि किसी तीसरे लड़के से शारीरिक संबंध बना लो तो बचना संभव है। उसने वीडियो मांगा। आरोपी ने किशोरी का झारखंड के बेराबारु घुटू निवासी सन्नी बादल के साथ शारीरिक संबंध का वीडियो संतोष को भेज दिया था। जिसके बाद संतोष वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर किशोरी से 50 हजार की डिमांड करने लगा।

# मां-बेटियों को घर में घुसकर पीटा, केस

बांसगांव। बांसगांव क्षेत्र के गुआर गांव में हर घर नल जल योजना के अन्तर्गत निजी भूमि पर टोंटी लगाने से क्षुब्ध पड़ोसियों ने मां और दो पुत्रियों को घर में घुसकर पीटकर घायल कर दिया।

बांसगांव थाना क्षेत्र के गुआर गांव की अनीता देवी पत्नी कुमई ने पुलिस को तहरीर दी कि वह अपनी जमीन पर टोंटी लगवा रही है। इससे छुब्ध होकर उसके पड़ोसी ओंकार तथा उसकी दो बहनें बबीता और सरिता ने अनीता व उसकी दो पुत्रियों खुशबू तथा सोनम को पीट कर घायल कर दिया।

# इंटरनेट पर दोस्ती कर लूट करने वाले गैंग के दो दबोचे

- देवरिया के गौरीबाजार का रहनेवाला है 3 लुटेरों का है गैंग, एक फरार

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। डेटिंग एप व इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर शिकार की तलाश करने वाले लुटेरों के गिरोह के दो बदमाशों को शनिवार सुबह खोराबार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान विवेक यादव और रितांशु यादव उर्फ जुगनु निवासी सिरजम खास थाना गौरीबाजार के रूप में हुई है। उनके पास से पुलिस ने 2000 रुपया नगद व लूट की मोटरसाइकिल व कार बरामद किया है। बैतालपुर का रहनेवाला इनका एक साथी फरार है।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि देवरिया के रहने वाले इन लुटेरों का एक गिरोह है। यह डेटिंग एप पर जाते हैं या फिर इंस्टाग्राम पर जाकर लोगों को जन्मदिन पार्टी का झांसा देकर बुलाते हैं। फिर उन्हें कार में बिठाकर खोराबार के तरकुलानी के पास स्थित इस सुनसान इलाके में ले जाते और उनसे मारपीट कर लूट की घटना को अंजाम देते हैं। उन्हें लगता था कि जिसके साथ घटना हो रही है वह इस पुलिस से शिकायत नहीं करेगा।

एसपी सिटी ने बताया कि इसी गिरोह ने 7 सितंबर 2023 को झंगहा निवासी संजय निषाद को बुलाकर उसके पास से 1000 रुपया, मोबाइल और उसकी बाइक लूट ली थी। उसके दोस्त से फोन पे से भी कुछ रुपये मंगाया था। वहीं 21 अगस्त को भी इन लोगों ने कुशीनगर कप्तानगंज के बहुआस गांव निवासी राहुल शर्मा को बुलाकर लूट की घटना अंजाम दिया था। उस मामले में खोराबार थाने में बंधक बनाकर लूट करने की धारा में केस दर्ज किया गया था। एसपी सिटी ने बताया कि राहुल से इंस्टाग्राम पर लुटेरों ने दोस्ती की थी। बर्थडे पार्टी के नाम पर बुलाया था। इसी स्थान पर 14 अगस्त को गौरीबाजार के आयुष नामक युवक से भी लूट हुई थी, जो खोराबार पुलिस को पता थी लेकिन उसने केस दर्ज नहीं कराया था।

# पुरानी रंजिश मे दो पक्षों में मारपीट, केस

पादरी बाजार, हिसं। शाहपुर के बशारतपुर में शुक्रवार रात पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

शाहपुर इलाके के बशारतपुर स्थित ट्रांसफार्मर चौराहा निवासी रोहित सोनकर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार शाम हार्दिक व उसके साथियों रजत, सूरज, अमन, लेदर और पासा ने उसे रास्ते में रोक कर गाली देते हुए लाठी डंडे से मारने लगे और बाइक-मोबाइल भी क्षतिग्रस्त कर दिए। दूसरे पक्ष के राजेश गुप्ता ने आरोप लगाया कि शुक्रवार रात अपनी गुमटी पर खड़ा था। इस दौरान रोहित सोनकर अपने साथियों सुमित व गगन के साथ आया और बेटे रजत व निखिल को लाठी डंडे से मार कर घायल कर दिया। उनकी आंख में भी चोट आई है।

# छेड़खानी के आरोपी का शांतिभंग में चालान

खोराबार। खोराबार क्षेत्र की युवती के साथ 6 सितबर की रात में घर में घुसकर छेड़खानी करने के आरोपियों का पुलिस ने शांतिभंग में चालान किया है। दोनों बहनें रात में करीब 9.30 बजे छोटे भाई के साथ घर में सो रही थी कि उसी दौरान गांव के दो युवक छत के रास्ते घर में घुस गए और युवती के साथ छेड़छाड़ करने लगे। युवती के शोर मचाने पर बगल में सो रही छोटी बहन व छोटा भाई जग गए। पुलिस ने आरोपी का शांतिभंग में चालान किया है।

# विवाहिता के उत्पीड़न पर पति सहित अन्य पर केस

खोराबार। खोराबार पुलिस रोशनी साहनी की तहरीर पर शुक्रवार की देर रात पति धर्मेंद्र निषाद, ससुर राम केवल, प्रमिला देवी पत्नी अशोक निषाद, बाल किशन, सुनीता एवं रीता देवी निवासी गण ग्राम भगुआ थाना गौरीबाजार जिला देवरिया के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया है।

## एडीजी जोन ने बढ़ाया इनाम, चार माह से चल रही तलाश

# माफिया विनोद उपाध्याय पर एक लाख का इनाम

**सख्ती**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। चार महीने से पुलिस को चकमा दे रहे माफिया विनोद उपाध्याय की गिरफ्तारी के लिए अब उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित कर दिया गया है। एडीजी जोन अखिल कुमार ने शनिवार को इनाम की यह राशि बढ़ाई है।

इससे पहले से माफिया पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। एसटीएफ के साथ ही क्राइम ब्रांच व जिले के दो थानों की पुलिस विनोद उपाध्याय की तलाश कर रही है। हालांकि किसी के पास विनोद का कोई सुराग नहीं है।

मूलरूप से अयोध्या जिले के माया बाजार, स्थित उपाध्याय का पुरवा निवासी विनोद उपाध्याय का नाम जिले के टॉप 10 व प्रदेश के 69 माफिया की सूची में शामिल है। शाहपुर के रेल विहार, गोरखनाथ के धर्मशाला बाजार में भी उसका मकान है। बीती 24 मई को गुलरिहा थाने में कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने, रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज होने के बाद से माफिया विनोद उपाध्याय की तलाश में स्थानीय पुलिस के साथ ही क्राइम ब्रांच की टीम लगी हुई है।

गुलरिहा में केस दर्ज होते ही एसएसपी ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। हालांकि बाद में आईजी ने 50 हजार रुपये इनाम घोषित किया उसके बाद एसटीएफ भी उसकी तलाश में जुट गई थी लेकिन किसी को सफलता नहीं मिली। पुलिस ने विनोद के करीबियों को हिरासत में लिया पर माफिया सामने नहीं आया। विनोद के गुर्गों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया।

दबाव बढ़ने पर उसके भाई ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। जीडीए ने बिना मानचित्र के बने माफिया विनोद के फार्म हाउस व भाई संजय के घर पर बुलडोजर चलाया। इसके बाद भी दबाव में नहीं आया।



- जिले के टॉप-10 व प्रदेश के 69 माफिया की सूची में है विनोद उपाध्याय
- स्थानीय पुलिस के साथ ही क्राइम ब्रांच की टीम लगी हुई है विनोद की तलाश में

### चार महीने में विनोद पर दर्ज हुए पांच केस

विनोद पर 24 मई को रंगदारी व जमीन हड़पने और जालसाजी के आरोप में केस दर्ज हुआ उसके बाद अब तक 5 से ज्यादा केस शाहपुर, गुलरिहा व रामगढ़ताल में थाने दर्ज हुए। विनोद पर 30 से ज्यादा केस दर्ज है

# डॉक्टर की सीट पर बैठे दलाल को पुलिस ने दबोचा

गोरखपुर। जिला अस्पताल के ओटी में डॉक्टर की सीट पर बैठने वाले दलाल को पुलिस ने उठा लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर पूरे नेटवर्क को खंगाल रही है। आरोप है कि दलाल ने डॉक्टर को धमकी भी दी थी। इस मामले में डॉक्टर राजेश सिंह ने केस दर्ज कराया है।

डॉक्टर ने अपनी तहरीर में बताया था कि प्रमोद सिंह हमेशा चार-पांच अराजकतत्वों को लेकर चिकित्सालय परिसर में घूमता रहता है और मरीजों को फंसा कर दलाली करता है। उन्होंने बताया कि सोमवार को वो अर्थो ओटी के चिकित्सक कमरे में बैठे थे, तभी वहां दलाल प्रमोद अपने साथियों के साथ आया और खाली पड़ी चिकित्सक की कुर्सी पर बैठ गया। प्रमोद ने अपने हाथों से डॉक्टर की टेबल पर रखे सारी चीजों को तितर बितर कर दिया और गली गलौज करने लगा। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

# अवैध एंबुलेंस की गई सीज

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता । बीआरडी मेडिकल कालेज गेट पर शुक्रवार रात पुलिस ने गश्त के दौरान एक प्राइवेट गाड़ी को सीज किया । जांच में पाया गया कि उस वाहन को अवैध तरीके से एम्बुलेंस के रूप में चलाया जा रहा था। वाहन को सीज कर चालक फारुख निवासी रामगढ़ताल को 20 हजार के निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया।

मालूम हो कि बीआरडी गेट पर 9 जुलाई मध्य रात चेकिंग के दौरान एंबुलेंस चालक चौकी इंचार्ज से भिड़ गए थे। जिसमे गुलरिहा पुलिस नौ हमलावरों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर चार को जेल भेज दिया था। इस घटना के बाद से पुलिस ने सख्ती बरतनी शुरू की।

चौकी प्रभारी मेडिकल कालेज विवेक मिश्रा ने बताया कि अब तक लगभग 20 अवैध एम्बुलेंस सीज की जा चुकी हैं।

# इंटरपोल की मदद से पुलिस सुलझाएगी राखी हत्याकांड की गुत्थी

सतीश पांडेय • गोरखपुर

दो देश (भारत-नेपाल) के कानूनी पेच में फंसी राखी हत्याकांड की गुत्थी चार वर्ष बाद भी नहीं सुलझ सकी। गोरखपुर पुलिस अब इंटरपोल की मदद से पोस्टमार्टम रिपोर्ट व पंचायतनामा की कापी हासिल करने में जुटी है। जिसके बाद चल रही विवेचना का निपटारा कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल करेगी।




- दो देश के कानूनी पेंच में चार वर्ष से फंसा है यह चर्चित मामला
- शाहपुर क्षेत्र से अगवा कर नेपाल के पोखरा में की गई थी हत्या
- एसटीएफ ने चिकित्सक समेत तीन को गिरफ्तार कर किया था पर्दाफाश
- चार अक्टूबर, 2018 को फोन बंद होने पर एसटीएफ ने की छानबीन

शाहपुर के बिछिया में रहने वाली राजेश्वरी श्रीवास्तव उर्फ राखी एक जून, 2018 को संदिग्ध परिस्थिति में गायब हो गई। भाई अमर प्रकाश ने शाहपुर थाने में चार जुलाई, 2018 को पहले पति बिहार के वजीरगंज थाना क्षेत्र स्थित लोहगरा निवासी मनीष सिन्हा पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया। जांच में पता चला कि राखी को लेकर मनीष नेपाल गया था। तीन जून तक राखी मनीष के साथ रही और बाद में राखी ने मनीष को वापस भेज दिया। पांच जून से मनीष की राखी से बात नहीं हो पा रही थी। उसका वाट्सएप चल रहा था। मैसेज का भी वह जवाब नहीं दे रही थी। मनीष ने 24 जून को राखी के बारे में कुछ पता न चलने की सूचना उसके भाई को दी तो उसने अपहरण का मुकदमा दर्ज करा दिया। छह माह तक राखी का मोबाइल फोन चालू रहा। वाट्सएप और फेसबुक भी एक्टिव रहा। चार अक्टूबर, 2018 को मोबाइल फोन बंद होने पर एसटीएफ ने फोटो लेकर छानबीन की तो पता चला कि आठ जून, 2018 को नेपाल के पोखरा में उसका शव मिला था। पहाड़ से धक्का देकर उसे गिराया गया था। एसटीएफ ने सर्विलांस की मदद से जांच की तो शहर के एक सर्जन का नाम सामने आया। जांच में साक्ष्य मिलने के बाद एसटीएफ ने चिकित्सक व उनके दो कर्मचारियों को गिरफ्तार कर घटना का पर्दाफाश किया। शाहपुर थाना पुलिस अपहरण के मुकदमे में हत्या की धारा बढ़ा दी। इस मामले की अभी तक विवेचना चल रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व पंचायतनामा की सर्टिफाइड कापी न मिलने से अभी तक इस मुकदमे में आरोप पत्र दाखिल नहीं हो सका है। अब इंटरपोल की मदद से पोस्टमार्टम रिपोर्ट, पंचायतनामा की कापी हासिल कर पुलिस आरोप पत्र दाखिल करने की तैयारी में जुटी है।

# मेडिकल कालेज में मिली निजी एंबुलेंस सीज

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : बीआरडी मेडिकल कालेज परिसर में खड़े निजी एंबुलेंस को गुलरिहा थाना पुलिस ने शुक्रवार की रात में सीज कर दिया। टवेरा गाड़ी का प्रयोग अवैध तरीके से एंबुलेंस के रूप में किया जा रहा था।

चौकी प्रभारी शुक्रवार की रात में परिसर के भीतर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान परिसर में खड़ी टवेरा गाड़ी मिली जिस पर एंबुलेंस लिखा था। प्रतिबंध के बाद भी एंबुलेंस परिसर में कैसे यह पूछने पर किसी ने कुछ बताया नहीं। आसपास खड़े युवकों से पूछने पर उन्होंने भी कुछ नहीं बताया।

खोजबीन करने पर एंबुलेंस का चालक रामगढ़ताल क्षेत्र में रहने वाला फारूख मिला, जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पूछताछ के बाद फारुख को मुचलके पर छोड़ दिया गया। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि बीआरडी मेडिकल कालेज परिसर में निजी एंबुलेंस के प्रवेश पर रोक है। निर्देश की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई हो रही है।

# चोरी का मोबाइल फोन बेचने वाले गिरोह का राजफाश

- दिल्ली में चोरी करवाने के बाद नेपाल व बांग्लादेश में बेचते थे
- इटावा व सिवान जिले के आरोपित के कब्जे से मिले 60 फोन बरामद

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : दिल्ली में चोरी हुआ मोबाइल फोन कम मूल्य पर खरीदकर नेपाल व बांग्लादेश भेजकर बेचने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह का जीआरपी ने पर्दाफाश किया है। सरगना समेत दो आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 18 लाख रुपये कीमत के 60 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश चल रही है।

क्षेत्राधिकारी जीआरपी सरोज पांडेय ने थाने में प्रेस वार्ता कर बताया कि शनिवार की सुबह जीआरपी थाना प्रभारी विजय प्रताप सिंह अपनी टीम के साथ प्लेटफार्म नंबर-एक पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान वैशाली एक्सप्रेस से बैग लेकर नीचे उतरे दो युवकों की गतिविधि संदिग्ध लगी। संदेह के आधार पर उनके बैग की तलाशी लेने पर 60 मोबाइल फोन मिले। दोनों युवकों की पहचान इटावा जिले के भरथना के अनवरगंज में रहने वाले मोहम्मद सेराज हाल मुकाम संगम विहार, डी-ब्लाक नई दिल्ली और सिवान (बिहार) के गोरयाकोठी, सिसई के अरविंद गुप्ता के रूप में हुई। पूछताछ में पता चला कि सेराज मोबाइल फोन की मरम्मत करता है। चार माह पहले अरविंद मोबाइल मरम्मत का कार्य सीखने गया था। मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह के सदस्यों से जान-पहचान होने के बाद दोनों चोरी करवाने लगे। एक से दो हजार रुपये में चोरी का मोबाइल फोन खरीदकर उसे चार से पांच हजार रुपये में नेपाल व बांग्लादेश पहुंचाकर बेच देते थे। सेराज ने बताया कि चार बार में 250 से अधिक मोबाइल फोन बेच चुके हैं। गिरोह से जुड़े कई लोगों के नाम प्रकाश में आए हैं, जिनकी तलाश चल रही है।

**चोरी के तीन मोबाइल फोन के साथ दो बदमाश गिरफ्तार** : गोरखपुर : जीआरपी ने चोरी के तीन मोबाइल फोन के साथ शनिवार की सुबह दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। उन्हें न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

# मेल डेटिंग एप से दोस्ती कर लूटने वाले गिरोह का पर्दाफाश

- खोराबार थाना पुलिस ने दो सदस्यों को पकड़ा, सरगना की तलाश
- देवरिया जिले के रहने वाले हैं सभी, कब्जे से मिली बाइक व कार
- 21 अगस्त की रात में भी खोराबार क्षेत्र में एक युवक से की थी वारदात

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : मेल डेटिंग एप पर युवकों से दोस्ती कर बर्थ-डे मनाने के बहाने बुलाकर लूटने वाले गिरोह का खोराबार थाना पुलिस ने पर्दाफाश किया है। गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल कार, लूटी गई बाइक व दो हजार रुपये बरामद किए गए हैं। पकड़े गए आरोपित देवरिया जिले के रहने वाले हैं। सरगना की तलाश चल रही है।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने शनिवार की दोपहर अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि झंगहा के सिंहपुर मल्ल टोला के रहने वाले संजय निषाद की दोस्ती पहले इंस्टाग्राम पर देवरिया, गौरी बाजार के सिरजम खास में रहने वाले राहुल मौर्य, विवेक यादव व रितांशु से हुई थी। चैटिंग व बातचीत होने पर संजय इनसे मेल डेटिंग एप पर जुड़ गया। सात सितंबर को संजय का जन्मदिन था। राहुल ने मैसेज करके बताया कि कुई बाजार में बर्थ-डे की पार्टी होगी, वह भी आए। शाम सात बजे बाइक से पहुंचा तो तरकुलानी रेग्युलेटर के पास कार लेकर खड़े राहुल, विवेक व रितांशु ने रोक लिया। कुछ देर बात करने के बाद पिटाई कर बाइक छीन ली।

जान से मारने की धमकी देकर जेब में रखे रुपये व मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए। संजय के चाचा मुराली की तहरीर पर लूट का मुकदमा दर्ज कर खोराबार थाना पुलिस ने सर्विलांस की मदद से शनिवार की सुबह विवेक व रितांशु को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि 21 अगस्त की रात में भी इन लोगों ने बर्थ-डे पार्टी मनाने का झांसा देकर तरकुलानी रेग्युलेटर के पास एक अन्य युवक से लूट की थी, जिसका मुकदमा दर्ज था। एसपी सिटी ने बताया कि बरामद हुई कार गिरोह के सरगना राहुल की है, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**देवरिया जिले में भी की है वारदात** : पकड़े गए आरोपितों से पूछताछ में पता चला कि देवरिया जिले में भी उन लोगों ने एक वारदात की है, जिसका मुकदमा दर्ज नहीं है। पुलिस का मानना है कि राहुल के पकड़े जाने पर कई और घटना का पर्दाफाश होगा।

**निशाने पर होते थे बाहर काम करने वाले** : गिरोह के निशाने पर बाहर काम करने वाले लोग होते थे। पकड़े गए सदस्यों ने बताया कि ऐसे लोग आसानी से बातों में फंस जाते थे। उन्हें लगा था कि वारदात के बाद बदनामी के डर से कोई पुलिस के पास नहीं जाएगा, लेकिन संजय ने स्वजन व पुलिस को बता दिया।

# हॉर्न बजाने पर कार पर ईंट से की थी तोड़फोड़

गोरखपुर। एयरफोर्स चौकी के पास जन्माष्ठमी के दिन हॉर्न न बजाने पर युवक पर हमला करने व कार तोड़ने के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। आरोप है कि मनबढ़ों ने हवाई फायरिंग भी की थी। पुलिस तोड़फोड़, हत्या की कोशिश सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया था। ब्यूरो

# पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट, केस दर्ज

पादरी बाजार। शाहपुर इलाके के बशारतपुर में शुक्रवार की रात पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट हो गई। एक पक्ष के रोहित सोनकर की तहरीर पर शनिवार को पुलिस ने हार्दिक, रजत, सूरज, अमन, लेदर और पासा के खिलाफ एससी/एसटी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। वहीं, दूसरे पक्ष ने भी केस दर्ज कराया है। ब्यूरो

# बशारतपुर में दो पक्षों में मारपीट, मुकदमा दर्ज

जासं, पादरी बाजार : शाहपुर थाना क्षेत्र के बशारतपुर में गुरुवार की रात रंजिश में दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें दोनों पक्षों से दो लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बशारतपुर के ओंकारनगर के राजेश गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गुरुवार की रात 10 बजे मोहल्ले के रोहित सोनकर, सुमित सोनकर, गगन सोनकर व कुछ अन्य ने मिलकर बेटे रजत और निखिल पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। शोर सुनकर भाई आलोक गुप्ता और मैं पहुंचा तो मनबढ़ों ने पिटाई की। इससे मेरी बाईं आंख में गंभीर चोट लगी है। लोगों के जुटने पर वे धमकी देते हुए भाग गए। वहीं, दूसरे पक्ष के ट्रांसफार्मर चौराहा के रोहित सोनकर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गुरुवार की रात साढ़े नौ बजे घर जा रहा था। ओंकारनगर के पास पहुंचा कि रंजिश में हार्दिक, रजत, सूरज, अमन, पासा, लेदर व कई अन्य लोगों ने हमला बोल दिया। इससे सिर में गंभीर चोट लगी।

# दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के आरोपित मौसेरे भाई गिरफ्तार, भेजे गए जेल

जासं, भटहट : दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के आरोपित मौसेरे भाइयों को गिरफ्तार कर गुलरिहा पुलिस ने शनिवार को जेल भेज दिया। पुलिस तांत्रिक समेत दो अन्य आरोपितों की तलाश में जुटी है।

महराष्ट्र के थाणे जिले की रहने वाली किशोरी से चिलुआताल थाना क्षेत्र के रामपुर चक के मूल निवासी और छत्तीसगढ़ के लांची के मांडू के मुकुंदा बेदा में रहने वाले करन पासवान से दो वर्ष पूर्व दोस्ती हुई। घर आए करन ने यह बात अपने मौसरे भाई गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर-दो निवासी रितिक पासवान को बताई। दोनों ने मिलकर योजना बनाई। रितिक ने किशोरी को फोन कर बताया कि करन की तबीयत बहुत खराब है। इस पर किशोरी थाणे से गोरखपुर आ गई। इसके बाद दोनों ने करीब सवा महीने तक उसके साथ दुष्कर्म किया। फिर पीछा छुड़ाने के लिए संत कबीरनगर के ताम्हेश्वरनाथ के रहने वाले तांत्रिक संतोष तिवारी के पास ले गए। तांत्रिक ने किशोरी को बताया कि करन के साथ रहोगी तो एक की मृत्यु हो जाएगी। करन के साथ रहने के लिए किसी अन्य युवक से शारीरिक संबंध बनाकर वीडियो भेजना पड़ेगा। तांत्रिक के झांसे में आई किशोरी ने महाराष्ट्र पहुंच झारखंड के बेराबारू घुटू के सन्नी बादल से शारीरिक संबंध बनाकर वीडियो तांत्रिक को भेजा। तांत्रिक उसे ब्लैकमेल कर 50 हजार रुपये मांगने लगा और वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। किशोरी के पिता के दोस्त ने वीडियो देख जानकारी दी। पिता ने थाणे में मुकदमा दर्ज कराया। पांच सितंबर को यह मुकदमा ट्रांसफर होकर गुलरिहा थाने में आया है। पुलिस ने शनिवार को अकटहवा पुलिया के पास से आरोपित करन पासवान व रितिक पासवान को गिरफ्तार कर न्यायालय के लिए चालान कर दिया। वहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। तांत्रिक संतोष तिवारी और झारखंड के रहने वाले चौथे आरोपित की तलाश जारी है।

# एक लाख का इनामी घोषित किया गया माफिया विनोद उपाध्याय

## एडीजी जोन ने बढ़ाया इनाम, चार माह से चल रही है तलाश

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : माफिया विनोद उपाध्याय अब एक लाख रुपये का इनामी हो गया है। अपर पुलिस महानिदेशक जोन अखिल कुमार ने शनिवार को पहले से घोषित 50 हजार रुपये की इनाम की राशि बढ़ा दी। चार माह से एसटीएफ के साथ क्राइम ब्रांच व जिले के दो थानों की पुलिस विनोद उपाध्याय को तलाश रही है।

मूलरूप से अयोध्या जिले के मया बाजार स्थित उपाध्याय का पुरवा के रहने वाले विनोद उपाध्याय का नाम जिले के टाप-10 और प्रदेश के 61 माफिया की सूची में शामिल है। शाहपुर के रेल विहार, गोरखनाथ के धर्मशाला बाजार में भी उसका मकान है। 24 मई को गुलरिहा थाने में कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने, रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज होने के बाद से माफिया विनोद उपाध्याय स्थानीय पुलिस के साथ क्राइम ब्रांच की टीम को छका रहा है।

50 हजार रुपये का इनाम घोषित होने के बाद एसटीएफ भी उसकी तलाश में जुट गई थी, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने करीबियों को हिरासत में लिया, पर माफिया सामने नहीं आया। गोरखपुर विकास प्राधिकरण ने बिना मानचित्र के बने माफिया विनोद उपाध्याय के फार्म हाउस व भाई संजय के घर पर बुलडोजर चलाया, लेकिन इसके बाद भी वह दबाव में नहीं आया।

### राघवेंद्र के बाद जोन का दूसरा सबसे बड़ा इनामी



माफिया विनोद उपाध्याय

माफिया विनोद उपाध्याय गोरखपुर जोन के 11 जिलों में दूसरा सबसे बड़ा इनामी हो गया है। चार लोगों की हत्या करने वाला झंगहा के सुगहा गांव के राघवेंद्र यादव पर 2.50 लाख रुपये का इनाम घोषित है। वर्ष 2016 से ही राघवेंद्र फरार चल रहा है।

**61** माफिया की सूची में शामिल है टाप-10 अपराधी विनोद उपाध्याय, 50 हजार रुपये पहले घोषित की गई थी इनाम की धनराशि



# पुलिस के हत्थे चढ़ा डाक्टर को धमकाने वाला दलाल

**फालोअप**

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** जिला अस्पताल के आपरेशन थिएटर (ओटी) में डाक्टर की कुर्सी पर बैठने और धमकी देने वाले दलाल प्रमोद सिंह को कोतवाली थाना पुलिस ने शनिवार की शाम पकड़ लिया। बांसगांव कस्बे के रहने वाले आरोपित के विरुद्ध दो दिन पहले जिला अस्पताल के डाक्टर ने कोतवाली थाने में सरकारी कार्य में बाधा डालने, धमकी व गाली देने का मुकदमा दर्ज कराया था।

डा. आरके सिंह का आरोप है कि सोमवार को वो अर्थो की ओटी में बैठे थे, तभी प्रमोद अपने साथियों संग पहुंचा और चिकित्सक की कुर्सी पर बैठ गया। उन्होंने जब हटने के लिए कहा तो मेज पर रखा सामान नीचे गिरा दिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। आवाज सुनकर पहुंचे कर्मचारियों ने हटाने का प्रयास किया तो अपने साथियों को बुलाकर गाली देने के साथ ही जान से मारने की धमकी देने लगा। कोतवाली थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर घटना के समय मौजूद लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि सभी पहलुओं की जांच चल रही है। जल्द ही सभी आरोपितों को पकड़ लिया जाएगा।

# छात्रवृत्ति मिली तो विदेश में जाकर की पढ़ाई, बने आईपीएस

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** सच मानिए, छात्रवृत्ति से पढ़ाई की राह बेहद आसान हो जाती है। छात्रवृत्ति मिलने से पूरा ध्यान सिर्फ पढ़ाई पर केंद्रित हो जाता है।

निश्चित तौर पर बच्चा आगे जाकर कुछ हासिल करता है। इसमें समाजसेवी संस्थाओं का बहुत योगदान होता है, जो आगे बढ़कर प्रतिभावान बच्चों की राह छात्रवृत्ति की मदद से आसान करती हैं।

**एसपी सिटी बोले-प्रतिभा हो तो छात्रवृत्ति से आसान हो जाती है राह**

यह कहना है कि एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई का। वह राजस्थान के बाड़मेर के रहने वाले हैं। पिता सुजाना राम किसान हैं तो मां गंगा देवी गृहिणी। बचपन से पढ़ाई की ललक थी। 12वीं के बाद से ही छात्रवृत्ति की मदद मिली तो पढ़ाई की राह आसान होती गई।



कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि छात्रवृत्ति की परीक्षा पास करने के बाद मुझे फ्रांस सरकार से 38 हजार यूरोपीय रकम मिली, जो भारत के हिसाब से करीब 35 लाख रुपये होती है। इसकी मदद से ही मैं विदेश गया और फिर वहां पर पेरिस में अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा की पढ़ाई की।

बताया कि उसमें बेहतर अंक आने की वजह से उन्हें फिर छह महीने के एक कोर्स के लिए छात्रवृत्ति मिल गई। इसकी मदद से उन्होंने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से प्रोसेस ऑफ इंटरनेशनल डिप्लोमेसी की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद स्वदेश लौटे और नौकरी के साथ तैयारी की। सिविल सर्विसेज की परीक्षा पास करने के बाद आईपीएस बन गए।

बताया कि छात्रवृत्ति आपके जीवन को पूरी तरह से बदल देती है। कई ऐसे मेधावी विद्यार्थी होते हैं, जो आगे की पढ़ाई करके बहुत कुछ करना चाहते हैं, लेकिन कहीं न कहीं आर्थिक वजहों से पीछे रह जाते हैं। ऐसे मेधावी बच्चों की प्रतिभा को निखारने में छात्रवृति का बड़ा योगदान होता है।

# तीन बच्चों के पिता की घिनौनी हरकत से सब हैरान

## पिपराइच के एक गांव में दुकान से नमकीन लेने गई पांच साल की बच्ची से की थी छेड़खानी

अमर उजाला ब्यूरो

**पिपराइच।** इलाके के एक गांव में पांच साल की मासूम से छेड़खानी से लोगों में गुस्सा है। तीन बच्चों के पिता की हरकतों से गांव वाले हैरान हैं। सबका कहना है कि इससे गांव के संभ्रांत लोग शर्मिंदा हैं। इस तरह से कोई गांव, घर की बच्ची के साथ कैसे कर सकता है। ऐसे आरोपियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए।

**मासूम से छेड़खानी करने वाला शोहदा भेजा गया जेल**

इलाके के एक गांव में पांच साल की मासूम से छेड़खानी करने के आरोपी को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। आरोपी को घटना के बाद ही पुलिस ने हिरासत में ले लिया था।

जानकारी के मुताबिक, पिपराइच इलाके के एक गांव में बृहस्पतिवार रात में पांच साल की बच्ची दुकान से नमकीन खरीदने गई थी। इस दौरान गांव के ही 40 वर्षीय शख्स ने घर छोड़ने के बहाने उसे गोद में उठा लिया। फिर रास्ते में उसके नाजुक अंगों से छेड़छाड़ करने लगा। इस पर बच्ची रोने लगी थी।

आसपास के लोग आए तो आरोपी ने घर छोड़ने की बात कही थी। फिर बच्ची ने घर पर जाकर आपबीती बताई। अगले दिन इसे लेकर गांव में पंचायत भी हुई। इस संवेदनशील मामले पर पंचायत करने वालों ने रफा-दफा करने को कहा, लेकिन बच्ची के पिता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।



नौ सितंबर के अंक में छपी खबर।

### छत पर युवती का कपड़ा फाड़ने वाले गिरफ्तार

**खोराबार।** इलाके के एक गांव में छह सितंबर की रात में छत पर सोई युवती से छेड़खानी व कपड़ा फाड़ने के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का पुलिस ने शांतिभंग में चालान कर दिया। वहीं दूसरे युवक की तलाश की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, 6 सितंबर की रात करीब 9:30 बजे गांव के दो युवक छत के रास्ते घर में घुसकर छेड़छाड़ किए थे। विरोध करने पर कपड़ा फाड़ दिए थे। ब्यूरो

### आरोपी को ऐसी सजा मिले की नजीर बने

**पुलिस** ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजती है। पुलिस को कोर्ट में पैरवी कर ऐसे आरोपियों को ऐसी सजा दिलानी चाहिए कि नजीर बने। इस तरह से अगर घटनाएं होंगी तो फिर समाज में बच्चियों का रहना मुश्किल हो जाएगा। - **दिनेश सैनी**, पिपराइच

### घटना से पूरा इलाका है शर्मिंदा

**इस** तरह की घटनाओं से लोगों के मन में डर हो जाता है। बहन-बेटी कैसे सुरक्षित रहेंगी, यह सवाल एक बार फिर मन को परेशान कर रहा है। ऐसी घटनाओं से पूरा इलाका शर्मिंदा होता है। जिसकी खुद बेटी है, वह भी ऐसी हरकत करें तो समझ से परे है।

- **राजेश वर्मा**, पिपराइच

# समलैंगिकों से दोस्ती कर लूटने वाले गिरोह को पुलिस ने दबोचा

## खोराबार इलाके में की थी वारदात, कब्जे से कार और नकदी बरामद

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** समलैंगिक डेटिंग एप की मदद से युवकों से दोस्ती कर बाद में उनके साथ लूट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने खोराबार इलाके में दो वारदातें की हैं, जबकि एक घटना को देवरिया में अंजाम दिया है। पुलिस ने उनके पास से लूटे गए दो हजार रुपये, बाइक, घटना में इस्तेमाल कार बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों को शनिवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

आरोपियों की पहचान देवरिया के गौरी बाजार थाना क्षेत्र के सिरजम खास निवासी विवेक यादव और रितांशु यादव उर्फ जुगनू के रूप में हुई है। जबकि, फरार आरोपी इसी गांव का रहने वाला राहुल है। कार उसी की है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस कर पकड़े गए बदमाशों के बारे में जानकारी दी।



पकड़े गए आरोपी।

### गिरोह में शामिल देवरिया का राहुल फरार, तलाश में पुलिस टीमें लगाई गईं

एसपी ने बताया कि खोराबार इलाके में एक युवक से मारपीट कर नकदी व बाइक की लूट हुई थी। पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी थी। जांच में सामने आया कि तीन युवक सोशल मीडिया पर इंस्टाग्राम व मेल डेटिंग एप के माध्यम से समलैंगिक युवकों से दोस्ती करते थे। कई दिनों तक बातचीत होने के बाद फिर मिलने के लिए सुनसान जगह पर बुलाकर वारदात करते थे।

# महाराष्ट्र की छात्रा से दुष्कर्म, दो गिरफ्तार

## गोरखपुर के रहने वाले हैं दोनों, साधु समेत दो की तलाश जारी

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। महाराष्ट्र की दसवीं की छात्रा से सोशल मीडिया पर दोस्ती कर मौसेरे भाई की मदद से गुलरिहा में बुलाकर दुष्कर्म करने और वीडियो वायरल करने के आरोपी मौसेरे भाइयों को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी ने मंदिर में किशोरी से शादी भी की थी और फिर एक कथित साधु की मदद से झांसे में लेकर किशोरी को दूसरे युवक संग शारीरिक संबंध बनवाने व वीडियो बनवाने का दबाव बनाया। वीडियो को वायरल कर 50 हजार रुपये की मांग भी की गई।

इसके बाद किशोरी के पिता ने महाराष्ट्र के ठाणे में केस दर्ज कराया। फिर पांच सितंबर को मामला गुलरिहा का होने की वजह से केस स्थानांतरित किया गया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।

आरोपियों की पहचान गुलरिहा के जंगल डुमरी नंबर दो निवासी रितिक पासवान व चिलुआताल के रामपुर चक निवासी करन के रूप में हुई है।

# तस्करी से थे तंग, अब नेपाल से आ रहा कारतूस, एडीजी गंभीर

अमर उजाला ब्यूरो

**नेपाल के युवक के एयरपोर्ट पर पकड़े जाने के बाद एडीजी ने मांगी रिपोर्ट**

गोरखपुर। नेपाल सीमा से तस्करी के बाद अब कारतूस आने के मामले को एडीजी ने गंभीरता से लिया है। सीमा की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर उन्होंने पत्र लिखकर सतर्कता बरतने का आदेश दिया है। इसके साथ ही एडीजी ने सुरक्षा पर विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी है।

जानकारी के मुताबिक, एयरपोर्ट पर नेपाली के पूर्व सैनिक कृष्णा पौडल ने पुलिसकर्मियों को बताया कि वह सोनौली के रास्ते गोरखपुर आया है। बैग में कारतूस बरामद होने के बाद बार्डर पर बरती जा जा रही चौकसी पर सवाल खड़े हो गए हैं। पिछले दिनों पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर भी सुरक्षा घेरा तोड़कर सिद्धार्थनगर के खुनवा बार्डर से भारत में दाखिल हो गई थी। इसके बाद सीमा पर सुरक्षा को बढ़ाए जाने के दावे किए गए थे।

बताया गया कि एक-एक शख्स की निगरानी हो रही है, लेकिन नेपाल बॉर्डर से कृष्णा गोरखपुर के एयरपोर्ट तक कारतूस लेकर चला आया, इससे आसानी से पता चल सकता है कि सुरक्षा को लेकर कितनी चौकसी बरती जा रही है। अब इसे एडीजी जोन अखिल कुमार ने गंभीरता से लेते हुए सीमावर्ती जिले के एसपी को सुरक्षा को लेकर पत्र भेजा है। दरअसल, नेपाल बॉर्डर से आए दिन तस्करी के मामले सामने आते है, लेकिन अब कारतूस आने को सुरक्षा में बड़ी चूक मानी जा रही है।

## जमीन के विवाद में धारदार हथियार से हमला, गंभीर

**बड़हलगंज** (गोरखपुर)। नगर पंचायत बड़हलगंज के चिल्लूपार मुहल्ले में जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में आरोपियों ने महेंद्र सोनकर (52) पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। सिर पर चोट लगने की वजह से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें लेकर सीएचसी गए। यहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ब्यूरो

# बीआरडी में हो रहा था मरीज का सौदा एंबुलेंस सीज...माफिया फिर खिसके

## एक कर्मचारी ने मरीज के तीमारदार को तैयार कर लिया था, भेजने के पहले ही एंबुलेंस चालक पकड़ा गया

अमर उजाला ब्यूरो

गुलरिहा। बीआरडी मेडिकल कॉलेज में एक बार फिर मरीज को झांसा देकर प्राइवेट नर्सिंग होम में भेजने का मामला सामने आया है। शुक्रवार की रात में मेडिकल कॉलेज के एक कर्मचारी ने मरीज के तीमारदार को बरगलाकर प्राइवेट नर्सिंग होम में ले जाने के लिए तैयार कर लिया था, लेकिन इसकी भनक पुलिस को लग गई।

इमरजेंसी के सामने प्राइवेट एंबुलेंस को चालक सहित पकड़ लिया गया। चालक से पूछताछ में मरीज की जानकारी मिलने के बाद एंबुलेंस को सीज कर दिया गया। इस बार भी एंबुलेंस पर अस्पताल का नाम नहीं लिखा था। हालांकि, चालक की कोई भूमिका सामने नहीं आने पर 20 हजार के निजी मुचलके पर उसे छोड़ दिया गया है।

मरीज-एंबुलेंस माफिया पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। कुछ दिन पहले तीन एंबुलेंस सहित पांच वाहनों को पुलिस ने सीज किया था। शुक्रवार की रात में मेडिकल कॉलेज चौकी प्रभारी विवेक मिश्रा को सूचना मिली कि एक प्राइवेट एंबुलेंस मेडिकल कॉलेज में है और मरीज की सौदेबाजी चल रही है। बिहार के इस मरीज को बेहतर इलाज का झांसा देकर प्राइवेट नर्सिंग होम में शिफ्ट किया जाना है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। चौकी इंचार्ज दूर से ही एंबुलेंस की निगरानी कर रहे थे। चालक के आते ही उसे दबोच लिया।

### स्वस्थ पेशे की बीमार तस्वीर

**पुलिस के हत्थे नहीं चढ़े माफिया, एंबुलेंस चालक को निजी मुचलके पर छोड़ा गया**



बीआरडी मेडिकल कॉलेज से सीज की गई प्राइवेट एंबुलेंस। संवाद

**9 जुलाई को हुई थी मारपीट**

*बीआरडी मेडिकल कॉलेज के उत्तरी गेट पर बीते नौ जुलाई की रात में चेकिंग के दौरान एंबुलेंस चालक चौकी इंचार्ज से भिड़ गए थे। इसमें गुलरिहा पुलिस ने नौ हमलावरों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर चार को जेल भिजवाया था। इसके बाद से ही पुलिस तेजी से कार्रवाई कर रही है।*


बीआरडी में मरीज की खरीद-फरोख्त के समय पहुंची पुलिस, एंबुलेंस सीज

4 सितंबर को प्रकाशित खबर।

### डॉक्टर की सीट पर बैठने और धमकाने वाले दलाल को पुलिस ने उठाया

गोरखपुर। जिला अस्पताल के हड्डी रोग विभाग के ओटी में पिछले सोमवार को डॉक्टर की सीट पर बैठने वाले दलाल को पुलिस ने उठा लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर पूरे नेटवर्क को खंगाल रही है। आरोप है कि दलाल ने डॉक्टर को धमकी भी दी थी। इस मामले में डॉक्टर राजेश सिंह ने केस दर्ज कराया है। उन्होंने तहरीर के माध्यम से बताया था कि सोमवार को वह हड्डी रोग विभाग ओटी के चिकित्सक कमरे में बैठे थे, तभी वहां दलाल प्रमोद अपने साथियों के साथ आया और खाली पड़ी चिकित्सक की कुर्सी पर बैठ गया। ब्यूरो

एंबुलेंस के पीछे अस्पताल व चालक का नाम व मोबाइल नंबर लिखवाने था अवैध अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए निर्देश दिया था। सोमवार को इस संदर्भ में रिपोर्ट लूंगा। ऐसा न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। - **अनिल ढींगरा**, कमिश्नर

# अब एक लाख का इनामी हुआ माफिया विनोद

## एडीजी ने बढ़ाई इनाम की राशि, चार महीने से पुलिस को छका रहा माफिया

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। जिले के टॉप-10 बदमाशों की सूची में शामिल माफिया विनोद उपाध्याय पर अब एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

पहले उसपर 50 हजार का इनाम घोषित था। वह चार महीने से पुलिस को छका रहा है। उसकी तलाश में यूपी एसटीएफ भी लगी है, लेकिन वह अब तक पकड़ में नहीं आ सका है। इसकी वजह से इनाम की राशि एडीजी अखिल कुमार ने बढ़ा दी है।

पिछले दिनों विनोद के भाई संजय ने आत्मसमर्पण कर दिया था, इस समय वह जेल में है। माफिया विनोद कुमार उपाध्याय अयोध्या जिले के माया बाजार इलाके के परुवा गांव का निवासी है। वर्तमान में उसका शाहपुर व धर्मशाला बाजार में मकान है।

जानकारी के मुताबिक, गुलरिहा थाने में जमीन पर कब्जा करने का मामला सामने आने पर रंगदारी का केस जून 2023 में दर्ज किया गया था। इस मामले में माफिया विनोद और उसके भाई संजय उपाध्याय को आरोपी बनाया गया। इसके बाद ही माफिया राकेश यादव, अजीत शाही जैसे बदमाशों पर भी पुलिस ने कई केस दर्ज किए। पुलिस ने घेराबंदी की तो माफिया अजीत शाही वकील के वेश में कोर्ट में हाजिर हो गया तो माफिया सुधीर सिंह महराजगंज कोर्ट में हाजिर हो गया था। बाद में राकेश यादव भी जेल चला गया।

पुलिस ने इनकी अवैध संपत्ति पर बुलडोजर चलवा दिया। विनोद के भी कब्जे वाले मकान पर बुलडोजर चल गया, लेकिन वह पकड़ में नहीं आया।


विनोद उपाध्याय

**जिले के टॉप-10 की सूची में शामिल है विनोद का नाम**

गोरखपुर के टॉप-10 माफिया



# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 10-09-2023

## अभद्र टिप्पणी करने वाले का चालान

भाटपाररानी। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हिंदू देवताओं के बारे में आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में भाजपा युवा मोर्चा भाटपाररानी के नगर अध्यक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर चालान कर दिया। इसी के साथ उसके पोस्ट पर अभद्र कमेंट करने वाले अज्ञात युवकों के खिलाफ भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। स्थानीय थाना क्षेत्र के भरौली के रहने वाले आजाद समाज पार्टी के राहुल गौतम ने सोशल मीडिया पर भगवान श्री ष्ण पर अभद्र अमर्यादित पोस्ट किया था ।उसके दोस्तों द्वारा भी कमेंट में ष्ण भगवान पर अभद्र एवं अमर्यादित टिप्पणी करते हुए इसको इंटरनेट मीडिया पर वायरल किया गया था ।इससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई और हिंदूवादी संगठनों में रोष व्याप्त हो गया इंस्पेक्टर टी जे सिंह ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर आरोपित युवक को न्यायालय भेज दिया गया है ।

## पति सहित आधा दर्जन पर दहेज प्रताड़ना का केस

रुद्रपुर। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा भभौली निवासी सरिता पत्नी आजाद पुत्री जगलाल निषाद करमेल थाना गौरीबाजार ने रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को दिये गये तहरीर में कहा कि 6 मई 2022 को हिन्दू रीति रिवाज के साथ मैं विदा होकर अपने ससुराल गयी। मेरे मां बाप हैसियत के अनुसार 5 लाख रुपये नकद, मंगलसूत्र, कान का झुमका, माला, नथिया, पायजेब, सोने की चार अंगूठी घरेलू सामान इत्यादि दिया गया था। मुझे पांच दिन ठीक से रखा गया, इसके पश्चात परिवार के लोगों ने और दहेज की मांग करते हुए मुझे मारने पीटने लगे तथा चैन से नहीं रहने देने लगे। मेरे पति आजाद ससुर गोधन, सास प्रेमशीला, देवर रोशन, रोहित, ननद गुंजा आदि मारने पीटने लगे। तथा घर से निकाल दिये। पुलिस ने प्रार्थनी के तहरीर पर उपरोक्त के खिलाफ धारा 147, 498 (ए), 323, 504, 506, 3/4, 67 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## दो लोगों के गायब होने के मामले में केस दर्ज

भागलपुर। शुक्रवार की शाम को भागलपुर से एक साथ दो लोगों के गायब होने के मामले में मईल पुलिस ने शनिवार को गुमशुदगी का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के ईशारू गांव निवासिनी शिवानी पाण्डेय ने शनिवार को पुलिस को तहरीर दे कर आरोप लगाया है कि मेरे पति शंकर पाण्डेय को भागलपुर निवासी संजय ने फोन कर शुक्रवार की शाम 5 बजे भागलपुर बुलाया। तभी से दोनों लोग गायब हैं और फोन भी बन्द है। काफी खोजबीन करने के बाद भी कहीं पता नहीं चला है।

# समाधान दिवस में रुद्रपुर पहुंचे डीएम व एसपी

रुद्रपुर (एसएनबी)। शनिवार को रुद्रपुर कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस पर दोपहर में जिलाधिकारी देवरिया अखण्ड प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक संकल्प



शर्मा पहुंचे। जहां बारिश होने से पूर्व में आये फरियादी अपनी समस्याओं का प्रार्थना पत्र देकर चले गये थे। क्योंकि उसके बाद मूसलाधार बारिश हुई। इस दौरान जिलाधिकारी देवरिया एवं पुलिस अधीक्षक ने मातहतों से कोतवाली के बाबत जानकारी हासिल कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके साथ ही फरियादियों द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र पर शासन के मंशा के तहत त्वरित न्याय दिलाने व उनकी समस्याओं के हल करने के बाबत कहा। इस दौरान उपस्थित आरक्षियों को भी कार्य के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिया। और बीपीओ को अपने-अपने कार्य के प्रति मुस्तैद रहने को कहा। इस दौरान एसडीएम विपिन कुमार द्विवेदी, सीओ जिलाजीत, कोतवाल नवीन कुमार सिंह, एसएसआई केशव राम मौर्या, बीएस सिसौदिया सहित राजस्वकर्मी उपस्थित रहे।

# डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

रुद्रपुर (एसएनबी)। द्रोणाचार्य व अर्जुन अवार्ड से सम्मानित संजीव कुमार सिंह ने रुद्रपुर क्षेत्र में खोला है तीरंदाजी से शिक्षा देने वाला विद्यालय। शनिवार को जिलाधिकारी देवरिया अखण्ड प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा शनिवार को रुद्पुर तहसील क्षेत्र के कन्हौली गांव पहुंचे। जहां इस वर्ष से प्रारम्भ हो रहे श्रीनेत ग्लोबल स्कूल का दौरा करके जायजा लिया। स्कूल के प्रबंधक व प्रिन्सिपल डॉ. मधु सिंह ने स्कूल के विषय में विस्तारपूर्वक बताया। विश्व तीरंदाजी में अपना नाम रोशन कर चुके अर्जुन अवार्ड व द्रोणाचार्य एवार्ड से नावजे गये, संजीव कुमार सिंह ने जिलाधिकारी देवरिया अखण्ड प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा को बताया कि उत्तर प्रदेश में यह प्रथम तीरदांजी विद्यालय है। जिसके विषय में विस्तारपूर्वक बताया। डीएम एसपी ने मौके पर तीरंदाजी के गुरू से वाकिफ हुए। पांच मीटर की दूरी से धनुष बाण से भेदन भी किया। इस अवसर पर तीरंदाजी के भारतीय टीम के कोच संजीव कुमार सिंह ने डीएम व एसपी को विद्यालय की विशेषता व तीरंदाजी के विभिन्न अयामों से परिचत कराया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश का पहला तीरंदाजी विद्यालय है। जहां पर शुरूआती कक्षाओं से सिखाने की प्लानिंग की गयी है। जिलाधिकारी तीरंदाजी विद्यालय देखकर प्रसन्न हुए। उन्होंने संजीव कुमार से तीरंदाजी एकेडमी खोलने हेतु तीन एकड़ की जमीन साशकीय स्तर पर देने की पहल करने की बात कही। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी विपिन कुमार द्विवेदी, सीओ जिलाजीत, कोतवाल नवीन कुमार सिंह, अमित सिंह, अनिल सिंह, शिवरतन आदि उपस्थित रहे।



तीरंदाजी स्कूल का निरीक्षण करते डीएम व एसपी।

# फीका रहा समाधान दिवस नहीं दिखे लेखपाल

बनकटा/प्रतापपुर/रामपुर बुजुर्ग/अकटही बाजार/बरहज (एसएनबी)। शनिवार को बनकटा एवं श्रीरामपुर थाने में आयोजित समाधान दिवस में राजस्व लेखपालों की अनुपस्थिति से समाधान दिवस फिका फिका रहा जिसके चलते फरियादियों को बेरंग लौटना पड़ा। बनकटा थाने में आयोजित समाधान दिवस में राजस्व के कुल - 3 मामले आये जिसका निस्तारण राजस्व लेखपालों की अनुपस्थिति के चलते नहीं हो सका। वहीं राजस्व विभाग से कोई जिम्मेदार अधिकारी भी समाधान दिवस में फरियाद सुनने नहीं आये जिसके चलते फरियादी मायूस होकर लौट गए।बनकटा में चकबंदी के करीब पांच लेखपाल उपस्थित रहे। मिली जानकारी के अनुसार विगत मंगलवार तहसील कार्यालय में प्रभारी कानूनगो संतोष तिवारी को 15 हजार रिश्वत के साथ एंटी करप्शन ब्यूरो ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।ट्रैप टीम प्रभारी निरीक्षक रायबहादुर पाल ने भाटपाररानी थाने में शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि गिरफ्तारी के दौरान सन्तोष तिवारी के सहयोगी लेखपाल व अन्य 50 से 60लोगों ने कार्रवाई में बाधा उत्पन्न करते हुए गाली गलौज किया जिससे शिकायत कर्ता गनेश सिंह निवासी अहिरौली का धारा 24 की पत्रावली बरामद नहीं की जा सकी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पितांम्बर सिंह राजेश यादव गजेन्द्र दीक्षित मनीष शर्मा हरेराम.प्रसाद भोला यादव एवं 50 से 60 अज्ञात पर धारा 147 353 504 में मुकदमा पंजीत कर लिया।माना जा रहा है कि पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए समाधान दिवस में नहीं आये जिससे फरियादियों को बेरंग लौटना पड़ा। कमोवेश यही हाल श्रीरामपुर भी रहा यहां कुल 4 मामले आये।



थाना दिवस पर फरियाद सुनते अधिकारी।

बरहज प्रतिनिधि के अनुसार शनिवार को बरहज व भलुअनी थाने पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। लगातार हो रही बरसात के चलते फरियादी नहीं पहुंच पाये। समाधान दिवस पर कुल 7 मामले सामने आये। जिसमे पुलिस से सम्बन्धित 2 मामले का मौके पर निस्तारण किया गया। भलुअनी में उपजिलाधिकारी अवधेश निगम व क्षेत्राधिकारी अंशुमन श्रीवास्तव ने फरियाद सुना। कुल 6 प्रार्थना पत्रों में राजस्व के 5 तथा पुलिस से सम्बन्धित 1 मामले सामने आये। पुलिस विभाग से सम्बन्धित मामले का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष अन्य मामलों के निस्तारण के लिए एसडीएम ने पुलिस व राजस्वकर्मियों की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण करने का निर्देश दिया। बरहज में तहसीलदार अश्वनी कुमार व प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस पर पुलिस से सम्बन्धित 1 मामले सामने आये। जिसे मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष राजेश कुमार पाण्डेय, एसआई नितिन कुमार साहू, का0 सौरभ त्रिपाठी, एसआई मनमोहन मिश्र, कमलेश कुमार, रामराज, अजय कुमार व राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

# भूमि विवाद में मारपीट, छह पर मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर। क्षेत्र के गोनाह सुरतपुरा गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने एक पक्ष के दो नामजद एवं चार अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज की है।

गोनाह सुरतपुरा गांव के रहने वाले मंजीत सिंह पुत्र प्रेम कुमार सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि सात सितम्बर 2023 को वह दो पहिया वाहन से दूध बेचने के लिए वह रुद्रपुर जा रहे थे। उसी समय रास्ते में समदवा पुल के पास जबरन रोक कर गाली गलौज के साथ ही ललकारते हुए आधा दर्जन लोगों ने लाठी डण्डा से मारपीट कर घायल कर दिया। मामले में पुलिस ने गोनाह सुरतपुरा के रहने वाले सूरज सिंह व भीम सिंह के साथ ही चार अन्य अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज की है।

# अभद्र टिप्पणी करने वाले पर मुकदमा दर्ज

भाटपाररानी। भीम आर्मी के एक कार्यकर्ता ने भगवान श्रीकृष्ण पर जन्माष्टमी के दिन अपने फेसबुक से अभद्र पोस्ट कर दिया। इस मामलें में पुलिस ने भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष सूर्या एम श्रीवास्तव की तहरीर पर आरोपी राहुल गौतम व उसके अज्ञात मित्रों के विरुद्ध आईटी एक्ट समेत अन्य धारा में केस दर्ज कर लिया।

पुलिस को दिए तहरीर में भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष सूर्या एम श्रीवास्तव ने कहा है कि थाना क्षेत्र के भरौली निवासी आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता राहुल गौतम ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के समय श्रीकृष्ण के खिलाफ फेसबुक पर अभद्र पोस्ट कर साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश की है।

# घर में घुसकर दो मासूमों संग अप्राकृतिक दुष्कर्म

- मां की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा
- आरोपित को भटनी पुलिस ने भेजा जेल

भटनी। थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर दो मासूम बच्चों के साथ गांव के ही एक युवक ने अप्राकृतिक दुष्कर्म कर दिया। घर में अकेले होने के कारण दोनों बच्चे खून से लहूलुहान पड़े रहे। मां घर पहुंची तो दोनों की हालत देख अवाक रह गयी। दोनों का इलाज के बाद महिला ने मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस से की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया।

थाना क्षेत्र के एक गांव में दो बहने नवासा पर रहती हैं। दोनों के बेटे घर में खेल रहे थे। इसमें एक की मां बाजार गयी थी, जबकि दूसरे की मां छत पर अपने पति से मोबाइल पर बात कर रही थी। इसी बीच पड़ोसी का एक युवक घर पहुंचा तथा बच्चों को डरा धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म करने लगा। दुष्कर्म के दौरान मासूमों को खून से लथपथ देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया।

# दहेज उत्पीड़न और मारपीट का केस

रुद्रपुर। क्षेत्र के भभौली गांव के रहने वाले पति और सास ससुर के खिलाफ पुलिस ने दहेज उत्पीड़न और बलवा का मुकदमा दर्ज की है।

गौरीबाजार थाना क्षेत्र के करमेल गांव के रहने वाले जगलाल निषाद की पुत्री सरिता निषाद ने पुलिस को दी गई तहरीर में कही है कि उसकी शादी रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के भभौली गांव के रहने वाले आजाद कुमार निषाद पुत्र गोधन निषाद के साथ हुई है। उसने आरोप लगाया है कि ससुराली उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करते रहते हैं।मामले में पुलिस ने उसके पति आजाद कुमार, ससुर गोधन निषाद, सास प्रेमशिला , देवर रोशन, रोहित व ननद गुंजा देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज की है।

# पति समेत छह के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर : दहेज के लिए विवाहित का उत्पीड़न करने व उसके मायके वालों का फोटो इंटरनेट मीडिया पर वायरल करने के मामले में पुलिस ने पति समेत छह लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम भभौली की रहने वाली सरिता कुमारी पत्नी आजाद कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मेरी शादी छह मई 2022 को हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी के पांच ही दिन बाद ससुराल वाले बुलेट मोटर साइकिल और भैंस मांगने लगे। पिता दहेज देनें में असमर्थता व्यक्त की तो ससुराल के लोग मुझे प्रताड़ित करने लगे। पुलिस ने इस मामले में पति आजाद कुमार, गोधन निषाद सास प्रेमशीला, रोशन निषाद रोहित निषाद देवर व ननद गूंजा निषाद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक के विरुद्ध मुकदमा

जासं, भाटपाररानी: इंटरनेट मीडिया पर भगवान श्रीकृष्ण पर अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक व उसके अज्ञात मित्रों के विरुद्ध पुलिस ने शुक्रवार की रात आइटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई भारतीय जनता युवा मोर्चा के भाटपाररानी नगर अध्यक्ष सूर्य एम. श्रीवास्तव की तहरीर पर की है। दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि भाटपाररानी थाना के ग्राम भरौली के रहने वाले आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता राहुल गौतम तथा उसके अज्ञात मित्रों द्वारा कृष्ण भगवान पर पोस्ट अभद्र एवं अमर अमर्यादित टिप्पणी को इंटरनेट मीडिया पर वायरल किया गया है। इससे समस्त हिंदू मानस की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं, इससे सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की आशंका है। थानाध्यक्ष टीजे सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# ई रिक्शा एजेंसी के मैनेजर की लाठी से पीटकर हत्या

## रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव के तिवारी टोला की घटना, 10 माह पूर्व से चल रही थी रंजिश

जागरण संवाददाता, देवरिया: 10 माह पूर्व गांव में आई बरात में डीजे बजाने को लेकर पैदा हुई रंजिश में शुक्रवार की रात लगभग 11.30 बजे ई-रिक्शा एजेंसी के मैनेजर की लाठी से पीटकर हत्या कर दी गई। घटना रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव के तिवारी टोला की है। मैनेजर के पिता की तहरीर पर पुलिस ने सात आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस तैनात कर दी गई है।



अजय प्रसाद • स्वजन फोटो

तिवारी टोला के रहने वाले 30 वर्षीय अजय प्रसाद देवरिया शहर के पुरवा चौराहा स्थित एक ई-रिक्शा एजेंसी में मैनेजर थे। रात में वह बाइक से घर लौट रहे थे। गांव में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह का आयोजन किया गया था। आरोप है कि कार्यक्रम स्थल के पास से होकर गुजरते समय वहां मौजूद गांव के लगभग 12 लोगों ने अजय को घेर लिया और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए लाठी से उनकी पिटाई कर दी। चीख सुनकर पहुंचे कुछ लोगों ने पुलिस को सूचना दी। रामपुर कारखाना थाने की पुलिस जब तक पहुंचती आरोपित फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल अजय को पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया। गोरखपुर ले जाते समय रात लगभग डेढ़ बजे उनकी मृत्यु हो गई। अजय की शादी तीन साल पूर्व हुई थी। पिता उपेंद्र की तहरीर पर पुलिस ने गांव के रहने वाले भोलू उर्फ पंकज, सनी, पिंटू यादव, वीरेंद्र यादव, नीरज यादव, इंद्रजीत तथा मखड्डू यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव के तिवारी टोला में भीड़ के बीच स्वजन से वार्ता करते कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही • जागरण

**प्रतिशोध की आग ने ले ली युवक की जान:** रामपुर कारखाना: विशुनपुर गांव के तिवारी टोला में 10 माह बाद प्रतिशोध की आग ने एक युवक की जान चली गई। आवेश में आपा खोने वाले सात लोग घर छोड़कर फरार हैं। शायद उन्हें अब अपनी करनी पर पश्चाताप हो रहा होगा। विशुनपुर गांव में 11 नवंबर वर्ष 2022 को योगेंद्र कुमार पुत्र रामसेवक के घर बरात आई थी, जिसमें द्वार पूजा के दौरान जब डीजे बजाने को लेकर विवाद हुआ तो घर वालों ने डीजे बजाना बंद करवा दिया। जिस पर दोनों पक्षों में मारपीट हुई। मामला थाने तक पहुंचा था। तभी आरोपितों ने धमकी दी थी। उस दौरान तत्कालीन थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत करा दिया। तभी से प्रतिशोध की आग जल रही थी। उसके बाद योगेंद्र के पट्टीदार अजय के ऊपर कहर बनकर टूट पड़ी।

### कृषि मंत्री ने हत्यारोपितों को गिरफ्तार करने का दिया निर्देश

जागरण संवाददाता, रामपुर कारखाना: क्षेत्र के विशुनपुर गांव के तिवारी टोला में शुक्रवार की देर रात युवक अजय प्रसाद की पीट-पीटकर हत्या के मामले को लेकर शनिवार को प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही देर शाम पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। स्वजन से घटना के बारे में जानकारी ली। इस दौरान सीओ सिटी को हत्या में शामिल लोगों को तत्काल गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। कृषि मंत्री ने अजय के पिता उपेंद्र को ढांढस बंधाते हुए कहा कि हत्या शामिल लोगों को शीघ्र से शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कानून से ऊपर कोई भी व्यक्ति नहीं है। अपराध करने वाले के विरुद्ध कार्रवाई निश्चित होगी। इस दौरान भाई अभय ने कृषि मंत्री से असलहा का लाइसेंस दिए जाने की मांग की गई। इस दौरान सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी, ग्राम प्रधान राजू सिंह, उमेश मल्ल, प्रभाकर राव आदि मौजूद रहे।



रोते-बिलखते स्वजन • जागरण

# धमकी के मुकदमे में 30 वर्ष बाद पांच सौ जुर्माना

## राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनवाई के बाद मामले को किया समाप्त, जिला जज ने दो वादों का किया निस्तारण

**विधि संवाददाता, देवरिया:** राष्ट्रीय लोक अदालत में शनिवार को कई पुराने मुकदमे निस्तारित किए गए। धमकी के मामले में 30 वर्ष बाद कोर्ट ने फैसला सुनाया। पांच सौ रुपये अर्थदंड जमा कराने के साथ मुकदमा खत्म कर दिया।

खुखुंदू थाना क्षेत्र के ग्राम करौता के रामकृपाल यादव ने सुरेंद्र सिंह पर धमकी देने का मुकदमा 20 जनवरी 1992 को दर्ज कराया था। विवेचक ने सुरेंद्र सिंह, अनिरुद्ध कुशवाहा व महेंद्र सिंह के विरुद्ध 506 आइपीसी में आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। शनिवार को आरोपित सुरेंद्र सिंह कोर्ट में उपस्थित हुए। उन्होंने जज से गुहार लगाते हुए कहा कि 18 वर्ष की उम्र में मेरे विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ था। अब 50 से अधिक उम्र हो गई, लेकिन अभी तक मुकदमा चल रहा है। 30 वर्ष से अनवरत कचहरी आते-आते थक चुका हूं। अदालत ने सुरेंद्र सिंह, अनिरुद्ध कुशवाहा व महेंद्र सिंह के विरुद्ध पांच सौ रुपये अर्थ दंड जमा कराते हुए मुकदमा में फैसला किया।



दीवानी न्यायालय सभागार में दीप जलाकर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ करते जिला जज देवेंद्र सिंह • जागरण




दीवानी न्यायालय परिसर में मामलों का निस्तारण करते बैंक के कर्मचारी • जागरण

**89031 मुकदमों का किया गया निस्तारण:** दीवानी न्यायालय के सभागार में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 89031 मुकदमों का निस्तारण किया गया। प्रतिकर, जुर्माना व अन्य मामलों में 11.42 करोड़ रुपये का समझौता हुआ। जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने दो वादों का निस्तारण किया।

प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बद्री विशाल पांडेय ने सात, अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रथम ज्ञान प्रकाश सिंह ने छह, अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय विकास कुमार ने 41 पारिवारिक वादों का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण पीठ ने 37 मामलों का निस्तारण किया। एक करोड़ 84 लाख 70 हजार रुपये प्रतिकर के रूप में दिलवाया। इस मौके पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश इंदिरा सिंह, राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी संजय कुमार सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश छाया नैन, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश पटेल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार दूबे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजू कुमारी, सिविल जज (सीनियर डिवीजन) विवेक कुमार आदि मौजूद रहे।

# तहसीलदार के जाते ही चले गए राजस्व कर्मी, फरियादी लौटे निराश

## तहसीलदार अश्विनी कुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं

संवाद न्यूज एजेंसी

मईल। थाना परिसर में समाधान दिवस पर बरहज के तहसीलदार अश्विनी कुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। लगभग 12 बजे किसी जरूरी कार्य से तहसीलदार समाधान दिवस से चले गए। उनके जाते ही समाधान दिवस में आए सभी राजस्व कर्मी भी चले गए, जिससे जमीन से संबंधित फरियाद लेकर आए कई लोगों को वापस जाना पड़ा। थानाध्यक्ष गोरखनाथ सरोज ने बताया कि समाधान दिवस में तीन मामले आए, जिसमें एक मामले का मौका पर निस्तारण किया गया। राजस्व कर्मी के बिना बताए समय से पहले जाने से कुछ फरियादियों का जमीन से संबंधित कार्य नहीं हो सका। इस दौरान एसएसआई मान सिंह, अजय तिवारी, ज्ञान सिंह पटेल, हरिवंश मणि चौरसिया, कन्हैया तिवारी आदि उपस्थित रहे।

**डीएम और एसपी ने रुद्रपुर में थाना समाधान दिवस पर सुनी फरियाद :** जनपद के सभी थानों पर शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें 89 शिकायतें आईं, जिसमें 28 मामलों का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने रुद्रपुर कोतवाली में फरियादियों की समस्याएं सुनीं। संयुक्त रूप से राजस्व व पुलिस टीम मौके पर भेजकर कई समस्याओं का निस्तारण भी कराया गया। रुद्रपुर कोतवाली में दो शिकायत आई और उसका निस्तारण कराया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर ने थाना रामपुर कारखाना एवं बघौचघाट में समस्याओं को सुना। रामपुर कारखाना में पांच शिकायतें आईं। इसमें दो का निस्तारण किया गया। जबकि थाना बघौचघाट पर छह मामले आए, जिसमें एक का निस्तारण किया गया। सीओ सदर श्रीयश त्रिपाठी ने सदर कोतवाली में ससमयाएं सुनीं, यहां तीन मामले में आए, जिसमें एक का निस्तारण किया गया। क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर जिलाजीत ने थाना एकौना पर समस्या सुनी, यहां एक मामला आया, जिसका निस्तारण कराया गया। क्षेत्राधिकारी बरहज अंशुमान श्रीवास्तव ने भलुअनी में समस्या सुनी, यहां छह शिकायत आईं, जिसमें एक निस्तारित किया गया। थाना



बरहज के भलुअनी थाने में फरियाद सुनते अधिकारी। संवाद

## बरहज में समाधान दिवस पर छाए रहे राजस्व के मामले, दो का निस्तारण

बरहज। माह के दूसरे शनिवार को बरहज और भलुअनी थाने में आयोजित समाधान दिवस में राजस्व के मामले छाए रहे। अधिकारियों ने दोनों थानों पर राजस्व और पुलिस के एक-एक मामले का मौके पर निस्तारण कर दिया। हालांकि बारिश के मौसम के कारण फरियादी कम संख्या में पहुंचे। भलुअनी थानाध्यक्ष राजेश कुमार पांडेय के नेतृत्व में दिवस का आयोजन किया गया। एसडीएम अवधेश कुमार निगम और सीओ अंशुमन श्रीवास्तव भी पहुंच गए। मौके पर राजस्व के छह मामले आए। दूसरी ओर बरहज थाने पर पुलिस का एक मामला आया। अधिकारियों ने मौके पर एक-एक मामले का निस्तारण कर दिया। इस दौरान इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह, महेंद्र मोहन मिश्र, जितेंद्र कुमार, एसआई नितिन साहू, विजय मिश्र आदि मौजूद रहे। संवाद

## समाधान दिवस में आए तीन मामले

सलेमपुर। कोतवाली में थाना समाधान दिवस में तहसीलदार अलका सिंह ने कोतवाली में समस्या सुनी। इसमें तीन मामले आए, जिसमें एक भी मामला निस्तारित नहीं हो सका। तहसीलदार अलका सिंह ने बताया की कोई भी मामला लंबित नहीं होगा। उन्होंने संबंधित राजस्व निरीक्षक व बीट सिपाही से मौके पर जाकर मामले का निस्तारण करने का निर्देश दी। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक गोपाल पांडेय, राजस्व निरीक्षक गिरीजेश चंद्र श्रीवास्तव, रजनीश मिश्र, संतोष आदि मौजूद रहे। संवाद

# दो व्यक्तियों के लापता होने का केस दर्ज

**मईल।** भागलपुर से शुक्रवार की शाम एक साथ दो व्यक्तियों के लापता होने पर पुलिस गुमशुदगी का केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के इशारू निवासिनी शिवानी पांडेय ने शनिवार को पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनके पति शंकर पांडेय को भागलपुर निवासी संजय उर्फ टाटा ने फोन कर शुक्रवार की शाम पांच बजे भागलपुर बुलाया। संवाद

# यौन उत्पीड़न : सीसीटीवी कैमरे की फुटेज और कुछ संदिग्ध नंबरों की डिटेल खंगालने में जुटी पुलिस

## आरोप लगाने वाली शिक्षिका के सामने नहीं आने से जांच टीम को करना पड़ रहा परेशानियों का सामना

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** जिले के एक ब्लॉक की शिक्षिका की ओर से उच्चाधिकारियों को गुमनाम पत्र भेजकर एक बीईओ व शिक्षक संघ के दो पदाधिकारियों पर लगाए गए यौन शोषण के आरोपों की जांच तेजी से चल रही है।

जांच समिति ने आरोपियों का पक्ष दर्ज कर लिया है। समिति ने पुलिस से इस मामले में पत्र को पोस्ट किए जाने वाले भलुअनी डाकघर और वहां चौराहे के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और संदिग्ध नंबरों की कॉल डिटेल के बारे में जानकारी मांगी है।

जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय में हलचल मचा देने वाले इस प्रकरण के सामने आने के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित हुई समिति मामले की तह तक पहुंचने में जुटी हुई है। जिस डाकघर से पत्र पोस्ट किया गया है, वहां के कुछ कर्मचारियों से भी पुलिस ने पूछताछ की है।

साथ ही चौराहे व डाकघर के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी ली गई है। सूत्रों के मुताबिक गुमनाम पत्र उच्चाधिकारियों को लिखने और आरोप लगाने वाली शिक्षिका के अब तक सामने न आने से समिति को साक्ष्य जुटाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बेसिक शिक्षा से जुड़े अधिकारी जल्द ही अपनी रिपोर्ट तैयार कर सौंपने की बात कह रहे हैं।


शिक्षक संघ के दो पदाधिकारियों पर लगाया यौन शोषण का आरोप

अमर उजाला में प्रकाशित खबर।

### शिक्षक संघों की राजनीति के चलते हो रहा जनपद का नुकसान

जूनियर शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष हेमा त्रिपाठी व बीटीसी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार यादव ने बताया कि शिक्षक संघों की आपसी नकारात्मक राजनीति से जनपद की छवि खराब हो रही है। संघ की राजनीति में ऐसे घटिया आरोप लगाना और जांच में इसके कमजोर पड़ने से प्रतीत हो रहा है कि शिक्षक संघों में गलत लोगों का प्रवेश हो गया है।



*आरोप लगाने वाली शिक्षिका के सामने नहीं आने से उनका पक्ष नहीं मिल सका है। जांच समिति ने आरोपी बीईओ व शिक्षक संघ के दो पदाधिकारियों को बुलाकर उनका पक्ष दर्ज कर लिया है। ऐसे में गुमनाम पत्र वाली शिक्षिका के आरोप में कोई दम नजर नहीं आ रहा। जल्द ही एडी बेसिक और महानिदेशक स्कूली शिक्षा को रिपोर्ट भेज दी जाएगी। कुछ संदिग्ध नंबरों की कॉल डिटेल जुटाई जा रही है और सीसीटीवी कैमरे के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।* – **शालिनी श्रीवास्तव, बीएसए**

# भगवान कृष्ण पर टिप्पणी करने वाले युवक पर केस

भाटपाररानी। सोशल मीडिया पर भगवान कृष्ण पर अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक व उसके अज्ञात मित्रों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। शुक्रवार की देर रात आईटी एक्ट के तहत भाटपाररानी थाने में यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने यह कार्रवाई भाजपा युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष सूर्य एम श्रीवास्तव की नामजद तहरीर पर की है। तहरीर में उन्होंने आरोप लगाया है कि भाटपाररानी थाना क्षेत्र के ग्राम भरौली निवासी आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता राहुल गौतम तथा उसके अज्ञात मित्रों ने कृष्ण भगवान पर अभद्र एवं अमर्यादित टिप्पणी को सोशल मीडिया पर वायरल किया है। संवाद

# बैंक कर्मी पर झांसा देकर क्रेडिट कार्ड से रुपये निकालने का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

रुद्रपुर। पकड़ी बाजार स्थित एक बैंक के कर्मचारी पर खाताधारक ने झांसा देकर क्रेडिट कार्ड से रुपये निकालने का आरोप लगाया है। उसने शाखा प्रबंधक और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित को क्रेडिट कार्ड से हुई हेराफेरी की जानकारी बैंक से ऋण वसूली का नोटिस मिलने के बाद हुई। बरडीहा दल गांव के विनोद कुमार जायसवाल ने बताया कि पकड़ी बाजार स्थित एक बैंक में उनका खाता संचालित है। आरोप है कि क्रेडिट कार्ड का पटल देखने वाले कर्मचारी ने बिना उनके संज्ञान के क्रेडिट कार्ड से अपना मोबाइल नंबर लिंक कर लिया।

जिसके बाद उसने उनके खाते से नकदी निकालने के साथ ही करीब डेढ़ लाख रुपये की खरीदारी भी की। चार महीना पहले बैंक से ऋण के संबंध में नोटिस मिलने पर धोखाधड़ी की जानकारी हुई।

इस बाबत एचडीएफसी पकड़ी बाजार के शाखा प्रबंधक धर्मेंद्र गुप्ता ने कहा कि आरोपी कर्मचारी वर्तमान में शाखा पर कार्यरत नहीं है। मामले की जांच की जा रही है।

# दुकानदार की बाइक चोरी, आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद

**सलेमपुर।** भटनी नगर के सिनेमा रोड में शनिवार की शाम एक दुकानदार की बाइक दुकान के सामने से चोरी हो गई। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने बगल के दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की, जिसमें चोर बाइक ले जाते दिखाई दिया। पुलिस आरोपी युवक की पहचान करने में जुटी है। भटनी नगर के हतवा वार्ड नंबर तीन निवासी अभिमन्यु मद्धेशिया सिनेमा रोड में दुकान चलाते हैं। वह दुकान के सामने बाइक खड़ी कर दुकानदारी में व्यस्त हो गए। शनिवार शाम करीब साढ़े तीन बजे अचानक उनकी नजर बाइक की तरफ गई तो गाड़ी गायब देख चौंक गए। आसपास के दुकानदारों से पूछताछ की तो सबने अनभिज्ञता जताई। शिकायत पर पहुंची पुलिस ने बगल के एक दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरा की जांच की। जिसके फुटेज में एक युवक बाइक ले जाते दिखा। सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से पुलिस आरोपी की पहचान करने में जुटी है। संवाद

# दो बालकों से कुकर्म युवक पर केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर। घर के बाहर खेल रहे 12 वर्षीय दो बालकों को टॉफी दिलाने के बहाने सुनसान जगह पर लेकर एक युवक ने उनके साथ कुकर्म किया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने शनिवार को गांव के ही एक युवक पर केस दर्ज किया। घटना के बाद से आरोपी युवक फरार है, पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

भटनी थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार शाम 12 वर्षीय दो बालकों घर के बाहर खेल रहे थे। तभी गांव का ही एक युवक पहुंचा और उनके साथ खेलने लगा। बाद में दोनों को टॉफी दिलाने के बहाने अपने साथ ले गया।

आरोपी दुकान से टॉफी दिलाकर

## घर के बाहर खेल रहे बालकों को टॉफी देने के बहाने गांव के युवक ने बनाया शिकार

दोनों बालकों को एक सुनसान जगह पर ले गया और उनके साथ कुकर्म किया। रोते-बिलखते घर पहुंचे बालकों ने इसकी जानकारी परिजनों को दी।

शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक पर केस दर्ज किया है। घटना के बाद से गांव में दोनों परिवारों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। वहीं, घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी घर से फरार हो गया है। एसओ डॉ. महेंद्र कुमार ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# प्रशासन की कार्रवाई में भी मिल चुका है तेल चोरी का प्रमाण

देवरिया। 19 सितंबर 2021 को तत्कालीन जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन और पुलिस अधीक्षक डॉ. श्रीपति मिश्र के नेतृत्व में प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने बैतालपुर आयल डिपो के आसपास छापा मारा था। इसमें भारी मात्रा में आयल टैंकर से तेल निकालने वाले यंत्र, कुप्पी समेत लगभग दो हजार लीटर अवैध तेल पकड़ा गया था। तीन टैंकर कब्जे में ले लिए गए थे और 22 लोगों को पकड़ा था। इसी तरह 19 जून 2019 को पुलिस-प्रशासन की संयुक्त टीम ने बैतालपुर डिपो के आसपास के करीब चार दर्जन गांवों में घर-घर जाकर सघन तलाशी ली तो भारी मात्रा में अवैध तेल बरामद हुआ था। संवाद

# बैतालपुर डिपो से तेल चोरी पर बैठाई गई जांच, सकते में माफिया

## जांच अधिकारी ने तैनात जवानों सहित अन्य के बारे में जानकारी एकत्र करनी शुरू की

अमर उजाला इंपैक्ट

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। बैतालपुर डिपो से हर माह करीब छह करोड़ रुपये का तेल चोरी होने के मामले पर आरपीएफ के आला अफसर सख्त हो गए हैं। छपरा आरपीएफ के कमांडेट ने मामले के खुलासे के लिए जांच बैठा दी है। मामले में सहायक आयुक्त को जांच अधिकारी नामित किया गया है।

जांच अधिकारी ने बैतालपुर पोस्ट पर तैनात जवानों सहित अन्य के बारे में जानकारी एकत्र करनी शुरू कर दी है। इससे तेल के खेल में लिप्त लोगों की सांसें टंग गई हैं। कमांडेंट ने यह कार्रवाई अमर उजाला में प्रकाशित खबर का संज्ञान लेकर की है।

बैतालपुर डिपो से तेल माफिया हर माह 50 से 60 हजार लीटर तेल का खेल कर रहे हैं। जिसे रोकने में आरपीएफ भी नाकाम है। तेल की इस चोरी को अमर उजाला ने ''बैतालपुर डिपो से हर माह हो रहा छह करोड़ के तेल का खेल'' शीर्षक से चार सितंबर को खबर प्रकाशित कर उजागर किया था। खबर का संज्ञान और गोरखपुर पुलिस की कार्रवाई का संज्ञान लेते हुए आरपीएफ के उच्चपदस्थ अफसरों ने जांच के निर्देश दिए हैं।

अधिकारियों के मुताबिक बैतालपुर डिपो से तेल के खेल के प्रमाण लगातार मिल रहे थे। इसी चक्कर में सिपाही सुधीर की मौत हो गई थी। मामले में छपरा के कमांडेंट डॉ. अभिषेक ने जांच बैठा दी है। इसमें विभागीय संलिप्तता को देखते हुए जांच शुरू की गई है और अंकुश लगाने का निर्देश दिया गया है।

इसकी जांच सहायक आयुक्त मुकेश परमार को दी गई है। सहायक आयुक्त ने आरपीएफ निरीक्षक देवरिया आस मोहम्मद और स्टेशन अधीक्षक से पूरे मामले में जवाब तलब किया है।


बैतालपुर डिपो से हर माह हो रहा छह करोड़ के तेल का खेल

अमर उजाला के 4 सितंबर के अंक में प्रकाशित खबर।

## तेल माफिया ने सिस्टम में की सेंधमारी तो कैसे रुके तेल का खेल

देवरिया। बैतालपुर डिपो से तेल चोरी का खेल करीब दो दशक से चला आ रहा है। हर बार यही शिकायत मिलती है कि यार्ड से भी तेल चोरी का खेल चलता है। जिले कुछ ऐसे लोग शामिल हैं जो स्थानीय स्तर पर सिस्टम में मजबूत पकड़ रखते हैं। इसके कारण हर माह 50 से 60 हजार लीटर तेल का खेल खुलेआम चल रहा है। तेल माफिया ने धीरे-धीरे अपना नेटवर्क गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर में फैला लिया है। इस समय यह धंधा और जोर-शोर से चल रहा है। संवाद

सूत्र बताते हैं कि बैतालपुर तेल डिपो से तेल चोरी रोकने के लिए आरपीएफ की पोस्ट बनाई गई है। इसके बावजूद चोरी नहीं रुक रही है। इससे विभाग की बदनामी हो रही है।

जांच शुरू होने से कई आरपीएफ के सिपाही सकते में आ गए हैं। देवरिया, बैतालपुर, आरपीएफ की जिम्मेदारी है कि

# महिला की मौत की टीम ने सौंपी रिपोर्ट

देवरिया। महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज में गर्भवती की मौत के मामले के जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय टीम ने शनिवार को देर शाम अपनी रिपोर्ट सौंप दी। अब आगे की कार्रवाई होगी।

संभावना व्यक्त की जा रही है कि कुछ लोगों पर कार्रवाई हो सकती है। खुखुंदू थाना क्षेत्र के बकुची निवासी सोनू की पत्नी मीरा देवी गर्भवती थीं और मायके में पथरदेवा के मुंडेरा में रह रही थीं। 30 अगस्त को तबीयत बिगड़ने पर उन्हें सीएचसी पथरदेवा ले जाया गया था, जहां उसे मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। मेडिकल कॉलेज में उनकी 31 अगस्त को मौत हो गई। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया था। मामले को शासन ने भी संज्ञान लिया था।

मामले की जांच के लिए सीएमएस के नेतृत्व में स्त्री रोग विभागाध्यक्ष व एसीएमओ ने जांच कर रिपोर्ट सौंप दी है। सीएमएस डॉ. एचके मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच कर रिपोर्ट प्राचार्य को सौंप दी गई है। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-10-09-2023



जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ करते जिला जज, डीएम व एसपी।

# लोक अदालत में 83691 मामलों का हुआ निस्तारण

**पडरौना, निज संवाददाता।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर के तत्वावधान में शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें कुल 83691 मुकदमों का निस्तारण किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ अशोक कुमार सिंह जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर, उमेश मिश्रा जिलाधिकारी कुशीनगर व धवल जायसवाल पुलिस अधीक्षक कुशीनगर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों द्वारा कुल 83691 वादों का निस्तारण किया गया। इसमें फौजदारी के 7370 वादों का निस्तारण कर जुर्माने के रूप में 143290 रूपये की धनराशि वसूल कर राजकीय कोष में जमा करायी गयी। राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना से सम्बन्धित 67 क्लेम वादों का निस्तारण करते हुए मृतकों एवं घायलों के आश्रितों को 4,78,58,982 रूपये मुआवजा दिलाया गया।

# उन्माद फैलाने पर दो आरोपी गिरफ्तार

खड्डा। सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाएं भड़काने वाले पोस्ट डालने के मामले में खड्डा पुलिस ने दो आरोपियों पर केस दर्ज करने के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री सन्त पाण्डेय ने पुलिस को तहरीर के साथ भावानाएं पोस्ट का स्क्रीन शॉट सौंप कर कार्रवाई की मांग की थी। खड्डा में एक माह पूर्व निकले मोहर्रम जुलूस में पाकिस्तान जैसा झंडा लहराने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसमें शामिल युवकों ने डोल जुलूस के एक दिन पहले भी भगवानाएं भड़काने वाले वीडियो व फोटो पोस्ट किया था।

# दहेज हत्या का अभियुक्त गिरफ्तार

पडरौना। सेवरही थाना के एसएचओ हर्षवर्धन सिंह, दरोगा दीपक सिंह, मानवेन्द्र सिंह, सिपाही कमलेश यादव, साक्षी सिंह व रविप्रकाश सिंह ने दहेज हत्या के केस में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दूधनाथ सिंह निवासी मिश्रौली जोगी बाबा टोला थाना सेवरही को मालगोदाम तिराहा कस्बा सेवरही के पास से गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

# हाटा में 11 मामलों में से एक का ही निस्तारण

हाटा। हाटा कोतवाली में एसडीएम हीरालाल की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस में11 मामले आए, जिसमें एक का निस्तारण किया गया।

# दुकानदार को पिस्टल सटा 43 हजार की लूट

पटहेरवा, हिन्दुस्तान संवाद। पटहेरवा थाना क्षेत्र के पिपरा कनक चौराहे पर स्थित एक गिट्टी बालू की दुकान से शनिवार की सुबह नौ बजे के करीब बाइक पर सवार दो बदमाशों ने असलहा दिखाकर 43 हजार रुपये नकद व दो मोबाइल लूट लिये। घटना को अंजाम देने के बाद लुटेरे बाइक से समउर की ओर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले से जुड़े हर पहलू की जांच में जुटी है। सीओ तमकुही राज जितेन्द्र सिंह कालरा ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस दुकान में लगे सीसी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

पटहेरवा थाना क्षेत्र के पिपरा कनक चौराहे पर स्थित यादव बिल्डिंग मटेरियल नाम से करमहा गांव निवासी शिव यादव की दुकान है। दुकानदार ने पुलिस को बताया कि शनिवार की सुबह नौ बजे के करीब एक बाइक पर सवार दो बदमाश आये। दुकानदार शिव यादव से गिट्टी, छड़ तथा सिमेंट का रेट पूछने के बाद सामान का बिल बनाने को कहा। दुकानदार ने बताया कि अभी वह बिल बना ही रहा था कि उसी दौरान एक युवक ने असलहा निकालकर उसकी कनपटी पर सटा दिया।

काउन्टर में रखे लगभग 43 हजार रुपये, उसकी दोनों मोबाइल व जेब में मौजूद रुपये लेकर समउर होते हुए बिहार की तरफ भाग निकले। दुकानदार के शोर मचाने पर अगल बगल के कई लोग मौके जुट गये।

## कैमरे में नहीं दिखा असलहा, पुलिस को संदिग्ध लग रही घटना

पटहेरवा के प्रभारी निरीक्षक अनिल उपाध्याय ने बताया कि लूट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुकान में लगे सीसी कैमरों की फुटेज निकलवा कर जांच की तो उसमें कही भी असलहा नहीं दिखा। उस वक्त दुकान के आसपास काफी लोग मौजूद थे। बगल में ट्रक से गिट्टी उतारी जा रही थी। चालक व लेबरों से पूछताछ की की गयी। बल प्रयोग के प्रमाण नहीं मिले। दुकानदार ने कई बार बयान बदले। जिन्हें दुकानदार लुटेरा बता रहे थे, उनमें एक 40-42 साल का युवक व एक बारह तेरह साल का लड़का दिख रहे हैं। वह दोनों दुकान पर करीब बीस मिनट पर मौजूद रहे। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है, सच्चाई जल्द ही सामने आ जाएगी।

"मैं खुद मौके पर गया था। लूट नहीं चोरी की घटना है। पुलिस कार्रवाई कर रही है। जल्द ही घटना की खुलासा कर दिया जाएगा।

-जितेन्द्र सिंह कालरा,

सीओ तमकुही राज

# एक भी मामले का नहीं हुआ निस्तारण

पटहेरवा। पटहेरवा थाना परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस प्रभारी अधिकारी तमकुही तहसीलदार चंदन शर्मा की देखरेख में हुआ। इसमें राजस्व के एक व पुलिस के दो मामले आये। इनमें किसी का निस्तारण नहीं हो सका। इस दौरान कानूनगो रानाप्रताप सिंह उपस्थित रहे।

**सिसवा नाहर संवाद** के अनुसार तरयासुजान थाना परिसर में थानाध्यक्ष अमित शर्मा के नेतृत्त्व में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। कुल तीन मामले और पुलिस के एक मामले आये। इसमें एक निस्तारण के लिए टीम लगाई गई।

# वारंटी गिरफ्तार

**पडरौना**। पटहेरवा थाना के दरोगा अरविन्द कुमार व सिपाही कमलेश सिंह ने मारपीट के मामले में वारंटी धनन्जय निवासी अशोगवा खुर्द को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# अचेत मिली युवती, प्रेमी पर हत्या के प्रयास का केस

- पुलिस की सूचना पर परिजनों ने युवती को अस्पताल मे भर्ती कराया
- प्रेमी के बुलाने पर घर से शादी करने निकल गई थी युवती

दाहूगंज, हिन्दुस्तान संवाद। तमकुही राज थाना क्षेत्र में अहिरौली दान तमकुही राज संपर्क मार्ग पर चखनी पुल के पास गन्ने के खेत में शनिवार को एक युवती अचेत अवस्था पाई गई। वह अर्धनग्न हाल में थी। सूचना पर पहुंची तमकुहीराज पुलिस ने उसे सीएचसी तमकुही राज में भर्ती कराया।

होश में आने के बाद युवती ने पुलिस को बयान दिया है कि वह दो दिन पहले सेवरही निवासी प्रेमी के बुलाने पर घर से कपड़े लेकर उससे शादी करने निकली थी। प्रेमी ने दो दिन तक साथ रखकर उसका शारीरिक शोषण किया और शादी से इनकार कर भाग गया। युवती की मां की तहरीर पर पुलिस ने प्रेमी पर जहर देकर हत्या के प्रयास की धाराओं में केस दर्ज किया है। एएसपी रितेश कुमार सिंह ने भी पीड़िता से बात की और पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पुलिस आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है। गौरी इब्राहिम गांव का एक व्यक्ति सुबह खेत की ओर गया था। युवती को अचेत अवस्था में देखकर उसने शोर मचाया तो आसपास के लोग पहुंचे और उसके अर्धनग्न शरीर को बोरी से ढंक दिया। तमकुहीराज पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस ने अचेत युवती को एंबुलेंस से सीएचसी तमकुही राज पहुंचाया। युवती ने पुलिस को बताया है कि वह गोपालगंज जिले के विजय पुर थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी है। 12 वीं की छात्रा है। उम्र 18 साल है। उसकी मां ने कुछ साल पहले पिता को छोड़ दिया और यहां पटहेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव में दूसरी शादी कर ली और यहीं रहने लगी। मैं पिता के साथ ही घर पर रहती थी। मेरा सेवरही के एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। तीन महीने पहले मैं बिहार से मां के घर आ गयी और यहीं रहने लगी। प्रेमी युवक ने तीन दिन पहले शादी करने का वादा कर बुलाया तो गुरवार की शाम को घर से कपड़ लेकर प्रेमी से शादी करने पहुंच गयी।

# अवैध शराब में कार्रवाई को छिनैती जान लोगों ने किया हंगामा

सिसवा नाहर। तरयासुजान थाना क्षेत्र के तिनफेड़िया रेलवे स्टेशन से जीआरपी पडरौना चौकी के कर्मियों ने दो बोरी शराब की खेप बरामद किया। शनिवार को 3 बजे कप्तानगंज-सीवान डीएमयू ट्रेन जैसे ही तिनफेड़िया स्टेशन पर पहुंची, पुलिस कर्मियों ने यह बरामदगी की।

सादे वर्दी में इस कार्रवाई को छिनैती जान कर वहां मौजूद लोगों ने हंगामा किया, तो बाद में पता चला कि कार्रवाई करने वाले जीआरपी कर्मी हैं। ट्रेन के रास्ते बिहार ले जाई जा रही दो बोरी शराब को जीआरपी के जवानों ने पकड़ कर अपने कब्जे में ले लिया। वहीं जीआरपी को देख शराब की खेप ले जा रहे तस्कर फरार हो गये। जीआरपी टीम सादे वर्दी में थी और बाइक से पहुंची थी, जिन्हें छिनैती गिरोह मान लोग हंगामा करने लगे। किसी ने मामले की जानकारी यूपी 112 नम्बर पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पीआरवी द्वारा टीम को स्थानीय थाने पर ले जाया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष तरयासुजान अमित शर्मा ने बताया कि जीआरपी टीम ने स्टेशन से शराब बरामद किया है। इस मामले में कार्रवाई की जा रही है।

# जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप पर दर्ज हुआ केस

**फॉलोअप**

- सराफा दुकानदार से ठगी के प्रयास में बोलेरो सवार ठगों के पकड़े जाने का मामला
- दो दिन पहले ही दुकानदार ने दी थी तहरीर, तीसरे दिन दर्ज हुआ केस

**इन्दरपुर, हिन्दुस्तान संवाद।** कपतानगंज थाना क्षेत्र के कारीतीन चौराहे पर सराफा दुकानदार के साथ ठगी के प्रयास मामले में पुलिस ने तीसरे दिन शनिवार को जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप पर केस दर्ज किया। दुकानदार द्वारा पीछा कर पकड़ने के बाद गुरुवार को श्यामदेउरवा पुलिस ने ठगी करने वाले गिरोह में शामिल दो महिला समेत छह आरोपियों को बोलेरो समेत कप्तानगंज पुलिस को सौंपा था। उसी दिन पीड़ित ने नामजद तहरीर दे दी थी लेकिन पुलिस ने दो पुरुष आरोपियों का शांति भंग में चालान करने के बाद अन्य सभी को थाने से छोड़ दिया।

बीते गुरुवार को कारीतीन चौराहे के सराफा दुकानदार धर्मेन्द्र वर्मा को नकली सोने की अंगूठी देकर दो महिला व चार पुरुषों ने पांच हजार रुपये ठगने का प्रयास किया और यह पता चलने पर कि अंगूठी नकली है अंगूठी लेकर बोलेरो से भागने लगे। दुकानदार पहले भी ऐसे ही ठगों द्वारा एक लाख रुपये की ठगी का शिकार हो चुका था, इसलिए उसने बोलेरो का पीछा कर महराजगंज जिले की श्यामदेउरवा पुलिस से उन्हें पकड़वा दिया। बाद में कप्तागंज पुलिस बोलेरो समेत सभी ठगों को कप्तानगंज ले आयी।

# मामलों के निस्तारण में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं : डीएम

## राजस्व विभाग से तालमेल बनाकर पुलिस निपटाए विवाद : एसपी

**जासं, कसया :** जिलाधिकारी उमेश मिश्र ने कसया थाने पर शनिवार को आयोजित अपने पहले संपूर्ण समाधान दिवस में निर्देश दिया कि राजस्व अथवा मारपीट के मामलों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भूमि संबंधी मामलों में पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर खुद अधिकारी जाएं। कागजी खानापूरी से कार्य नहीं चलेगा।



कसया थाना परिसर में फरियाद सुनते डीएम उमेश मिश्र ( दाएं), एसपी धवल जायसवाल●

दरअसल, कार्रवाई में बैठते ही डीएम के समक्ष सपहां में अराधना एवं ऐनुल्लाह के बीच चल रहे भूमि विवाद का मामला प्रस्तुत हुआ। पुलिस एवं राजस्व विभाग ने बताया कि मामले के निस्तारण किए जाने के बाद भी एक पक्ष नहीं मान रहा। इसी पर डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया। एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि पुलिस, राजस्व विभाग से तालमेल करके ही भूमि संबंधी विवादों का निस्तारण करें। यदि राजस्व का कोई अधिकारी सहयोग मांगता है तो उसमें तत्परता बरती जाए। सुनवाई के दौरान राजस्व के 10 व पुलिस से संबंधित तीन मामले पटल पर सामने आए। इसमें से राजस्व के एक व पुलिस के दो मामलों का तत्काल निस्तारण कर दिया गया।

इस मौके पर एसडीएम योगेश्वर सिंह, नायब तहसीलदार शैलेश सिंह, प्रभारी निरीक्षक डा.आशुतोष तिवारी, रजिस्ट्रार कानूनगो ब्रजेश मणि त्रिपाठी, अरविंद पति त्रिपाठी, शिव मुरारी लाल श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# गन्ने के खेत में अचेत मिली किशोरी

## कुशीनगर के तमकुहीरोड क्षेत्र के युवक से बताया प्रेम संबंध

- प्रेमी ने साथ रखने से मना किया तो खा लिया जहरीला पदार्थ
- तहरीर के आधार पर दो आरोपितों पर मुकदमा दर्ज, गिरफ्तार

जासं, कुशीनगरः प्रेमी ने साथ रखने से मना किया तो किशोरी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। शनिवार की सुबह तमकुहीराज थाना क्षेत्र के चखनी गांव के पास गन्ने के खेत में वह अचेत अवस्था में मिली। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके बयान के आधार पर पुलिस ने कथित प्रेमी कन्हैया पाल व उसके दोस्त मुकेश यादव के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर देर रात दोनों को गिरफ्तार कर लिया। किशोरी बिहार के गोपालगंज जनपद के विजईपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है।

चखनी गांव के कुछ ग्रामीण सुबह टहलने निकले थे। उन्होंने गन्ने के खेत में अचेत पड़ी किशोरी को देखकर पुलिस को फोन किया। पुलिस ने उसे सीएचसी तमकुहीराज में भर्ती कराया। वहां होश में आने पर किशोरी ने अपना पता बताते हुए कहा कि उसका प्रेम संबंध तमकुहीरोड निवासी कन्हैया पाल नामक युवक से है। शुक्रवार की सुबह वह प्रेमी के घर पहुंची थी और उससे साथ रखने को कहा। प्रेमी के इन्कार करने पर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे वह अचेत हो गई। उसके बाद उसे नहीं पता कि गन्ने के खेत में कैसे पहुंची। युवती की स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मौके से पुलिस को थैले में कपड़े, आधार कार्ड व गार्डनल टैबलेट (नींद की गोली) मिला। किशोरी से मिले प्रेमी का मोबाइल नंबर बंद चल रहा है। एसएचओ नीरज राय ने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग है। हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर लिया गया है। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि आरोपित प्रेमी ने दोस्त मुकेश संग मिलकर किशोरी को उसी हालत में खेत में छोड़ा था। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।



तमकुहीराज सीएचसी में भर्ती किशोरी को मिलकर बाहर निकलते एएसपी रितेश कुमार सिंह (दाएं से पहले) ● जागरण

# प्रतीकात्मक अंतिम संस्कार किए जाने के बाद सक्रिय हुई पुलिस

जासं, जोकवा बाजार : चौराखास के जौरामनराखन के बनिया टोली के मोहन साहनी बीते मंगलवार की दोपहर नदी में कूदे थे। तीन दिन तक गांव के लोगों व स्थानीय गोताखोरों के साथ स्वजन नदी में तलाश किए। पता नहीं चला तो गुरुवार की शाम निराश होकर पुतला बना प्रतीकात्मक दाह संस्कार कर दिया। पुलिस ने कोई सहयोग नहीं किया। उसकी संवेदनहीनता की चर्चा तेज हुई तो चौथे दिन शुक्रवार को पुलिसकर्मी एसडीआरएफ टीम के साथ पहुंचे। तलाश की गई, लेकिन पता नहीं चला।

# दुकानदार पर पिस्टल तान 43 हजार रुपये व दो मोबाइल फोन लूटे

- घटना को अंजाम देने के बाद बिहार की ओर भाग निकले बाइक सवार बदमाश
- दुकान में लगे सीसी कैमरे की फुटेज निकलवा रही पुलिस

जासं, सेवरही: पटहेरवा के पिपरा कनक में शुक्रवार की सुबह साढ़े आठ बजे हार्डवेयर व गिट्टी-बालू की दुकान पर आए दो बाइक सवारों ने दुकानदार पर पिस्टल तान दी। 43 हजार रुपये व दो मोबाइल फोन लूट कर बिहार की ओर फरार हो गए।

करमहा के शिव यादव की बाजार में दुकान है। सुबह पहुंचे बाइक सवार युवकों ने पहले गिट्टी, सरिया व सीमेंट का दाम पूछा। इसके बाद बिल बनाने की बात कही। दुकानदार बिल (सामान की कीमत) बनाने लगे कि इस दौरान एक बदमाश ने पिस्टल निकालकर उनकी तरफ तान दी।

कैश काउंटर से रुपये व मोबाइल फोन छीनकर बिहार सीमा की तरफ फरार हो गए। दुकानदार के शोर मचाने पर आसपास के लोग जुट गए। सूचना पर पुलिस जांच-पड़ताल में जुट गई।

घटना को लेकर क्षेत्र के लोग दहशत में हैं। दूसरी ओर प्रभारी निरीक्षक अनिल उपाध्याय ने बताया कि मामला संदिग्ध लग रहा है। इसकी जांच की जा रही है। सीसी कैमरा फुटेज निकलवाया जा रहा है, ताकि घटना के बारे में सुराग मिल सके। सच्चाई सामने आ सके। शीघ्र ही पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

## पेट्रोल पंप पर युवकों ने की तोड़फोड, घटना सीसी कैमरे में कैद, जांच में जुटी पुलिस

**जासं, कसया**: सपहा नौका टोला स्थित राना फ्यूल सेंटर पर शनिवार शाम सात बजे युवकों के एक समूह ने तोड़फोड़ की। कर्मचारियों ने खुद को कमरे में बंद कर बचाया। मैनेजर घनश्याम ने बताया, दो बाइक पर सवार चार युवक आए व पंप पर गलत तेल देने का आरोप लगाते हुए अपशब्द कहा। मना किए तो उलझ गए। कुछ देर बाद और साथियों को बुलाकर सेल्समैन के केबिन का शीशा तोड़ दिया। पंप मालिक डा.राना यादव ने बताया कि मामले को पुलिस को बता दिया हूं। घटना सीसी कैमरे में कैद है। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# जुलूस व धार्मिक झंडे का वीडियो प्रसारित करने वालों पर मुकदमा

**मामले में दो लोग गिरफ्तार**

**शुक्रवार रात वीडियो प्रसारित होने के बाद कस्बे में बन गई थी तनाव की स्थिति**

जासं, पनियहवा: जुलूस व धार्मिक झंडे का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने के मामले में पुलिस ने शनिवार को दो नामजद व 10 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जल्द ही अन्य आरोपितों की पहचान कर उन पर शिकंजा कसेगी।

शुक्रवार की रात आठ बजे खड्डा कस्बे में इंटरनेट मीडिया पर इससे जुड़ा वीडियो प्रसारित हो गया। वीडियो में वर्ग विशेष के लोग जुलूस निकालजे नजर आ रहे। जुलूस में एक युवक धार्मिक झंडा लहराते व हिंदू धर्म के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी करते नजर आ रहा है। वीडियो प्रसारित होने के बाद कस्बे में तनाव की स्थिति बन गई। एहतियात के तौर पर कस्बे में गश्त बढ़ा दी गई। पुलिस की छानबीन में वीडियो पुराना होने की बात सामने आई। अगले दिन विहिप नेता सनथ कुमार ने दो नामजद व 10 अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दी। आरोपित अकरम कुरैसी, हसनैन निवासी खड्डा के विरुद्ध आइटी एक्ट सहित कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह ने बताया कि अन्य आरोपितों की भी शीघ्र पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

# सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने का केस दर्ज, दो गिरफ्तार

**खड्डा।** सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी झंडा लहराने का वायरल हुए वीडियो और दूसरे धर्म के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में पुलिस ने दो नामजद और अज्ञात के खिलाफ सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने, धार्मिक भावना आहत करने सहित आईटी एक्ट में केस दर्ज किया है। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री सनथ कुमार पांडेय की तहरीर पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

खड्डा थाना क्षेत्र में 58 सेकंड का एक वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसमें धार्मिक जुलूस में डीजे लदे वाहन पर खड़ा युवक हाथ में पाकिस्तान जैसा झंडा लहरा रहा था। साथ ही दूसरे धर्म व प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी भी कर रहा था।

लोगों में आक्रोश पनपने लगा था। सीओ संदीप वर्मा को इस प्रकरण की जानकारी हुई तो छानबीन शुरू हुई। झंडा लहराने वाले अकरम कुरैशी निवासी स्वामी विवेकानंदनगर एवं सोशल मीडिया पर अपनी आईडी से पोस्ट करने वाले हसनैन निवासी शास्त्रीनगर नगर पंचायत खड्डा को पुलिस ने देर रात हिरासत में ले लिया।

शनिवार को विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री सनथ कुमार पांडेय ने तहरीर दी। इस आधार पर अकरम व हसनैन तथा एक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्जकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। इस प्रकरण में कुछ और युवकों की भूमिका भी उजागर हुई है, जो इस तरह की पोस्ट सोशल मीडिया पर डालकर सामाजिक सद्भावना खतरे में डालने में शामिल हैं। संवाद

# पत्थर उखाड़ दे रहे हैं, कब्जा दिला दीजिए

## डीएम उमेश मिश्रा व एसपी धवल जायसवाल ने कसया थाना समाधान दिवस में सुनी लोगों की फरियाद

संवाद न्यूज एजेंसी



कसया थाना समाधान दिवस में पीड़ितों की फरियाद सुनते डीएम उमेश मिश्रा।



केशव।



शिवकुमारी देवी।



प्रताप जायसवाल।

**कसया।** शनिवार को कसया थाना में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियाद सुन रहे डीएम उमेश मिश्रा से चेगौना सुमाली गांव के बंश गोपाल सिंह ने कहा कि डीएम साहब! मैं परेशान हो गया हूं। कई बार से पत्थरनसब करा रहा हूं, लेकिन हमारे विरोधी उसे उखाड़कर फेंक दे रहे हैं। अब मैं क्या करूं। काफी दिनों से तहसील और थाने का चक्कर लगाकर थक गया हूं। डीएम ने कसया एसडीएम को दोनों पक्षों को बुलाकर निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

कसया नगरवासी शिवकुमारी देवी ने कहा कि कस्बा में ही मेरा मकान है। काफी दिनों से विवाद चला आ रहा है। कई बार पुलिस मौके पर गई है, फिर भी हमको न्याय नहीं मिल रहा है। मुझे न्याय दिला दीजिए।

डीएम ने एसएचओ को गंभीरता से लेकर समाधान कराने का निर्देश दिया। खेदनी निवासी केशव ने कहा कि पट्टे की जमीन पर कब्जा पाने के लिए काफी दिनों से चक्कर लगा रहा हूं। गांव में आबादी की जमीन पर दूसरे लोग कब्जा किए हैं। मैं गरीब हूं। पट्टा की जमीन पर कब्जा दिलवा दीजिए। सपहां निवासी तेज प्रताप जायसवाल ने कहा कि अपने बैनामे की जमीन पर मकान बनवा रहा हूं। विरोधी लोग मकान नहीं बनवाने दे रहे हैं। थाने से पुलिस भी मौके पर गई थी, लेकिन फिर भी लोग काम रोकवा दे रहे हैं।

इस मामले में डीएम ने एसडीएम और पुलिस विभाग को दोनों पक्षों से वार्ता कर समाधान कराने को कहा। कसया थाना में समाधान दिवस के दौरान कुल 13 फरियादियों ने अपनी शिकायतें डीएम के समक्ष रखीं, जिसमें से राजस्व के एक और पुलिस के दो मामलों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। डीएम ने जनशिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए।

# डीएम ने किया 5 मामलों का निस्तारण

**समधान दिवस**

- कसया थाने में जनपद स्तरीय थाना समाधान दिवस का हुआ आयोजन
- अधिकारियों ने फरियाद सुन मामलों के निस्तारण का दिए निर्देश

**पडरौना, निज संवाददाता।** जनपद के सभी थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने लोगों की फरियाद सुन कर त्वरित निस्तारण करने का निर्देश दिया। कसया थाने में आयोजित जनपद स्तरीय थाना समाधान दिवस में शामिल डीएम उमेश मिश्रा व एसपी धवल जायसवाल ने जिम्मेदारों को शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण करने का आदेश दिया। कसया थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में कुल 13 मामलों में मौके पर पांच मामलों का निस्तारण किया गया। इसमें राजस्व विभाग के कुल 10 में 4 का तथा पुलिस विभाग के 3 में 1 मामला शामिल रहे। शेष मामलों का जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी, नायब तहसीलदार और थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण मौके पर पहुंच कर करें। कहा कि सभी प्रार्थना पत्रों को गंभीरता व गहनता से फील्ड में पहुंच कर शिकायतकर्ता का बयान लेकर निस्तारित करें, जो प्रार्थना पत्र चकमार्ग, नाली, पोखरी, खलिहान, सौरहन के अतिक्रमण से संबंधित हैं। उसका तत्काल पैमाईश कराकर अतिक्रमण मुक्त कराना सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक ने शिकायतों का निस्तारण के संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक डॉ. आशुतोष तिवारी व अन्य पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निष्पक्ष निस्तारण त्वरित, गुणवता पूर्ण, संतुष्टि पूर्ण एवं समय सीमा के अंदर करें। मैनपुर के भिखारी टोला निवासी रुदल ने बारजा निकलवाने, सरोज देवी निवासी कछुहिया जनोबी ने सौर स्थान और खाद गड्ढा के पैमाईश कराने की शिकायत पर डीएम ने नायब तहसीलदार और एसएचओ की संयुक्त गठित कर प्रकरण के निस्तारण करने का निर्देश दिया। खेदनी निवासी केशव ने आवासीय पट्टा पर कब्जा दखल कराने की मांग की। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कसया योगेश्वर सिंह, नायब तहसीलदार कसया नरेंद्रराम, सीओ कुंदन सिंह आदि उपस्थित रहे।

# खेत में मिली अर्द्धनग्न बेसुध युवती, दुष्कर्म की आशंका

## कुशीनगर : बिहार की है युवती, सेवरही के एक युवक से था प्रेम संबंध, प्रेमी व दोस्त गिरफ्तार

कुशीनगर। जिले के तमकुहीराज क्षेत्र के चखनी पुल के पास गन्ने के खेत में शनिवार को बेहोशी की हालत में एक युवती के मिलने से सनसनी फैल गई। अर्द्धनग्न हाल में मिली बिहार की रहने वाली 18 वर्षीय युवती को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के मुताबिक, युवती ने प्यार में धोखा मिलने पर जहरीला पदार्थ खा लिया। वहीं, युवती के परिजनों ने दुष्कर्म की आशंका जताई है। मामले में पुलिस ने प्रेमी और उसके सहयोगी पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस का कहना है कि युवती सेवरही कस्बे के एक युवक से प्रेम करती थी। शादी की बात की तो उसने इन्कार कर दिया। इसके बाद जहर खाने से बेहोश युवती को उसका प्रेमी एक दोस्त की मदद से चखनी पुल के पास फेंक गया।

इसबीच जिला अस्पताल पहुंची युवती की मां और मामा ने बताया कि गोपालगंज पुलिस ने उन्हें दुष्कर्म की बात बताई। अस्पताल में कपड़े बदले होने की वजह से अनहोनी की आशंका है। परिवारवाले खुलकर बोलने से भी कतराते रहे। हालांकि पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने दुष्कर्म से इन्कार किया है। संवाद >> कुशीनगर में व्यवसायी की कनपटी पर पिस्टल सटाकर 43 हजार लूटे : पेज 3

# व्यवसायी की कनपटी पर पिस्टल सटाकर 43 हजार लूटे

## रुपये लूटकर समउर बाजार की तरफ भाग निकले बदमाश, पटहेरवा थाना क्षेत्र के पिपरा कनक बाजार की घटना

संवाद न्यूज एजेंसी

समउर बाजार (कुशीनगर)। पटहेरवा थाना क्षेत्र के पिपरा कनक बाजार में हार्डवेयर व बिल्डिंग मैटेरियल्स के व्यवसायी की कनपटी पर असलहा सटाकर बाइक सवार दो बदमाशों ने 43 हजार रुपये लूट लिए। इसके बाद बदमाश समउर बाजार की तरफ भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस वारदात की जांच में जुट गई है।




लूट की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस व लोग। लूट के शिकार दुकानदार शिव यादव। संवाद

जानकारी के मुताबिक, पटहेरवा थाना क्षेत्र के करमहा गांव निवासी शिव यादव पांच वर्ष से पिपरा कनक चौराहे पर हार्डवेयर और बिल्डिंग मैटेरियल्स का व्यवसाय करते हैं। शनिवार सुबह करीब 8:30 बजे बाइक सवार दो युवक उनकी दुकान में पहुंचे और छड़ व सीमेंट के दाम पूछने लगे। शिव ने दाम बताया तो उन्होंने लिखकर देने को कहा।

व्यवसायी ने बताया कि जैसे ही उन्होंने पेन और लेटर पैड निकालने के लिए काउंटर खोला युवकों ने उनकी कनपटी पर पिस्टल सटा दिया। इसके बाद उन्होंने काउंटर में रखे 43 हजार रुपये और दो मोबाइल फोन निकाल लिए और समउर बाजार की तरफ भाग निकले।

व्यवसायी ने बदमाशों के जाते ही शोर मचाना शुरू कर दिया। इसके बाद वहां भीड़ जुट गई। दिनदहाड़े हुई लूट की सूचना व्यवसायी ने पटहेरवा थाना और समउर बाजार चौकी की पुलिस को दी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की।

पटहेरवा थाने के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार उपाध्याय ने बताया कि पिपरा कनक बाजार में एक व्यवसायी से हुई लूट की जानकारी मिली है। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध लग रहा है। जांच की जा रही है।

# पडरौना में 6 मामलों में दो का निरस्तारण

पडरौना। पडरौना कोतवाली परिसर में एसडीएम महात्मा सिंह व सीओ उमेश चंद्र भट्ट की देखरेख में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें राजस्व के कुल आधा दर्जन मामले आये। इनमें से मौके पर टीम बनाकर दो मामलों का निस्तारण किया गया। इस दौरान ने तहसीलदार सुमित सिंह, कोतवाल राजप्रकाश सिंह, राजेश विश्वकर्मा, संदीप सिंह, गौरव वर्मा, अनुराग, शनि कुमार जावला, चतुर्भुज पांडेय, रामचंद्र, विवेक तिवारी, अमित सिंह, दीवान महेंद्र आदि उपस्थित रहे। इसी क्रम में रविंद्र नगर थाना परिसर में एसओ राजेश मिश्रा के नेतृत्व में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

बनकटा बाजार। चौरा खास थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नारायणपुर कोठी में दोपहर 2:00 बजे के करीब संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चांदनी देवी (22) पति छोटे लाल गुप्ता की शादी मई में हुई थी। ससुर जगदीश गुप्ता ने बताया कि हम लोग किसी कार्यक्रम को लेकर परिवार सहित बाहर थे। दोपहर करीब 2 बजे हम घर पर पहुंचे। बहू के रूम में आवाज लगाई मगर अंदर से दरवाजा बंद था। गांव वालों और पुलिस की मदद से दरवाजा को खुलवाया। बहू पंखे से फंदे पर लटकी मिली। मैंने अपने बेटे की शादी चार माह पहले देवरिया जिले के तरकुलवा थाना क्षेत्र के नरहर पट्टी गांव में की थी। संवाद

# युवती से दुष्कर्म : हालात जता रहे अनहोनी की आशंका

## कुशीनगर जिले में गन्ने के खेत में अर्द्धनग्न हाल में अचेत मिली युवती

संवाद न्यूज एजेंसी

कुशीनगर। जिले के तमकुहीराज थाना क्षेत्र के चखनी पुल के पास गन्ने के खेत में मिली युवती को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। अर्द्धनग्न हालत में मिलने से दुष्कर्म की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, पुलिस इस तरह की घटना से इन्कार कर रही है।

जिला अस्पताल में भर्ती 18 साल की युवती कुछ भी बता नहीं पा रही है। सिर्फ बड़बड़ा रही है। घटनास्थल और युवती की हालत देखने के बाद उसके साथ दुष्कर्म की आशंका जताई जा रही है। इधर, घटना की जानकारी होने पर जिला अस्पताल पहुंची मां और मामा ने बताया कि वह बिहार के गोपालगंज जिले के निवासी हैं। करीब डेढ़ माह पहले युवती अपने मामा के घर आई थी। इस साल 12वीं में उसका दाखिला हुआ था। बृहस्पतिवार को एक सहेली जन्मदिन के कार्यक्रम में उसे तमकुहीराज ले गई थी। युवती ने शुक्रवार को लौटने को कहा था। लेकिन, उसका पता नहीं चला। इसबीच शनिवार को उसके अचेत हाल में मिलने की सूचना मिली। परिवार वालों के मुताबिक युवती के अर्द्धनग्न और अचेतावस्था मिलने की जानकारी उन्हें पुलिस से मिली। जब वे अस्पताल पहुंचे तो कपड़े बदले जा चुके थे। उसके कपड़े कहां है, इस बारे में नहीं बताया गया। परिजनों ने बताया कि जिस हाल में बेटी मिली है, उससे दुष्कर्म की आशंका है। लेकिन जब तक मेडिकल परीक्षण न हो जाए या लड़की कुछ बताने की स्थिति में न आ जाए, तब तक कुछ कह नहीं सकते।

> गन्ने के खेत में मिली युवती की उम्र 18 साल है। वह सेवरही के एक युवक से प्रेम करती थी। उसके घर गई थी। युवक ने उससे शादी से इन्कार किया तो अधिक मात्रा में दवाइयां खा ली। इससे अचेत हो गई। इसके बाद प्रेमी ने अपने दोस्त की मदद से उसे तमकुहीराज क्षेत्र में गन्ने के खेत में फेंक दिया। युवक और उसके सहयोगी पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर लिया गया है। दोनों आरोपी भी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। युवती के साथ कोई अनैतिक कार्य नहीं हुआ है। घटना को दूसरी तरफ मोड़ने के लिए प्रेमी ने उसे अर्द्धनग्न किया था।
>
> **-धवल जायसवाल,** पुलिस अधीक्षक, कुशीनगर

> युवती का इलाज चल रहा है। डॉक्टर ने मेडिकल परीक्षण कराने का सुझाव दिया था, लेकिन युवती ने सहयोग नहीं किया। इसलिए उसका परीक्षण नहीं हो पाया है। सस्पेक्टेड प्वाइजनिंग मानकर इलाज किया जा रहा है।
>
> **डॉ. एचएस राय,** सीएमएस जिला अस्पताल

# तीन माह बाद घर पहुंचा दुबई में बंधक बना मजदूर

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना। नेबुआ नौरंगिया थाना के विरइठ गांव निवासी मजदूर तीन माह बाद दुबई से घर पहुंचा। उन्हें वहां एक कंपनी में बंधक बनाकर रखा गया था।

नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के विरइठ गांव निवासी बबलू यादव 20 जून को एक एजेंट के माध्यम से कारपेंटर का कार्य करने दुबई गए थे। कंपनी की तरफ से उन्हें 50 हजार रुपये वेतन देने की बात कही गई थी।

इसके बदले उनसे 1.20 लाख रुपये एजेंट ने लिया था। लेकिन बबलू को वादे के मुताबिक नौकरी नहीं मिली। उन्हें वहां मिट्टी खुदाई में लगा दिया गया। वहां से वे लौटना चाहे, तो कंपनी वाले उन्हें मार-पीटकर घर जाने से मना कर दिया। बबलू ने इसकी जानकारी किसी तरह परिजनों को दी।

परिजन देवरिया के एजेंट से मिले और बबलू को वतन बुलाने की गुहार लगाने लगे, लेकिन एजेंट पल्ला झाड़ लिया। समाजसेवी संतोष गुप्ता की मदद से बबलू यादव की पत्नी प्रियंका देवी को प्रवासी मदद फाउंडेशन कुशीनगर के बारे में पता चला। प्रवासी मदद फाउंडेशन पीड़ित बबलू यादव से फोन कॉल के माध्यम से मामले की पूरी जानकारी लेकर कागजी कार्रवाई शुरू कर दी। करीब एक माह बाद दुबई में मौजूद संस्था के उपाध्यक्ष प्रदीप पांडेय व महासचिव विजय मद्धेशिया के माध्यम से भारतीय राजदूतावास व विदेश के लेबर कोर्ट को अवगत कराया। इसके बाद आठ सितंबर को बबलू अपने घर पहुंच गए।

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-09-2023

# जिले के थानों पर पहुंचे 42 मामले, नौ का निस्तारण

## समाधान दिवस

- डीएम और एसपी ने सदर कोतवाली में शिकायतों की सुनवाई की
- एसपी का निर्देश, जमीन के प्रकरणों में मौके पर जाकर निपटाएं जिम्मेदार
- सीओ अपने सर्किल के थानों पर रखें समाधान दिवस के दौरान नजर

महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता। शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले में कुल 42 मामले आए, जिनमें से नौ का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधिक्षक डॉ. कौस्तुभ ने सदर कोतवाली में समस्याओं को सुना।

डीएम व एसपी के समक्ष कुल पांच मामले आए। इन मामलों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। पुलिस अधिक्षक डॉ. कौस्तुभ ने निर्देश दिया कि जमीन संबंधित सभी प्रकरणों में पुलिस और राजस्व की टीम संयुक्त रूप से मौके पर जाकर मामले का निस्तारण करे। ताकि फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े। जमीन संबंधित थाना स्तर, आइजीआरएस या अन्य सभी माध्यमों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों को थाना समाधान दिवस रजिस्टर में अंकित करने एवं समाधान दिवस पर दोनों पक्षों को बुलवाकर पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा निस्तारित किए जाने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त जिले के समस्त सीओ अपने सर्किल के थानों एवं समस्त थाना प्रभारियों ने अपने थानों पर समाधान दिवस का आयोजन कर समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण किया। सभी जगहों पर पुलिस के साथ राजस्व विभाग के लोग मौजूद रहे।

# ठगी: खाते से 59 हजार रुपये उड़ाए

**सिसवा।** सिसवा कस्बे में साइबर ठगी का मामला सामने आया है। इसमें खाताधारक के खाते से जालसाजों से 59 हजार रुपया उड़ा दिया। पीड़ित खाताधारक ने कोठीभार थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कस्बे के जैनी छपरा, छावनी टोला निवासी विकास गुप्ता ने पुलिस को दिए गए तहरीर में कहा है कि उसका भारतीय स्टेट बैंक सिसवा शाखा में बचत खाता है। विगत 6 सितंबर को विकास अपना निजी कार्य निपटाकर रात में घर गया। घर पर गूगल पे काम नहीं कर रहा था। इस पर उसने दूसरे ऐप के माध्यम से जब अपना खाता चेक किया तो उसमें से बिना उसकी अनुमति से किसी अज्ञात ठग द्वारा 59 हजार नौ सौ 98 रुपया डेबिट कर लिया गया था। यह देख विकास के होश उड़ गए। एसओ कोठीभार सुनील राय ने बताया कि साइबर सेल से छानबीन कर रही है।

# 51036 मामलों का हुआ निस्तारण

**लोक अदालत**

**महराजगंज, हिन्दुस्तान टीम।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार को जनपद न्यायाधीश जयप्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में दीवानी न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। महराजगंज दीवानी न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश, डीएम सत्येन्द्र कुमार, एसपी डॉ. कौस्तुभ ने किया। इसमें सुलह-समझौते से पूरे जिले में कुल 51036 वादों का निस्तारण किया गया।

सिविल जज अवर खण्ड महराजगंज ने 516, न्यायिक मजिस्ट्रेट महराजगंज ने भी 786 वादों का निस्तारण किया। इसी क्रम में ग्राम न्यायालय तहसील ने 43 वादों का निस्तारण कर 2100 रूपये का अर्थदण्ड वसूल किया। इसके अतिरिक्त समस्त राजस्व एवं चकबन्दी न्यायालयों में 44301 वादों, बैंकों के 586 ऋण की वसूली से सम्बन्धित प्री-लिटिगेशन मामलों का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष राघवेन्द्र मणि त्रिपाठी, गुंजा राय, प्रियंका तिवारी, पीठासीन अधिकारी सरवरहुसैन रिजवी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनय कुमार सिंह, विशेष न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल, सचिव कमलेश्वर पांडेय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फूलचन्द्र कुशवाहा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सौरभ श्रीवास्तव, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आस्था श्रीवास्तव, अपर सिविल जज असगर अली, सिविल जज बलवन्त कुमार भारती, सिविल जज बुसरा नूर, न्यायिक मजिस्ट्रेट अरूण सिंह राठौर आदि मौजूद रहे।



महराजगंज दीवानी न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश जयप्रकाश तिवारी, डीएम सत्येन्द्र कुमार, एसपी डॉ. कौस्तुभ ने किया।

# किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में युवक पर मुकदमा दर्ज

निचलौल। निचलौल थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की शाम को एक किशोरी से एक युवक द्वारा दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर युवक के खिलाफ दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है।

एसओ सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि दुष्कर्म के मामले में युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी की तलाश के लिए पुलिस टीम लगाई गई है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पुलिस ने मारपीट के मामले में युवकों पर कसा शिकंजा

**निचलौल।** निचलौल क्षेत्र में मारपीट के कई मामलों में शामिल रहे युवकों के एक चर्चित गुट पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इस गुट के युवकों ने गुरुवार को छितौना गांव निवासी एक युवक और उसके साथी के साथ मारपीट की थी। इसको लेकर पुलिस ने क्षेत्र के सिधावें गांव में तलाशी कर शुक्रवार की शाम को गुट के दो सदस्यों को पकड़ा था।

छितौना के राहुल यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि वह अपने साथी खालिद के साथ गुरुवार को अपराह्न बाइक से निचलौल से घर जा रहा था। रास्ते में सिरौली पेट्रोल पंप के पास मोनू के पिपराकाजी और उसके तीन अन्य सहयोगी खालिद को रोककर रंजिश में गाली देते हुए पंच से हमला कर दिये। इससे खालिद के सिर में गंभीर चोट लग गई। मारपीट के दौरान राहुल को भी चोट लग गई। मारपीट में घायल युवक की तहरीर पर पुलिस ने गुट के सदस्यों की खोजबीन शुरू कर दी। पुलिस ने इस मामले में राहुल यादव की तहरीर पर शनिवार को मोनू अली निवासी पिपराकाजी, विपुल चौरसिया निवासी डिगही थाना ठूठीबारी, ओमकार अग्रहरी निवासी महाशय मोहल्ला नगर पंचायत निचलौल और विशाल यादव निवासी बैदौली टोला छोटकी बारी तथा एक अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

**इसके पहले भी दो बार युवकों के गुट ने की थी मारपीटः** चिर्चित युवकों के गुट द्वारा मारपीट की यह पहली घटना नहीं है। इसके पहले भी दो जगहों पर इस गुट के सदस्यों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। इस गुट के बारे में बताया जा रहा है कि इनका एक वाट्स एप ग्रुप है, जिस पर मैसेज डालकर कुछ ही मिनट में युवक इकट्ठा हो जाते हैं और कहीं भी किसी के साथ मारपीट कर देते हैं। इस संबंध में एसओ सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि सरगना के भाई को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इस मामले में पुलिस जरूरी कार्रवाई कर रही है।

# लोक अदालत में 51036 वादों का निस्तारण

## 5.57 करोड़ रुपये के लोन का सेटलमेंट, 3.98 करोड़ ब्याज माफ, अर्थदंड भी वसूले गए

**जासं, महराजगंज** : दीवानी न्यायालय में शनिवार को जिला जज जयप्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें 51036 वादों का निस्तारण किया गया। इसमें सर्वाधिक मामले बैंक ऋण ये संबंधित थे। तीन करोड़ 98 लाख 38 हजार 585 रुपये जहां ऋणधारकों को बैंकों से छूट दिलाया गया, वहीं 14.77 लाख रुपये क्षतिपूर्ति के रूप में वादकारियों को दिलवाया गया। एक लाख 49 हजार 170 रुपये अर्थदंड वसूले गए। 760 रुपये का उत्तराधिकार प्रमाणपत्र जारी किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कमलेश्वर पांडेय ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सुबह जिला जज, जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार और पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगे सहायता पटल का निरीक्षण किया गया। समस्त राजस्व, बैंक एवं चकबंदी न्यायालयों द्वारा कुल 44301 वादों का निस्तारण किया गया। बैंकों के कुल 586 ऋण की वसूली से संबंधित मामलों का निस्तारण करते हुए दो करोड़, 33 लाख, 37 हजार 780 रुपये वसूल किए गए। इस तरह से कुल पांच करोड़ 57 लाख, 94 हजार 312 रुपये के लोन का सेटलमेंट किया गया। इस मौके पर बैंकों के प्रतिनिधियों के अलावा पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना प्रतिकर सरवर हुसैन रिजवी, राघवेंद्र मणि त्रिपाठी, विनय कुमार सिंह, अंकित कुमार मित्तल, फूलचंद कुशवाहा आदि मौजूद रहे।



दीवानी न्यायालय मे राष्ट्रीय लोक अदालत मे स्टाल का निरीक्षण करते जिला जज जयप्रकाश तिवारी।(बाएं से तीसरे) • जागरण

# नशीली दवा के साथ युवक गिरफ्तार

**जासं, लक्ष्मीपुर** : सोंधी चौराहे से नशीली दवा लेकर मिश्रौलिया की तरफ से आ रहे एक युवक को कोल्हुई पुलिस व एसएसबी ने गिरफ्तार किया। उसके पास से 576 नशीली दवा बरामद हुई है। उसकी पहचान प्रमोद निवासी बरगदवा मधुबनी के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष महेंद्र यादव ने बताया कि मामाले में कार्रवाई की जा रही है।

# आनलाइन ठगी के मामले में अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**जासं, नौतनवा** : व्यापारियों से लाखों रुपये की आनलाइन ठगी के मामले में पुलिस ने शनिवार को अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। जालसाज ने छह व्यापारियों से ठगी की है।

नगर पालिका के सिद्धार्थनगर वार्ड के रहने वाले मनोज जायसवाल ने थाना में तहरीर देकर बताया कि उनकी नौतनवा बाजार में हार्डवेयर की दुकान है।

मोबाइल पर फोन कर एक व्यक्ति ने अपने आप को हरदी डाली बीओपी का एसएसबी जवान प्रदीप कांबले बताया। सामान खरीदने को लेकर झांसे में लेकर तीन बार में 62,990 रुपये अपने खाते में मंगा लिया।

जब समान लेकर गाड़ी एसएसबी कैंप पहुंची तो ठगे जाने की जानकारी हुई। इसी प्रकार विष्णुपुरी वार्ड के रहने वाले राजेंद्र प्रसाद से 69 हजार, महेंद्र नगर वार्ड निवासी राज जायसवाल से 10 हजार, अनूप अग्रहरि निवासी शास्त्रीनगर से 27 हजार, सुनील अग्रवाल निवासी उस्मान नगर ने 18800 रुपये व अक्षय कुमार गुप्ता निवासी मिश्रवलिया से 25 हजार रुपये ठगे जा चुके हैं।

नौतनवा थाना के इंस्पेक्टर मनोज कुमार राय ने कहा कि मनोज जायसवाल की तहरीर पर आरोपित प्रदीप कांबले निवासी अज्ञात के विरुद्ध धोखाधड़ी व विश्वासघात का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# विवाहिता ने दहेज उत्पीड़न का लगाया आरोप

जासं, नौतनवा : नौतनवा थानाक्षेत्र के एक गांव की विवाहिता ने परसामलिक पुलिस को तहरीर देकर ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज की मांग करते हुए घर से बाहर निकालने का आरोप लगाया है।

तहरीर में पीड़िता ने बताया है कि बीते फरवरी में उसकी शादी क्षेत्र के दोगहरा गांव निवासी एक युवक से हुई थी। विवाह के एक माह बाद ही पति दहेज के लिए मारने पीटने लगे। सास ,ससुर, दो ननद व पति दहेज की मांग पूरी न होने पर जान से मारने की साजिश करते थे। थानाध्यक्ष सुधाकर प्रसाद ने कहा कि मामले की जानकारी है।

# छिनैती करने वाले 0007 गैंग के सरगना सहित पांच पर केस दर्ज

## तलाश में जुटी पुलिस टीम, सरगना के कई ठिकानों पर मारा गया छापा

संवाद न्यूज एजेंसी

निचलौल। थाना क्षेत्र में खुलेआम सड़कों पर मारपीट करने और दुकानों पर व्यापारियों से सामान उधार लेकर रकम न लौटाने के साथ ही छिनैती करने वाले 0007 गैंग पर पुलिस में शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।

पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को सिधावे गांव में छापा मारकर गैंग के दो सक्रिय बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दोनों बदमाशों से पूछताछ के बाद पुलिस ने शनिवार को गैंग के मुख्य सरगना सहित पांच युवकों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। उनकी तलाश में पुलिस टीम नेपाल से लेकर बिहार तक छापा डाल रही है।

जानकारी के मुताबिक, क्षेत्र के पिपराकाजी गांव का रहने वाला एक युवक मोनू अली पिछले करीब एक वर्ष पहले सोशल मीडिया पर 0007 नाम से एक ग्रुप बनाकर संचालित करने लगा। ग्रुप के जरिए मोनू अली ने क्षेत्र और शहर के कुछ युवाओं के साथ मिलकर एक गैंग तैयार कर लिया। फिर मारपीट सहित छोटी-मोटी घटनाओं को अंजाम देने लगा।

गैंग के किसी एक युवा की ओर से ग्रुप में कोई सूचना डालने के महज पांच मिनट बाद ही युवा काम के लिए तैयार हो जाते थे। गैंग ने लगातार कई घटनाओं को अंजाम दिया। गैंग के सदस्य मामूली बात में खुलेआम बीच सड़क पर किसी की भी बेरहमी से पिटाई कर आसानी से निकल जाते थे। गैंग के सदस्यों ने व्यापारियों से छिनैती, लूट सहित कई वारदातों को अंजाम देना शुरू कर दिया था। गैंग के युवाओं का शहर से लेकर गांवों तक दहशत का माहौल था।

निचलौल थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह ने कहा कि 0007 गैंग के गिरफ्तार दो युवक ओंकार अग्रहरी और अमरेश निवासी महाशय मुहल्ला निचलौल से पूछताछ करने के बाद गैंग के मुख्य सरगना मोनू अली निवासी पिपराकाजी के अलावा विपुल चौरसिया निवासी डीगही कोतवाली ठूठीबारी, विशाल यादव निवासी बैदौली के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। इनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम रवाना हो गई।

मुखबिर की सूचना के आधार पर कई जगहों पर छापा डाला जा रहा है। गैंग के मुख्य सरगना सहित अन्य आरोपियों को पुलिस जल्द गिरफ्तार कर लेगी।

**हमले के सदमे से दो दिन बाद भी नहीं उबर सका था युवक :** जानकारी के मुताबिक छितौना गांव के ग्राम प्रधान के लड़के और गैंग के एक युवक के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था।

इसी बीच बीते 7 सितंबर की शाम करीब तीन बजे प्रधान का लड़का बाइक से निचलौल जाने के लिए घर से निकला, तो गैंग में शामिल डीगही गांव के रहने वाले युवक विपुल चौरसिया ने गैंग के मुख्य सरगना को इसकी सूचना दी, लेकिन प्रधान का लड़का गांव से बाहर आने के बाद अपनी बाइक गांव के ही राहुल यादव को निचलौल जाने के लिए दे दी।

उसके बाद राहुल यादव दोस्त गोलू के साथ बाइक से निचलौल निकल पड़े। उधर, सूचना के आधार पर बाइक सवार राहुल को गैंग के मुख्य सरगना मोनू अली ने कुछ युवाओं के साथ सिरौली गांव के पास घेर लिया। अभी राहुल कुछ समझ बोलने की कोशिश करता की, उनपर युवाओं ने पंच से ताबड़तोड़ हमला बोल दिया। जिस दौरान वह अचेत होकर गिर पड़े। वहीं घायल युवक होश में आने के बाद भी सदमे में है।

### मुख्य सरगना के खिलाफ पहले भी केस हुआ है दर्ज

एक जनवरी को निचलौल थाना क्षेत्र के रौतार मार्ग स्थित पिपराकाजी चौराहे पर गैंग के मुख्य सरगना मोनू अली ने अपने सहयोगियों के साथ घोड़हवा मुहल्ले के रहने वाले युवक आलोक पटेल पर रॉड और चाकू से जानलेवा हमला किया था। जिस मामले में पुलिस ने मोनू अली, सलाउद्दीन, सोनू अली निवासी पिपराकाजी परवेश यादव निवासी डीगही, भोलू गुप्ता निवासी जिगनहवा, दुर्गेश तिवारी निवासी लक्ष्मीपुर, अंकित तिवारी और निखिल तिवारी निवासी बुढाडीह, विशाल यादव निवासी चैनपुर के खिलाफ केस दर्ज किया था।

### घटनाओं पर पहले पर्दा डालती रही पुलिस

गैंग में शामिल युवाओं के अपराध पर पहले पुलिस पर्दा डालने की कोशिश करती रही। यही कारण है कि गैंग के युवा काफी सक्रिय हो गए। फिर एक के बाद एक घटनाओं को अंजाम देने लगे। हाल की घटना के बाद पुलिस सक्रिय हुई है।

**केस 1** 11 जून को गैंग के युवाओं ने शहर के नवीन मंडी परिसर के पीछे नहर में नहा रहे कुछ युवकों से विवाद करने के बाद हवाई फायरिंग की थी। जिस मामले में पुलिस ने कुछ युवाओं को हिरासत में लिया था, लेकिन कार्रवाई के बजाए छोड़ दिया।

**केस 2** 15 जनवरी को बहुआर बाजार स्थित दुकान से वापस घर लौट रहे एक दुकानदार से बाइक सवार दो युवकों ने निचलौल चिउटहा मार्ग के खोन्हौली गांव के पास मोबाइल और नकदी छीन ली थी। शिकायत के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी।

**केस 3** 24 मार्च को निचलौल सिंदुरिया मार्ग स्थित एक इंटर कालेज के पास गैंग के कुछ युवाओं ने एक लड़के को मामूली बात में बेरहमी से पिटाई कर लहूलुहान कर दिया था।

# 31 व्यक्तियों का चालान किया गया

महराजगंज। शांति भंग की आशंका के मद्देनजर 31 व्यक्तियों का चालान किया गया। 43 व्यक्ति को जमानत मुचलके से पाबंद कराया गया। यह जानकारी एसपी कार्यालय के सोशल मीडिया सेल की ओर से दी गई। संवाद

# बालिका से दुष्कर्म के आरोप में केस दर्ज

निचलौल। थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार को एक बालिका से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पुलिस ने पीड़िता के पिता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह ने कहा कि पीड़िता के पिता की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# सीमावर्ती क्षेत्र में बकरा तस्करी का वीडियो वायरल

नौतनवां। थाना क्षेत्र के बाबू पैसिया गांव के बैरिया बाजार के भारत नेपाल सीमा से सटे बैरिया बाजार से बकरा तस्करी कराने का वीडियो वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में दिखाया जा रहा है कि बाबू पैसिया गांव के बैरिया बाजार से किशोर तीन-चार बकरे को एक साथ लेकर नेपाल सीमा में प्रवेश करा दे रहे हैं। भारत नेपाल सीमा के सटे नेपाल सीमा में डंडा नदी में एक झूला पुल से नेपाल में प्रवेश कर रहे हैं। कोतवाल अभिषेक सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी। संवाद

# नशीली दवाओं के साथ युवक गिरफ्तार

महराजगंज। प्रतिबंधित नशीली दवाइयों को रखकर मिश्रौलिया की तरफ से आ रहे एक युवक को शनिवार को देर सायं कोल्हुई पुलिस व एसएसबी ने सोंधी से गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 576 नशीली दवाइयां बरामद कर विधिक कार्रवाई में पुलिस जुट गई।

कोल्हुई पुलिस के अनुसार, शनिवार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति एक बाइक से मिश्रौलिया के तरफ से प्रतिबंधित नशीले टेबलेट लेकर लक्ष्मीपुर की तरफ जा रहा है। सूचना पाकर कोल्हुई पुलिस व एसएसबी के सहायक कमांडेंट सुबीर घोष खैरा ने सोंधी के पास डेरा डाल दिया। युवक जैसे ही सोंधी गांव के पास पहुंचा दोनों टीम ने युवक को दौड़ाकर पकड़ लिया। युवक को थाने लाकर गहन पूछताछ शुरू की गई। युवक ने अपना नाम प्रमोद निवासी बरगदवा मधुवनी बताया। 576 टेबलेट नशीली प्रतिबंधित दवा बरामद किया। थानाध्यक्ष कोल्हुई महेंद्र यादव ने बताया कि युवक काफी दिनों से इस अवैध धंधे में लिप्त था। संवाद

# पुलिस के समझाने के बाद परिजनों ने पुतला बनाकर किया अंतिम संस्कार

## हड्डी का छोटा टुकड़ा देख भड़के परिजन, रात में समझाने पर नहीं माने थे

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**नौतनवां।** थाना क्षेत्र के गांव महुअवा अड्डा के सिवान में मिले नर कंकाल का पोस्टमार्टम होने के बाद शुक्रवार देर रात हड्डी का छोटा टुकड़ा अंतिम संस्कार के लिए मिला। इस पर परिजन नाराज हो गए। अंतिम संस्कार करने से इन्कार कर दिए। शनिवार को सुबह पुलिस ने समझाया तो पुतला बनाकर अंतिम संस्कार के लिए डूडी नदी के घाट पर लाया गया।

जानकारी के मुताबिक, नौतनवां थाना क्षेत्र के महुअवा अड्डा निवासी शैलेश 19 अगस्त को लापता हो गए थे। उनकी पत्नी शर्मिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस तहरीर के आधार पर 24 अगस्त को गुमशुदगी दर्ज कर जांच में जुटी थी। बीते पांच सितंबर को गांव से पूरब सिवान में धान की फसल के बीच नर कंकाल मिला। नर कंकाल के पास मिले कपड़े से उनके पिता रामबेलास ने शैलेश की पहचान की थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच की और नर कंकाल पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शुक्रवार देर रात पोस्टमार्टम के बाद शव के नाम पर हड्डी का छोटा टुकड़ा सील पैक करके परिजनों को थमा दिया गया।



अड्डा के शैलेश के कथित कंकाल का अंतिम संस्कार करते पिता। संवाद

परिजन पहले से चिता सजाकर अंतिम संस्कार के लिए इंतजार में थे। अंत्येष्टि स्थल पर जब पन्नी खोली गई तो उसमें एक हड्डी का छोटा टुकड़ा मिला। इससे परिजन अक्रोशित हो गए। विरोध करने लगे कि जब कंकाल ही नहीं है तो दाह संस्कार किसका होगा। पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने परिजनों को समझाया बुझाया। उसके बाद लोग पुतला बनाकर सुबह में अंतिम संस्कार करने की बात कहकर घर लौट आए। शनिवार को दोपहर में अड्डा बाजार चौकी प्रभारी भूपेन्द्र प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचें और उनकी मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया।

प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि डॉक्टर ने कंकाल की जांच के बाद सील कर दिया था। इसलिए छोटी सी हड्डी का टुकड़ा आया था। शनिवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# फरार भाजपा नेता की लोकेशन लखनऊ में मिली, ढूंढ रही पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

## बयान से मुकरने वाली पीड़िता अब सभी बहनों के साथ रिश्तेदार के घर पर

महराजगंज। फरार भाजपा नेता अब तक पुलिस के हाथ नहीं लगा है। उसकी लोकेशन लखनऊ में मिली है। पुलिस वहां छापा डालने पहुंच चुकी है। उधर, बयान से मुकरने वाली पीड़िता भी अब कुछ नहीं बोल रही है। वह अपनी अपनी बहनों के साथ एक रिश्तेदार के घर पर है।

दुष्कर्म, छेड़छाड़, मारपीट, एससीएसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं का आरोप लगाने वाली युवती अपने बयान से पलट गई तो इस आरोप में फंसे भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने काफी राहत महसूस की। पुलिस ने भी पूछताछ करने के बाद उसे छोड़ दिया।

अब वहीं पुलिस के लिए मुसीबत बन गया है। पुलिस उसे ढूंढ रही है, लेकिन भाजपा नेता का पता नहीं चल रहा है। दुष्कर्म के आरोपों से मुकरने के बाद अन्य मामलों की ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया। उच्चाधिकारियों की नजर इस पर पड़ी तो पुलिस ने तेजी दिखानी शुरू कर दी। पुलिस अब आरोपी भाजपा नेता की तलाश में जुटी है।

सूत्रों के अनुसार, विभिन्न आरोप में फरार बीजेपी नेता के घर पुलिस ने दबिश दी थी। गिरफ्तारी के लिए एक टीम देवरिया, एक टीम इलाहबाद कोर्ट के बाहर, एक टीम लखनऊ में लगी है। नगर चौकी पर आरोपी भाजपा नेता के सहयोगियों से पूछताछ की गई, लेकिन कुछ सफलता नहीं मिली है।

पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि पुलिस टीम लगी है।

# आठ देशों में वांछित मानव तस्कर नेपाल से गिरफ्तार

महराजगंज। नेपाल पुलिस के मानव तस्करी जांच ब्यूरो ने शनिवार को मानव तस्करी के आरोपी नेपाली मूल के अमेरिकी नागरिक हस्त गौतम को रूपनदेही जिले के बेलहिया सीमा से गिरफ्तार कर लिया। वह भारत की सीमा में घुसने की फिराक में था। गौतम पर आठ देशों में मानव तस्करी के 200 से अधिक मामले दर्ज हैं। उसके ऊपर नेपाल के अलावा दुबई, सिंगापुर, फिलीपींस, थाईलैंड, श्रीलंका, कंबोडिया और लैटिन अमेरिका में एजेंट के माध्यम से मानव तस्करी करने का आरोप है।



हस्त गौतम

**दर्ज हैं 200 से अधिक मामले**

नेपाल पुलिस के मुताबिक, मानव तस्करी के मामले में हस्त गौतम की लंबे समय से तलाश थी। वह अमेरिका के टेक्सास शहर में रहकर नेपालियों को अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश दिलाने की गतिविधि में लिप्त रहा है। वह दिव्यांग है और व्हीलचेयर पर चलता है। वह नेपालियों को अमेरिका में प्रवेश कराने के लिए दुबई, थाईलैंड, फिलीपींस, जांबिया, सिंगापुर, हांगकांग व अन्य देशों में ठहराता था। शिकायत मिलने पर नेपाल पुलिस ने उसके खिलाफ मानव तस्करी और संगठित अपराध के पांच मामले दर्ज किए हैं।

बताया जाता है कि नेपाल पुलिस को एक अन्य आरोपी कमल तमांग के मामले की जांच के दौरान जानकारी मिली कि हस्त गौतम मानव तस्करी का मुख्य साजिशकर्ता है। पुलिस उपाधीक्षक ज्ञान बहादुर बिस्ता ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि गौतम द्वारा 200 से अधिक नेपालियों को अवैध रूप से अमेरिका पहुंचाया गया है। वह भारत भागने की फिराक में था। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पता लगाया जा रहा है कि वह भारत के रास्ते मानव तस्करी की तैयारी तो नहीं कर रहा था। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 10-09-2023

रंग लायी आईजी की मेहनत

# बस्ती रेंज बना प्रदेश का पहला आईएसओ सार्टिफाइड कार्यालय

बस्ती (एसएनबी)। पुलिस महानिरीक्षक बस्ती रेंज आरके भारद्वाज की महीनों की मेहनत अन्ततःरंग लायी और अन्ततः बस्ती रेंज कार्यालय कोआईएसओ प्रमाणन का सार्टिफिकेट मिल ही गया। यह प्रमाण पत्र अर्जित करनेवाला बस्ती रेंज प्रदेश का पहला रेंज है। तभी तो प्रमाणन का प्रमाण पत्र अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार नेबस्ती रेंज

**अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने आईजी बस्ती रेंज आरके भारद्वाज को प्रदान किया प्रमाण पत्र**

**ई-आफिस प्रमाणी संचालन के साथ आईजीआरएस के निस्तारण में लगातार प्रदेश में अव्वल रहने का मिला प्रतिफल**

कार्यालय पहुंचकर आईजी रेंज श्री भारद्वाज को प्रदान किया। यह उपलब्धि रेंज कोलगातार कुछ महीनों से ईआफिस प्रणाली के संचालन के साथ-साथ जनसुनवाई में जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण, आईजीआरएस के माध्यम सेप्राप्त जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निपटारा करतेहुए लगातार प्रदेश में अव्वल रहने के उपलब्धि के कारण दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि आईएसओ का प्रमाण पत्र बड़ी कारपोरेट कंपनियो को गुणवत्तापूर्णप्रबंधन प्रणाली स्थापित करने तथा उत्कृष्ट सेवा देने पर ही विशेष जांच के बाद ही प्रदान किया जाता है। लगातार बस्ती रेंज आईजी आरके भारद्वाज के नेतृत्व में पेपरलेस काम कोलेकर सक्रिय थे और कार्यालय के अधिकतर कामों को आनलाइन संपादित करने की प्रक्रिया श्री भारद्वाज ने बस्ती रेंज का कार्यभार ग्रहण करते ही शुरू कर दिया था। हर दिन नये प्रयास व नयी सोच के साथ सभी कर्मियों ने की नाम पट्टिका अंकित की गयी। पर्यावरण अनुकूलन तथा आपरेशन त्रिनेत्र के तहत चौराहों पर लगे कैमरो के इंट्रीग्रेशन कराये जाने के बाद बस्ती रेंज प्रदेश का पहला आईएसओ सर्टिफाइड कार्यालय बनने में सफल हुआ। इस उपलब्धि पर एडीजी गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने खुद बस्ती




बस्ती : पुलिस महानिरीक्षक आरके भारद्वाज को आईएसओ प्रमाणन का प्रमाण पत्र देते एडीजी अखिल कुमार। फोटो : एसएनबी

काम किया तो उसके आशातीत परिणाम भी आये। नतीजा रहा कि बस्ती रेंज जहां आईजीआरएस व जनशिकायतों के निस्तारण मेंप्रदेश के अन्य रेंजो के अपेक्षा काफी पीछे था। वह अव्वल आया और लगातार यह प्रक्रिया चलती रही। लगातार प्रथम पायदान पानेके साथ-साथ जनता केलिए शिकायती सुझाव हेतु कार्यालय के गेट पर लेटर बाक्स लगवाया गया। कार्यालय के प्रत्येक शाखा के सामनेशाखा पहुंचकर आईएसओ प्रमाणन का प्रमाण पत्र आईजी रेंज आरके भारद्वाज को प्रदान किया और कहा कि यह कार्यप्रणाली निश्चित तौर पर पुलिस विभाग के लिए मील का पत्थर साबित होगी। प्रमाण पत्र मिलने के दौरान आयुक्त बस्ती मंडल अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक बस्ती गोपाल कृष्ण चौधरी, आईजी के पीआरओ डीके मिश्र व परिक्षेत्रीय कार्यालय केअधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की मौत केस दर्ज

**बस्ती (एसएनबी)।** तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आकर एक युवक गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। जिसकी उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गयी।

पुरानी बस्ती थानान्तर्गत मेंहदावल मार्ग स्थित भरवलिया गांव के पास तेज रफ्तार वाहन संख्या यूपी 51 एम/ 2951 के चालक ने सन्तकबीर नगर जनपद के सोनू कुमार को ठोकर मार दिया। जिससे सोनू गम्भीर रूप से जख्मी हो गया और उपचार के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गयी। मामले में मृतक के पिता गंगा राम पुत्र बेचन प्रसाद निवासी पिपरा हन्कार पोस्ट हटवा थाना दुधारा जिला संत कबीरनगर की तहरीर पर पुलिस ने वाहन के अज्ञात चालक के विरुद्ध धारा 279, 304ए आईपीसी के तहत केस दर्ज किया है।

**सुस्त पुलिसिंग बेखौफ चोर**

# आये दिन घटनाओं को दे रहे अंजाम

**बस्ती (एसएनबी)।** लालगंज थाना क्षेत्र सुस्त पुलिसिया रवैयेका फायदा चोरउठा रहे हैं। बरसात के दिन में बेखौफ चोर लगातारक्षेत्र में खुलेआम चोरी की घटनाओं को अंजाम देपुलिस को चुनौती भी दे रहे हैं। चौकी से अचानक थाने पर पहुंचेथानाध्यक्ष की लचर व्यवस्था व रात्रिकालीन गश्त की पोल हर दिन क्षेत्र में हो रही चोरी की घटनाओं सेखुल रही है।



बस्ती : घर में कटा सेंध दिखाता पीड़ित। फोटो : एसएनबी

बावजूद इसके मुकामी पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। ताजा मामला लालगंज थाना क्षेत्र केकुदरहा क्षेत्र का है। जहां बदस्तूर चोरी की घटनाएं जारी है।

जिभियांव चौराहे पर तीन सौ मीटर की दूरी में तीन जगहों पर चोरों ने एक घर में नकब लगाकर जेवर नकदी और दो गुमटी का ताला तोड़कर चोर सामान लेकर फरार हो गए। क्षेत्र में तीन चोरियां होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गया। सूचना पर पहुंची लालगंज पुलिस और फोरेन्सिक टीम ने जांच पड़ताल कर साक्ष्य इकट्ठा किया।

लालगंज थाना क्षेत्र के कुदरहा-लालगंज मार्ग पर मरवटिया मोड़ के पास राम नसीब पुत्र राम आसरे के मकान में पीछे से चोरों ने नकब काटकर घर में घुस गये और बैग में रखा हुआ बीस हजार रुपया नकद, सोने की कील, कान की बाली लेकर फरार हो गये। घटना की जानकारी

**कुदरहा क्षेत्र में लगातार चोरी होने से लोगो में रोष**

**लालगंज थानेदार से नहीं संभल रहा थाना रात्रि गश्त की खुली पोल**

सुबह हुई जब नसीब की पत्नी कमरे का दरवाजा खोला तो दंग रह गयी। शोर मचाने से घर के सभी सदस्य जाग गयें। दूसरी घटना सेंध कटने से तीन सौ मीटर दूर जिभियाँव चौराहे पर सब्जी बिक्रेता राम सुरेश मौर्य और रोहित के गुमटी का ताला तोड़ कर गुमटी में रखा सरसों का तेल और सामान उठा ले गए। थोड़ी दूरी में तीन चोरियां होने से क्षेत्र के लोगों में दहशत व्याप्त हैं। पुलिस प्रशासन केरात के गश्त की पोल खोल दिया।

# भूमि विवाद को लेकर मारपीट, चार नामजद

**बस्ती (एसएनबी)।** भूमि विवाद को लेकर महिला को गालियां देते हुए विपक्षियों ने मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी।

हर्रैया थानान्तर्गत महेवाकुंवर गांव में जमीन के विवाद की बात को लेकर गांव की ही एक महिला को आरोपी सनीत सिंह तथा अन्य लोगो द्वारा गालियां दी जा रही थी। जिन्हे ऐसा करने से मना करने पर महिला की पिटाई की गयी । मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सनीत सिंह पुत्र शिवकुमार, शिवकुमार पुत्र कल्पनाथ, प्रियन्का सिंह पुत्री शिवकुमार, उषा सिंह पत्नी शिवकुमार निवासीगण महेवा कुँवर थाना हर्रैया के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया है।

# धोखाधड़ी कर ठगे पैसे मुकदमा दर्ज

**बस्ती (एसएनबी)** ।आवास का पैसा खाते में भेजने के नाम पर एक महिला से अज्ञात कालर द्वारा अपने खाते में हजारो रूपये जमा करवा लिया। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

वाल्टरगंज थाने पर लिखित तहरीर देकर गनेशपुर चौरवा निवासिनी निशात परवीन पत्नी मुमताज हसन ने बताया कि उसके फोन पर अज्ञात व्यक्ति का फोन आया और उसके द्वारा यह बताया गया कि आपने जो आवास के लिए आवेदन किया था वह पास हो गया है। परन्तु आपको 7 हजार 6 सौ रूपये के साथ खाता संख्या देना होगा। कालर द्वारा बताये गये नम्बर पर जब उसने पैसे और खाता संख्या भेज दिया गया तो बाद में यह बताया गया कि खात संख्या शो नही कर रहा है, जिसके लिए उसको 22 हजार 2 सौ रूपये और भेजना होगा। उसके द्वारा 22 हजार रूपये भी खाते में जमा करा दिया गया। जिसके बाद शाम को अपने परिवार से बताया तो पता चला कि उसके साथ ठगी हो गयी है। मामले में पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध धारा 420 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### जमीनी हकीकत जानने थानों पर पहुंचे पुलिस व प्रशासन के आला अधिकारी

# लालगंज में आयुक्त व आईजी तो पुरानी बस्ती में डीएम व एसपी ने सुनी फरियाद

**बस्ती (एसएनबी)।** थाना समाधान दिवस पर लालगंज थाने पर उपस्थित होकर मण्डलायुक्त तथा आईजी ने फरियादियों की जनसमस्याओं को सुना और निस्तारण किये जाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। इस दौरान दोनो अधिकारियों ने क्षेत्र में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाते हुए अपराध पर अंकुश लगाये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही किये जाने का निर्देश दिया।

शनिवार को थाना समाधान दिवस के अवसर पर मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह तथा पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र आरके भारद्वाज की अध्यक्षता में थाना लालगंज में जनसुनवाई की गयी। इस अवसर पर आए फरियादियों की समस्याओं को सुना और निस्तारण के लिए अधिकारियों को कड़े दिशा-निर्देश दिए। दोनो अधिकारियों ने कहा कि थाना समाधान दिवस पर आने वाले शिकायतों के प्रति संवेदनशीलता बरतें और गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखते हुए समयान्तर्गत निस्तारण सुनिश्चित कराएं। कानून एवं व्यवस्था से संबंधित मामलों की सुनवाई करते हुए थानाध्यक्ष को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाय। चिन्हित जमीनी मामलों में संयुक्त टीम भेजी जाय। यह सुनिश्चित कराया जाय कि पीड़ितों को न्याय मिले। पुलिस अधिकारी प्रत्येक प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करें। इस दौरान थाना लालगंज व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे।

इसी क्रम मेंअपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना नगर पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर पहुंचकर जनसुनवाई की तथा मामलो का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के लिए संबंधित को दिशा निर्देश दिया। अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र व अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्र नाथ द्वारा शनिवार को आयोजित थाना दिवस के क्रम में थाना नगर पर पहुंचे। जहां थानाध्यक्ष नगर की उपस्थिति में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया था। दोनों अधिकारियों ने थाना समाधान दिवस में आये हुए फरियादियों की समस्याओं को एक-एक कर गम्भीरता से सुना तथा राजस्व विभाग व पुलिस विभाग के अधिकारी/ कर्मचारियों की टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों के शत-प्रतिशत त्वरित/ निष्पक्ष एवं समयबद्धता के आधार पर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। शनिवार को कलवारी थाना परिसर मे थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह की अध्यक्षता मे समाधान दिवस आयोजित हुआ। समाधान दिवस में कुल पांच मामले आये। जिसमे पुलिस से सम्बन्धित एक मामले का मौके पर निस्तारण हुआ और राजस्व से सम्बन्धित चार मामलों मे टीम गठित की गयी। शनिवार को करीब ग्यारह बजे नायब तहसीलदार बीर बहादुर सिंह समाधान दिवस मे पहुंचे और फरियादियों की समस्याएं सुनी और लोगों आवश्यक दिशा निर्देश दिया। समाधान दिवस में मुख्य रुप से उप निरीक्षक रवीन्द्र यादव, संजय कुमार, हरि प्रकाश त्रिपाठी, विजय कान्त, राजस्व निरीक्षक अवधेश श्रीवास्तव, लेखपाल अभय शंकर त्रिपाठी, संजीव यादव, दिनेश सिंह, बीरचंद सहित तमाम लोग मौजूद रहे। **रुधौली** प्रतिनिधि के अनुसार शासन के निर्देशानुसार शनिवार को रूधौली थाने पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उप जिलाधिकारी रूधौली गिरीश कुमार झा द्वारा करते हुए आये फरियादियों की समस्याओं को सुना, तथा निस्तारण हेतु आवश्यक दिश निर्देश दिये। उपजिलाधिकारी गिरीश कुमार झा ने थाने पर आये हुए फरियादियों की एक एक कर समस्याएं सुनी। इस दौरान कुल 4 मामले आये जिसका एसडीएम ने मौके पर दो मामलो का निस्तारण कर दिया। शेष प्रार्थना पत्रों को गुणवत्ता पूर्वक शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आदेशित किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश चन्द्र, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।





बस्ती : थाने पर जनसुनवाई करते मण्डलायुक्त व आईजी,नगर में एएसपी । फोटो : एसएनबी

# पुराने विवाद में जमकर हुई मारपीट, एफआईआर

**बस्ती ।** पुराने विवाद की बात को लेकर एक व्यक्ति को विपक्षियों ने मिलकर गालियां देते हुए मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। सोनहा थानान्तर्गत धवाय टोला चुनवाडीह गांव में पुराने विवाद की बात को लेकर गांव निवासी नन्द किशोर को विपक्षी राजेश, गिरीश ने मिलकर पहले गालियां दी। जिसका विरोध करने पर उसे मारा पीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित नन्द किशोर पुत्र बाबूलाल निवासी धवाय टोला धोबहीडीह, थाना सोनहा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी राजेश, गिरीश पुत्रगण भगवती निवासीगण धवाय टोला चुनवाडीह थाना सोनहा के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# सबा खातून बनी एकता आर्या प्रेमी संग गयी उसके घर

**बभनान (एसएनबी)।** प्यार झुकता नही झुकाने से, सच्चा आशिक हूं मै तेरा जमाने से का गाना एक प्रेमी जोडा पर चरितार्थ हो गयी। सबा खातून ने आर्य समाज मंदिर लखनऊमे एकता आर्य बनकर शादी कर अपने प्रेमी के संग रहने लगी है।उस शादी पर पैकोलिया पुलिस ने भी अपनी सहमति दे दी।

मामला पैकोलिया थाना क्षेत्र के सुनसुनिया गांव निवासी अनूकेत त्रिपाठी पुत्र संजय त्रिपाठी को अपने पडोसी गांव की एक मुस्लिम समुदाय की लडकी से प्रेम हो गया। प्यार इस कदर परवान चढा कि दोनो प्रेमी युगल 1 सितम्बर को कही गायब हो गये। युवती की मां ने पैकोलिया थाने पहुंच कर अपनी पुत्री के गायब होने का शिकायत किया तो पुलिस ने गुमशुी की रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दिया। थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद ने तत्परता दिखाई और युवती की बरामी के लिये एक उपनिरीक्षक व महिला सिपाही समेत चार लोगो की टीम गठित कर दी। पुलिसिया छानबीन मे प्रेमी जोडे के भागकर दिल्ली मे रहने की बात सामने आयी तो पुलिस टीम दिल्ली रवाना हो गयी और प्रमी जोडे को बरामद कर थाने ले आयी। पुलिस ने बरामी की सूचना युवती की मां को दिया। मौके पर दोनो के परिजन भी आ गये और प्रेमी जोडे को अलग करने की कोशिशे करने लगे मगर लाख कोशिशो के बाद प्रेमी जोडा एक दूसरे के साथ रहने की जिद पर अडा रहा। दोनों ने लखनऊ के एक आर्य समाज मंदिर में शादी करने का प्रमाण पत्र भी पुलिस को दिया जिसके बाद पुलिस ने प्रेमिका को प्रेमी के सुपुर्द कर दिया।

**पुलिस चौकियों पर वितरित किया फर्स्ट एड किट : बस्ती।** रोटरी क्लब बस्ती ग्रेटर के चार्टर अध्यक्ष किशन गोयल ने शनिवार को विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि जुलाई माह में क्लब की ओर से शहरी क्षेत्र की पुलिस चौकियों पर 10 सामग्री वाल फर्स्ट एड किट का वितरण किया गया था।

# पुरानी रंजिश को लेकर महिला को पीटा, एफआईआर

**बस्ती ।** पुरानी रंजिश की बात को लेकर एक महिला को विपक्षियों ने मिलकर गालियां देते हुए मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। नगर थाने पर लिखित तहरीर देकर भेलवल गांव निवासिनी एक महिला ने बताया कि उसे पुरानी रंजिश की बात को लेकर विपक्षी रजनीश व ऋषिकेष ने गालियां देते हुए मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी रजनीश व ऋषिकेष पुत्रगण उमाशंकर निवासीगण भेलवल थाना नगर के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# भूमि विवाद में महिला की पिटाई, दो पर मुकदमा

**बस्ती** । भूमि विवाद को लेकर एक महिला को विपक्षियों ने मिलकर गालियां देते हुए मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। कलवारी थानान्तर्गत कलवारी मुस्तहकम गांव में जमीनी विवाद को लेकर एक महिला को विपक्षी मुख्तार व चांद ने मिलकर गालियां दी। जिसका महिला द्वारा विरोध करने पर उसे मारा पीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी मुख्तार पुत्र मोहम्मद याकूब व चांद पुत्र मुख्तार निवासीगण कलवारी मुस्तहकम थाना कलवारी के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मुकदमें में सुलह न करने पर जान से मारने की धमकी

**बस्ती ।** मुकदमें में सुलह न करने पर एक व्यक्ति को विपक्षी ने गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। गौर थानान्तर्गत गोभिया गांव निवासी एक व्यक्ति को अभियुक्त तनवीर द्वारा मुकदमें में सुलह न करने के कारण गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी तनवीर पुत्र अब्दुल रब निवासी गोभिया थाना गौर के विरुद्ध धारा 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इसी प्रकार से कलवारी थाने पर लिखित तहरीर देकर पीड़ित इन्द्रजीत यादव पुत्र राम बुझारत यादव निवासी गौसेसीपुर थाना कलवारी ने बताया कि मुकदमें का सुलह न करने पर उसे राजकुमार द्वारा कुसौरा बाजार के पास गालियां व जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी राजकुमार निवासी कर्मी बुजुर्ग थाना कलवारी के विरुद्ध धारा 504, 506 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया है।

# रास्ते के विवाद को लेकर मारपीट, मुकदमा

**बस्ती ।** रास्ते के विवाद को लेकर महिला को गालियां देते हुए विपक्षियों ने मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। परसरामपुर थानान्तर्गत बबुऔना गांव में आने जाने वाले रास्ते के विवाद को लेकर विपक्षियों ने मिलकर गांव की ही महिला को पहले गालियां दी फिर उसे मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दिया। मामले में पीड़िता की तहरीर पर परसुरामपुर थाने की पुलिस ने आरोपी आलोक सिह पुत्र राघवेन्द्र प्रताप सिंह, राघवेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र मथुरा सिंह, हुकुम सिंह पुत्र मथुरा सिंह, अशोक यादव पुत्र मोतीराम निवासीगण बबुऔना थाना परसरामपुर के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मारपीट के मामले में छह के विरुद्ध केस

**छावनी(एसएनबी)।** पुलिस ने न्यायालय के निर्देश पर कूड़ा फेंकने को लेकर अभी विवाद, स्कूटी क्षतिग्रस्त कर 15 लाख रुपया निकाल लेने व बलवा के मामले में 6 आरोपियों के खिलाफ केस पंजीकृत हुआ है।

जानकारी के अनुसार छावनी थाना क्षेत्र के दत्त नगर निवासी मीरा देवी पत्नी गोविंद कुमार द्वारा न्यायालय में दाखिल बाद के आदेश के क्रम में गांव के मोतीलाल, मुन्नालाल, विशाल, विकास, आनद व नेहा के खिलाफ बलवा, संपति की क्षति, मारपीट, चोरी की धारा में केस दर्ज हुआ है। उल्लेखनीय है कि विगत 26 मई को मीरा देवी के घर के पिछ्वाड़े कूड़ा फेंकने के विवाद में मारपीट हो गई थी। इस घटना में स्कूटी में तोड़फोड़ कर 15 लाख रुपया निकाल लेने का आरोप है।मामले की सुनवाई स्थानीय थाना पर न होने पर पीड़ित पक्ष ने न्यायालय की शरण लिया था।

# मारपीट में चार नामजद

बस्ती। पुलिस ने रास्ते के विवाद में मारपीट करने के मामले में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बबुऔना गांव निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में गांव निवासी सगे भाई राघवेंद्र प्रताप सिंह, हुकुम सिंह, आलोक सिंह, अशोक के खिलाफ रास्ते के विवाद को लेकर मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज किया है।

# दहेज प्रताड़ना मामला में छह पर केस दर्ज

बस्ती। मुण्डेरवा पुलिस ने विवाहिता के पिता की तहरीर पर छह व्यक्तियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मामला दर्ज किया है। इस मामले में नरियांव निवासी मो. खालिद, बदरूदजुदा, असगर बेगम, गुलफसा, रूकसाना व शमशा बेगम के खिलाफ थाना खेसरहा के ग्राम धमौरा, टोखापुरवा निवासी अब्दुल रहमान ने केस दर्ज कराया है।

# यूपी का पहला आईएसओ प्रमाणन ऑफिस बना आईजी रेंज दफ्तर

## सराहना

बस्ती, निज संवाददाता। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर अखिल कुमार ने शनिवार को आईजी रेंज आरके भारद्वाज को आईएसओ सर्टिफिकेट प्रदान किया। इसी के साथ आईजी रेंज दफ्तर प्रदेश का पहला आईएसओ प्रमाणन दफ्तर बन गया है।

एडीजी ने कहा कि यह प्रमाण-पत्र बड़ी-बड़ी कॉरपोरेट कम्पनियों को गुणवत्तापूर्ण प्रबन्धन प्रणाली स्थापित करने व उत्कृष्ट सेवा देने पर प्रदान किया जाता है। आईजी रेंज ने इस मौके पर कहा कि यह प्रमाण-पत्र कार्यालय में ई-आफिस प्रणाली संचालित करने, जनसुनवाई में जनता की समस्याओं को सुनकर त्वरित गुणवत्ता पूर्ण समाधान कराने, आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त जनशिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराने से लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर रहा है। उन्होंने बताया कि जनता के लिए शिकायती/सुझाव के लिए कार्यालय के गेट पर लेटर बॉक्स लगाए गए हैं। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के इंटीग्रेशन कराए गए हैं। इसकी जांच बाद बस्ती रेंज आईएसओ सर्टिफाइड कार्यालय बन सका। कमिश्नर अखिलेश सिंह, एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बधाई देते हुये कहा कि पुलिस कार्य प्रणाली में यह दफ्तर मील का पत्थर साबित होगा।

# गुमशुदगी का मामला दर्ज, तलाश जारी

बस्ती। नगर पुलिस ने गुरुवार को गुमशुदगी की मामला दर्ज किया है। थानाक्षेत्र के रौसिथापार निवासी हरिशंकर चौहान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उनके बड़े पिता रामअजोरे पुत्र कुंजू 72 वर्ष पांच सितम्बर से लापता हैं, जो कि गेरुआ रंग का कुर्ता व लुंगी पहने हैं। थानाध्यक्ष नगर बाजार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर गुमशुदा की तलाश की जा रही है।

# कमिश्नर-आईजी ने लोगों की सुनीं फरियादें

बस्ती, हिन्दुस्तान टीम। माह के दूसरे शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में कमिश्नर व आईजी ने लालगंज थाने पर जनसुनवाई की। डीएम-एसपी ने पुरानी बस्ती और मुंडेरवा में लोगों की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया, जबकि नगर थाने पर एडीएम कमलेश चन्द्र बाजपेयी व एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने सुनवाई की। बनकटी संवाद के मुताबिक लालगंज थाने पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर कमिश्नर अखिलेश सिंह व आईजी आरके भारद्वाज ने सुनवाई की।

लालगंज थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में दिनभर सुनवाई चली। मुंडेरवा संवाद के मुताबिक डीएम अंद्रा वामसी ने मुंडेरवा व पुरानी बस्ती थाने में सुनवाई के दौरान कहा कि थाना समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होना चाहिए। एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने पुरानी बस्ती में पांच मामलों की और मुंडेरवा में चार मामलों की सुनवाई कर उनके का निस्तारण का निर्देश दिया। कोतवाली बस्ती में एसएचओ विनय पाठक की अध्यक्षता में थाना दिवस की सुनवाई हुई। यहां पर कुल चार मामले दर्ज किए गए। जिनमें से दो राजस्व व दो पुलिस से संबंधित रहे। मौके पर पुलिस से संबंधित दोनों मामले का निस्तारण करा दिया गया। कप्तानगंज में मजिस्ट्रेट अजीत सिंह ने समाधान में जनसुनवाई की। हर्रैया संवाद के अनुसार समाधान दिवस में पीड़ितों को आश्वासन की घुट्टी पिला कर घर भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक राणा देवेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कुल 12 प्रार्थना पर सुनवाई की गई। छावनी में थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव ने सुनवाई की। कुल सात मामले राजस्व से संबंधित आए, जिसमे से दो का निस्तारण हुआ। दुबौलिया प्रतिनिधि के अनुसार यहां एसडीएम हर्रैया गुलाब चन्द्र द्वितीय व एसओ इन्द्रभूषण सिंह ने सुनवाई की। रुधौली प्रतिनिधि के अनुसार एसडीएम गिरीश झा व एसएचओ दिनेश चन्द्र ने सुनवाई की। कुल चार मामलों में से दो का मौके पर निस्तारण किया गया। सल्टौआ संवाद के मुताबिक यहां पर एसडीएम भानपुर आशुतोष तिवारी व एसएचओ शैलेश सिंह ने पांच मामलों सुनवाई की एक का मौके पर निस्तारण कराया।



शनिवार को लालगंज में थाना समाधान दिवस पर सुनवाई करते कमिश्नर अखिलेश सिंह व आईजी रेंज आरके भारद्वाज। ●हिन्दुस्तान

- सभी थानों पर दिनभर जन समस्याओं की सुनवाई
- थाना समाधान दिवस में भूमि विवाद की रही भरमार

# बोरे में लाश मिलने के मामले में हत्या का केस

दुबौलिया, हिन्दुस्तान संवाद। थाना क्षेत्र के गोकुलपुर गांव के नहर पुलिया के पास बोरे में मिली लाश के मामले में दुबौलिया पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध कत्ल का केस दर्ज किया है।

गौरतलब है कि सरयू नहर पुलिया के पास पिछले रविवार को बोरे में एक शव मिला था। पहले तो पुलिस ने शव का पंचनामा महिला के रूप में भरकर भेजा था। लेकिन पीएम रिपोर्ट में शव पुरुष का पाया गया। अगले दिन दूसरा पंचनामा भरकर फिर पीएम हुआ। पीएम रिपोर्ट के मुताबिक 32 वर्षीय युवक की गला दबाकर हत्या की गई थी। एसआई दलसिंगार गौतम की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का कोर्ट, कलक्ट्रेट और तहसीलों में हुआ आयोजन

# लोक अदालत में 53953 वादों का हुआ निस्तारण

**आयोजन**

**बस्ती, हिन्दुस्तान संवाद।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को जनपद न्यायालय परिसर, सभी तहसील, राजस्व न्यायालय में हुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आयोजित लोक अदालत की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना ने किया। नोडल अधिकारी लोक अदालत अनिल कुमार खरवार व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रजनीश मिश्र की देखरेख में आयोजन हुआ। डीएम अंद्रा वामसी और एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी एवं अन्य विभाग का सराहनीय सहयोग रहा।

राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 53953 वादों का निस्तारण हुआ, जिसमें बैंक ऋण व अन्य प्रकार से सम्बन्धित प्री-लिटिगेशन स्तर पर 44682 मामलों को एवं न्यायालयों के 9271 वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर कराया गया। मोटर-दुर्घटना दावा अधिकरण के 21 मामले निस्तारित किए गए, 11.90 लाख की धनराशि क्षतिपूर्ति दी गई। आपराधिक वादों के निस्तारण के फलस्वरूप 14.90 लाख की धनराशि अर्थदंड एवं अन्य मामलों में कुल 99.12 लाख सहित कुल 1.14 करोड़ रुपये की धनराशि वसूल की गई। बैंक ऋण के 957 मामलों को निस्तारित कराकर 8.01 करोड़ की धनराशि पर समझौता किया गया।

अपर परिवार न्यायालय की न्यायाधीश अंजू कन्नौजिया की देखरेख में 15 जोड़ों को सुलह-समझौते के बाद विदा कराया गया। पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण अखिलेश दुबे, अपर जिला जज-द्वितीय जेबा मजीद, अपर जिला जज-प्रथम शिवचन्द, सीजेएम आशीष राय समेत अन्य न्यायिक अधिकारीगण ने प्रतिभाग किया।



शनिवार को लोक अदालत का निरीक्षण करते जिला जज। • हिन्दुस्तान

## 2.25 लाख पर डॉक्टर-मरीज में समझौता

बस्ती। गोटवा निवासी सुंदरी ने आर्थो सर्जन डॉ. तारिक जमील खां प्रबंधक हाजरा हॉस्पिटल के खिलाफ वर्ष 2021 में जिला उपभोक्ता फोरम में परिवाद दाखिल कर आरोप लगाया गया था कि उसका इलाज अस्पताल में ठीक तरह से नहीं हुआ। उसके पैर की हड्डी ठीक से जुड़ी नहीं थी। मामले की सुनवाई लोक अदालत में अध्यक्ष अमरजीत वर्मा, मध्यस्थ महादेव प्रसाद दुबे, आशुतोष भारती, अशोक वर्मा ने किया। सुलह-समझौते के आधार पर सर्जन पीड़िता को 2.25 लाख रुपये हर्जाने के रूप में देने को राजी हो गए।

# आवास के नाम पर 29800 की ठगी

बस्ती। साइबर ठग अब आवास आवंटन के नाम पर ठगी का नया फंडा अख्तियार कर रहे हैं। जिले के वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के गनेशपुर नगर पंचायत में एक महिला को साइबर ठगों ने 29800 रुपये का चूना लगाया है। पुलिस ने इस मामले में धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। गनेशपुर निवासी निशात परवीन के मोबाइल पर एक फोन आया कि आपका आवास पास हो गया है। इसके लिए 7600 रुपये के साथ अपना खाता नंबर देना होगा।

निशात परवीन उसके झांसे में आ गई और पैसा गूगल-पे कर दीं। इस तरीके से 22200 और जमा करा लिया। शाम को जब इस बात को परिवार से बताया गया तो महिला को ठगी का पता चला। पुलिस को तहरीर देकर केस दर्ज कराया है।

# कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ केस

छावनी। न्यायालय के आदेश पर छावनी पुलिस ने कूड़ा फेंकने के विवाद में हुई मारपीट, तोड़फोड़ कर पैसा निकालने समेत अन्य आरोप में छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थानाक्षेत्र के दत्तनगर निवासी मीरा देवी पत्नी गोविंद कुमार ने तहरीर में बताया है कि गत 26 मई को घर के पिछवाड़े कूड़ा फेंकने के विवाद में मारपीट हो गई थी। आरोप है कि स्कूटी में तोड़फोड़ कर 1.5 लाख रुपये निकाल लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर के आधार पर दत्तनगर गांव निवासी मोतीलाल, मुन्नालाल, विशाल, विकास, आंनद व नेहा के खिलाफ केस दर्जकर जांच शुरू कर दी गई है।

# संतकबीरनगर में गोतस्कर के घर बस्ती पुलिस ने की कुर्की

- 11 महीने से तस्करी के मामले में फरार चल रहा है आरोपी मेराज
- पुलिस ने आरोपी के घर साफियाबाद में की कुर्की की कार्रवाई

कप्तानगंज, हिन्दुस्तान संवाद। नगर थाने में गैगस्टर के मामले में 11 माह से वांछित चल रहे संतकबीरनगर के दुधारा थानाक्षेत्र के गोतस्कर के घर कप्तानगंज पुलिस कुर्की करने पहुंची। देर शाम तक कुर्की की कार्रवाई चलती रही। इसके पूर्व पुलिस ने 82 की नोटिस चस्पा कर डुग्गी-मुनादी कराई थी, लेकिन आरोपी ने आत्मसमर्पण नहीं किया। न्यायालय के आदेश पर कुर्की की कार्रवाई हुई। इस दौरान काफी पुलिस बल मौजूद रहा।

मामला बस्ती के नगर थानाक्षेत्र में दर्ज गैगस्टर के मुकदमे से जुड़ा है। बताया जाता है कि नगर पुलिस ने 2022 में दो पशु तस्करों को मौके से गिरफ्तार कर जेल भेजा था। विवेचना में छह अन्य तस्करों का नाम सामने आया था, जिसमें पुलिस ने सरगना सहित आठ गो तस्करों को जेल भेजा था। गैंगस्टर के मामले में सात आरोपियों को कप्तानगंज पुलिस जेल भेज चुकी है। लेकिन मेराज पुत्र बल्लम निवासी साफियाबाद दुधारा, संतकबीरनगर फरार चल रहा है। न्यायालय के आदेश पर एसआई जयशंकर पाण्डेय ने साफियाबाद में आरोपी मेराज के गांव डुग्गी-मुनादी कराकर नोटिस चस्पा कराया था। कप्तानगंज के थानाध्यक्ष रोहित उपाध्याय के बताया कि गैगस्टर के मामले में फरार गो तस्कर मेराज के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई शनिवार को देर शाम तक चलती रही।

# भूमि विवाद को लेकर मारपीट, चार पर केस

हर्रैया। थानाक्षेत्र के महेवाकुंवर गांव में भूमि विवाद को लेकर मारपीट मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के महेश कुंवर गांव निवासी सोनू सिंह ने शुक्रवार को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार की शाम करीब छह बजे उनके पड़ोसी शिवकुमार व उनके पुत्र सनीत सिंह, बेटी प्रियंका सिंह और पत्नी ऊषा सिंह ने भूमि विवाद को लेकर अपशब्द कहा। मना करने पर उन्हें व उनकी बेटी को लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया।

# नाबालिग से छेड़खानी, तीन नामजद

बस्ती। नाबालिग से छेड़खानी के मामले में तीन युवकों पर पास्को एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। पीड़ित की मां ने पैकोलिया पुलिस को तहरीर दिया है। तहरीर के मुताबिक शोभित चौधरी ने उनकी बेटी से छेड़खानी करने लगा। मना करने पर बेटी और देवरानी को पीटने लगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर शोभित चौधरी, सौरभ चौधरी और राजकुमार के खिलाफ केस दर्ज किया।

# बस्ती में निकाली जाएगी शौर्य जागरण यात्रा

रुधौली। विश्व हिंदू परिषद के बजरंग दल की बैठक शनिवार को रुधौली थाना के सामने शिव मंदिर में हुई। विभाग संगठन मंत्री विनय ने शौर्य जागरण यात्रा के विषय को रखा और षड़यंत्र पूर्वक हो रहे हिंदू बहन-बेटियों के साथ लव-जेहाद को कैसे रोका जाए विषय रणनीति तैयार की गई। जिलाध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद गोपेश पाल ने कहा सभी कार्यकर्ताओं के सहयोग से शौर्य जागरण यात्रा बस्ती जनपद से भव्य रूप में निकाली जाएगी।

# बस्ती रेंज बना प्रदेश का पहला आइएसओ सर्टिफाइड कार्यालय



आइजी आरके भारद्वाज को आइएसओ प्रमाणपत्र सौंपते एडीजी अखिल कुमार साथ में मंडलायुक्त अखिलेश सिंह तथा एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी • जागरण

## एडीजी ने आइजी व कमिश्नर को सौंपा आइएसओ प्रमाणपत्र, रेंज कार्यालय का किया भ्रमण

जासं, बस्तीः पुलिस का बस्ती परिक्षेत्रीय कार्यालय नई सफलता हासिल करता जा रहा है। इस बार प्रदेश में पहला आइएसओ सर्टिफाइड कार्यालय बनने की उपलब्धि हासिल हुई है। एडीजीपी गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने शनिवार को परिक्षेत्रीय कार्यालय का भ्रमण करने के दौरान आइजी आरके भारद्वाज व आयुक्त अखिलेश सिंह को आइएसओ सर्टिफिकेट प्रदान किया।

यह प्रमाण पत्र बड़ी बड़ी कारपोरेट कमंपनियों को गुणवत्तापूर्ण प्रबंधन प्रणाली स्थापित करने, तथा उत्कृष्ट सेवा देने पर प्रदान किया जाता है। बस्ती परिक्षेत्रीय कार्यालय को यह प्रमाण पत्र कार्यालय में ई-आफिस प्रणाली संचालित करने, जनसुनवायी में जनता के समस्याओं को सुनकर, त्वरित व गुणवत्ता पूर्ण समाधान कराने, आइजीआरएस के माध्यम से प्राप्त जनशिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराने से लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने, जनता के लिए शिकायत व सुझाव से संबंधित लेटर बाक्स कार्यालय के गेट पर लगवाने, प्रत्येक शाखा के सामने शाखा के नाम पट्टिका लगाने, पर्यावरण अनुकूल तथा आपरेशन त्रिनेत्र के तहत तिराहे और चौराहों पर लगे कैमरों के इंटीग्रेशन कराने के बाद बस्ती रेंज कार्यालय को मिला है। एडीजे ने कहा कि पुलिस कार्य प्रणाली में यह मील का पत्थर सावित होगा।

# न्यायालय के आदेश पर दर्ज किया गया मुकदमा

**जासं, छावनी, बस्ती :** छावनी पुलिस ने न्यायालय के निर्देश पर शनिवार को कूड़ा फेंकने के विवाद में हुई मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। मई में दत्तनगर गांव में हुई मारपीट, स्कूटी क्षतिग्रस्त कर डेढ़ लाख रुपये निकाल लेने व बलवा करने के मामले में छह लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत हुआ है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 53953 मुकदमे निस्तारित

## नोडल अधिकारी अनिल कुमार खरवार के मार्गदर्शन में जनपद न्यायालय परिसर में किया गया आयोजन



राष्ट्रीय लोक अदालत का निरीक्षण करते जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना • जागरण



जनपद न्यायालय गेट पर विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता • जागरण

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार को जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें कुल 53953 मुकदमे सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किये गए।

प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज रजनीश मिश्र ने बताया कि नोडल अधिकारी लोक अदालत अनिल कुमार खरवार के मार्गदर्शन में जनपद न्यायालय परिसर व सभी तहसील, राजस्व न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी अंद्रा वामसी, पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी एवं अन्य अधिकारियों का सराहनीय सहयोग रहा। सुनवाई में विभिन्न प्रकार के कुल 53953 वादों का निस्तारण किया गया। इसमें बैंक ऋण व अन्य प्रकार से संबंधित प्री-लिटिगेशन स्तर के 44682 मामले निस्तारित किए गए। जनपद न्यायालय के विभिन्न अदालतों के द्वारा 9271 वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर कराया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के न्यायाधीश अखिलेश दुबे द्वारा कुल 21 मामले निस्तारित किए गए। 1190000 रुपये की धनराशि क्षतिपूर्ति के रूप में प्रदान की गई। आपराधिक वादों के निस्तारण के फलस्वरूप कुल 1490400 रुपये की धनराशि अर्थदंड के रूप में जमा करायी गयी। बैंक ऋण के 957 मामलों को निस्तारित कराकर बैंकों द्वारा 80130912 रुपये की धनराशि पर समझौता किया गया। अपर जिला जज शिव चन्द जेवा मजीद, प्रमोद कुमार गिरि व न्यायिक अधिकारी आशीष राय अमित मिश्रा उमेश यादव आलोक वर्मा सोनाली मिश्रा अखिल कुमार गगनदीप सिंह आदि न्यायिक अधिकारी प्रतिभाग किए।

भारतीय स्टेट बैंक के 269 मामले निस्तारितः जनपद न्यायालय के परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन में बैंकों को भी विशेष लाभ हुआ। इसमें भारतीय स्टेट बैंक बस्ती परिक्षेत्र की 34 शाखाओं ने हिस्सा लिया। बैंक के पटल पर कुल 269 मामले निस्तारित करते हुए 2 करोड़ 76 लाख रुपया का ऋण समाधान किया गया। टोकन मनी के रुप में एक करोड़ 67 लाख रुपया प्राप्त हुए। भारतीय स्टेट बैंक गोरखपुर परिक्षेत्र के उप महाप्रबंधक संजीव कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक बस्ती आशुतोष रंजन, मुख्य प्रबंधक क्रेडिट एंड एनपीए संजय उपाध्याय, प्रबंधक एन पीए मनीष वर्मा, उप प्रबंधक अखिलेश कुमार सहित जनपद के भारतीय स्टेट बैंक की 32 शाखाओं के शाखा प्रबंधक व फील्ड ऑफिसर ने अपना योगदान दिया।

**उपभोक्ता अदालत में 43 मामले निस्तारित:** जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायाधीश अमरजीत वर्मा सदस्य अजय प्रकाश सिंह ने विशेष प्रयास करते हुए पहली बार उपभोक्ता अदालत में राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर 43 मुकदमों का निस्तारण किया। अदालत ने उपभोक्ताओं को 43 लाख 68 हजार 296 रुपये क्षतिपूर्ति भी दिलाया है। आंकड़ों की जानकारी देते हुए आयोग की तरफ से अनूप कुमार पांडे ने बताया कि विभिन्न श्रेणी के कुल 43 मुकदमे निस्तारित किए गए।

### अधिवक्ताओं ने लाठी चार्ज के विरोध में राष्ट्रीय लोक अदालत का किया बहिष्कार

हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठी चार्ज के विरोध में अधिवक्ताओं का आंदोलन जारी है। जनपद के अधिवक्ताओं ने शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का भी बहिष्कार किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को जनपद के समस्त न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया था। अदालती द्वारा जहां तक हो सका मामलों का निस्तारण पक्षकारों को सुनकर सुलह समझौते के आधार पर किया गया। जिन मामलों में लिखित समझौता दाखिल किया जाना था उनमें अधिवक्ताओं के अभाव में विवाद समाप्त नहीं हो सका। अधिवक्ताओं ने शनिवार को भी गेट नंबर 2 के सामने खड़े होकर राज्य सरकार के विरुद्ध नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। यंग बार के अध्यक्ष विनोद भट्ट, मंत्री अंगद मिश्रा, जनपद बार के मंत्री रमेश चंद पांडेय, अनिल चंद त्रिपाठी, दिनेश नारायण त्रिपाठी, अनिल दत्त चतुर्वेदी, जितेंद्र कुमार चौधरी फैज उमर, राम कृष्ण पाठक, देवव्रत उपाध्याय भी शामिल रहे।

# सोनहा में एसडीएम ने की सुनवाई

बस्तीः सोनहा में एसडीएम भानपुर आशुतोष तिवारी ने शिकायतों की सुनवाई की। इस दौरान पांच मामले आए, जिनमें से महज एक का ही निस्तारण हो सका। वाल्टरगंज में सीओ सिटी आलोक प्रसाद ने शिकायतों की सुनवाई की। कुल छह मामलों में केवल एक का ही निस्तारण हो सका। पैकोलिया थाने में थानाध्यक्ष जनार्दन ने कुल 10 शिकायतें सुनी, इनमें से सात का मौके पर निस्तारण कर दिया।

हर्रैया थाने परः नायब तहसीलदार शौकत अली व प्रभारी निरीक्षक राणा देवेंद्र प्रताप सिंह ने 12 शिकायतें सुनी इनमें से एक का भी वे मौके पर निस्तारण नहीं कर सके। छावनी थाने में थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव ने सात मामले सुने , इनमें से दो का मौके पर निस्तारण कर दिया।

# शांतिभंग में छह पर कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**बनकटी**। लालगंज पुलिस ने विभिन्न गांवों से छह के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की है। इन्हें गिरफ्तार कर कर न्यायालय भेजा गया है। इसमें पसड़ा गांव निवासी मुकेश, शिवम गोस्वामी, राहुल, अजय गौड़ व कोतवाली थाना क्षेत्र के भद्रेश्वरनाथ निवासी कृष्णा गिरी, नीरज कुमार गिरी आदि को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

# धमकाने का मुकदमा दर्ज

**बस्ती**। कलवारी पुलिस ने कुसौरा बाजार में राजकुमार को मुकदमे की सुलह करने को लेकर गाली व जान माल की धमकी के मामले में गौसेसीपुर गांव निवासी इंद्रजीत यादव के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

# चार लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा

जासं, हर्रैया, बस्ती: हर्रैया थानाक्षेत्र के महेवा कुंवर गांव में भूमि विवाद को लेकर हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

तहरीर के अनुसार हर्रैया थाने के महेवा कुंवर गांव निवासी सोनू सिंह ने आरोप लगाया है कि उनके पड़ोसी शिवकुमार व उनके पुत्र सुनीत सिंह, पुत्री प्रियंका सिंह तथा पत्नी ऊषा सिंह ने भूमि विवाद को लेकर अपशब्द कहा। मना करने पर उन्हें व उनकी पुत्री लक्ष्मी सिंह को लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने चारों आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# धमकी देने पर केस दर्ज

बस्ती। गौर पुलिस ने ग्राम गोभिया में मुकदमा सुलह का दबाव बनाने को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस मामले में तनवीर की तहरीर पर केस दर्ज किया है। संवाद

# आवास के नाम पर साइबर ठगों ने लगाया 29 हजार का चूना

**बस्ती।** साइबर ठग अब आवास आवंटन के नाम पर ठगी का नया फंडा अख्तियार कर रहे हैं। जिले गनेशपुर नगर पंचायत में एक महिला को साइबर ठगों ने 29800 रुपये का चूना लगाया है। पुलिस ने इस मामले में धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।

हुआ यह कि गनेशपुर निवासी निशात परवीन पत्नी मुमताज के मोबाइल पर 27 अगस्त को एक नंबर से फोन आया कि आपका आवास पास हो गया है, लेकिन आपको 7600 रुपये के साथ अपना खाता नंबर देना होगा। इसके बाद फोन करने वाले युवक ने एक खाता संख्या बताया जिसमें धन भेजना था। निशात परवीन उसके झांसे में आ गई और संबंधित खाते में गूगल पे कर दिया।

इसके थोड़ी ही देर बाद दोबारा दूसरे नंबर से फोन आया कि आपकी ओर से दिया गया एकाउंट नंबर साइट पर दिख नहीं रहा है। इसके लिए 22200 रुपये और जमा करना होगा। इस फोन के बाद महिला ने फिर से उसी नंबर पर रुपये गूगल पे कर दिया। शाम को जब इस बात को परिवार से बताया गया तो महिला को अपने साथ ठगी का पता चला। पुलिस को तहरीर देकर केस दर्ज कराया है। संवाद

# सहमति के बाद प्रेमी जोड़े को पुलिस ने भेजा साथ

**पैकोलिया।** क्षेत्र की एक युवती अपने प्रेमी संग फरार हो गई थी। एक सितंबर को युवती के परिवार के लोगों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने युवती व उसके प्रेमी को दिल्ली से हिरासत में ले लिया था।

शनिवार को युवती व उसके प्रेमी को पुलिस ने परिवार के सामने बुलाया। युवती ने घर जाने से मना करते हुए युवक से शादी करने की सहमति दी। थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद ने बताया कि पुलिसिया छानबीन में प्रेमी जोड़े की भागकर दिल्ली में रहने की बात सामने आयी थी।

पुलिस टीम दिल्ली से लेकर शनिवार को पहुंची तो मौके पर दोनों पक्षों के परिजन भी आ गए और प्रेमी जोड़े को अलग करने की कोशिश करने लगे इसके बाद भी प्रेमी जोड़ा एक-दूसरे के साथ रहने की जिद पर अड़े रहे। दोनों के बालिग होने के नाते पुलिस ने प्रेमी के साथ भेज दिया। संवाद

# नाबालिग से छेड़खानी में तीन नामजद

**बस्ती।** पैकोलिया पुलिस ने एक गांव में नाबालिग से छेड़खानी के मामले में तीन युवकों पर पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

पीड़ित की मां ने पुलिस को तहरीर दी है कि थाना हर्रैया के ग्राम बाछनपुर निवासी शोभित चौधरी उनकी नाबालिग बेटी का हाथ पकड़कर छेड़खानी करने लगा।

उससे बेटी का हाथ छुड़ाने का प्रयास करने पर घर में घुस आया और बेटी व उनकी देवरानी को मारने पीटने लगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर शोभित चौधरी, सौरभ चौधरी व राजकुमार के खिलाफ केस दर्ज किया। संवाद

## जमीन विवाद में मारपीट चार पर केस दर्ज

**हर्रैया।** महेवाकुंवर गांव में भूमि विवाद को लेकर मारपीट हो गई। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मारपीट, गाली व जानमाल की धमकी का केस दर्ज किया है। महेवा कुंवर गांव निवासी सोनू सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि गांव के ही शिवकुमार, उनके पुत्र सनील सिंह, पुत्री प्रियंका सिंह और उनकी पत्नी ऊषा सिंह भूमि विवाद में गाली देते हुए मारपीट पर आमादा हो गए। मना करने पर लाठी डंडे से मारने लगे, बचाने आई पुत्री लक्ष्मी को भी मारा पीटा। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों पर केस दर्ज किया है। संवाद

## मारपीट के अलग अलग मामलों में केस

**बस्ती।** सोनहा पुलिस ने धवाय टोला में पुरानी रंजिश में हुए मारपीट के मामले में एक पक्ष को मारने पीटने क मामले में धवाय निवासी नंद किशोर पुत्र स्व. बाबू लाल की तहरीर पर राजेश व गिरीश के खिलाफ केस दर्ज किया है। उधर, नगर पुलिस ने मारपीट व धमकी देने के मामले में दो लोगों पर केस दर्ज किया है। पुलिस ने भेलवल गांव निवासी रजनीश व ऋषिकेस के खिलाफ नामजद केस दर्ज किया है। कलवारी पुलिस ने भी जमीन की रंजिश में मारपीट के मामले में दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने इस मामले में कलवारी मुस्तहकम निवासी मुख्तार व चांद के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

# बोरे में मिले शव के मामले में हत्या का केस दर्ज

बस्ती। दुबौलिया क्षेत्र के गोकुलपुर गांव के नहर पुलिया के पास बोरे में मिले शव के मामले में पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज किया है। बता दें कि सरयू नहर पुलिया के पास तीन सितंबर को बोरे में हाथ पैर बांध एक युवक शव मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक 32 वर्षीय युवक की गला दबाकर हत्या की गई थी। दुबौलिया पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर एसआई दल सिंगार गौतम ने थाने में तहरीर लिख कर अज्ञात के विरुद्ध हत्या करने व लाश को ठिकाने लगाने का मामला दर्ज कराया है। फिलहाल घटना के एक सप्ताह के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। संवाद

# रास्ते के विवाद में मारपीट, चार पर केस

बस्ती। परशुरामपुर पुलिस ने ग्राम बबुऔना में रास्ते को लेकर हुए मारपीट के मामले में चार लोगों पर केस दर्ज किया है। पुलिस को दिए तहरीर में पुलिस ने गांव के आलोक सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, हुकुम सिंह व अशोक यादव के खिलाफ मारपीट व धमकी देने का केस दर्ज किया है। संवाद

## दहेज उत्पीड़न में छह ससुराली नामजद

**बस्ती।** मुंडेरवा पुलिस ने नरियांव निवासी छह ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। पुलिस को दिए तहरीर पर ग्राम धमौरा, टोखापुरवा थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर निवासी अब्दुल रहमान ने कहा कि उनकी बेटी की शादी नरियांव गांव में हुई है। उनके ससुराली पांच लाख रुपये नकद की मांग को लेकर बेटी का उत्पीड़न कर रहे हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर छह लोगों पर केस दर्ज किया है। संवाद

# एडीजी गोरखपुर जोन ने आईजी रेंज को दिया आईएसओ प्रमाणपत्र

## उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रदान किया जाता है आईएसओ प्रमाणपत्र

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर अखिल कुमार ने शनिवार को आईजी रेंज आरके भारद्वाज को आईएसओ प्रमाणपत्र प्रदान किया है।

इसी के साथ आईजी रेंज कार्यालय प्रदेश का पहला आईएसओ प्रमाणन बन गया है। एडीजी ने कहा कि यह प्रमाण पत्र बड़ी बड़ी कॉरपोरेट कंपनियों को गुणवत्तापूर्ण प्रबंधन प्रणाली स्थापित करने व उत्कृष्ट सेवा देने पर प्रदान किया जाता है। आईजी रेंज ने कहा कि यह प्रमाण पत्र कार्यालय में ई-आफिस प्रणाली संचालित करने, जनसुनवाई में जनता के समस्याओं को बारीकी से सुनकर त्वरित गुणवत्ता पूर्ण समाधान कराने, आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त जनशिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराने से लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर रहा है।

# मंडलायुक्त ने फोन पर लिया शिकायतकर्ता से फीडबैक

## शिकायत समाधान रजिस्टर से नंबर निकालकर किया फोन, समाधान दिवस पर तेवर में दिखे





थाना समाधान दिवस में पुरानी बस्ती में डीएम अंद्रा वामसी, एसपी कृष्ण गोपाल चौधरी और मंडलायुक्त-डीआईजी ने सुनीं समस्याएं। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

बनकटी। लालगंज थाने पर आयोजित समाधान दिवस में शनिवार को अचानक मंडलायुक्त अखिलेश सिंह व आईजी आरके भारद्वाज पहुंचे।

शिकायत समाधान रजिस्टर की जांच करते हुए मंडलायुक्त ने फरियादी राममिलन को फोन लगाकर उनकी समस्या के समाधान के बारे में पूछा तो, राम मिलन ने बताया कि खेत पर गांव के कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। अभी तक समस्या का समाधान नहीं किया गया।

मंडलायुक्त ने हल्का लेखपाल शैलेंद्र को बुलाकर फटकार लगाया और निर्देश दिया तुरंत मौके पर समस्या का समाधान कर अवगत कराएं। अफसरों को फरियादियों से उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया। कहा कि विवादित जमीन पर किसी प्रकार का कोई निर्माण न होने दें। इसे तुरंत रोकवाते हुए संबंधित तहसील के एसडीएम को सूचित करें। जमीनी विवाद को समय पर रोका जाना अत्यंत आवश्यक है नहीं तो यह विवाद बाद में जाकर बड़ी घटना का रूप ले लेता है। पुलिस ऐसे मामलों पर गंभीरता दिखाते हुए कार्रवाई करे।

### मुंडेरवा में डीएम-एसपी ने सुनीं समस्याएं

मुंडेरवा। थाना समाधान दिवस पर थाने में डीएम अंद्रा वामसी व एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी पहुंचे। रास्ते के विवाद को लेकर सिकरा बरगाह निवासी संदीप पहुंचे। दोनों अफसरों ने बात सुनकरसमाधान के लिए टीम भेजी। मौके पर नायब तहसीलदार घनश्याम शुक्ल, कानूनगो अजय बख्शी आदि मौजूद रहे। संवाद

# वाहन चालक पर केस

बस्ती। पुरानी बस्ती भरवलला गांव के निकट गाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत के मामले में अज्ञात वाहन चालक पर केस दर्ज किया गया है। थाना क्षेत्र के मेहदावल मार्ग पर भरवलिया गांव के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से सोनू कुमार (27) को गंभीर चोट आई थी। मामले में संतकबीर नगर के दुधारा थाना के ग्राम पिपरा हंकार निवासी गंगाराम ने तहरीर दी है। संवाद

# अगर बाइक की घिस गई है चाबी.... तो तत्काल बदलिए

## तीन साल में चोरी हो चुकी हैं 253 बाइकें, 200 बरामद, लॉक और चाबी घिसने से दूसरी से स्टार्ट हो जाती है मोटरसाइकिलें

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बस्ती।** बाइक चोरी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। तीन महीने में 24 और तीन साल में 253 बाइक चोरी हो चुकी है। इनमें 189 बाइक पुलिस बरामद कर चुकी है। बरामदगी के आधार पर पाया गया कि सबसे ज्यादा ऐसी बाइक चोरी हुई हैं, जो तीन से पांच साल पुरानी हैं। जिसके लॉक पुराने या खराब हो चुके थे।

यानी उनमें कोई भी चाबी लगाने पर खुल जाते थे। कारीगर बताते हैं कि आजकल ज्यादातर बाइक की चाबी और लॉक एक साल पुराना होने पर घिस जाते हैं। उसको खोलना आसान होता है। पुलिस भी कहती है कि कंपनी के लॉक के अलावा वाहन में अतिरिक्त लॉक लगाकर रखें।

**केस 1** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के सलिल कुमार सिंह का बेटा उनकी बाइक लेकर भागवत मार्केट में मोबाइल ठीक कराने गया। लौटकर आने पर बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के बाद बाइक नहीं मिली। आसपास के सीसीटीवी कैमरे में एक व्यक्ति बाइक ले जाते दिखा। कुछ देर में पुलिस भी बुलाई गई। यह सब होने के दौरान वह बाइक लेकर एक आदमी निश्चिंत भाव से पहुंचा। उसे तब तक अहसास नहीं था कि वह दूसरे की बाइक लेकर चला गया है। लोगों के पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह भी दूसरे की बाइक मांगकर लाया था। बगल में खड़ी इस बाइक में चाबी लगाया और स्टार्ट हो गई।

**केस 2** शहरी क्षेत्र के रमेश कुमार गांधीनगर पुलिस चौकी के पास अपनी बाइक खड़ी करके सब्जी खरीदने चले गए। लौटकर आने पर एक दूसरी बाइक में चाबी लगाए और लेकर घर चले गए। उन्हें पता नहीं चला कि दूसरे की बाइक लेकर घर आ गए हैं। घर आने पर आठ साल के बेटे ने बताया कि पापा यह बाइक अपनी नहीं है। ध्यान से देखने पर उनके होश उड़ गए। कहीं पुलिस के चक्कर में न फंस जाएं इसलिए रात में ही बाइक लेकर कोतवाली पहुंचे। वहां पता चला कि उनकी बाइक पुलिस लावारिस में दाखिल कर चुकी है और जो बाइक वह ले गए थे,उसकी चोरी की एफआईआर लिखी जा चुकी थी।

**इन स्थानों से सबसे ज्यादा बाइक चोरी :** शहर में कचहरी, जिला अस्पताल, महिला अस्पताल, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, गांधी नगर, रोडवेज नेहरू तिराहा के आसपास, मालवीय रोड पर निजी अस्पताल के आसपास, एलआईसी के पास, फव्वारा तिराहा मार्ट, पक्के पुलिस चौकी के पास, सब्जी मंडी, शास्त्री चौक आदि स्थानों से बाइक चोरी की घटनाएं होती रहती हैं।

### बदल जाती है बाइक

कई बार चाबी घिसने की वजह से बाइक बदल जाने के मामले भी अक्सर सामने आते रहते हैं। एक जैसी दिखने वाली दो बाइक अगल बगल खड़ी रहने पर बाइक बदल जाती है। कई बार लोग भूल वश अपनी बाइक की जगह बगल में खड़ी दूसरी बाइक में चाबी लगाकर चल देते हैं। बाद में अहसास होने पर बदलने आते हैं।

### क्या कहते हैं मैकेनिक

मोटर मैकेनिक विजय कुमार बताते हैं कि आजकल की बाइक की चाबी ऐसे मेटल की बनी होती है जिनके खांचे तीन चार साल में घिस जाते हैं। कई बाइक में पाया गया है कि उनमें कोई भी चाबी लग जाती है।

*बाइक को सुरक्षित रखने के लिए सबसे आसान तरीका है कि उसमें कंपनी के लॉक के अलावा एक अलग से लॉक लगाकर रखें। बाजार में कई तरह के सस्ते लॉक मिलते हैं। इसके अलावा शहर में कहीं भी बाइक खड़ी करके न चले जाएं। अगर आसपास स्टैंड या पार्किंग हो तो वहां खड़ी करें। बाइक ऐसे जगह खड़ी करें जहां आसपास सीसीटीवी कैमरे लगे हों।*

*- गोपाल कृष्ण चौधरी, एसपी*

# सावधान...शहर में घूम रहा बच्चा चोर गिरोह

## घुमंतू जाति की युवती की गिरफ्तारी के बाद जीआरपी ने शुरू की गोपनीय जांच

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बस्ती।** सावधान! शहर में बच्चा चोर गिरोह घूम रहा है। यदि आपका बच्चा छोटा है तो उसे संभाल कर पूरे ध्यान से रखें। यही नहीं यदि सफर में जा रहे हैं तो इसका विशेष ख्याल होना चाहिए कि बच्चा अकेले न इधर-उधर जाए, क्योंकि बच्चा चुराने वाले तमाम चोर स्टेशनों व सार्वजनिक स्थल पर घूमते रहते हैं जो मौका पाते ही बच्चे को गायब कर देते हैं।

ऐसा ही एक मामला रेलवे स्टेशन पर जीआरपी के सामने आया है। यहां जीआरपी ने एक बच्ची को चोरी करने वाली युवती को दबोच कर उसके पास से बच्चा बरामद कर लिया है। अब जीआरपी इस मामले में गोपनीय ढंग से जांच पड़ताल में जुटी है।

एक दिन पहले राजकीय रेलवे पुलिस ने ओड़वारा स्टेशन से एक युवती को बच्चा चोरी के आरोप में दबोचा था। इसके पास से पुलिस ने छह वर्षीय बच्ची भी बरामद किया है। हालांकि जिस ढंग से इसकी गिरफ्तारी हुई है उससे यह सामान्य माना जा रहा है, मगर राजकीय रेलवे पुलिस इस मामले को गंभीरता से ले रही है। सूत्रो की मानें तो जीआरपी इस मामले में गोपनीय ढंग से घूमंतू जाति के लोगों पर नजर जमाए हुए है। यही नहीं इस मामले में युवती का लिंक तलाश रही कि कहीं उसके तार मानव तस्करों से तो नहीं जुड़े हैं।

### कहीं मानव तस्करों से तो नहीं जुड़े हैं युवती के तार जीआरपी खोज रही लिंक



गिरफ्तार आरोपी संजू।

बता दें कि बलरामपुर जिले के तुलसीपुर थाना क्षेत्र के गनवरिया कर्बला गांव की सलिमुननिशा अपने दो वर्षीय बेटा नसीम को इलाज करने के सिलसिले में गोंडा आई थी। साथ में बेटी मंतसा (6) भी आई थी। इलाज कराकर बलरामपुर जाने के लिए महिला अपने बच्चों के साथ गोंडा रेलवे स्टेशन पहुंची। जहां भूल बस दूसरी ट्रेन से बस्ती रेलवे स्टेशन पहुंच गई। स्टेशन पर भीख मांग कर बच्चा चोरी करने वाली युवती की नजर 6 वर्षीय बच्ची पर पड़ गई। कुछ देर बाद बच्ची मंतसा बाथरूम के लिए थोड़ी दूर गई। तभी प्लेटफॉर्म पर घूम रही 20 वर्षीय युवती उसे चोरी से उठा ले गई। जिसकी सूचना पीड़ित महिला ने जीआरपी को दी।

पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए बच्ची की खोजबीन में जुट गई। जीआरपी ने ओड़वारा रेलवे स्टेशन से गायब बच्ची को युवती के साथ आठ सितंबर को गिरफ्तार कर लिया।

बच्चा चोर युवती से पूछताछ में प्रथम दृष्टया मानव तस्करों से जुड़े होने के कोई प्रमाण नहीं मिले हैं। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह पहली बार ऐसा की है। एसपी ने कहा कि इस पूरे प्रकरण को बेहद गंभीरता से लिया गया है। अभी जांच जारी है। युवती के लिंक को भी तलाश जा रहा है। क्योंकि युवती का निवास स्थान भारत-नेपाल सीमा पर है। उसके बारे में और तथ्य भी एकत्रित किए जा रहे हैं। **-डॉ. अवधेश कुमार सिंह,** एसपी जीआरपी



प्लेटफॉर्म से छह साल की मासूम का भिखारन ने किया अपहरण

नौ सितंबर को प्रकाशित खबर।

### यह बरतें सावधानी

- आपका बच्चा तीन-सात साल का है तो ध्यान रखें कि वह अकेले कहीं न आए जाए
- यदि सफर में हैं तो अंजान व्यक्ति से बच्चे को कतई घुलने मिलने न दें
- सफर के दौरान बच्चे को अकेले अथवा अंजान व्यक्ति के साथ न आने जाने दें
- सार्वजनिक स्थल पर बच्चे पर पूरा ध्यान केंद्रित रखें

**इंडो-नेपाल सीमा के गांव की है आरोपी :** बच्चा चुराने वाली आरोपी संजू सिद्धार्थनगर के शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव की है। यह गांव नेपाल से सटा हुआ है। ऐसे में जीआरपी युवती की वास्तविकता तलाशने में जुटी है।

पकड़े जाने के बाद युवती ने दो टूक में ही बता दी कि वह पहली बार ऐसा काम की है। उसकी मंशा बच्ची से चोरी करवाने व भीख मंगवाने की थी। बाद में यदि जरूरत होती तो वह उसे बेच देती।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः-10-09-2023

# तीन शातिर चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

## थाना शोहरतगढ़ पुलिस को मिली बड़ी सफलता, गिरफ्तार चोर को भेजा जेल

खुनुवा(एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के पर्यविक्षण में प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ पंकज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में थाना शोहरतगढ़ पुलिस द्वारा शोहरतगढ थाना पर पंजीत मु0अ0सं0 317/2023 धारा 379 भा0द0वि0 के अन्तर्गत शातिर चोरो को शोहरतगढ खुनुवा रोड पर स्थित बगहवा चौराहे से चोरी के मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया।गिरफ्तारी व बरामी के आधार पर धारा 411, 420, 467, 468, 471 भा0द0वि0 की बढोत्तरी कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय भेजा गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त आजाद खान उर्फ शफीक ने बताया कि घर के बाहर,सार्वजनिक स्थान पर खड़े वाहनो की बैट्री कटर से तोड़कर व खड़ी मोटर साईकिलों का लक तोड़कर चुराता हूं। मोटरसाइकिल का नंबर प्लेट बदल कर नेपाल में बेच देता हूं तथा चुराई हुइ बैटरी को नितिन व रमाकान्त को वेच देता हूं। जिससे अपना व अपने परिवार के लोगो का जीविकोपार्जन करता हूं।पूछताछ मे चोरो ने यह भी बताया कि जनपद के थाना सदर सिद्धार्थनगर,जोगिया उदयपुर, चिल्हिया व शोहरतगढ़ में भी मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया।तीनो चोरो ने अपना नाम क्रमश आजाद खान उर्फ शफीक पुत्र बरसाती खान ग्राम यशोधरा वार्ड 06 भडेहर,रंगपुर थाना तौलिहवा जनपद कपिलवस्तु,नेपाल व दूसरा नितीन गुप्ता पुत्र शैलेन्द्र गुप्ता निवासी वार्ड नम्बर 9 बर्डपुर थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर एवं तीसरा रमाकान्त गुप्ता पुत्र साधू प्रसाद गुप्ता निवासी नगर पंचायत शोहरतगढ वार्ड नं0-13 नीबी दोहनी वर्तमान पता दुकान वार्ड नं-7 सुभाष नगर कस्बा व थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर बताया जिसके पास से दो अदद चोरी की मोटर साइकिल।
1080 नेपाली 3000 भारतीय नगद रूपया,तीन अदद 12 बोल्ट की बैटरी,एक अदद बोल्ट कटर बरामद हुआ।आजाद खान उर्फ शफीक का अपराधिक इतिहास बहुत लम्बा है जिसका जनपद के कई थानो मे मुकदमा दर्ज है।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम से उनि बृजेश सिंह चौकी प्रभारी खुनुवा थाना शोहरतगढ़,उनि राजकेश्वर कुश्वाहा थाना शोहरतगढ़,उनि सुरेन्द्र सिंह सर्विलांस सेल प्रभारी मय टीम, हेका मोहम्मद खुर्शीद, सुनील कुमार, आरक्षी निशान्त कुमार, अभिषेक यादव, अजय यादव थाना शोहरतगढ़ प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# पुलिस ने टैम्पो सहित यूरिया खाद पकड़ा, सीज

खुनुवा(एसएनबी) ।कोतवाली क्षेत्र के चौकी बजहा पुलिस ने एक टैम्पो सहित नौ बोरी यूरिया खाद के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया है। रामनगर मदरहना सीमा के पास पुलिस गस्त पर रहीं। इसी दौरान एक टैम्पो मे दो युवक खाद लेकर सीमा के समीप पहुचे, पुलिस ने रोका जिसमे खाद लदी थी। दोनों युवकों को माल सहित चौकी लाया गया। विधिक कार्यवाही करते हुए कस्टम कार्यालय खुनुवां भेजा गया। गिरफ्तार युवक की पहचान आलोक नायक पुत्र बुधई राम नगर मदरहना, बाल मुकुन्द पुत्र रुद्र नरायन टोला मटियरिया थाना कपिलवस्तु के रूप में हुई है। इस दौरान गिरफ्तारी टीम में चौकी प्रभारी राम कुमार राजभर, हेड कांस्टेबल सरोज कुमार यादव और स्वयंबर सिंह शामिल रहें।



# समाधान दिवस पर प्राप्त शिकायतों का करें त्वरित निस्तारण: एसडीएम

इटावा (एसएनबी) ।थाना समाधान दिवस पर प्राप्त शिकायतों का न्यायोचित एवं पारदर्शिता पूर्वक तथा समयबद्ध निस्तारण करना अनिवार्य है। इसमें किसी प्रकार की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उक्त जानकारी एसडीएम कर्मेन्द्र ने इटवा थाना पर आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर दिया है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा एक ही छत के नीचे आम जनता को न्याय दिलाने के लिए माह के दूसरे एवं चौथे शनिवार को सभी थाने पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर कुल चार मामले आये लेकिन इसमें से एक मामले का मौके पर निस्तारण नहीं किया जा सका है। भूमि संबंधी शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत-प्रतिशत निस्तारण के लिए राजस्व तथा पुलिस की संयुक्त टीम गठित करके निर्देशित किया गया है इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी इटवा जयराम द्वारा पुलिस कर्मियों को शांति व्यवस्था के संबंध में सख्त निर्देश दिया गया। पिछले समाधान दिवस की समीक्षा करके लम्बित मामलों को शीघ्र निस्तारित करने का उन्होंने निर्देश दिया। प्रभारी निरीक्षक सहित पुलिस के स्टाफ एवं राजस्व निरीक्षक व लेखपाल मौजूद रहे।

**समाधान दिवस में आये 6 मामलों में दो का निस्तारण**

भनवापुर प्रतिनिधि के अनुसार थाना त्रिलोकपुर के परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता धर्म प्रकाश वर्मा व थाना अध्यक्ष तहसीलदार सिंह के अगुवाई में किया गया। मौके पर सभी मामलों को सुचारू से देखा गया जिसमे कुल 6 मामले आए, एक राजस्व मामले को तत्काल निपटाया गया।अजय कुमार बगमरवा के बास बल्ली गाड़ने को लेकर जवाहर के बीच विवाद था इसका निस्तारण हुआ और एक पुलिस के मामले को निस्टाया गया और मामलों के लिए टीम गठित करके टीम भेजी गई। इस मौके पर राजस्व उपनिरीक्षक धर्म प्रकाश वर्मा, लेखपाल यशोदानंद मिश्रा, सच्चिदानंद मिश्रा, सुधीर कुमार श्रीवास्तव, विजय कुमार, शिव कुमार वर्मा, कमलेश कुमार, प्रभाकांत मौरिया, रामगोपाल श्रीवास्तव, गिरीश चंद, इंद्रपाल, रामकुमार, बिस्कोहर चौकी प्रभारी राकेश त्रिपाठी बिजोरा चौकी प्रभारी पप्पू गुप्ता, उपनिरीक्षक अनिल कुमार, विजय सिंह यादव, शिवदास गौतम, अजय सिंह, वीरेंद्र सिंह, अमरेश कुमार पांडे, हेड कांस्टेबल सज्जाद अंसारी, राकेश तिवारी, इंद्रजीत यादव, विजेंद्र मौजूद रहे।

**एसडीएम व सीओ ने सुनी लोगों की फरियाद**

डिंडई प्रतिनिधि के अनुसार थाना शिवनगर डिडई में आयोजित समाधान दिवस में एसडीएम व सीओ द्वारा फरियादियों की फरियाद सुनकर सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारी व पुलिस के सहयोग से समस्याओं का निस्तारण कराया गया।

एसडीएम बांसी प्रमोद कुमार तथा सीओ देवी गुलाम की अध्यक्षता व प्रभारी निरीक्षक गौरव सिंह की उपस्थिति में फरियादियों द्वारा राजस्व विभाग से संबंधित कुल छः मामले पेश किया गया। जिसमें से तीन मामलों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। शेष तीन मामलों के निस्तारण हेतु संयुक्त टीम गठित कर मौके के लिए रवाना किया गया। इस दौरान उपनिरीक्षक विजय मोहन राम, धर्मेंद्र प्रजापति तथा कांस्टेबल सुशील कुमार,व कांस्टेबल जितेंद्र राजभर भी मौजूद रहे।

खेसरहा प्रतिनिधि के अनुसार तहसीलदार थानाध्यक्ष शशांक सिंह के सह अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में पुलिस से एक तथा एक मामला राजस्व विभाग का फरियादियों द्वारा पेश किया गया। पेश आए मामलों का अधिकारियों ने विभागों के सामंजस्य से मौके पर ही निस्तारण करा दिया। इस दौरान राजस्व निरीक्षक चन्द्र चूर्ण मणि, शिवपूजन यादव, जौहर अली, मोहम्मद फारूक, अटलोकर उपाध्याय, ओमप्रकाश तथा उपनिरीक्षक सर्वेश यादव सहित अन्य पुलिस कर्मी भी मौजूद रहे।



समाधान दिवसःशिकायत सुनते एसडीएम व सीओ।

**थाना दिवस में आए कुल चार मामले**

उसका बाजार प्रतिनिधि के अनुसार शनिवार को उसका थाना परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सरोज ने सभी मामलों का गहराई से जांच पड़ताल किया। 4 मामले में से 2 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष दो मामले राजस्व से संबंधित रहे। इनका निस्तारण नही हुआ। सोमवार को राजस्व टीम मौके पर निस्तारण के लिए जाएगी।

# पुलिस के हत्थे चढ़े तीन बाइक लिफ्टर

**कामयाबी**

- शोहरतगढ़ पुलिस व सर्विलांस सेल ने की गिरफ्तारी
- गिरफ्तार आरोपियों में एक नेपाल का है निवासी

शोहरतगढ़, हिन्दुस्तान संवाद। शोहरतगढ़ पुलिस ने तीन बाइक लिफ्टरों को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से चोरी की दो बाइक बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों में से एक नेपाल का निवासी है।

शोहरतगढ़ थानाध्यक्ष पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि बगहवा चौराहा के पास गश्त के दौरान बाइक सवार संदिग्ध दिखाई दिए। रोक कर पूछताछ करने पर सही जवाब नहीं दे पा रहे थे। सख्ती करने पर टूट गए। तीनों वाहन लिफ्टर निकले। पूछताछ में अपना नाम आजाद खान उर्फ शफीक पुत्र बरसाती खान निवासी यशोधरा वार्ड छह भड़ेहर थाना तौलिहवा जिला कपिलवस्तु नेपाल, नितिन गुप्त पुत्र शैलेंद्र गुप्त निवासी बर्डपुर नंबर नौ थाना मोहाना व रमाकांत गुप्त पुत्र साधू प्रसाद गुप्त निवासी नीबी दोहनी थाना शोहरतगढ़ बताया। आरोपियों के पास से चोरी की दो बाइक बरामद हुई।



शोहरतगढ़ थाने में चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार लिफ्टर। ● हिन्दुस्तान

पूछताछ में बताया कि वह लोग बाइक का लॉक तोड़ कर उसे चुराकर नंबर प्लेट बदलने के बाद नेपाल ले जाकर बेचते थे। पुलिस ने आरोपियों को धारा 411, 420, 467, 468, 471 केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

ये रहे टीम में शामिल:गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष पंकज कुमार पांडेय के साथ चौकी प्रभारी खुनुवा बृजेश सिंह, सुरेन्द्र सिंह सर्विलांस सेल प्रभारी, मुख्य आरक्षी मोहम्मद खुर्शीद, सुनील कुमार, आरक्षी निशांत कुमार, अभिषेक यादव, अजय यादव आदि शामिल रहे।

# पुलिस ने फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

चिल्हिया। चिल्हिया थाना क्षेत्र के सिरवत गांव निवासी एक माह से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने शनिवार को लोटन से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर पाक्सो एक्ट का केस दर्ज था। एसआई उपेंद्र सिंह ने बताया कि मोनू निवासी सिरवत डीह के खिलाफ धरा 363, 366 व पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज था। वह फरार चल रहा था। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

# ९ बोरी यूरिया संग दो धरे गए

बर्डपुर। कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र के चौकी बजहा पुलिस ने एक टेंपो पर लोड नौ बोरी यूरिया के साथ दो युवकों को पकड़ लिया। बरामद खाद व टेंपो कस्टम के हवाले कर दिया है।

क्षेत्र के रामनगर मदरहना सीमा के पास पुलिस गश्त पर रही। इस दौरान एक टेंपो पर दो युवक खाद लेकर सीमा के समीप पहुंचे। दोनों युवकों को खाद सहित चौकी लाया गया। आरोपितों की पहचान आलोक नायक पुत्र बुधई निवासी रामनगर मदरहना, बालमुकुंद पुत्र रुद्र नरायन टोला मटियरिया थाना कपिलवस्तु के रूप में हुई। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें खुनुवा कस्टम को सौंप दिया।

# मारपीट के मामले में छह के खिलाफ मुकदमा

जासं, बढ़नी, शोहरतगढ़ : नगर पंचायत बढ़नी में शुक्रवार की रात श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर स्थापित मूर्ति विसर्जन के दौरान हुई मारपीट की घटना के मामले में ढेबरूआ थाना पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला करने का मुकदमा दर्ज किया है।

प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह ने बताया कि मूर्ति विसर्जन के दौरान वार्ड नंबर नौ में स्थित राम जानकी मंदिर के सामने दो पक्षों में मोबाइल गायब होने की अफवाह पर विवाद हुआ था। इस घटना में वार्ड नंबर पांच निवासी बब्लू अग्रहरि को चोटें आई थीं।

पुलिस ने बबलू अग्रहरि की तहरीर पर वार्ड नंबर दो निवासी सागर शर्मा, अभय शंकर पांडे, करण जायसवाल, रवि ,राज चौहान एवं वार्ड नंबर एक निवासी प्रदुम्न सहित अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# उच्चाधिकारी भी नहीं दिला पाए न्याय

## थाना दिवस

- भवानीगंज थाने पर डीएम-एसपी के सामने तीन मामले पेश, निपटारा नहीं
- डीएम बोले, अपनी जिम्मेदारियों का सही से निर्वहन करें

सिद्धार्थनगर, हिन्दुस्तान टीम। शनिवार को थानों पर त्वरित न्याय के लिए थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। भवानीगंज थाना पर सुनवाई के लिए डीएम व एसपी मौजूद रहे। तीन मामले पेश हुए। एक का भी मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। डीएम ने कहा कि अपनी जिम्मेदारियों का सही से निर्वहन न करने वालों को दंडित किया जाएगा।

भवानीगंज थाना पर डीएम संजीव रंजन व एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल की मौजूदगी में आयोजित थाना समाधान दिवस पर लोक निर्माण विभाग से संबंधित दो जबकि स्वास्थ्य विभाग से जुड़ा एक मामला पेश हुआ। मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। निस्तारण के लिए टीम भेज दी गई थी। डीएम ने कहा कि जो भी फरियादी समस्याओं को लेकर पहुंचे उसका निस्तारण होना चाहिए। इस



शनिवार को भवानी गंज थाना पर थाना समाधान दिवस पर सुनवाई के लिए मौजूद डीएम संजीव रंजन व एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल। • हिन्दुस्तान

दौरान एसडीएम प्रवेंद्र कुमार, तहसीलदार डॉ.संतराज सिंह, बीडीओ , सीओ आदि मौजूद रहे।

**शोहरतगढ़ में दो में एक मामला निस्तारित:** शोहरतगढ़ थाना पर थाना समाधान दिवस पर दो मामले पेश किए गए। एसडीएम प्रदीप कुमार यादव की अध्यक्षता में पुलिस से संबंधित एक मामले का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

**उस्का बाजार में चार में से दो निपटे:** उस्का बाजार में । थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सरोज ने पेश सभी चार मामलों की बारी-बारी सुनवाई की। दो मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

# जाली नोट पकड़े जाने का रहा है जिले में पुराना इतिहास

**फॉलोअप**




- एसबीआई डुमरियागंज शाखा के चेस्ट से 2008 में मिला था 2.76 करोड़
- बैंक कैशियर की मिलीभगत से चल रहा था खेल, एटीएस की गिरफ्तारी से खुला था राज

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। डुमरियागंज क्षेत्र का जाली नोट के मामले में पुराना इतिहास रहा है। यहां के एसबीआई चेस्ट से ही जाली नोटों का जखीरा बरामद हुआ था। अब जबकि दो लोग को भवानीगंज थाना क्षेत्र में जाली नोट के साथ पकड़े गए हैं तो एक बार फिर डुमरियागंज चर्चा में आ गया है।

गुरुवार को भवानीगंज पुलिस ने कार सवार शादाब पुत्र गुलाम सरवर खान निवासी फर्स्ट फ्लोर रायल अपार्टमेंट नागांव सुभाष नगर भिवंडी महाराष्ट्र व शाबान पुत्र सैय्यद अली निवासी धनखरपुर थाना भवानीगंज को गिरफ्तार कर उनके पास से पौने दो लाख जाली नोट की बरामदगी की जो डुमरियागंज एसबीआई कांड के बाद से बड़ी बरामदगी है।

दरअसल डुमरियागंज क्षेत्र का जाली नोट के कारोबार से पुराना नाता है। 29 जुलाई 2008 को एसटीएफ ने डुमरियागंज के आबिद नाम के एक युवक की गिरफ्तारी मंदिर चौराहा के पास से की तो उसके पास से कुछ जाली नोट मिले। शुरुआती दौर में मामला हल्का लगा लेकिन जब आबिद ने राज उगलना शुरू कि तो डुमरियागंज पूरे देश में चर्चा में आ गया था।

**बैंक कैशियर और आबिद बाजार में नहीं चलाते थे जाली नोट:** कस्बा स्थित एसबीआई शाखा की चेस्ट से भले ही जाली नोटों का जखीरा बरामद हुआ था लेकिन उसे बैंक कैशियर व पकड़ा गया अन्य आरोपी आबिद बाजार में खुद से नहीं चलाते थे। जो भी खेल होता था वह बैंक के अंदर से ही इससे लंबे समय तक धंधा चलता रहा।

### जाली नोट को लेकर क्षेत्र में चर्चा

एसटीएफ के हत्थे आबिद के चढ़ने के बाद जब बैंक कैशियर को उठाया गया तो उसने पूरी बात बता दी। बैंक के चेस्ट को चेक किया गया तो उसमें से 2.76 करोड़ लाख रुपये निकले थे। भवानीगंज पुलिस की ओर से दो युवकों की गिरफ्तारी के बाद से एक बार फिर से डुमरियागंज क्षेत्र जाली नोट को लेकर चर्चा में आ गया है।

### कैशियर जाली नोट के कारोबार में था पार्टनर

आबिद व डुमरियागंज की एसबीआई शाखा में तैनात तत्कालीन कैशियर सुधाकर त्रिपाठी उर्फ बाबा जाली नोट के कारोबार में बराबर के पार्टनर थे। जाली नोट बाहर से लाकर सुधाकर त्रिपाठी बैंक के चेस्ट से असली नोट निकाल कर जाली नोट रख दिया करता था इससे गिनती सही मिलने पर कभी मैनेजर या अन्य किसी बैंक अधिकारी को शक नहीं होता था।

# फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलेगा किशोरों से दरिंदगी का मुकदमा दर्ज

जासं, मिठवल, सिद्धार्थनगर : पथरा थाना क्षेत्र के एक गांव में दो किशोरों के साथ दरिंदगी करने वालों का मुकदमा फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलेगा। पुलिस ने जेल में बंद सभी आठ आरोपियों के खिलाफ विवेचना पूर्ण कर 15 दिन में चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दिया है। विवेचना में कई ठोस सबूत पुलिस के हाथ लगे हैं। पुलिस प्रयास में है कि आरोपियों की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में करवाकर आरोपितों को अविलंब सजा दिलाई जा सके।

एक माह पूर्व एक गांव निवासी 10 वर्षीय व एक मंद बुद्धि 15 वर्षीय किशोर के साथ गांव के चौराहे पर स्थिति एक मुर्गी फार्म चलाने वाले ने साथ लोगों से साथ मिलकर हैवानियत की। दोनों को पेशाब पिलाया, नाजुक अंग में हरी मिर्ची डाल दी और पेट्रोल का इंजेक्शन लगाया, जिसका वीडियो वायरल हो गया था। इस मामले में आठ आरोपित सामने आए थे। इसमें चार बाल अपचारी थे। इनके खिलाफ कुकर्म, हत्या का प्रयास और पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। नाबालिग बाल सुधार गृह बस्ती में हैं। जबकि अन्य आरोपित जिला जेल में बंद हैं।

इस संबंध में पथरा के थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा ने बताया कि मानसिक रूप से कमजोर बच्चों के साथ से हुई घटना के मामले में विवेचना पूरी कर चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की जा चुकी है। मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलेगी, जिससे आरोपियों को जल्द से जल्द सजा मिल सकेगी।

पुलिस ने टेंपो सहित यूरिया खाद पकड़ा, किया सीजः जासं, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगरः कपिलवस्तु थाना क्षेत्र के चौकी बजहा पुलिस ने एक टेंपो सहित नौ बोरी यूरिया खाद के साथ दो युवक को पकड़ा है।

आरोपितों का नाम आलोक नायक पुत्र बुधई राम नगर मदरहना , बालमुकुंद पुत्र रुद्र नरायन टोला मटियरिया थाना कपिलवस्तु है। गिरफ्तारी टीम में चौकी प्रभारी राम कुमार राजभर, मुख्य आरक्षी सरोज कुमार यादव, स्वयंवर सिंह शामिल रहे है।

# चोरी की दो बाइक के साथ तीन आरोपित गिरफ्तार

**जासं, सिद्धार्थनगर**: चोरी की दो बाइक और बैट्री चोरी के आरोप में शोहरतगढ़ पुलिस ने शनिवार को तीन युवकों को बरगदवा चौराहे के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपितों का नाम आजाद खान उर्फ शफीक पुत्र बरसाती खान निवासी यशोधरा वार्ड छह भडेहर-रंगपुर थाना तौलियाहवां जनपद कपिलवस्तु नेपाल, नितीन गुप्ता पुत्र शैलेन्द्र गुप्ता वार्ड नम्बर नौ बर्डपुर थाना मोहाना और रमाकान्त गुप्ता पुत्र साधू प्रसाद गुप्ता निवासी वार्ड नंबर13 नीबी दोहनी वर्तमान पता दुकान वार्ड नंबर सात सुभाष नगर शोहरतगढ़ है। पुलिस की पूछताछ में आजाद खान उर्फ शफीक ने बताया कि घर के बाहर या सार्वजनिक स्थान पर खड़े वाहनो की बैट्री कटर से तोड़कर व खड़ी बाइक का लाक तोड़कर चुराता है। गाड़ी का नंबर प्लेट बदलकर उसे नेपाल बेच देते हैं। चुराई हुइ बैटरी को नितिन व रमाकान्त को बेचा है। बेचे गए सामान से मिले पैसे से अपना जीवकोपार्जन करता है। जिसने सदर,जोगिया, चिल्हिया व शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं में शामिल होना स्वीकार्य किया है।

# जिस दिन मारा छापा, उसी दिन मिली धमकी, नहीं दर्ज हुआ केस

## सीएमओ, डिप्टी सीएमओ व निजी अस्पताल के संचालक के बीच बातचीत का वीडियो वायरल होने का मामला

सिद्धार्थनगर। सीएमओ डॉ. बीके अग्रवाल और निजी अस्पताल के संचालक के बीच बीच बातचीत का वीडियो वायरल होने के मामले में अब कार्यशैली में झोल से परदा उठा रहा है। सीएमओ और डिप्टी सीएमओ डॉ. एमएम त्रिपाठी एवं डॉ. बीएन चतुर्वेदी आमने-सामने हो गए हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने डिप्टी सीएमओ ब्रजेश पाठक के ट्वीट के बाद लगातार छापा मारा, लेकिन कई निजी अस्पतालों व जांच सेंटरों के खिलाफ केस नहीं दर्ज कराया गया।

डिप्टी सीएमओ डॉ. एमएम त्रिपाठी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा था कि जिस दिन उन्होंने शहर के मारिया हॉस्पिटल में छापा मारकर सील किया था, उसी दिन उन्हें धमकी मिली थी।

इस मामले की चैटिंग उन्होंने सीएमओ से की थी, लेकिन सीएमओ की ओर से कोई जवाब नहीं मिला। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 2 अगस्त को मारिया हॉस्पिटल में छापा मारा था, जिसमें अस्पताल का रजिस्ट्रेशन नहीं था। सर्जरी के मरीज भर्ती थे और अल्ट्रासाउंड मशीन से जांच होने की पुष्टि हुई थी। इस मामले में एक माह बाद भी केस दर्ज नहीं किया गया है, जबकि छापा मारने वाली टीम में एसडीएम डॉ. ललित कुमार मिश्र भी थे।

इसी प्रकार शहर के मुस्कान अजरा हॉस्पिटल, सिंह अल्ट्रासाउंड उसका बाजार, नवजीवन हॉस्पिटल शोहरतगढ सहित कई अस्पतालों व जांच सेंटरों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग की ओर से केस नहीं दर्ज कराने की बात सामने आई है।

इस मामले में नोडल अफसर डिप्टी सीएमओ डॉ. एमएम त्रिपाठी का कहना है कि उन्होंने छापा मारकर रिपोर्ट सीएमओ को सौंप दी थी, सीएमओ की ओर से केस दर्ज कराया जाना चाहिए था, जबकि सीएमओ डॉ. बीके अग्रवाल ने कहा कि सीएमओ की व्यस्तता अधिक रहती है। इसमें नोडल अफसर को रूचि लेकर केस दर्ज कराना चाहता था। जो संचालक सील तोड़कर अस्पताल चलाएंगे, उनके खिलाफ केस दर्ज किया जाएगा।

### दो जांच रिपोर्ट से तय होंगे आरोप

सीएमओ और निजी अस्पताल के संचालक के बीच बातचीत के वीडियो वायरल होने के मामले में दो स्तर पर जांच की जा रही है। जिलाधिकारी संजीव रंजन के आदेश पर मुख्य विकास अधिकारी जांच कर रहे हैं, जबकि पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के आदेश पर एएसपी सिद्धार्थ जांच कर रहे हैं। दोनों जांच पूरी होगी तो रिपोर्ट से आरोप तय होंगे। सोमवार तक जांच रिपोर्ट सामने आने की संभावना है। संवाद

# जाली नोट : अलीम पुलिस के लिए तुरुप का पत्ता

## चार साल पहले इसी गांव का एक व्यक्ति गोंडा में जाली नोट के साथ पकड़ा गया था

सिद्धार्थनगर। जाली नोट मामले में भवानीगंज पुलिस के लिए अलीम ताश का इक्का है। उसके पकड़े जाने के बाद ही नोट बनाने और कहां-कहां खापाया गया है। इसका पर्दाफाश हो सकेगा। अलीम इस खेल का मास्टर माइंड है और वह जाली नोट कांड में गोंडा पुलिस के हत्थे चार साल पहले चढ़ा था। जिसमें सलाखों के पीछे भी जा चुका है।

एक बार फिर वह नेटवर्क को खड़ा कर रहा है। भवानीगंज पुलिस और स्पेशल सेल उसकी गिरफ्तारी के लिए जाल फैला रही है। वहीं, पकड़े गए आरोपियों से जेल में पूछताछ कर सकती है। भवानीगंज पुलिस ने क्षेत्र के धनखरपुर गांव निवासी साबान और सादाब को पौने दो लाख रुपये जाली नोट के साथ दबोचा था।

उनके कब्जे से नोट बनाने वाले कैमिकल बरामद हुआ हुआ। जिसकी जांच प्रयोगशाला में होगी। इस मामले में मास्टर मांइड अलीम निवासी पुरैना जो पहले धनखरपुर में रहता था और शादाब का रिश्ते में फूफा है वह फरार चल रहा है। पूछताछ में पकड़े गए दोनों आरोपियों से पुलिस को पुख्ता जानकारी नहीं मिल सकी। अब पुलिस की निगाह अलीम पर है, वह उसकी तलाश में लगी हुई है। शनिवार जब दोनों आरोपियों के गांव में जानकारी ली गई तो पता चला कि साबान चार साल से मुंबई में रहता था और ईद में ही गांव में आया था। चेहल्लुम के बाद उसे मुंबई जाना था। वहीं शादाब का पूरा परिवार मुंबई में रहता है।

वह लोग ठेकेदारी का कार्य करते हैं। गांव से मजदूर लाने के लिए आठ दिन पहले ही गांव आया था। गांव में इन्होंने कभी विवाद नहीं किया। अच्छी तरह से रहते थे। कुछ लोगों ने दबी जुबान से कहा कि अलीम नहीं ही उन्हें लालच देकर भड़काया होगा। कारण गांव एक व्यक्ति चार साल पहले गोंडा जिले के छपिया थाना में जेल में गया था।

वह भी जाली नोट के मामले में पकड़ा गया था। उसके कुछ ही दिन ही बाद अलीम भी वहीं पकड़ा गया था। जानकारी मिली थी कि फ्राड के मामले में पकड़ा गया था। छह माह जेल भी काट चुका है। संवाद

# चोरी की बाइक बेचने वाले तीन गिरफ्तार

## शोहरतगढ़ थाने की पुलिस ने क्षेत्र के बगहवा चौराहे के पास से पकड़ा, नेपाल में बेचते थे

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** बाइक व वाहनों के बैटरी चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्य को शनिवार शोहरतगढ़ पुलिस ने क्षेत्र के बगहवा चौराहे के पास से गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से चोरी की दो बाइक, 1080 रुपये नेपाली मुद्रा, तीन हजार रुपये भारतीय मुद्रा, तीन बैटरी और एक कटर बरामद किया गया। पूछताछ करने के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष शोहरतगढ़ पंकज कुमार कुमार पांडेय ने बताया कि क्षेत्र बाइक व बैटरी चोरी हुई घटनाओं को पर्दाफाश करने के लिए पुलिस टीम लगी हुई थी। शनिवार को सूचना मिली कि चोरी करने वाले गिरोह के लोग खुनुवां मार्ग पर स्थित बगहवा चौराहे के पास खड़े है।

नेपाल भागने के फिराक मे है। मौके पर पुलिस टीम पहुंच गए। पुलिस को आता हुआ देखकर तीनों भागने लगे। पुलिस टीम घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम आजाद खान उर्फ शरीफ निवासी यशोधरा वार्ड नंबर छह भडेहर रंगपुर थाना तौलियाहवां कपिलवस्तु राष्ट्र नेपाल, नितीन गुप्ता निवासी वार्ड नंबर नौ बर्डपुर थाना मोहाना, रमाकांत गुप्ता निवासी वार्ड नंबर 13 नीबी दोहनी वर्तमान पता वार्ड नंबर सात सुभाष नगर कस्बा व थाना शोहरतगढ़ बताया। पूछताछ में आजाद खान उर्फ शफीक ने बताया कि घर के बाहर व सार्वजनिक स्थान पर खड़े वाहनों की बैटरी कटर से तोड़कर व खड़ी मोटर साइकिलों का लॉक तोड़कर चोरी करते हैं। बाइक की चोरी कर नंबर प्लेट बदल कर नेपाल ले जाकर भेज देते है। और चुराई गई बैटरी को नितिन व रमाकांत की दुकान पर बेच देते हैं।

उसने स्वीकार किया कि नौगढ़, जोगिया उदयपुर, चिल्हिया व शोहरतगढ़ में बाइक की चोरी की है। यही कार्य कर परिवार का भरण-पोषण करता हूं। इनके कब्जे से चोरी की दो बाइक, 1080 रुपये नेपाली मुद्रा, तीन हजार रुपये भारतीय मुद्रा, तीन बैटरी और एक कटर बरामद किया गया। पूछताछ कर तीनों को जेल भेज दिया गया है।

# करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

**सिद्धार्थनगर।** ढेबरुआ थाना क्षेत्र के बढ़नी पशु चिकित्सालय में वाईफाई कनेक्शन जोड़ने वाले व्यक्ति की करंट की चपेट में आने से शनिवार को मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अजय कुमार वर्मा (33) पुत्र राम अवतार निवासी परसपुर थाना परसपुर जिला गोंडा क्षेत्र के बढ़नी पशु चिकित्सालय में वाईफाई कनेक्शन जोड़ने गया था। बताया जा रहा है कि तार कहीं कटा हुआ था, जिसके संपर्क में आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में ढेबरुआ एसएचओ छत्रपाल सिंह ने बताया कि लाश को पोस्टमार्टम के लिए के लिए भेज दिया गया है। साथ ही परिवारवालों को घटना के बारे में जानकारी दे दी गई है। संवाद

# समाधान दिवस में एक मामले का हुआ निस्तारण

**सिद्धार्थनगर।** भवानीगंज थाने में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें तीन मामले आए और एक मामले का मौके पर निस्तारण हुआ। इस दौरान जिलाधिकारी संजीव रंजन ने सभी समस्याओं को प्राथमिकता पूर्वक निस्तारण करने आदेश दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल, उपजिलाधिकारी पवेंद्र कुमार, सीओ सुजीत राय, तहसीलदार डॉ. संतराज सिंह, बीडीओ अमित सिंह, ईओ पंचायत बढ़नी चाफा राजन गुप्ता, थानाध्यक्ष शिवनारायण सिंह, उपनिरीक्षक परमानंद गौड़, राजस्व निरीक्षक दानपाल, लेखपाल संघ अध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। संवाद

# पीआरवी जवान ने बुजुर्ग महिला का कराया इलाज

शोहरतगढ़। पीआरवी जवान ने शनिवार धेंसा चौराहे पर 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला का इलाज कराकर घर भेज दिया। पीआरवी 1508 पर तैनात आरक्षी राम सेवक, बबलू सिंह और चालक संतोष कुमार पांडेय शनिवार को धेंसा चौराहे पर 112 नंबर की गाड़ी लेकर खड़े थे। उन्होंने देखा कि एक बुजुर्ग महिला के हाथ में गहरे घाव है और दर्द से कराह रही है। जवानों ने गाड़ी में रखे मेडिकल किट से महिला का इलाज किया और उसे घर भेज दिया। साथ ही परिजनों को हिदायत दी कि इसका ख्याल रखें, नहीं तो कार्रवाई होगी। संवाद

# सीओ ने सीसीटीवी कैमरे की जांच की

सिद्धार्थनगर। खेसरहा क्षेत्र में स्थित सकारपार चौराहे पर सीओ देवी गुलाम सिंह ने शनिवार को कालीन गश्त के दौरान चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे का निरीक्षण किया।

कानून व्यवस्था दुरुस्त रहे इसके लिए शनिवार शाम सकारपार चौराहे पर सीओ बांसी के मौजूदगी में स्टेट बैंक, शराब भी सहित कई स्थानों पर पुलिस ने गश्त किया। इस दौरान सकारपार चौराहे पर लगे सीसी कैमरे का भी निरीक्षण किया।

यहां कई प्रतिष्ठानों पर सीसी टीवी कैमरा लगाने के लिए कहा। इस दौरान चौकी प्रभारी रमेश कुमार साहनी, देवव्रत पांडेय, विनोद कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-10-09-2023

# आरटीआई से स्टाम्प चोरी का खुलासा

**धनघटा (एसएनबी)।** स्टाम्प चोरी का मामला उपनिबंधक कार्यालय धनघटा की मिलीभगत से काफी वर्षो से होता चला आ रहा है। इसी प्रकार का मामला धनघटा तहसील क्षेत्र अन्तर्गत नाथनगर ब्लाक के झिंगुरापार गांव का सामने आया है। झिंगुरापार निवासी अब्दुल हलीम ने जनसूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत उपनिबंधन कार्यालय धनघटा को जनसूचना के तहत आवेदन देकर गांव के ही जहीर अब्बास द्वारा शफीक पुत्र नूरमोहम्मद,अली अहमद तथा शकील अहमद पुत्रगण रफीक से क्रय की गई भूमि पर स्टाम्प चोरी का खुलासा करने के लिए आवेदन दिया था। इसी क्रम में सहायक महानिरीक्षक निबंधन की जांच में पाया गया कि विक्रित संपत्ति आराजी संख्या 489/0.744 हे.में से 0.025 हे.विलेख संख्या 2063/2023 दिनांक-19-05-2023 द्वारा क्रेता ने 253 वर्ग मीटर क्रेता द्वारा दुबारा जमीन खरीदी गई। मौके पर उक्त भूमि कर आर.सी.सी. मकान निर्मित है। आराजी संख्या 489 के पश्चिम दिशा में सड़क 5 से 9 मीटर दक्षिण में आर.सी.सी. सड़क स्थित है। क्रेता ने 155.1 वर्ग मीटर में हुए निर्माण के बाद क्रेता द्वारा 62.372 वर्ग मीटर आरसीसी सामान्य विलेख निर्माण संख्या 2063/23 द्वारा खरीदी गई भूमि में आरसीसी मकान नहीं दर्शाया गया है। न ही पक्की सड़कों का उल्लेख किया गया है। तथ्य छिपाकर भारतीय स्टाम्प अधिनियम की धारा 27 का स्पष्ट उल्लंघन किया गया है। महानिरीक्षक निबंधन ने कुल 75060 रूपए स्टाम्प कमी को अपनी जांच पाया है। उन्होंने प्रभारी उपनिबंधक धनघटा को भारतीय स्टाम्प अधिनियम की धारा 47 ए (3) के तहत वाद दाखिल करने का निर्देश दिया है।

# दारोगा की बाइक उड़ाने वाले चार चोर गिरफ्तार

धनघटा (एसएनबी)। बीते श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन भोर में धनघटा थाने पर तैनात दारोगा के प्राइवेट आवास के सामने खड़ी बाइक को उड़ाने वाले चार शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार चोरों के कब्जे से पुलिस ने दारोगा की बाइक व दो और बाइक बरामद किया है। चोरों को पकड़ने में मुखबिर की मदद से पुलिस सफल हो सकी है। कानूनी प्रक्रिया पूरी करके पुलिस ने गिरफ्तार किये गये सभी चारो शातिर चोरों को जेल भेज दिया है।

**गिरफ्तार सभी शातिर चोरों के विरूद्ध होगी गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई : सीओ**

इस दौरान धनघटा थाने पर तैनात दारोगा रामआसरे यादव आधी रात तक थाने पर मौजूद रहकर पहुंचने वाले अतिथियों के सेवा-सत्कार में जुटे रहे। आधी रात के बाद दारोगा राम आसरे यादव थाने से चन्द कदम की दूरी पर धनघटा-उमरिया मार्ग पर स्थित स्थानीय धनघटा गांव निवासी रामसकल गौड़ के मकान में किराए पर लिए गए आवास पर पहुंचे और बाहर बरामदे में रखे तख्त पर बिस्तर डालकर सो गये और अपनी सुपर इक्सप्लेण्डर बाइक नम्बर यूपी 54 ए के 9641 को बाहर खड़ी कर दी। गुरुवार की भोर में अज्ञात चोरों ने उसके बिस्तर पर सिरहाने से बाइक की चाभी और उनको मोबाइल चुरा ली और बाइक समेत मोबाइल लेकर फरार हो गए। सुबह सोकर उठने के बाद दारोगा को अपनी बाइक और मोबाइल चोरी होने की जानकारी हो सकी। दारोगा की बाइक चोरी होने की जानकारी जैसे ही धनघटा पुलिस समेत पुलिस उच्चाधिकारियों को मिली तो हड़कम्प मच गया। आनन-फानन में पुलिस ने बाइक की चोरी करने वाले चोरों के बारे में जानकारी करने के लिए मुखबिरों को लगा दिया और पुलिस की कई टीमें भी चोरों की पहचान कर उन्हें पकड़ने में लग गयीं। शनिवार की सुबह जरिए मुखबिर सूचना मिली कि दारोगा की बाइक चोरी करने वाले शातिर चोर



चोरी की दो बाइकों के साथ पुलिस गिरफ्त में गिरफ्तार सभी चारो शातिर चोर।

थाना क्षेत्र के पौली कस्बे से छपरामगर्वी गांव होते हुए नेतवानुर होकर अम्बेडकरनगर जिले की तरफ बिड़हरघाट पुल पार करके जाने वाले हैं। सूचना पर भरोसा करते हुए धनघटा थाने के उपनिरीक्षक वीरबहादुर यादव, गामा यादव, भोला यादव व हेका. शैलेन्द्र यादव, हेका. धर्मेन्द्र कुमार, कां.सलमान अन्सारी, कां. शैलेन्द्र यादव तथा कां. गुड्डू यादव तत्काल नेतवानुर चौराहे पर पहुंचकर घेराबंदी कर लिए। सुबह करीब साढ़े 6 बजे दो बाइक पर सवार होकर चार युवक पहुंचे तो पुलिसकर्मियों ने उनको रोक लिया और दोनों बाइकों का कागजात मांगा तो चारो युवक कागजात नहीं दिखा सके। जानकारी करने पर पता चला कि युवकों के पास मौजूद एक बाइक जन्माष्टमी के दिन भोर में दारोगा रामआसरे यादव की चोरी हुई बाइक है तो पुलिस ने चारो युवकों को हिरासत में लेकर थाने पहुंचा दिया।

पूछताछ में थाने पर चारो युवकों ने अपना नाम-पता क्रमशः अबुसाद उर्फ नाटे पुत्र अनवारुल्लहक निवासी ग्राम पौली, थाना धनघटा, दुर्गा प्रसाद चौबे उर्फ टिल्लू पुत्र शिवनरायन चतुर्वेदी व कृष्णमुरारी उर्फ रोशन चतुर्वेदी पुत्र सुभाष चतुर्वेदी निवासीगण ग्राम मड़पौना थाना धनघटा तथा शिवम मिश्रा उर्फ शीबू पुत्र स्व. प्रेमशंकर मिश्र निवासी ग्राम व थाना धनघटा बताया है। पुलिसिया पूछताछ में दारोगा रामआसरे की बाइक चोरी करने की घटना में शामिल होना स्वीकार करते हुए उक्त चारो शातिर चोरों ने बताया कि गुरुवार की भोर में दारोगा की बाइक चुराने के बाद उक्त चारो अम्बेडकरनगर जिले के जंहगीरगंज बाजार पहुंचे जहां सरकारी शराब की दुकान पर शराब पीने गए और वहीं खड़ी जंहगीरगंज थानान्तर्गत दुर्गपुर उर्फ जनलपुर गांव निवासी विशाल सिंह पुत्र प्रदीप सिंह की हीरो इस्पलेण्डर बाइक नम्बर यूपी 45 ए सी 6185 को भी चुरा लिया। घटना का खुलासा करते हुए सीओ धनघटा बृजेश सिंह ने बताया कि गिरफ्तार चारो चोर बेहद शातिर है और नशे की गिरफ्त में भी है।

चोरी करना ही उनका पेशा है। चोरी करके ही वह नशे का सामान खरीदने के साथ-साथ अपना निजी खर्च भी चलाते है। दारोगा रामआसरे यादव की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी प्रक्रिया पूरी करके उक्त चारो चोरों को जेल भेजा जा रहा है। बाकी जल्द ही चारो शातिर चोरों के विरुद्ध पुलिस गैंगेस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई पूरी कर देगी।

# नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने संदिग्धों की धर पकड़ के लिए चलाए गए वाहन जांच के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की।

जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों का गहनता से जांच पड़ताल की। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में कड़ी कार्रवाई की। 60 वाहनों के चालकों से मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 60 हजार 500 रूपए जुर्माना भरवाया। इस दौरान लोगों यातायात नियमों के प्रति जागरुक भी किया गया।

# विद्यालयों के इर्द-गिर्द शोहदों का जमावड़ा

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा क्षेत्र में स्थित विद्यालयों के इर्द-गिर्द पूरे दिन शोहदों का जमावड़ा लगा रहता है। ये शोहदे विद्यालय पढ़ने के लिए आने-जाने वाली छात्राओं के साथ अश्लील हरकत करते हैं इतना ही नहीं इन शोहदों द्वारा छात्राओं को देखकर फब्तियां भी कसी जाती है।

विगत दिनों पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर धनघटा पुलिस ने इन शोहदों के खिलाफ एक दिन का अभियान चलाया था। उस अभियान में पुलिस ने दर्जनों शोहदों को पकड़ा भी था लेकिन बाद में चेतावनी देकर पुलिस ने उन्हें छोड़ दिया था। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद शोहदों को थोड़े दिन दहशत हो गई थी लेकिन अब वे दुबारा से वहीं हरकत शुरु कर दिए हैं। इन शोहदों का सर्वाधिक जमावड़ा बालिकाओं के विद्यालयों के इर्द-गिर्द ही अधिक देखने को मिलता है इसके अलावा जिन विद्यालयों में छात्र व छात्राएं दोनों पढ़ते है वहां पर भी शोहदों का आतंक छाया रहता है। इन शोहदों के आतंक से छात्राएं विद्यालय जाने से कतराती हैं और अभिभावक भी अपनी बेटियों की सुरक्षा को लेकर चिन्तित रहते हैं। अभिभावकों का कहना है कि पुलिस को इन शोहदों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर इनकी धर-पकड़ करनी चाहिए जिससे इनकी हरकतों पर पावन्दी लग सके। इस बारे में पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक धनघटा संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि जल्द ही इन शोहदों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जाएगा और विद्यालयों के इर्द-गिर्द मिलने वाले शोहदों को जेल भेज दिया जाएगा।

# विवाहिता ने दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का केस

धनघटा (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के सिसवनियां गांव निवासी एक विवाहिता ने दहेज की मांग को लेकर अपने पति समेत आधा दर्जन ससुरालियों के ऊपर तरह-तरह से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

> महुली थाना क्षेत्र के सिसवनियां गांव का है मामला

इस संबंध में विवाहिता ने महुली पुलिस को लिखित शिकायत देकर पति, सास, ससुर, देवर सहित आधा दर्जन ससुरालियों के विरूद्ध घरेलू हिंसा, मारपीट, गाली और जान-माल की धमकी देने तथा दहेज अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई तहरीर में महुली थाना क्षेत्र के सिसवनियां गांव निवासी मन्जू पत्नी मनीष दूबे ने बताया कि उसके पिता धनघटा थाना क्षेत्र के मझौरा गांव निवासी घनश्याम तिवारी ने अपनी आर्थिक क्षमता के अनुसार उपहार स्वरूप दान-दहेज देकर तीन वर्ष पूर्व उसकी शादी सिसवनियां गांव निवासी मनीष दूबे के साथ की थी। शादी के बाद उसके पास एक बेटी भी है। प्रार्थनापत्र में विवाहिता मन्जू ने बताया कि शादी के बाद जब वह ससुराल पहुंची तो उसकी सास शकुन्तला देवी पत्नी रामसागर दूबे, चचेरी सास कुशलावती देवी पत्नी शिवसागर, देवर अभिनाष दूबे पुत्र रामसागर दूबे, पति मनीष दूबे पुत्र रामसागर दूबे, ससुर रामसागर दूबे पुत्र रामशंकर दूबे तथा चचेरे देवर विकास पुत्र शिवसागर आए दिन उसे शादी में कम दहेज लाने को लेकर ताना सुनाना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं उक्त सभी ससुरालीगण उसके ऊपर माता-पिता से दहेज में नकदी मांगने के लिए लगातार दबाव बना रहे हैं। माता-पिता को गरीबी का हवाला देते हुए दहेज में नकदी मांगने से इनकार करने पर उक्त सभी उसे आए दिन भद्दी-भद्दी गालियां और जान से मारने की धमकी देते हुए उसे शारीरिक और मानसिक तौर पर प्रताड़ित करते रहते हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने विवाहिता के पति समेत उक्त ससुरालियों के विरूद्ध आईपीसी की धारा 498 ए 323, 504, 506, 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक महुली भगवान सिंह ने बताया कि जांच में दोषी पाए जाने पर जल्द ही नामजद आरोपियों को गिरफ्त में लेकर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# नाबालिग किशोरी के अपहरण का आरोप

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर बीते दिनों उसका अपहरण करने के आरोप में धनघटा पुलिस ने शनिवार को एक युवक के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर किशोरी समेत नामजद आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

घटना के सम्बन्ध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी अपहृता के पिता ने बताया कि बीते 5 सितम्बर की रात करीब आठ बजे उसकी 17 वर्षीय बेटी को थाना क्षेत्र के रामपुर उत्तरी गांव निवासी निशिल पुत्र अक्षय कुमार नामक युवक ने शौच के बहाने गांव के बाहर सीवान में बहला फुसलाकर बुला लिया। बेटी जैसे ही गांव के बाहर सीवान में पहुंची तो आरोपी निशिल ने बेटी का अपहरण कर लिया और उसे कहीं गुप्त स्थान पर बंधक बनाकर रखा है। नात रिश्तेदारों समेत अन्य सम्भावित ठिकानो पर बेटी की काफी खोजबीन करने के बाद भी उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी निशिल के खिलाफ अपहरण के आरोप में आईपीसी की धारा 363,366 के तहत मुकदमा दर्ज कर अपहृता समेत नामजद आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी इन्सपेक्टर जुबेर अली नें बताया कि जल्द ही अपहृता को बरामद कर नामजद आरोपी को गिरफ्त में लेते हुए उसके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# पुलिस ने युवकों से माफीनामा भराकर छोड़ा

संतकबीरनगर (एसएनबी)। थाना मेंहदावल द्वारा शक्ति दीदी अभियान के अंतर्गत उत्तर पट्टी, बेलवनवा, केवटलिया अंव्वल और करंहना में अभियान चलाकर महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्या के बारे में वार्ता की गई। कोई लिखित अथवा मौखिक शिकायत नहीं प्राप्त हुई। वहीं कुछ युवकों से पुलिस ने माफीनामा भरवाकर उन्हें छोड़ दिया। गांव में पुलिस के टोलफ्री हेल्प लाइन नंबर 1090, 1076, 181, 1098, 112, सायबर अपराध से बचने के लिए 1930 के संबंध में उसके उपयोग के बारे में जागरूक करते हुए। सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं के संबंध में महिलाओं और बच्चियों को पैंपलेट बांटते हुए जागरूक किया गया। एंटी रोमियो चेकिंग अभियान के अंतर्गत 4स्थानों पर 18 व्यक्तियों की चेकिंग की गई। तीन लोगों की उपस्थिति संदिग्ध पाकर पूंछ तांछ की गई। कड़ी चेतावनी के साथ माफी नामा भराकर छोड़ा गया।

# एसडीएम, सीओ व तहसीलदार ने सुनी फरियाद

## सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में धनघटा में आठ व महुली में नौ मामले पेश

धनघटा (एसएनबी)। जनसमस्याओं के समाधान के लिए शनिवार को आयोजित थाना दिवस में धनघटा थाने पर एसडीएम और सीओ धनघटा ने पहुंचे फरियादियों की फरियाद सुनी। सुबह 10 बजे ही एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव और सीओ धनघटा वृजेश सिंह धनघटा थाने पर आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में पहुंचे और प्रभारी थानाध्यक्ष इंसपेक्टर जुबेर अली सहित मातहतों के साथ बैठकर फरियादियों के प्रार्थनापत्र पर सुनवाई करते हुए मातहतों को उचित दिशा निर्देश दिया। इस दौरान कुल आठ फरियादियों ने अपना-अपना प्रार्थनापत्र एसडीएम और सीओ के समक्ष पेश किया जिसपर सुनवाई करते हुए थाना दिवस में पेश हुए राजस्व के पांच और पुलिस से संबंधित 3 मामले के निस्तारण के लिए राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम का गठन करते हुए एसडीएम ने मौके के लिए रवाना कर दिया।

इस दौरान एसडीएम ने सभी मातहतों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रार्थनापत्रों का पारदर्शी और निष्पक्ष समाधान होना चाहिए जिससे फरियादी को दुबारा प्रार्थनापत्र लेकर थाना और तहसील का चक्कर न काटना पड़े। इस दौरान थाने के एसएसआई एचएन दीक्षित, चौकी प्रभारी मनोज पटेल, शैलेन्द्र कुमार, शशिकान्त तिवारी, उपनिरीक्षक राजेश दूबे, बीरबहादुर यादव, गामा यादव, भोला यादव सहित थाने के सभी पुलिसकर्मी व थानान्तर्गत तैनात सभी राजस्वकर्मी मौजूद रहे। इसी क्रम में महुली थाने पर आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में नायब तहसीलदार धनघटा योगेश पांडेय व राजेश मिश्रा ने संयुक्त रूप से प्रभारी निरीक्षक महुली भगवान सिंह के साथ बैठ कर पहुंचे फरियादियों के प्रार्थनापत्रों पर सुनवाई की। इस दौरान कुल नौ मामले पेश हुए जिसमें आठ मामले राजस्व विभाग तथा एक मामला पुलिस विभाग से सम्बन्धित पेश हुआ।



धनघटा में आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में फरियादियों के प्रार्थनापत्रों पर संयुक्त रूप से सुनवाई करते एसडीएम व सीओ।

मौके पर एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। नायब तहसीलदार ने मामलों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम का गठन कर मौके के लिए रवाना कर दिया है। इस दौरान थाने के उपनिरीक्षक मोतीचन्द, अभिमन्यु सिंह, बृजमोहन सिंह, अलाउद्दीन अंसारी व सोमनाथ मिश्रा सहित थाने के सभी पुलिसकर्मी एवं थानान्तर्गत कार्यरत सभी राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

# 36 शिकायतों में तीन का निस्तारण

- एएसपी ने कोतवाली खलीलाबाद पर पहुंचकर की जनसुनवाई
- पीड़ितों की शिकायतों को निस्तारित करने का दिया निर्देश

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जनपद में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस पर सभी थानों में 36 शिकायतें पहुंची। इनमें से तीन प्रकरण का तत्काल अधिकारियों के देखरेख में निस्तारण हुआ। शेष 33 मामलों को तय समय सीमा के अंदर मौके पर जाकर निस्तारण करने के लिए सौंप दिया गया। एएसपी संतोष कुमार सिंह ने कोतवाली खलीलाबाद पर पहुंचकर जनसुनवाई की। अधिकारियों को पीड़ितों के शिकायत को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने के निर्देश दिए।

एएसपी ने फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता से सुना। उनके गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध समाधान करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया। एएसपी ने पुलिस कर्मियों से कहा कि जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को तत्काल भेजें। जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। अधिकारियों ने शिकायत पंजिका का निरीक्षण कर पूर्व की शिकायतों के निस्तारण का हाल जाना। सभी थानों पर पुलिस व राजस्व के अधिकारियों ने सुनवाई कर शिकायतों का निस्तारण कराया। थाना कोतवाली खलीलाबाद में तीन, दुधारा में चार, धनघटा में आठ, महुली में नौ, मेंहदावल में दो, बखिरा में पांच, बेलहरकला तीन व थाना धर्मसिंहवा पर समाधान दिवस में दो प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए।

# सात आरोपितों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने कई मामले में सात आरोपितों को पकड़कर विधिक कार्रवाई कर कानूनी शिकंजा कसा।

जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धर पकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर दबिश दी।

थाना महुली पुलिस ने तीन और थाना बखिरा पुलिस ने चार आरोपितों को पकड़कर वैधानिक कार्रवाई पूर्ण कर संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष रवाना कर दिया।

धनघटा पुलिस ने नेतवापुर छपरा मगर्बी मार्ग पर किया गिरफ्तार, चोरी की दो मोटरसाइकिल भी हुई बरामद

# पुलिस ने चार बाइक चोरों को किया गिरफ्तार

**खुलासा**

धनघटा, हिन्दुस्तान संवाद। धनघटा थाना पुलिस ने शनिवार को दो मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे चार बाइक चोरों को गिरफ्तार किया। बाइक चोरों की गिरफ्तारी नेतवापुर छपरा मगर्वी मार्ग पर हुई। पूछताछ के दौरान चोरों ने कबूल किया कि दोनों मोटरसाइकिल चोरी की है। इनमें एक बाइक दो दिन पहले गायब हुई दरोगा की है, दूसरी बाइक अम्बेडकरनगर के दुर्गुपुर जमालपुर थाना जहांगीरगंज से चुराई थी। पुलिस ने चारों के ऊपर मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया।

पुलिस उपाधीक्षक बृजेश सिंह ने बताया कि धनघटा थाने से दक्षिण शिव मंदिर के पास से गुरुवार को धनघटा थाने के उप निरीक्षक राम आसरे यादव की मोटरसाइकिल को अज्ञात चोरों ने उड़ा दिया था। उपनिरीक्षक ने थाने पर घटना की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश कर रही थी। शनिवार को सूचना मिली कि दो मोटरसाइकिल पर सवार चार मोटरसाइकिल चोर पारा से निकलकर अंदर से होते हुए बंधे के रास्ते उमरिया की तरफ आ रहे हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने उप निरीक्षक वीर बहादुर यादव, गामा यादव, भोला यादव, शैलेंद्र यादव आदि ने नेतवापुर के पास मोटर साइकिल सवार चारों को आते देखा। पुलिस ने घेरकर चारो को पकड़ लिया।


चोरी की दो बाइक के साथ पुलिस की गिरफ्त में आए चार चोर।

### धनघटा थाना क्षेत्र के ही हैं चारो बदमाश

पुलिस की गिरफ्त में आए चारो बदमाश धनघटा थाना क्षेत्र के ही रहने वाले हैं। एक ने अपना नाम अबू साद उर्फ नाटे पुत्र अनवर उल हक निवासी पौली थाना धनघटा, दूसरे ने दुर्गा प्रसाद चौबे उर्फ टिल्लू पुत्र शिवनारायण चतुर्वेदी निवासी मड़पौना थाना धनघटा, तीसरे ने कृष्ण मुरारी उर्फ रोशन चतुर्वेदी पुत्र सुभाष चतुर्वेदी निवासी मड़पौना थाना धनघटा, चौथे ने शिवम मिश्रा पुत्र प्रेम शंकर मिश्रा निवासी धनघटा मर्चोहिया बाजार बताया।

### पुलिस की पूछताछ में बाइक चुराना कबूल किया

बाइक चोरों ने पूछताछ में बाइक चुराना कबूल किया। कहा कि गुरुवार की रात उप निरीक्षक राम आसरे यादव की मोटरसाइकिल को मर्चोहिया बाजार के पास से चुराए थे। दूसरी बाइक को चोरों ने दुर्गुपुर जमालपुर थाना जहांगीरगंज जिला अंबेडकरनगर से चुराया था। मोटरसाइकिल विशाल सिंह पुत्र प्रदीप की है। उन्होंने बताया कि चारों चोरों पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जा रहा है। सभी को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी।

# पुलिस ने चलाया एंटी रोमियो अभियान

मेंहदावल। पुलिस ने शनिवार को विभिन्न जगहों पर एंटी रोमियो अभियान चलाया। अभियान के बारे में जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार दूबे ने बताया कि इस दौरान 18 लोगों की जांच की गई। जांच के दौरान मिले तीन संदिग्धों को कड़ी चेतावनी देते हुए माफीनामा भराकर छोड़ दिया गया।

# वारंटी को पकड़कर पुलिस ने भेजा जेल

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने एक वारंटी अभियुक्त को पकड़कर कानूनी कार्रवाई करने के बाद जेल रवाना कर दिया। पुलिस ने जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ कई स्थानों पर छापेमारी की गई। थाना धनघटा पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त जामवन्त यादव पुत्र श्रीराम निवासी कोहलवा को गिरफ्तार किया।

# पति समेत छह के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस

नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद। महुली थाना क्षेत्र के सिसवनिया निवासी विवाहिता महिला ने पति समेत आधा दर्जन खिलाफ दहेज उत्पीड़न, प्रताड़ना, जानमाल की धमकी, मारपीट व गाली गलौज धाराओ में अभियोग पंजीकृत कराया है। पुलिस मामले की छनबीन में जुट गई है।

सिसवनिया निवासी महिला मंजू दुबे पत्नी मनीष दुबे ने बताया कि विवाह के बाद से ही उसके ससुराल वाले हमेशा प्रताड़ित करते रहते थे। शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान कर रहे थे। घर से मारपीट कर भगा दिया। इंस्पेक्टर भगवान सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर पति मनीष दुबे पुत्र राम सागर दुबे, ससुर राम सागर पुत्र राम शंकर दुबे, सास शकुन्तला देवी पत्नी राम सागर, चाची कुशलावती देवी पत्नी शिव सागर, देवर अविनाश पुत्र राम सागर, चचेरा देवर विकास पुत्र शिव सागर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, उत्पीड़न, मारपीट, गाली गलौज, जानमाल धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# तीन स्थानों पर लगे 15 सीसीटीवी कैमरे

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने आपरेशन त्रिनेत्र व हर घर कैमरा अभियान के तहत जनसहयोग से तीन स्थानों पर 15 सीसीटीवी कैमरा लगवाया। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक स्थान पर चार सीसीटीवी, थाना दुधारा पुलिस ने 01 स्थान पर सात सीसीटीवी, थाना मेंहदावल पुलिस ने एक स्थान पर चार सीसीटीवी कैमरा लगवाया। कैमरा लगवाने वाले व्यक्तियों को पुलिस ने फूल माला पहना कर सम्मानित किया।

## दोनों तरफ से कोतवाली में पड़ी तहरीर, मुकदमा दर्ज नहीं

# चिकित्सक और मेडिकल स्टोर संचालक में मारपीट

**जिला अस्पताल**



जिला अस्पताल में स्थित कलक्ट्रेट पुलिस चौकी में शनिवार को मारपीट पर आमादा लोग।

**संतकबीरनगर, निज संवाददाता।** जिला अस्पताल में शनिवार को इमरजेंसी में तैनात एक चिकित्सक के रिस्तेदार और एक मेडिकल स्टोर संचालक में कहासुनी के दौरान मारपीट हो गई। मारपीट अस्पताल तक ही नहीं सीमित रही बल्कि कलक्ट्रेट पुलिस चौकी में भी धक्का-मुक्की होती रही। वही दोनों तरफ से कोतवाली में तहरीर पड़ी है। पुलिस मामले की जांच करने में जुटी है।

अस्पताल के इमरजेंसी में शनिवार को 2:00 बजे से एक चिकित्सक ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान चिकित्सक के रिश्तेदार से अस्पताल के गेट पर स्थित एक मेडिकल स्टोर के संचालक से कुछ बातों को लेकर कहा सुनी होने लगी। कहा सुनी के दौरान दोनों में मारपीट शुरू हो गई। इस बात की जानकारी जब चिकित्सक को भी हुई तो वह अपने कमरे से निकल पड़े। इसी दौरान मेडिकल स्टोर से दर्जनों की संख्या में लोग डंडा लेकर अस्पताल में पहुंच गए। वहां चिकित्सक से भी मारपीट हुई। मामला यहीं तक सीमित नहीं रहा अस्पताल परिसर में बनी पुलिस चौकी में भी पहुंचे दोनों पक्षों में धक्का मुक्की होती रही। जबकि वहां पर पुलिस मौजूद रहीं। घटना की जानकारी होने पर सैकड़ों की संख्या में लोग कलेक्ट्रेट पुलिस चौकी पर पहुंचे। दोनों पक्षों से कोतवाली में तहरीर पड़ी है। पुलिस मामले की जांच करने में जुट गई है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि जांच करने के बाद ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### जिला अस्पताल में बाहरी व्यक्तियों का रहता है दबदबा

अस्पताल के ओपीडी में एक तरफ जहां चिकित्सक रहते हैं वहीं दूसरी तरफ बाहरी व्यकित मौजूद रहते हैं। यह कर्मी चिकित्सकों की सहमति से मेडिकल स्टोर की दवा भी लिखवाते हैं जिससे मरीजों की जेब पर बोझ पड़ता है। ऐसे में कहीं न कहीं चिकित्सक और मेडिकल स्टोर संचालक में मारपीट होना दवा के मामले की तरफ इशारा करता है।

> चिकित्सक से मारपीट होना बहुत ही गंभीर बात है। हमारा चिकित्सक इमरजेंसी में मरीज को देख रहा था फिर उससे मारपीट हुई है। कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।
>
> **डॉ. महेश प्रसाद,** सीएमएस

# छह के खिलाफ मारपीट का केस

बखिरा। बखिरा पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर चार महिलाओं समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले में नन्दौर निवासी एक महिला को छह महीने पहले गांव के ही कुछ लोगों ने रंजिश में मारापीटा था। बखिरा पुलिस व एसपी ने मामले में कार्रवाई नहीं किया। उसे न्यायालय से गुहार लगानी पड़ी।

संदीला निवासी नन्दौर का आरोप है कि मार्च 2023 की शाम तीन बजे पुरानी रंजिश की वजह से गोलबंद व एकराय होकर प्रतिवादीगण उसके दरवाजे पर चढ़कर उसकी जमीन में अतिक्रमण करने लगे। मना करने पर विरोधीगण उसे मारने के लिए दौड़ा लिए। जान बचाने के लिए घर में घुस जाने पर विरोधी घर में घुसकर उसे लात घूसा से मारने लगे।

# चोरी की दो बाइक के साथ चार गिरफ्तार

- पुलिस ने नेतवापुर चौराहे से आरोपित का दबोचा
- आरोपितों ने चोरी की घटनाओं में शामिल होने की बात कही

जागरण संवाददाता, धनघटा, संतकबीर नगर : धनघटा थाना क्षेत्र के नेतवापुर चौराहे के निकट शनिवार की पुलिस ने चोरी की दो बाइक के साथ चार को गिरफ्तार किया।

पकड़े गए आरोपितों ने बाइक चोरी की विभिन्न घटनाओं में शामिल होने की बात स्वीकार की। धनघटा पुलिस ने सूचना के आधार पर छापेमारी करके बाइक चोरी में संलिप्त चार को गिरफ्तार किया।

पकड़े गए आरोपितों की पहचान धनघटा थाना क्षेत्र के पौली निवासी अबुशाद उर्फ नाटे, मड़पौना निवासी दुर्गा प्रसाद उर्फ टुल्लू, मड़पौना के ही कृष्ण मुरारी उर्फ रोशन और धनघटा निवासी शिवम मिश्र के रूप में हुई। आरोपितों के कब्जे से दो बाइक भी पुलिस ने बरामद किया।

# अधिकारियों ने सुनी फरियाद, सुलह समझौते से निस्तारण के निर्देश

जासं, संतकबीर नगर: थाना समाधान दिवस पर शनिवार को जनपद के सभी थानों पर अधिकारियों ने सुनवाई की। कुछ मामलों का दोनों पक्षों की वार्ता के बाद समाधान कराने के बाद शेष के निस्तारण के लिए टीम गठित की गई। शिकायतों में भूमि पर अवैध कब्जे व जलनिकासी के विवाद सर्वाधिक रहे।

एएसपी संतोष कुमार सिंह ने कोतवाली खलीलाबाद में सुनवाई की। उन्होंने राजस्व व पुलिस विभाग के कर्मियों को परस्पर समन्वय से मामलों का निस्तारण कराने का निर्देश दिया। सभी अधिकारियों व जिम्मेदारों को उन्होंने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों की बात अनिवार्य रूप से सुनकर ही आख्या देने को कहा।

# महिलाओं को अधिकारों की दी जानकारी

जासं, मेंहदावल, संतकबीर नगर : मेंहदावल थाना क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत महिला दारोगा के नेतृत्व में अभियान चलाकर महिलाओं को सुरक्षा के अधिकार के प्रति जागरूक किया गया।

दारोगा गौरी शुक्ला द्वारा मेंहदावल क्षेत्र के उत्तरपट्टी, बेलबनवा, करहना, टड़वरिया आदि स्थानों पर महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत महिलाओं को जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में महिलाओं को विशेष स्थान प्राप्त है।

वर्तमान परिवेश में महिलाओं को अधिकार की जानकारी के साथ ही स्वावलंबी बनने की आवश्यकता है।

# मंत्री, सांसद पर आपत्तिजनक टिप्पणी

- इंटरनेट मीडिया के फेसबुक पर की गई है टिप्पणी
- पुलिस ने दर्ज किया मामला, सांसद के समर्थकों में आक्रोश

जागरण संवाददाता, सांथा, संतकबीर नगर : बेलहर थाना क्षेत्र के युवक ने इंटरनेट मीडिया पर निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद, सांसद प्रवीण निषाद व विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी पर अभद्र टिप्पणी की है। सांथा ब्लाक के प्रधान संघ अध्यक्ष की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में सांसद के समर्थकों में नाराजगी है।

तहरीर में रणवीर पांडेय ने लिखा है कि दो सितंबर को सायं चार बजे मेंहदावल विधायक के आवास पर बैठा था। इसी बीच मोबाइल में फेसबुक खोला तो दुर्गादीन कुमार डीके के द्वारा निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री डाक्टर संजय निषाद, सांसद प्रवीण निषाद व क्षेत्रीय विधायक अनिल त्रिपाठी को इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी किया गया था।

इंटरनेट मीडिया पर किसी जनप्रतिनिधि के ऊपर इस तरह से टिप्पणी करने से संपूर्ण जनप्रतिनिधि समाज को आहत पहुंचा है। पुलिस ने बेलहर थाना क्षेत्र के इमिलीडीहा के कोनहवा गांव के आरोपित दुर्गादीन कुमार डीके के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष राम वशिष्ठ ने बताया कि आरोपित की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही वह फरार है।

# डॉक्टर सही नहीं... सुनकर भड़का रिश्तेदार

## मेडिकल स्टोर संचालक पर आरोप- दवा के नाम पर मनमाना रुपया वसूल करते हैं, विरोध काफी दिन से चल रहा

संवाद न्यूज एजेंसी







जिला अस्पताल में विवाद के बाद कोतवाली पहुंचे दोनों पक्ष के लोग। घायल मेडिकल स्टोर संचालक संतोष यादव, सुनील यादव व डॉ. का रिश्तेदार राहुल पांडेय। संवाद

संतकबीरनगर। जिला अस्पताल के बाहर एक मेडिकल स्टोर संचालक के डॉक्टर के खिलाफ टिप्पणी करने के मामले ने तूल पकड़ लिया। यह टिप्पणी डॉक्टर के साले को नागंवार गुजरी।

एतराज जताने पर मेडिकल स्टोर संचालक ने उससे मारपीट की और बाद में डॉक्टर व अन्य के साथ भी मारपीट की गई। इस मामले को लेकर जिला अस्पताल में काफी हंगामा हुआ। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ कार्रवाई करने लिए पुलिस को तहरीर दी।

घटनाक्रम के अनुसार शनिवार को जिला अस्पताल के बाहर एक मेडिकल स्टोर पर एक मरीज दवा लेने के लिए पहुंचा। बताया जाता है कि मेडिकल स्टोर संचालक ने मरीज से पूछा कि किस डॉक्टर को दिखा रहे हो।

इस पर मरीज ने डॉ. करुणेश दुबे का नाम लिया। आरोप है कि स्टोर संचालक ने डॉक्टर का नाम सुनते ही अभद्र टिप्पणी की। इस दौरान मौके पर उस डॉक्टर का एक रिश्तेदार मौजूद था, उसने एतराज जताया तो उनमें गाली गलौज और मारपीट शुरू हो गई।

डॉक्टर का रिश्तेदार अस्पताल में चला गया तो वहां भी स्टोर संचालक ने पहुंचकर डॉक्टर और अन्य से मारपीट की।

डॉक्टर करुणेश की तरफ से कहा गया कि मेडिकल स्टोर संचालक दवा के नाम पर मनमाना रुपया वसूल करते हैं। इसका विरोध काफी दिन से हो रहा है। इससे वह खुन्नस खाए हुए हैं।

उधर मेडिकल स्टोर संचालक संतोष यादव और सुनील यादव का आरोप है कि मरीज उनके पास आया था। उसने बताया कि दो दिनों से दवा ले जा रहे हैं, ठीक नहीं हो रहा है।

जब पूछा कि किसे दिखाते हैं तो बताया के डॉ. वरुणेश दुबे को। मरीज से कहा कि किसी और को दिखा लो। उसी समय डॉक्टर के रिश्तेदार ने गाली गलौज के साथ मारपीट शुरू कर दी।

इसके बाद अस्पताल डॉक्टर डॉ. वरुणेश दुबे भी अन्य लोगों को लेकर आए गए और मारते हुए इमरजेंसी तक ले गए। किसी तरह से लोगों ने बीच- बचाव किया।

डॉक्टर के रिश्तेदार भी अस्पताल में दवा देते हैं। देर शाम तक दोनों पक्ष कोतवाली में पहुंचे और एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### आखिर मरीज को बाहर की दवा क्यों लिखी

संतकबीरनगर। जिला अस्पताल के चिकित्सक बाहर की दवा लिख रहे हैं। यह हम नहीं शनिवार की घटना बता रही है। मरीज बाहर स्टोर संचालक के पास दवा लेने क्यों गया था, जबकि अस्पताल का दावा है कि अस्पताल में सभी प्रकार की दवाएं मौजूद है। सीएमएस डॉ. महेश प्रसाद का कहना है कि दवा अस्पताल में भरपूर है। मरीज को बाहर दवा कैसे लेने गया है। पूरे प्रकरण की जांच कराई जाएगी। मरीज का बयान दर्ज किया जाएगा। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

*जिला अस्पताल के डॉक्टर और मेडिकल स्टोर के संचालक के बीच विवाद हुआ है, लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा। जिला अस्पताल में सुरक्षा के मद्देनजर कलक्ट्रेट चौकी इंचार्ज और अन्य पुलिस कर्मियों को लगाया गया है।*

*- रविंद्र सिंह, कोतवाल*

# तीन स्थानों पर लगवाए गए 15 सीसीटीवी कैमरे

संतकबीरनगर। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन त्रिनेत्र हर घर कैमरा अभियान के तहत शनिवार को एसपी सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में पुलिस ने जनसहयोग से तीन स्थानों पर 15 सीसीटीवी कैमरे लगवाए। एसपी ने बताया कि थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक स्थान पर चार सीसीटीवी कैमरे, थाना दुधारा पुलिस ने एक स्थान पर सात सीसीटीवी कैमरे, थाना मेंहदावल पुलिस ने एक स्थान पर चार सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं। संवाद

# एंटी रोमियो अभियान में 18 लोगों को मिली हिदायत

मेंहदावल। एंटी रोमियो अभियान के तहत शनिवार को पुलिस ने मेंहदावल क्षेत्र के चार स्थानों पर जांच की। इस दौरान 18 लोगों को पुलिस ने पकड़ा और चेतावनी देने के बाद लोगों को छोड़ा गया। महिला पुलिस कर्मियों की इस कार्रवाई के बाद शोहदों में हड़कंप मच गया। मेंहदावल नगर पंचायत के उत्तर पट्टी, नायक टोला, बेलबनवा, केवटलिया अब्बल में सघन एंटी रोमियो अभियान चलाया गया। एसआई गौरी शुक्ला के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में 18 संदिग्धों को पकड़ा गया। संवाद

# दरोगा की बाइक चुराने वाले चार युवक गिरफ्तार

## आंबेडकरनगर से चुराई मोटरसाइकिल भी मिली, धनघटा क्षेत्र के रहने वाले हैं पकड़े गए चारों आरोपी

संवाद न्यूज एजेंसी

धनघटा। जन्माष्टमी के दिन धनघटा थाने में तैनात दरोगा की बाइक चुराने के मामले में शनिवार को पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से चोरी की दो बाइक बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को अहम जानकारी दी है।

धनघटा थाने में कार्यरत दारोगा राम आसरे की बाइक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन सात सितंबर को उनके आवास से चोरी हो गई। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज तो नहीं किया था, लेकिन चोरों का पता लगाने में जुटी थी।

शनिवार की सुबह पुलिस के हाथ सफलता तब लगी, जब नेतवापुर चौसहे पर दो बाइक पर सवार चार युवक आते दिखाई दिए। शक के आधार पर पुलिस ने जब उनको रोकने की कोशिश की, तो वह गाड़ी की रफ्तार बढ़ाते हुए अगापुर गुलरिहा की तरफ एमबीडी बांध पर भागने लगे।

पुलिस ने पीछा करके उन्हें दबोच लिया। पकड़े गए लोगों को थाने लाकर पुलिस जब सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने दारोगा की बाइक चुराने के साथ ही एक अन्य बाइक अंबेडकर नगर जिले के जहांगीर थाना क्षेत्र के दुर्गूपुर जमलूपुर गांव निवासी विशाल सिंह पुत्र प्रदीप सिंह की बाइक जहांगीरगंज शराब गद्दी के सामने से चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने दोनों बाइकों को बरामद करके पकड़े गए युवकों से अन्य वारदातों के बारे में भी पूछताछ की।



धनघटा पुलिस ने,बाइक के साथ चोरों को पकड़ कर जेल भेजा। संवाद

सीओ बृजेश सिंह ने बताया कि पकड़े गए युवकों से पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना नाम अबुशाद उर्फ नाटे निवासी पौली धनघटा, दुर्गा प्रसाद चौबे उर्फ टिल्लू निवासी मडपौना धनघटा, कृष्ण मुरारी उर्फ रोशन चतुर्वेदी निवासी मड़पौना, धनघटा, और शिवम मिश्रा उर्फ शिबू निवासी धनघटा थाना धनघटा बताया।

सीओ ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ के दौरान अन्य घटनाओं के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी मिली है, जिसकी जांच की जा रही है। पकड़े गए आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया।

## दरोगा की बाइक हुई बरामद, अन्य चोरियों का पर्दाफाश बनी चुनौती

धनघटा। थाने में तैनात दरोगा की चोरी गई बाइक के साथ एक और बाइक 48 घंटे के भीतर बरामद कर पुलिस भले ही अपनी नाक बचाने में कामयाब हुई हो, लेकिन बंडा बाजार में आभूषण और किराने की दुकान में हुई भीषण चोरी का पर्दाफाश करने में विफल है।

तीन सितंबर की रात बंडा बाजार में स्थित भोलानाथ वर्मा के आभूषण की दुकान का ताला तोड़कर चोर घुस गए थे। भोलानाथ वर्मा के अनुसार चोर 10 लाख से अधिक के जेवरात चुरा लिए थे। उसी रात उनकी दुकान से दक्षिण गागरगाड में स्थित अरविंद चौधरी के किराने की दुकान का ताला तोड़कर 20,000 रुपये समेत अन्य सामान चोर उठा ले गए थे।

घटना हुए एक सप्ताह का समय बीतने वाला है, लेकिन इस मामले में अभी तक पुलिस के हाथ खाली है, जिससे पुलिस की सक्रियता पर सवाल खड़ा कर रहा हैं। शनिवार को जब दरोगा की चोरी गई बाइक बरामद होने की जानकारी लोगों को हुई तो लोगों की जुबान पर तरह-तरह की बातें आने लगी।

### बड़ा बाजार से तीन सितंबर की रात लाखों के जेवरात उठा ले गए थे चोर

लोगों का कहना था कि जब अपने पर पड़ी तो पुलिस 48 घंटे के भीतर चोरों को ढूंढ निकाली ही नहीं चोरी गई बाइक भी बरामद कर ली। जब इसी तरह की घटना आम लोगों के साथ होती है तो पुलिस चोरों के पीछे उतना नहीं भागती है।

जितना पुलिस के पीछे पीड़ित दौड़ता है। पुलिस अगर इसी तरह सक्रिय होकर घटनाओं का पर्दाफाश करें तो शायद चोरी जैसी घटनाओं पर लगाम लग जाए। एसओ संतोष मिश्रा ने बताया कि चोरी की घटना के पर्दाफाश के प्रयास में पुलिस जुटी हुई है।

# कोर्ट के आदेश पर चार महिलाओं समेत छह पर केस

बखिरा। कोर्ट के आदेश पर बखिरा पुलिस ने चार महिलाओं समेत छह पर केस दर्ज किया। नंदौर निवासी संदीला का आरोप है कि 16 मार्च 2023 की शाम तीन बजे पुरानी रंजिश की वजह से गोलबंद व एकराय होकर विपक्षी उसके दरवाजे पर चढ़ आए। लोग उसकी जमीन में अतिक्रमण करने लगे। मना करने पर विरोधी उसे मारने के लिए दौड़ा लिए। जान बचाने के लिए वह घर में भागे तो लोग घर में घुसकर उसकी पिटाई की। बीच- बचाव में आई उसकी बेटियों को भी लोगों ने मारापीटा। एसओ श्याम मोहन ने बताया कि संजय, पप्पू, माया देवी, पूजा, ज्ञानमती व सुंदरी के खिलाफ केस दर्ज किया गया। संवाद

# ऋण लिया नहीं और हो गया कर्जदार

## पीड़ित वृद्ध किसान ने कोतवाली में थाना समाधान दिवस में पहुंच कर सुनाई पीड़ा

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** कोतवाली क्षेत्र के बरहटा गांव के वृद्ध किसान ने किसान क्रेडिट कार्ड पर ऋण लिया और वह 2.62 लाख का कर्जदार हो गया। शनिवार को पीड़ित किसान कोतवाली में समाधान दिवस में बेटे के साथ पहुंच कर प्रभारी एसपी से अपनी समस्याएं बताईं। प्रभारी एसपी ने गंभीरता से शिकायत सुनी और किसान के प्रार्थनापत्र को जांच के लिए लीड बैंक मैनेजर को भेजने का निर्देश कोतवाल को दिया।

बरहटा गांव निवासी किसान रामहित (75) अपने बेटे शेषराम के साथ कोतवाली में चल रहे समाधान दिवस में पहुंचे। पीड़ित ने प्रभारी एसपी संतोष कुमार सिंह को प्रार्थनापत्र दिया।

किसान ने बताया कि वर्ष 2016 में उसके नाम से किसी जालसाज ने फर्जी तरीके से बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड पर 2 62 लाख का ऋण ले लिया, जबकि उस बैंक में उसका खाता हीं नहीं था। उसने कोई ऋण बैंक से नही लिया है। दो दिन पहले उसके घर पर दो पुलिस कर्मी पहुंचे और बताए कि उसके नाम से 35 लाख का बैंक का ऋण है।

यह सुनकर वह घबड़ा गया और अपने बेटे को जानकारी दी। बेटा बैंक गया तो पता चला कि उसके नाम से फर्जी तरीके से किसान क्रेडिट कार्ड पर 2.62 लाख का कर्ज लिया गया है, जो अब ब्याज के साथ बढ़ कर 3.54 लाख हो गया है। अब उससे वसूली के लिए नोटिस भेजी गई है। पीड़ित ने इसकी शिकायत लीड बैंक मैनेजर से भी कर चुका है। पीड़ित किसान ने मामले में केस दर्ज किए जाने की मांग की।



कोतवाली में थाना समाधान दिवस में शिकायत करते पीड़ित रामहित। संवाद

*मामला बैंक के ऋण से जुड़ा है। इसलिए इसकी जांच लीड बैंक मैनेजर से कराने पर स्थिति साफ होगी। उसके बाद पुलिस कार्रवाई करेंगी। इसी लिए प्रार्थना पत्र को लीड बैंक मैनेजर को जांच के लिए जिजवाया जा रहा है।*

***– संतोष कुमार सिंह,** प्रभारी एसपी*

*मामला संज्ञान में आया है। इसकी जांच कराई जाएगी। जांच में जो स्थिति मिलेगी,उसके बाद आगे की कार्रवाई कराएंगे।*

***– पवन सिन्हा,** लीड बैंक मैनेजर*

# अज्ञात वाहन चालक पर केस दर्ज

बखिरा। क्षेत्र के धनखिरिया में छह दिन पूर्व हुए हादसे में शख्स घायल हो गया था। उसका गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। धनखिरिया निवासी छोटू निषाद ने बताया कि चार सितंबर को उसके पिता पारस निषाद बौरव्यास से घर आ रहे थे। अभी वह मुख्य मार्ग से सौ मीटर की दूरी पर पहुंचे थे। इसी बीच सहजनवां की ओर से आ रहे तेज गति के बाइक सवार ने पिता पारस को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में पिता घायल हो गए। लोगो ने एंबुलेंस की मदद से घायल पिता को जिला चिकित्सालय भेजा। संवाद

# कैबिनेट मंत्री, सांसद-विधायक पर की टिप्पणी, दर्ज हुआ केस

संवाद न्यूज एजेंसी

बेलहर। क्षेत्र के एक युवक के जरिये सोशल मीडिया पर निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, सांसद व विधायक पर अभद्र टिप्पणी करने का मामला प्रकाश में आया है। इसकी तहरीर प्रधान संघ अध्यक्ष रणवीर पांडेय ने बेलहर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

सांथा ब्लॉक के प्रधान संघ अध्यक्ष रणवीर पांडेय का आरोप है कि दो सितंबर को वह मेंहदावल विधायक के आवास पर बैठे थे। उसी दौरान मोबाइल पर फेसबुक एकाउंट खोला तो दुर्गादीन कुमार के जरिये निषाद पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री डॉक्टर संजय निषाद, सांसद प्रवीण निषाद व क्षेत्रीय विधायक अनिल त्रिपाठी पर अभद्र भाषा की टिप्पणी की गई, जिसे देखने के बाद सामाजिक हनन महसूस हुआ।

## सोशल मीडिया पर की थी अभद्र टिप्पणी

सोशल मीड़िया पर किसी जनप्रतिनिधि के ऊपर इस तरह से टिप्पणी करने से संपूर्ण जनप्रतिनिधि को आहत पहुंचता है, जिससे आहत होकर बेलहर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

इस संबंध में एसओ राम वशिष्ठ ने बताया कि आरोपित दुर्गादीन कुमार निवासी टोला कोनहवां ईमिलीडीहा बेलहर कला के खिलाफ किसी वर्ग को उकसाने का केस दर्ज किया गया है।

# संतकबीरनगर : डॉक्टर और मेडिकल स्टोर संचालक में मारपीट

## जिला अस्पताल में एक घंटे तक हंगामा, दोनों पक्षों को कोतवाली ले गई पुलिस, तहरीर दी

संतकबीरनगर। जिला अस्पताल में शनिवार को इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर व उनके रिश्तेदार और स्टोर संचालक के बीच मारपीट हो गई। इस दौरान करीब एक घंटे तक अस्पताल में हंगामा हुआ। इसके बाद दोनों पक्ष अस्पताल की पुलिस चौकी पहुंचे और शिकायत की। पुलिस दोनों पक्षों को कोतवाली ले आई। जहां दोनों पक्षों ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

तहरीर में जिला अस्पताल की इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक डॉ. वरुणेश दुबे ने आरोप लगाया है कि एक मरीज अस्पताल गेट के पास स्थित एक मेडिकल स्टोर पर दवा लेने गया था। उसके सामने स्टोर संचालक ने उनके बारे में अभद्र टिप्पणी की। उस समय मेडिकल स्टोर पर उनके रिश्तेदार राहुल पांडेय मौजूद थे। उन्होंने इस पर आपत्ति जताई तो स्टोर संचालक ने उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद मेडिकल स्टोर संचालक अपने साथियों के साथ इमरजेंसी में आ गया और उनके रिश्तेदार व उनसे मारपीट करने लगा। हमले में उन्हें चोटें आई हैं।

दूसरी ओर, मेडिकल स्टोर संचालक का कहना है कि डॉक्टर अपनी मनमानी करते है। सीटी स्कैन में उनका कमीशन रहता है। संवाद

# पति समेत छह पर दहेज उत्पीड़न का केस

धनघटा। महुली क्षेत्र के सिसवनिया गांव निवासी महिला ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, प्रताड़ना, जानमाल धमकी, मारपीट, गाली गलौज की धाराओ में केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छनबीन में जुट गई है। सिसवनिया गांव निवासी महिला मंजू दुबे पत्नी मनीष दुबे ने तहरीर देकर कहा है कि विवाह के बाद से ही उसके ससुराल वाले हमेशा प्रताड़ित करते रहते थे।

शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान कर रहे थे। घर से मारपीट कर भगा दिया। इंस्पेक्टर भगवान सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर पति मनीष दुबे, ससुर राम सागर, सास शकुन्तला देवी, चाची कुशलवती देवी, देवर अविनाश, चचेरा देवर विकास के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, उत्पीड़न, मारपीट, गाली गलौज, जानमाल धमकी की धाराओ में मुकदमा दर्ज किया गया है। संवाद

# राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम निपटाए जमीन संबंधी विवाद

संतकबीरनगर। शनिवार को सभी थानों पर समाधान दिवस आयोजित हुआ, जिसमें 36 प्रार्थना पत्र आए और सिर्फ तीन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण हो पाया। शेष 33 प्रार्थना पत्रों को संबंधितों को निस्तारण के लिए दिया गया। कोतवाली में पहुंचे प्रभारी एसपी एसपी संतोष कुमार सिंह ने कहा कि जमीन से संबंधित प्रकरणों को राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम मिलकर निस्तारित करें। संवाद

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-10-09-2023

# राजस्व की टीम ने रास्ते से अतिक्रमण हटवाया




रास्ते से अतिक्रमण हटवाती राजस्व व पुलिस टीम।

**धानेपुर।** कमिश्नर के आदेश के अनुपालन में शनिवार को राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस बल के साथ मिलकर पूरे सरदार गांव में रास्ते से अतिक्रमण को हटवाया है। हालांकि इस दौरान टीम को अतिक्रमणकारियों के घरों की महिलाओं के प्रतिरोध का सामना करना पड़ा है।

सदर तहसील व धानेपुर थाना क्षेत्र की राजस्व गांव पूरे सरदार के रहने वाले नसीब अली ने कमिश्नर देवी पाटन मंडल के समक्ष पेश होकर गांव को जाने वाले रास्ते पर गांव के ही कुछ लोगों की ओर से अवैध रूप से अतिक्रमण कर छप्पर व नाद निर्माण कर लिये जाने की शिकायत की थी। जिस पर कमिश्नर ने एसडीएम सदर को समाधान दिवस में अभिलेखों का अवलोकन कर अतिक्रमण हटवाने का निर्देश दिया था। शनिवार को समाधान दिवस समाप्त होने के बाद राजस्व निरीक्षक, हल्का लेखपाल ने पुलिस बल व जेसीबी मशीन के साथ पूरे सरदार गांव पहुंचे यहां पर पैमाइश कराने के उपरांत रास्ते की जद में आने अतिक्रमण को जेसीबी मशीन से हटवाया है। इस दौरान महिलाओं ने कार्रवाई का विरोध किया। टीम ने उन्हें बताया कि कमिश्नर के आदेश पर अतिक्रमण को हटवाया गया है।

# गाजीपुर की जीआरपी ने मनकापुर में तलाशे सुराग

**फॉलोअप**

- जीआरपी के साथ ही एसटीएफ भी जुटी
- ट्रेन में महिला सिपाही के घायल होने का मामला

**मनकापुर।** महिला हेड कांस्टेबल पर जानलेवा हमले के मामले में जहां एसटीएफ लगी हुई है, वहीं जीआरपी व आरपीएफ तथा सिविल पुलिस भी दिन रात एक किए हुए है। इसके बावजूद भी अभी तक कोई खास सफलता हाथ नहीं लगी है।

शनिवार को जनपद गाजीपुर जीआरपी सिटी स्टेशन पर तैनात एसआई अखिलेश मिश्र ने अपने साथ अन्य लोगों के साथ मनकापुर रेलवे स्टेशन के विभिन्न संदिग्ध स्थानों की गहनता से जांच पडताल किया । इसके बाद जीआरपी कोतवाल गोन्डा दिनेश कुमार सिंह के साथ अयोध्या जाकर स्टेशन से निकलने वाले विभिन्न रास्तों से आनेजाने के रास्ते का गहनता से निरीक्षण किया। इससे पहले महिला हेड कांस्टेबल सुमित्रा पटेल के मामले को लेकर आरपीएफ के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त चन्द्र मोहन मिश्र व आरपीएफ के सहायक सुरक्षा आयुक्त राजीव उपाध्याय ने रेलवे स्टेशन परिसर, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, आरपीएफ पोस्ट, प्लेट फार्म नम्बर -4 तथा 5 पर जाकर जगह जगह निरीक्षण करने के बाद ओवर ब्रिज पर जाकर उस पर लगे कैमरे तथा अन्य बारीकियों का जायजा लिया था। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक उदय राज अपने सहयोगियों के साथ दिन रात इस घटना की असली वजह व घटना के आरोपियों तक पहुंचने का भरसक प्रयास कर रहे हैं। इसके बावजूद भी घटना की असली वजह व गुनहगारों तक जीआरपी पुलिस, आरपीएफ, सिविल पुलिस के साथ-साथ एसटीएफ तक नहीं पहुंच सकी है और अभी खाली हाथ ही दिख रही है।

## एसपी ने भी अपने मातहतों को लगाया

पुलिस अधीक्षक के फरमान पर कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने कस्बा चौकी प्रभारी अंकित सिंह को लगाया है, जो स्टेशन के आसपास के अपराधियों की गतिविधियों व उनके इतिहास को खंगालते हुए ऐसे लोगों से पूछताछ कर रहे हैं। मुखबिरों का तंत्र बिछाया गया है। साथ ही इलेक्ट्रानिक सर्विलांस की मदद भी ली जा रही है। अफसरों ने बताया कि जिले की पुलिस, गाजीपुर की जीआरपी और एसटीएफ सभी आपसी तालमेल बनाकर जांच की कड़ियों को जोड़ने में लगे हैं।

# अपराधियों पर करें सख्त कार्रवाई:एसपी

गोण्डा। एसपी अंकित मित्तल ने शुक्रवार देर रात्रि थाना मोतीगंज पहुंचकर थाना धानेपुर व मोतीगंज के सभी विवेचकों का अर्दली रूम किया। काफी समय से लंबित विवेचनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी कर गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित विवेचकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही अपराधियों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए।

# पति की खोजबीन के लिए अफसरों से गुहार

गोण्डा। कोतवाली देहात क्षेत्र के रमवापुर श्याम गांव निवासिनी सम्मो ने अपने पति की खोजबीन के लिए अफसरों से गुहार लगाई है।पीड़िता ने बताया कि उसका पति सफीलाल बीस वर्ष पहले कहीं लापता हो गया है। उसके बाद से ही वह उनकी खोजबीन कर रही है। पत्नी ने बताया कि वह पति के तलाश के लिए अफसरों की चौखट पर गुहार लगा चुकी है लेकिन अब तक कहीं कुछ पता नहीं चल सका है।

# प्रधान प्रतिनिधि पर दलित उत्पीड़न का केस दर्ज

उमरी बेगमगंज। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा गढ़ी में प्रधान प्रतिनिधि शंभू सिंह व उनके दो पुत्र गजेंद्र सिंह एवं महेश सिंह के ऊपर उनके पड़ोसी राजकरण पुत्र मेवालाल ने मारपीट व दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष संजीव वर्मा ने बताया कि राजकरण ने सहन दरवाजे पर खूंटा उखाड़ने से संबंधित विवाद को लेकर मारपीट व गालीगलौज की तहरीर दी थी।

# शान्ति भंग करने पर दो के खिलाफ कार्रवाई

वजीरगंज। पुलिस चौकी डुमरियाडीह क्षेत्र के ग्राम पंचायत खिरिया में शान्ति भंग करने पर दो के खिलाफ कार्रवाई की गई है। एसओ अभय सिंह ने बताया कि हेड कांस्टेबल गिरिजेश यादव, महिला आरक्षी साधना व अनीता सोनकर ने सोनी पत्नी शरण व इंदू पत्नी लक्ष्मण निवासी ग्राम खिरिया को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया गया है।

# सरकारी भूमि पर खेती कर रहा दबंग, शिकायत

मनकापुर। सरकारी भूमि पर एक दबंग काफी दिनों से खेती कर रहा है। वहीं जिला प्रशासन लगातार ऐसे लोगो को चिन्हत करके कार्यवाई भी कर रहा है। मामला मनकापुर तहसील के बभनजोत ब्लाक के गांव केशवनगर ग्रंट पूर्वी परगना बूढापायर से जुडा है। ग्रामीणों का आरोप है कि दबंग ने सरकारी भूमि को कब्जा कर लिया है तथा उसमें खेती कर रहे हैं।

# बीईओ ने हेड मास्टर के खिलाफ नहीं दी तहरीर

कटरा बाजार। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेश के बावजूद खंड शिक्षा अधिकारी सीमा पांडे शनिवार को निलंबित हेड मास्टर के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराने नहीं आई। ग्राम प्रधान के पति नियामत उल्ला ने बताया कि निलंबित हेड मास्टर विश्राम सिंह शनिवार को सुबह विद्यालय आए और कुछ देर रहने बाद वह बिना कुछ बताए विद्यालय से चले गए।

# हड़ताल के बावजूद लोक अदालत में 1.21 लाख मुकदमों का निस्तारण

संसू, गोंडा : राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ प्रशासनिक न्यायाधीश सत्र खंड गोंडा न्यायमूर्ति उमेश चंद्र शर्मा ने दीप जलाकर किया। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ब्रजेन्द्र मणि त्रिपाठी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण की पीठासीन अधिकारी डा. अनुपमा गोपाल निगम, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय रीता गुप्ता उपस्थित रहीं। लोक अदालत में एक लाख, 21 हजार, 498 वादों का निस्तारण किया गया।

समस्त विभागों ने प्री-लिटीगेशन के माध्यम से एक लाख नौ हजार 87 वाद का निस्तारण करके 12 करोड़ 96 लाख 853 रुपये समझौता राशि तय की गई। उधर राज्य विधिज्ञ परिषद के आवाहन पर संयुक्त बार संघ के अगुवाई में अधिवक्ताओं ने कचहरी परिसर में नारेबाजी करते हुए लोक अदालत का बहिष्कार किया। बार एसोसिएशन गोंडा के प्रभारी अध्यक्ष/कनिष्ठ उपाध्यक्ष सच्चिदानन्द मिश्र व सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उपेंद्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। दीवानी परिसर में सभा को पूर्व अध्यक्ष दीनानाथ त्रिपाठी, माधवराज मिश्र, पूर्व महामंत्री राम बुझारथ द्विवेदी, रितेश यादव, अनिल सिंह, आलोक पांडेय ने सभा को संबोधित किया। संचालन बार एसोसिएशन के महामंत्री जगन्नाथ प्रसाद शुक्ल व सिविल बार एसोसिएशन के प्रभारी महामंत्री/संयुक्तमंत्री मनीष कुमार शुक्ल ने संयुक्त रूप से किया।

गोंडा परिक्षेत्र के प्रशासनिक न्यायाधीश न्यायमूर्ति उमेश चंद्र शर्मा से अधिवक्ताओं के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर ग्राम न्यायालय स्थापना पर प्रत्यावेदन दिया, जिसमें मानक के विपरीत तरबगंज में ग्राम न्यायालय की स्थापना स्थगित करने की मांग की।



धानेपुर में समाधान दिवस में जनसुनवाई करते नायब तहसीलदार • जागरण

**लेखपाल पत्नी के स्थान पर कार्य करता दिखा अध्यापक पति**

गोंडा : धानेपुर में थाना समाधान दिवस में लेखपाल सुप्रिया की जगह पर परिषदीय विद्यालय के सहायक अध्यापक पर कार्यरत उनके पति दुर्गेश ड्यूटी करते नजर आए। इसका वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। सदर तहसील की लेखपाल सुप्रिया सिंह के पास राजस्व ग्राम पूरेनवल, त्रिलोकपुर, जैतापुर, रानीजोत का प्रभार है। इनके पति दुर्गेश प्रताप सिंह मुजेहना ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय त्रिलोकपुर में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत है। सहायक अध्यापक दुर्गेश प्रताप सिंह पत्नी की जगह कार्य करते हुए देखे गए।

# डीआईजी ने कोतवाली में समाधान दिवस की परखी हकीकत

करनैलगंज, संवाददाता। शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस के दौरान कोतवाली करनैलगंज में डीआईजी अमरेंद्र कुमार सिंह पहुंचे। समाधान दिवस की हकीकत आंकने के लिये उन्होने वहां आये फरियादियों की समस्याओं को सुना। थाने के मुख्य अभिलेखों के निरीक्षण के दौरान कमियां पाए जाने पर कार्यालय के कर्मचारियों को नसीहत देते हुए सुधार करने की बात कही।

उन्होने कहा कि जो भी शिकायतें थाना दिवस में आती हैं उनका निस्तारण करके शिकायतकर्ता की तरफ से संतुष्टि भी थाने के अभिलेख में दर्ज किया जाए। जिससे उस शिकायतकर्ता के द्वारा एक ही शिकायत को अलग-अलग अधिकारियों से न की जाए। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस में आने वाले शिकायतों में शिकायतकर्ता जांच कर्ता और रिपोर्ट लगाने वाले अधिकारी, कर्मचारी के मोबाइल नंबर और टिप्पणी भी दर्ज की जाए। जिससे शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी हो। समाधान दिवस के दौरान कुल 13 शिकायत में प्राप्त हुई। जिसमें 9 राजस्व विभाग के भूमि विवाद से संबंधित थी और चार शिकायत पुलिस विभाग से संबंधित पाई गई।

वजीरगंज में एसपी पहुंच कर थाने का किया निरीक्षण : एसपी अंकित मित्तल ने शनिवार को समाधान दिवस में पहुंचकर थाने का निरीक्षण किया। समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल निस्तारण करने का निर्देश एसपी ने दिया। इस दौरान थानाध्यक्ष से अपराध और अपराधियों पर की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। एसपी ने अपराध रजिस्टर और अभिलेखों का रखरखाव देखा। इसके अलावा थाना परिसर स्थित बैरक आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने अपराध संबंधी अन्य अभिलेख आदि जांचने के साथ ही सभी कागजात पूर्ण व व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। एसपी ने थाना परिसर स्थित कंप्यूटर कक्ष, मुंशी कक्ष, रिकॉर्डो को अद्यतन, मैस आदि का निरीक्षण किया।

# तंत्र-मंत्र का झांसा दे भीख मंगवाया, हड़पे 58 लाख

मेहनौन, संवाददाता। पंजाब की एक महिला से इटियाथोक के एक जालसाज पंडित ने 58 लाख रुपए हड़प लिए। साथ ही तंत्र - मंत्र का झांसा देकर महिला से भीख भी मंगवाया। कुछ दिन बाद महिला की मौत हो गई। पीड़ित महिला की बहन ने तहरीर देकर केस दर्ज कराया है।

मामले में मृतक महिला की छोटी बहन आभा आनंद ने कोतवाली इटियाथोक में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वह दो बहन है। बड़ी बहन पंजाब के जालंधर शहर में रहती है। उन्होंने शादी नहीं की। बड़ी बहन के ऊपर तंत्र मंत्र कर तथाकथित ज्योतिष ने अपने कब्जे में कर लिया। महिला ने आरोप लगाया कि तथाकथित पंडित पंकज तिवारी ने उसकी बड़ी बहन के बैंक खाते से करीब 50 लाख की रकम अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करवा ली। उसने बताया पिता सेना में कर्नल थे, माता पिता के निधन के बाद मेरी भी शादी गुजरात में हो गई। घर पर बड़ी बहन ही अकेली रहती थी। अचानक तबियत ज्यादा खराब होने की सूचना पर हम परिवार के साथ जालंधर पहुंचे। बड़ी बहन को डाक्टर को दिखवाया और 17 अप्रैल को निधन हो गया। बड़ी बहन की अन्तिम संस्कार करने के बाद घर की साफ सफाई के दौरान अलग - अलग बैंक के खातों में भेजी गई लाखो रुपए की करीब बीस दर्जन ट्रांसफर बाउचर की पर्ची मिली। जिसमे बड़ी बहन द्वारा पूरी धनराशि पंडित पंकज तिवारी के अलग- अलग खाते में ट्रांसफर हुई।

# चौपाल में लोगों से रुबरु हुए एडीजी, मांगा सहयोग

**आयोजन**

नबाबगंज, संवाददाता। थाना क्षेत्र के बालापुर गांव मे शनिवार की शाम आयोजित पुलिस चौपाल में एडीजी अखिल कुमार लोगों से रुबरु हुए। उन्होंने लोगों से सीधा संवाद भी किया और अपराध नियंत्रण में पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

डीआईजी एपी सिंह ने पुलिसिंग को बेहतर बनाने पर चर्चा करते हुए सभी प्रधानो से वर्तमान मे पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण के लिए एडीजी गोरखपुर द्वारा जोन मे चलाई जा सीसीटीवी कैमरा लगवाने के अभियान में सहयोग की अपील की। कहा कि नगर गांव समेत सभी मुख्य मार्गो के चौराहे और तिराहे पर कैमरा लग जाने से एक ओर जहां अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगेगा वहीं इन कैमरे से घटनाओ के खुलासे में भी मदद मिलेगी। डीआईजी श्री सिंह ने आम लोगों से भी अपने अपने - घरो में सुरक्षा और सजगता के लिए कैमरा लगवाने का परामर्श दिया। बेहतर पुलिसिंग के लिए गांव के फ्रंट लाईन वर्कर्स से समन्वय स्थापित कर न्याय पंचायत स्तर पर बैठकें आयोजित किए जाने के निर्देश दिए। एसपी अंकित मित्तल ने नागरिक सुरक्षा में कैमरे की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए अब जिले में इस अभियान में मिली सफलता से अधिकारियों को अवगत कराया। चौकीदारो को भी सूचनाओं के निरन्तर आदान प्रदान के माध्यम से गांवो पर सतत निगरानी का निर्देश मातहतों को दिया।

## पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार

गोंडा : परसपुर लोहंगपुर के ओम प्रकाश मिश्र ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। कहा कि गांव कुछ दबंग उसे प्रताड़ित करते हैं। इसकी शिकायत की जाती तो वह सब विपक्षी के दबाव में स्थानीय पुलिस कार्रवाई नहीं करती। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज का कहना है कि जांच कराकर कार्रवाई कराई जाएगी। (संसू)

## मारपीट का मुकदमा

परसपुर : सरैया के पूरे पाठक गांव के रहने वाले विजय कुमार पांडेय को पुरानी रंजिश के चलते गांव के रहने वाले प्रवीण कुमार पांडेय, सच्चिदानंद पांडेय व यशोदा ने लाठी डंडे से पिटाई कर उसके घर की दीवार गिरा दी। जान से मार डालने की धमकी भी दी। थानाध्यक्ष शेषमणि पांडेय ने कहा कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपितो के विरुद्ध मुकदमा लिखा गया है। (संसू)

# थाने के सामने खड़ी बस से टकराया कंटेनर, मुकदमा

नवाबगंज (गोंडा) : शनिवार की भोर में थाने के सामने खड़ी डबल डेकर बस में कर्नलगंज से अयोध्या की ओर जा रहे कंटेनर (ट्रक) की भिड़ंत हो गई। टक्कर लगने से बस पलट गई और कंटेनर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। करीब पांच घंटे तक आवागमन बाधित रहा। आरक्षी अमित सिंह की तहरीर पर कंटेनर चालक के खिलाफ लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम सहित अन्य धाराओं में मुकदमा लिखा गया है। घटना के बाद पहलवानवीर मंदिर से कोल्ड स्टोर चौराहे की ओर रूट डायवर्ट किया गया था।

# कस्तूरबा विद्यालय में नियुक्ति के नाम पर मांगे पैसे

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। जिले के कस्तूरबा गांधी विद्यालय में 73 पार्ट-फुल और उर्दू टीचर के पदों पर संविदा नियुक्ति मामले में बीएसए स्टॉफ के नाम पर पैसे मांगे गए। जिस नंबर से पैसे मांगे गए उसमें बीएसए गोंडा लिखे होने के साथ ही डीपी किसी लड़की की लगी है। दर्जनभर से अधिक अभ्यर्थियों की ओर से इस तरह की शिकायत की गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने दावा है कि मामले की शिकायत पुलिस से की गई है।

पिछले दिनों जिले के कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में खाली पदों को भरने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी स्तर से विज्ञापन जारी किए गए थे। चार सितंबर को विकासभवन में सीडीओ की अध्यक्षता में मेरिट के आधार पर अभ्यर्थी की काउंसिलिंग की गई थी।

बीएसए कार्यालय कर्मचारियों का कहना है कि चयनित अभ्यर्थियों की सूची एनआईसी के वेबसाइट पर अपलोड कर दी

## बीएसए स्टाफ के नाम पर किया गया फोन, बीएसए बोले- तहरीर दी, पुलिस ने नकारा

जिसके बाद अभ्यर्थी के पास फोन आए हैं। फोन करने वाले अज्ञात आरोपी ने खुद को बीएसए कार्यालय स्टॉफ का शैलेंद्र सिंह होने का दावा किया। अभ्यर्थियों से चयन के लिए पैसे मांगे गए, तब जाकर पीड़ितों ने बीएसए कार्यालय से संपर्क किया है। प्रशासनिक अधिकारियों से मामले की शिकायत की गई है। ऐसे में नियुक्ति में गड़बड़ी की आशंकाओं में खलबली मच गई है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रेमचंद यादव ने बताया कि मामले को लेकर पुलिस को घटना की जानकारी दी गई है। प्रथमदृष्टया फोन करने वाला आरोपी बिहार का बताया जा रहा है। वहीं नगर कोतवाल संजय गुप्ता का कहना है कि कस्तूरबा गांधी में नियुक्ति में पैसे की मांग को लेकर बीएसए की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है।

# शिविर लगाकर हो भूमि का निस्तारण : एडीजी

संसू, शिवदयालगंज (गोंडा) : अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने भूमि विवाद मामलों के निस्तारण के लिए माह में न्याय पंचायत स्तर पर शिविर का आयोजन करने का निर्देश दिया। इसमें राजस्व व पुलिस अधिकारी संयुक्त रूप से विवादों का निस्तारण कराएं। एडीजी बालापुर गांव सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल नवाबगंज में आयोजित चौपाल को संबोधित कर रहे थे।

चौपाल में पुलिस उप महानिरीक्षक एपी सिंह, पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल, एसडीएम तरबगंज भारत भार्गव, सीओ तरबगंज संजय तलवार, प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय, महिला चौकी प्रभारी महिमा पांडेय, जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधान, आशा बहू सहित ग्रामीण मौजूद रहे। एडीजी ने कहा कि त्रिनेत्र अभियान से अपराधियों पर नकेल कसने के लिए शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में सभी सार्वजनिक स्थानों पर सीसी कैमरे लगाए जाएं।

# जालसाज ने जालंधर की महिला से हड़पे 58 लाख

संसू, इटियाथोक (गोंडा) : मोक्ष दिलाने के नाम पर पंजाब की एक महिला से यहां के जालसाज ने 58 लाख रुपये हड़प लिए और उससे भीख भी मंगवाई। महिला की मौत के बाद उसकी छोटी बहन आभा आनंद ने बताया कि माता-पिता के निधन के बाद उसकी शादी गुजरात में हो गई।

बड़ी बहन ने शादी नहीं की थी। वह पंजाब के जालंधर शहर में घर पर अकेली रहती थी। इटियाथोक के कठौवा गांव निवासी ज्योतिष पंडित पंकज तिवारी ने उसके ऊपर तंत्र मंत्र कर अपने कब्जे में कर लिया। उसके बैंक खाते से करीब 58 लाख की रकम अलग अलग खातों में ट्रांसफर करवा लिया। बहन की तबीयत ज्यादा खराब होने की सूचना पर वह जालंधर पहुंची और बड़ी बहन का इलाज शुरू कराया, लेकिन 17 अप्रैल को निधन हो गया। बड़ी बहन का अंतिम संस्कार करने के बाद घर की सफाई के दौरान अलग अलग बैंक के खातों में भेजी गई रकम के 20 दर्जन ट्रांसफर वाउचर मिले। इसमें बड़ी बहन द्वारा पूरी धनराशि पंडित पंकज तिवारी के अलग अलग खाते में ट्रांसफर की गई थी। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज ने बताया आभा आनंद के तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# वजीरगंज थाने का पुराना भवन ढहाया जाएगा

वजीरगंज (गोंडा)। एसपी अंकित मित्तल ने शनिवार को वजीरगंज पुलिस थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान परिसर में पानी भरा देखकर उन्होंने दीवार तोड़कर पानी निकलवाने के निर्देश थानाध्यक्ष को दिए। उन्होंने कहा कि परिसर में बने पुराने भवन को अनुमति लेकर ढहाने की प्रक्रिया शुरू करें। उन्होंने थाना कार्यालय व हवालात का भी निरीक्षण कर अभिलेखों की जांच की। (संवाद)

# गाजीपुर जीआरपी कोतवाल ने खंगाला मनकापुर प्लेटफार्म

संवाद न्यूज एजेंसी

मनकापुर (गोंडा)। सरयू एक्सप्रेस ट्रेन में महिला हेड कांस्टेबिल पर हमले की जांच ने रफ्तार पकड़ ली है। एसटीएफ के बाद शनिवार को जीआरपी गाजीपुर के कोतवाल ने भी मनकापुर प्लेटफार्म खंगाला।

सुल्तानपुर के कोतवाली नगर में तैनात हेड कांस्टेबल सुमित्रा पटेल 30 अगस्त को सुल्तानपुर से अयोध्या मेला ड्यूटी के लिए निकली थी। वह ट्रेन से मनकापुर पहुंच गई। ट्रेन के अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पहुंचने पर सुमित्रा सीट के नीचे घायल अवस्था में बेहोश मिली थी। जीआरपी अयोध्या ने केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। हाईकोर्ट के संज्ञान में लेने के बाद शासन ने एसटीएफ को केस ट्रांसफर कर दिया।

शुक्रवार को डीआईजी रेलवे/एसटीएफ अनंतदेव तिवारी ने टीम के संग पहुंचकर जांच की थी। शनिवार को जीआरपी गाजीपुर सिटी के कोतवाल अखिलेश मिश्र टीम के साथ मनकापुर रेलवे स्टेशन पहुंचे। उन्होंने स्टेशन का कोना-कोना खंगाला। इंस्पेक्टर अखिलेश की टीम ने यहां जीआरपी, आरपीएफ के साथ ही रेलकर्मियों से भी पूछताछ की और प्लेटफार्म नंबर चार पर भी गए।

## ट्रेन में महिला हेड कांस्टेबिल पर हमले की जांच तेज

इंस्पेक्टर अखिलेश मिश्र सितंबर 2020 से नौ माह तक मनकापुर में चौकी प्रभारी जीआरपी के पद पर रह चुके हैं। क्षेत्र के अपराधियों से वाकिफ होने के कारण ही उन्हें जांच में लगाया गया है। जांच के बाद इंस्पेक्टर अखिलेश गोंडा जीआरपी इंस्पेक्टर दिनेश कुमार सिंह के संग अयोध्या कैंट पर जांच के लिए रवाना हो गए।

# क्राइम कंट्रोल के लिए लगवाएं कैमरे: एडीजी

संवाद न्यूज एजेंसी

नवाबगंज (गोंडा)। ऑपरेशन त्रिनेत्र से अपराधियों पर नकेल कसने के लिए शहर व ग्रामीण क्षेत्र में सभी सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जिससे वारदात करने वाले अपराधियों की पहचान कर उन पर शिकंजा कसा जा सके। ये बातें एडीजी गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने क्षेत्र के वालापुर गांव स्थित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में कहीं। जहां शनिवार को पुलिस व पब्लिक के बीच संवाद स्थापित करने को लेकर वह क्षेत्र के ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर रहे थे।

एडीजी ने ग्राम प्रधानों के साथ प्रत्येक 15 दिन में एक बार बैठक करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी का उपयोग कर अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरे का प्रयोग किया जाए। डीआईजी अमरेंद्र प्रसाद सिंह व एसपी अंकित मित्तल ने कहा कि इससे



बालापुर में ग्रामीणों को संबोधित करते एडीजी अखिल कुमार व अन्य। संवाद

निश्चित रूप से अपराध में कमी आएगी।

प्रधानों ने शिवदयालगंज चौराहे से अयोध्या जाने वाले मार्ग को अक्सर अवरुद्ध कर स्थानीय लोगों को भी रोके जाने का मामला उठाया। बैठक में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय, सरयू घाट चौकी इंचार्ज शिव लखन सिंह यादव, उपनिरीक्षक सुनील सिंह, उपनिरीक्षक महिमा पांडेय, प्रधान रीषू श्रीवास्तव, विपिन सिंह, रवि सिंह, सुभाष यादव, धनलाल यादव, राधेश्याम यादव मौजूद रहे।

# शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी करें दर्ज

## थाना समाधान दिवस में डीआईजी ने दिया निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

### 150 में से महज 28 शिकायतों का हुआ निपटारा



करनैलगंज कोतवाली में जनसमस्याएं सुनते डीआईजी। संवाद

गोंडा। जिले के 17 थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीआईजी देवीपाटन परिक्षेत्र अमरेंद्र प्रसाद सिंह कोतवाली करनैलगंज व एसपी अंकित मित्तल ने वजीरगंज थाने में समाधान दिवस की हकीकत परखी। समाधान दिवस में आई कुल 150 में से महज 28 का ही मौके पर निस्तारण हो पाया।

डीआईजी शनिवार को थाना समाधान दिवस में कोतवाली करनैलगंज पहुंचे। उन्होंने जनसमस्याएं सुनीं, कोतवाल चितवन कुमार को उसके निस्तारण के निर्देश दिए। डीआईजी ने कहा कि थाना दिवस में आई शिकायतों का निस्तारण कर शिकायतकर्ता की तरफ से संतुष्टि भी थाने के अभिलेख में दर्ज की जाएं। जिससे एक ही शिकायतकर्ता की शिकायतें बार-बार न आएं। उन्होंने थाने के मुख्य अभिलेखों का भी निरीक्षण किया। खामियां मिलने पर हेड मोहर्रिर व मोहर्रिर को फटकारा। इस दौरान आईं 13 में से महज एक ही शिकायत का निस्तारण हो सका। इंस्पेक्टर गोविंद कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक राम प्रकाश चंद्र सहित तमाम पुलिसकर्मी व राजस्व के अधिकारी-कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।

उधर, वजीरगंज थाने के समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल, एसडीएम तरबगंज भारत भार्गव व सीओ संजय तलवार ने फरियादें सुनीं। यहां राजस्व से संबंधित आए 13 में से सिर्फ एक का निस्तारण हो पाया। बाकी मामलों के निस्तारण के लिए मौके पर टीमें भेजी गईं। समाधान दिवस पर सभी थानों में आईं 150 में से 28 का निस्तारण किया गया।

# वाहन की किस्त न जमा करने पर पीटा

वजीरगंज (गोंडा)। वजीरगंज थाना क्षेत्र के अचलपुर निवासी अमलेश सिंह ने थाने पर तहरीर देकर कहा कि उसने एसीसी टाटा कंपनी से चार पहिया वाहन फाइनेंस कराया था। कंपनी के शिवम सिंह निवासी रामपुर खरहटा अपने साथी शुभम व विशाल के साथ उसके घर आए। लोन की तीन किस्त जमा न होने के कारण वाहन की चाबी मांगने लगे। मना करने पर अभद्रता करते हुए लाठी-डंडे से उसके भाई विजय बहादुर सिंह को पीटा। जिससे विजय को चोटें आईं हैं। लोगों के जुटने पर तीनों जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# महिला को झांसा देकर ज्योतिषी ने हड़पे 40 लाख रुपये

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**गुजरात के गांधीनगर की रहने वाली आभा आनंद ने इटियाथोक थाने में दर्ज कराया मुकदमा**

इटियाथोक (गोंडा)। पंजाब के जालंधर की रहने वाली एक अविवाहित महिला को ज्योतिषी ने मोक्ष दिलाने का झांसा देकर 40 लाख रुपये हड़प लिए। महिला की मौत के बाद जानकारी होने पर परिजनों ने ज्योतिषी के खिलाफ थाना इटियाथोक में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गुजरात के गांधीनगर सेक्टर 2 डी निवासी ग्रुप कैप्टन पवन आनंद की पत्नी आभा आनंद ने इटियाथोक थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका मायका पंजाब के जालंधर जिले में है। जहां उसकी अविवाहित बड़ी बहन रहती थीं। आरोप है कि गोंडा व अयोध्या में संस्थान संचालित कर रहे ज्योतिषी पंडित पंकज तिवारी निवासी कठौवा, इटियाथोक ने उसकी बड़ी बहन को अपने वश में करके गुरु मोक्ष की ओर ले जाने का झांसा दिया। इसके बाद उसकी बहन के बैंक खाते में जमा 40 लाख रुपये अपने विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर करा लिए।यह सोचकर वह बीमार रहने लगी। आभा के मुताबिक दिसंबर 2022 व फरवरी 2023 में वह बहन के घर गई और चिंतित रहने का कारण पूछा, लेकिन उसने कुछ नहीं बताया। बीते 16 अप्रैल को उन्होंने अंतिम बार फोन किया और रोने लगी। अगले दिन नौकर ने फोन करके बताया कि उनकी तबीयत बहुत खराब है।

मौत के बाद घर की सफाई करने के दौरान 200 से अधिक बैंक की जमा पर्चियां मिलीं। जिसके माध्यम से पंडित पंकज तिवारी ने उसकी बड़ी बहन के बैंक खाते से विभिन्न बैंक खातों में 40 लाख रुपये धनराशि ट्रांसफर करा ली। आरोप है कि पंकज की धोखाधड़ी की वजह से बहन की मौत हुई है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज ने बताया कि केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# झांसा देकर 76 हजार हड़पे, दो युवकों पर केस

इटियाथोक (गोंडा)। एक संस्था में काम करने वाले दो युवकों ने सेनेटरी पैड वितरण के काम का झांसा देकर महिला समेत तीन लोगों के 76 हजार रुपये हड़प लिए। मामले में इटियाथोक थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

इटियाथोक के ग्राम भवानियापुर उपाध्याय निवासी दुर्गेश शुक्ल ने थाने में तहरीर देकर बताया कि दिनेश सोनी निवासी गोलागंज व भानु प्रताप सिंह निवासी महराजगंज ने उसे पारसनाथ मिश्र, पूजा मिश्रा, रत्नेश श्रीवास्तव व रानी मौर्य को फोन कर जानकीनगर स्थित एक गेस्ट हाउस में मीटिंग के लिए बुलाया। जहां सेनेटरी पैड वितरित करने के संबंध में सदस्यता लेने के बाद कार्य करने वाले लोगों को मानदेय देने की बात कही गई। उससे 36,862 रुपये व पारसनाथ मिश्र से 48,250 रुपये ऑनलाइन प्राप्त कर सेनेटरी पैड व आईकार्ड उपलब्ध कराया।

फिर सेनेटरी पैड देने के नाम पर 76,000 रुपये ऑनलाइन ले लिए। बताया कि 21 जून को दूसरी बैठक गांधी पार्क के पास होगी। जब वह सभी बैठक में पहुंचे तो न तो उन्हें सेनेटरी पैड दिया गया और न ही मानदेय। इसके बाद संस्था बंद कर दी गई। अब रुपये मांगने पर धमकी मिल रही है। इंस्पेक्टर संतोष सरोज ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-10-09-2023

# भूमि विवाद में राजस्व टीम के बिना न जाए पुलिस:एसपी

बलरामपुर, संवाददाता। पीड़ितों की समस्यओं को लंबित न करें। गुण व दोष के अधार पर मामले का निस्तारण करें। जमीनी विवाद में राजस्व टीम के बिना पुलिस न जाए। अगर मामले को लंबित किया गया तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई होगी। यह बातें पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने कहा। शनिवार को पुलिस अधीक्षक थाना गैड़ास बुजुर्ग में आयोजित समाधान दिवस की समस्या को सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर पुलिस कर्मियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार की शिकायत आई तो दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। समाधान दिवस, संपूर्ण समाधान दिवस, ऑनलाइन शिकायतों के निस्तारण में देरी न करें। कहा कि राजस्व विभाग अधिकारी के टीम के साथ पूलिस मौके पर जाए तथा गंभीरता के साथ प्रार्थना पत्रों को शत प्रतिशत निस्तारण करें। इस अवसर पर थाना कोतवाली गैड़ास बुजुर्ग प्रभारी निरीक्षक, हलका लेखपाल व पुलिस कर्मी मौजूद रहे। इसी क्रम में थाना हरैया में अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार के नेतृत्व में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार ने उप जिलाधिकारी की मौजूदगी में दो भाईयों के जमीनी विवाद की समस्या सुनी। उन्होंने दोनों भाईयों के मामले का निस्तारण करा दिया। इस अवसर पर राजस्व विभाग के अधिकारी व पुलिस टीम के लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर, देहात, तुलसीपुर, पचपेड़वा व उतरौला आदि थानों में समाधान दिवस आयोजित हुआ।

# विवाद हो तो आज जाएं महिला थाना

जिन लोगों का पारिवारिक विवाद चल रहा हो वह लोग आज रविवार को महिला थाना में जाएं। यह आयोजित पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में आवेदन करें। पुलिस व विशेषज्ञों की टीम मामलों का निपटारा कराएगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 35 हजार 733 वादों का हुआ निस्तारण

**संसू, बलरामपुर** : राष्ट्रीय लोक अदालत में 35 हजार 733 वादों का शनिवार को निस्तारण कराया गया। दीवानी न्यायालय परिसर में जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार झा ने राष्ट्रीय लोक अदालत का दीप जलाकर शुभारंभ किया। प्राधिकरण सचिव विमल प्रकाश ने बताया कि फौजदारी, राजस्व, उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के अलावा वैवाहिक व भरण पोषण वादों का निस्तारण कराया गया। अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम इफ्तेखार अहमद ने 23 वादों का निस्तारण किया। अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश (रेप एवं पाक्सो) जहेंद्र पाल सिंह ने फौजदारी के पांच वादों का निस्तारण कर 2500 रुपये का अर्थदंड वसूला। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रीतिमाला चतुर्वेदी ने 4625 फौजदारी वादों का निस्तारण किया।



लोक अदालत का दीप जलाकर शुभारंभ करते जनपद न्यायाधीश एके झा • सौ. सूचना विभाग

# सरकार ने दी जमीन, नहीं मिला कब्जा

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। साहब! सरकार ने घर बनाने के लिए जमीन का पट्टा तो दे दिया लेकिन एक साल बाद भी दबंग कब्जा नहीं छोड़ रहे हैं। पट्टे की जमीन पर कब्जा होने से मैं घर नहीं बना पा रहा हूं। पैमाइश कराकर जमीन दिलवा दीजिए। यह फरियाद शनिवार को देहात कोतवाली में ग्राम सद्दापुर कोड़री निवासी राम सूरत सोनकर ने प्रभारी निरीक्षक जयदीप दूबे से की। प्रभारी ने राजस्व टीम मौके पर भेजकर शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।

महराजगंज तराई थाने में ग्राम रामगढ़ मैटहवा निवासी ननकऊ की शिकायत थी कि आबादी की जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। मना करने पर अभद्रता करते हुए मारपीट करते और जान से मारने की धमकी देते हैं।

वहीं ग्राम कुड़वा मिर्जापुर निवासी नकछेद ने शिकायत की कि विपक्षी मुझे अपनी ही जमीन पर मकान नहीं बनाने दे रहे हैं। हरैया सतघरवा थाने में सिंगरौरी निवासिनी रीता की शिकायत थी कि दबंग जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं, मना करने पर मारपीट करने लगते हैं। ग्राम लंबीकोहल निवासी मोहर्रम अली, बाबूलाल, धनीराम, रामभरोसे तथा फूलचंद यादव आदि की शिकायत थी कि सरकारी जमीन पर दबंगों का कब्जा है। कई बार गुहार लगाई पर कार्रवाई नहीं हुई। थानाध्यक्ष दुर्विजय ने बताया कि राजस्व व पुलिस की टीम मौके पर भेजी जाएगी।

## संपूर्ण समाधान दिवस में लगाई गुहार



गैड़ास बुजुर्ग थाने में फरियाद सुनते एसपी केशव कुमार। -संवाद

## समय सीमा में हो शिकायतों का निस्तारण

गैड़ास बुजुर्ग। स्थानीय थाने में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एसपी केशव कुमार ने शिकायतें सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों का निस्तारण समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। जिन शिकायतों का निस्तारण उच्चाधिकारियों के स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर संबंधित अधिकारियों को भेज दें जिससे समय से उसका निस्तारण किया जा सके। इसके बाद एसपी ने निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को समय से कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। (संवाद)

## अपराधियों पर नकेल के लिए लगवाएं सीसीटीवी कैमरे : एडीजी

नवाबगंज (गोंडा)। ऑपरेशन त्रिनेत्र से अपराधियों पर नकेल कसने के लिए शहर व ग्रामीण क्षेत्र में सभी सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जिससे वारदात करने वाले अपराधियों की पहचान कर उन पर शिकंजा कसा जा सके। ये बातें एडीजी गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने क्षेत्र के बालापुर गांव स्थित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में कहीं। जहां शनिवार को पुलिस व पब्लिक के बीच संवाद स्थापित करने को लेकर वह क्षेत्र के ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर रहे थे। एडीजी ने ग्राम प्रधानों के साथ प्रत्येक 15 दिन में एक बार बैठक करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी का उपयोग कर अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरे का प्रयोग किया जाए। डीआईजी अमरेंद्र प्रसाद सिंह व एसपी अंकित मित्तल ने कहा कि इससे निश्चित रूप से अपराध में कमी आएगी। बैठक में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय, शिव लखन मौजूद रहे। संवाद

# कानून की जानकारी दी

बलरामपुर। एसपी केशव कुमार के निर्देश पर मिशन शक्ति अभियान के तहत शनिवार को उतरौला में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं को सुरक्षा से जुड़े कानून की जानकारी दी गई। एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं को 1076 सीएम हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 102 गर्भवती महिला चिकित्सा सेवा हेल्पलाइन तथा 112 आपातकालीन सहायता सेवा आदि की जानकारी दी। (संवाद)

# राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटे 35,733 वाद

## दीवानी न्यायालय गेट पर अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 35,733 मुकदमें आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निपटाए गए। उधर, वकीलों ने राष्ट्रीय लोक अदालत का बहिष्कार करते हुए दीवानी गेट के बाहर नारेबाजी की।

### वकीलों ने किया बहिष्कार

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला सत्र न्यायाधीश विमल प्रकाश आर्य ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन जिला जज अनिल कुमार झा ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। वाहन दुर्घटना के पांच वादों, पाक्सो एक्ट के पांच वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर कराया गया। अपर जिला जज एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी इफ्तेखार अहमद के न्यायालय पर 23 वादों का निस्तारण हुआ। सीजेएम न्यायालय में 4,625 मुदकमे, सिविल जज सीनियर डिवीजन के न्यायालय पर 384 फौजदारी व 10 सिविल मुकदमों का निस्तारण हुआ। एसीजेएम न्यायालय पर 100 फौजदारी व एक उत्तराधिकार, सिविल जज जूनियर डिवीजन पर 130 फौजदारी, जेएम प्रथम पर 483 वादों का निस्तारण कराया गया। इसी तरह दीवानी न्यायालय उतरौला में 692 मुकदमों व ग्राम न्यायालय तुलसीपुर में 94 मुकदमों का निस्तारण हुआ। तीनों तहसीलों में फौजदारी के 352, राजस्व के 565, प्रीलिटीगेशन स्तर पर 27,670 तथा बैंकों के 517 वादों का निस्तारण समझौते के तहत कराया गया। इस दौरान राम मिलन सिंह, जहेंद्र पाल सिंह, प्रीति माला चतुर्वेदी, ज्ञानेंद्र कुमार, अतुल कुमार नायक, अक्षिता मिश्रा, योगेंद्र कुमार व दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।



दीवानी न्यायालय गेट पर लोक अदालत का विरोध जताते अधिवक्ता। संवाद

### अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

**अधिवक्ताओं** ने राष्ट्रीय लोक अदालत का बहिष्कार करते हुए दीवानी न्यायालय गेट के सामने प्रदर्शन किया। पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों के समर्थन में विरोध दर्ज कराया। जिला बार संघ अध्यक्ष रामानंद मिश्र व महामंत्री अजय बहादुर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत अधिवक्ताओं के बहिष्कार से विफल रहा है। जिला बार संघ के महामंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में किसी अधिवक्ता ने हिस्सा नहीं लिया है। अधिवक्ताओं के समर्थन में वादकारी भी सुबह 10 से पांच बजे तक न्यायालय के अंदर नहीं गए हैं। न्यायालय अधिवक्ता सोमवार को भी न्यायिक कार्य नहीं करेंगे। इस दौरान अमित कुमार पांडेय, कमलेश्वर सिंह, विवेक कुमार सिंह, विजय तिवारी, मुकेश सिंह, ज्वाला यादव, सत्यदेव तिवारी व शांतिभूषण आदि उपस्थित रहे।

# पटाखा विस्फोट मामले में आरोपी गिरफ्तार

बलरामपुर। ललिया थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगर रसईपुरवा गांव में बीते दिनों हुए धमाके के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यहां 29 अगस्त की रात पटाखे में विस्फोट हुआ था।

**29 अगस्त की रात में पटाखे में हुआ था विस्फोट**

हादसे के बाद पटाखा व्यवसायी बैट्री दगने की बात कह रहा था जबकि पुलिस ने पटाखा में विस्फोट होने की पुष्टि की। फारेंसिंक टीम ने घटनास्थल से पटाखा के अवशेष समेत अन्य साक्ष्य एकत्र किए थे। जांच में आया कि शिवपुरा बाजार में पटाखा बिक्री का लाइसेंस मार्च 2024 तक वैध है। लाइसेंस में मकान से 200 मीटर दूर खेत में पटाखा रखने का गोदाम दर्शाया गया, जबकि वह घर पर ही पटाखा स्टोर किए था। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी नगर बृजनन्दन राय ने बताया कि आरोपी अली अहमद निवासी नई बाजार दक्षिणी की तलाश हो रही थी। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर विमलेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी अली अहमद उर्फ बब्बू आजाद को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। (संवाद)

# महिलाओं को किया जागरूक

संसू,बलरामपुर : जिले के सभी थानों की एंटी रोमियो टीम ने शनिवार को मिशन शक्ति अभियान चलाया। इसमें बेटियों व महिलाओं को सुरक्षा के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। बेटियों व महिलाओं को मिशन शक्ति के साथ हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी जानकारी दी गई।

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-10-09-2023

हिन्दुस्तान

## जिला न्यायालय के 6507 समेत कुल 131765 वादों का किया गया निस्तारण

# कइयों को कर्ज से मिली मुक्ति आपसी विवाद भी निपटाए गये

**लोक अदालत**

बहराइच, संवाददाता। दीवानी न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत उन लोगों के लिए संजीवनी बनी, जो दशकों से बैंकों के कर्ज के बोझ तले दबे रहे, परिवारिक मामलों में दौड़ लगाते हुए थक चुके थे। ऐसे 131765 लंबित पुराने मामले ही नहीं निस्तारित किए गए बल्कि 5.73 करोड़ से अधिक रकम भी बैंकों के खातों में पहुंची। राहत पाने वालों के चेहरे की रंगत बता रही थी कि लंबे समय से परेशानी बनी समस्या से निजात मिल गई है।

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वावधान में जिला न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला न्यायधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष उत्कर्ष चतुर्वेदी ने दीप प्रज्ज्वलित कर लोक अदालत का शुभारंभ किया। विभिन्न बैंकों व विभागों की ओर से लगाए गए स्टालों का भी जिला जज ने अवलोकन किया। समय के साथ दशकों से लंबित कर्ज व पारिवारिक मामलों से निजात के लिए लोगों की भीड़ पहुंचने लगी। कटकला गांव के रमेशचंद्र पर ढाई लाख से अधिक का कर्ज रहा, लेकिन लोक अदालत में हुए फैसल से उन्हें सिर्फ 97 हजार रुपये ही जमा करने पड़े।



राष्ट्रीय लोक अदालत में विभागों के स्टाल पर मौजूद लोग।

परसा अगैया की नीलम भी पहुंची थी। माता-पिता की मौत हो चुकी है। नीलम की दो बहनें ससुराल की राह पकड़ चुकी हैं।

भाई मानसिक रूप से दिव्यांग हैं। ऐसे में नीलम के सिर पर पिता का लिए गए कर्ज का बोझ रहा। नीलम ने बताया कि एक लाख रुपये के कर्ज के निजात के लिए वह लोक अदालत में आई थी। 50 फीसद से ज्यादा की राहत मिली है। इसी गांव के राम सागर भी भैंस खरीदने के लिए गए कर्ज से परेशान थे। महज 15000 में उन्हें भी राहत मिली है। राष्ट्रीय लोक अदालत में ऐसे कुल 131765 वादों का निस्तारण किया गया। 05 करोड़ 73 लाख 28 हजार 852 भी जमा कराए गए। इनमें जिला न्यायालय ने 6507, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय शेषमणी की अध्यक्षता में कुल 27 पारिवारिक विवाद व मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, पीठासीन अधिकारी संजीव कुमार त्यागी की अध्यक्षता में 07 वादों का निस्तारण किया गया। स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष नरेन्द्र बहादुर यादव ने 03 वाद, बैंक रिकवरी के 584 मामले व राजस्व के कुल 124637 वादों का निस्तारण भी किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के सचिव विराट शिरोमणि ने बताया कि न्यायालय परिसर में जगह जगह बनाये गये हेल्पडेस्क पर प्राविधिक स्वयंसेवकों ने वादकारियों की मदद भी किया।

# हमले मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

रुपईडीहा। थाने में तैनात उपनिरीक्षक शिवम कुमार त्रिपाठी, सिपाही सूर्यकांत पांडेय, प्रमोद कुमार ने शनिवार को जैतापुर मोड़ पर दबिश दी। एसएचओ शमसेर बहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने जानलेवा हमले मामले में फरार चल रहे सुगऊ उर्फ सुग्गा लाल, डम्बन को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद आरोपितों को जेल भेज दिया गया है।

हिन्दुस्त

# ककरहा रेंज से पांच सेंडबोआ सांप संग तस्कर गिरफ्तार

बहराइच, संवाददाता। ककरहा रेंज में शनिवार को गश्त के दौरान वन कर्मियों ने एक तस्कर को पांच रेड सेंडबोआ सांप के साथ गिरफ्तार किया है। सांप की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लाखों रुपए बताई जा रही है।

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में तस्करों पर नजर रखने के लिए कर्मियों की टीम को सतत गश्त के लिए लगाया गया है। वन क्षेत्राधिकारी डीपी कनौजिया, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी रामकुमार प्रथम, राम कुमार द्वितीय, वन दरोगा आलोक मणि तिवारी, वन रक्षक संतोष कुमार और रमेश कुमार की टीम रेंज के उर्रा बीट में पहुंची। टीम ने जंगल से एक व्यक्ति को पकड़ा। उसके पास बैग में पांच रेड सेंड बोआ (दोमुहा) सांप बरामद हुआ। जिस पर उसे हिरासत में लेकर रेंज कार्यालय लाया गया।

डीएफओ ने बताया कि तस्कर के विरुद्ध रेंज केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। जबकि बरामद सांपों को जंगल में छोड़ दिया गया है। बैग, प्लास्टिक झोला और 250 रुपए को सीज कर दिया गया है। तस्कर की पहचान रूपईडीहा थाना क्षेत्र के भगवानपुर करिंगा निवासी बाबू पुत्र मुनीम के रूप में हुई है।

## करंट लगने से मौत

पयागपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम सोहरियावा में शनिवार को बांकेलाल पुत्र किन्ने उम्र करीब 50 वर्ष को करंट लग गया। इससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## 15 वाद निस्तारित कर जमा कराए 25 लाख

बहराइच। राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर डीएम मोनिका रानी ने 12 राजस्व व पांच स्टाम्प से सम्बन्धित कुल 17 वादों का निस्तारण किया। स्टाम्प कमी से सम्बन्धित वादों का निस्तारण कर 24 लाख 91 हजार 470 की धनराशि जमा कराई। लोक अदालत में नियत वादों में पक्षों के अधिवक्ता व जिला शासकीय अधिवक्ता, अजय शर्मा व विशेष अधिवक्ता अतुल गौड़ मौजूद रहे।

# पांच सैंडवोआ सांप के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

जासं, बहराइच : कतर्नियाघाट के ककरहा रेंज के उर्रा बीट में पेट्रोलिंग के दौरान एक तस्कर को पांच सैंडबोआ सांप के साथ गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा है। वन क्षेत्राधिकारी डीपी कनौजिया के साथ वन कर्मियों की टीम ने गश्त के दौरान उसे पकड़ा। तलाशी में उसके पास से सैंडबोआ सांप, 250 रुपये व अन्य उपकरण बरामद हुए। आरोपित बाबू निवासी कंधरीयनपुरवा थाना रुपईडीहा है।

# व्यापारी की पिटाई कर नकदी और लाखों के जेवरात लूटे, एक बदमाश गिरफ्तार

## कसेहरी खुर्द की घटना, विरोध पर परिवारजन को बनाया बंधक

संसू, कैसरगंज(बहराइच) : कसेहरी खुर्द में नकाबपोश बदमाशों द्वारा व्यापारी के परिवार को बंधक बनाकर लूटपाट करने के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। घटना से इलाके में दहशत का माहौल था। पुलिस अन्य बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

कैसरगंज के ग्राम कसेहरी खुर्द निवासी मुंशीलाल किराना व पानी-पूरी की दुकान करते हैं। आरोप था कि शुक्रवार की रात वह पत्नी के साथ घर के बाहर बरामदे में लेटे थे। रात 12 बजे के बाद छह की संख्या में नकाबपोश बदमाश बरामदे में पहुंचे और जगाकर उन पर डंडों से वार कर लहूलुहान कर दिया। चैनल का ताला तोड़कर घायल दंपति के साथ अन्य परिवारजन के कमरों का दरवाजा खोलवाकर लूटपाट की। बदमाशों ने डेढ़ लाख की नकदी व सोने, चांदी के जेवरात समेत तकरीबन आठ लाख से अधिक के माल पर हाथ साफ कर दिया। लूट की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में अफरातफरी मच गई। अपर पुलिस अधीक्षक सिटी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि मामले को चुनौती मानकर पुलिस टीमों को लगाया गया था। उन्होंने बताया कि कोतवाल राजनाथ सिंह ने 24 घंटे के भीतर ही घटना में शामिल एक बदमाश अबू तालिब निवासी वैरी महेशपुर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के पास से लखनऊ नंबर लिखी बाइक, साइकिल व लूट का कुछ माल भी बरामद किया गया है। एएसपी ने बताया घटना में शामिल अन्य लोगों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

- मोटरसाइकिल, साइकिल और अन्य सामान बरामद



कैसरगंज के कसेहरी खुर्द में हुई लूट में घायल व्यापारी मुंशीलाल • जागरण

- अन्य आरोपितों की तलाश में पुलिस टीमें कर रहीं छापेमारी



घटना का खराजफाश करते अपर पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह • जागरण

**करंट से मौत**-संसू, खुटेहना : ग्राम पंचायत सोहरियावां में शनिवार को बांकेलाल गांव की महिला का दाह संस्कार कराने गए थे। बगल से गुजरी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गए। स्वजन सीएचसी ले जा रहे थे। रास्ते में ही मौत हो गई।

# सीमा से 300 लीटर मिलावटी शराब बरामद

संसू, नानपारा( बहराइच) : मिलावटी शराब पर शिकंजा कसने को लेकर एसएसबी 42वीं वाहिनी व रूपईडीहा पुलिस के जवानों ने संयुक्त अभियान चलाया ।इस मिलावटी शराब बरामद की गई। तस्कर जवानों को चकमा देकर नेपाल सीमा में दाखिल होकर भाग गए। शनिवार को सशस्त्र सीमा बल 42वी वाहनी के एसएसबी के सहायक उप निरीक्षक जयंता दास, मुख्य आरक्षी गजेन्द्र सिंह ,आरक्षी राजकुमार भाटिया, जीतेन्दर बोरो, उप निरीक्षक अश्वनी कुमार पाण्डेय , आरक्षी अंकुर पाण्डेय, आरक्षी सतवरत चौरसिया सीमा पर संयुक्त गश्त कर रहे थे। शिवपुरा चौकी के सीमा स्थित स्तम्भ संख्या 654/12 के समीप 50 मीटर भारतीय क्षेत्र में नेपाल से भारत की तरफ आ रहे चार साइकिल सवार युवकों को प्लास्टिक की बोरी में सामान लाते देखा। जवानों को देखते ही वे साइकिल छोड़कर नेपाल की ओर भाग गए। बोरी की तलाशी लेने पर 300 लीटर मिलावटी शराब बरामद की गई। मामले में अज्ञात तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# लोक अदालत में 1.31 लाख वाद किए गए निस्तारित

जासं, बहराइच : जिला एवं सत्र न्यायालय में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। सभी न्यायालयों से 1,31,765 वादों का निस्तारण किया गया, जबकि कलेक्ट्रेट कार्यालय के अनुसार जिलाधिकारी मोनिका रानी ने 12 राजस्व तथा स्टांप से संबंधित पांच वादों का निस्तारण करते हुए 24,91,470 रुपये की धनराशि जमा कराई गई।




जिला न्यायालय का मुख्य द्वार •जागरण

जिला जज उत्कर्ष चतुर्वेदी की अदालत में 6507 वाद, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय शेषमणी की अदालत पर 27, मोटर दुर्घटना एक्ट के सात, प्रथम अपर जिला जज की अदालत पर एक, एससी-एसटी की अदालत पर दो, पाक्सो कोर्ट पर पांच, ईसी एक्ट की अदालत पर 59, सीजेएम अदालत पर 2350, सिविज जज की अदालत पर 245, एसीजेएम की अदालत पर 1052, सिविल जज जूनियर डिवीजन की अदालत पर 174, एफटीसी कोर्ट पर 630, अपर सिविल जज पंचम पर 527, ग्राम न्यायालय नानपारा 42, महसी 90, जेएम प्रथम 610, सिविल जज जूनियर डिवीजन एफटीसी पर 570 वादों का निस्तारण हुआ। इनमें लाखों रुपये जुर्माने के रूप में वसूल किए गए। इसके अलावा सेशन व मजिस्ट्रेट की 10 कोर्ट वैकेंट होने के नाते कोई निस्तारण नहीं हुआ।

# राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के जवानों ने साफ-सफाई कर किया पौधारोपण

**जासं, बहराइच** : एनडीआरएफ(राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) के बचाव कर्मियों ने किसान पीजी कालेज में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। परिसर की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

एनडीआरएफ वाराणसी की टीम व जिला आपदा प्रबंधन के आपदा मित्रों ने कालेज प्रोफेसर उस्मान अली व ओपी सोनी की अगुवाई में पौधारोपण किया गया। एनडीआरएफ के उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के नेतृत्व में टीम जिले में विभिन्न माध्यम से आपदा प्रबंधन व जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। पौधारोपण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। कालेज परिसर की सफाई कर लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया गया।

# छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज

**महसी।** हरदी थाना के एक गांव निवासी महिला ने गांव के ही एक युवक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। महिला का आरोप है कि आरोपी शुक्रवार रात लगभग नौ बजे उसके घर घुस आया और छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर आरोपी मौके से भाग निकला। थानाध्यक्ष हरदी सूरज कुमार राणा ने बताया कि आरोपित अनीस के खिलाफ छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। -संवाद

# करंट से अधेड़ की मौत

**पयागपुर (बहराइच)।** पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोहरियावां निवासी बांकेलाल (50) शनिवार को सुबह किसी के अंतिम संस्कार में जा रहा था। तभी रास्ते में बिजली के तार के चपेट में आ गया। वह गंभीर रूप से झुलस गया। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंचे परिवारीजनों ने अधेड़ को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष श्यामदेव चौधरी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। -संवाद

# डीएम हुजूर! जबरवै नाहीं बनावै देत हैं घरा

संवाद सूत्र, बहराइच/फखरपुर : शनिवार को होने वाले थाना समाधान दिवस का जायजा लेने जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा फखरपुर व कोतवाली नगर पहुंचे। समस्याएं सुनते हुए मौके पर टीम को भेजकर निस्तारण के निर्देश दिए।

**फखरपुरः** डीएम व एसपी ने लोगों की समस्याएं सुनीं। नौ प्रार्थना पत्र आए, इसमें दो का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। उमरी दहलो निवासी नूरजहां ने डीएम को देखते ही कहा कि हुजूर, बैनामा की जमीन है। जबरवै तबहुं घर बनावै से रोक देत। डीएम ने राजस्व निरीक्षक राम मनोहर, सुरेश गुप्त को भेजकर तत्काल निस्तारण कराया। शिवराजपुर निवासी बेचन ने कोटे से राशन न मिलने, भिलोरा काजी निवासी नकक्षेद ने आबादी जमीन में नाली निर्माण की शिकायत की। बरसात होते देख डीएम ने कहा कि ब्लाक अधिकारियों से समन्वय बना कर थाना परिसर में मीटिंग हाल की निर्माण कराया जाए।

तहसीलदार कैसरगंज अजय यादव, थानाध्यक्ष मुकेश सिंह व अन्य मौजूद रहे। इसके बाद डीएम व एसपी ने कोतवाली नगर पहुंचकर जन समस्याओं की सुनवाई की। निर्देश दिया कि समयबद्धता के साथ प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण कराएं। समाधान दिवस पंजिका का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की।



फखरपुर थाना परिसर में फरियाद सुनते एसपी प्रशांत वर्मा व डीएम मोनिका रानी ● जागरण

# 5 सेंडबोआ सांपों के साथ तस्कर गिरफ्तार

**संवाद न्यूज एजेंसी**

## ककरहा रेंज में वन कर्मियों ने पकड़ा, भेजा गया जेल

**बहराइच/मिहींपुरवा।** कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के ककरहा रेंज में शनिवार को एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। तस्कर के पास से पांच रेड सेंडबोआ सांप बरामद हुए जिनकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लाखों रुपये आंकी जा रही है। तस्कर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

वन क्षेत्राधिकारी डीपी कनौजिया शनिवार को उप क्षेत्रीय वन अधिकारी रामकुमार प्रथम, राम कुमार द्वितीय, वन दरोगा आलोक मणि तिवारी गश्त कर रहे थे। इस दौरान कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के ककरहा रेंज संरक्षित उर्रा बीट से एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। उसे रोक कर पूछताछ की गई। उसके पास से सेंडबोआ सांप मिलने पर उसे गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से पांच रेड सेंड बोआ, एक बैग, एक प्लास्टिक झोला व 250 रुपए बरामद हुए हैं। बरामद सांपों को जंगल में छोड़ दिया गया है।

डीएफओ आकाशदीप बधावन ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर की पहचान रुपईडीहा थाना क्षेत्र के कंधरियनपुरवा भगवानपुर करिंगा निवासी बाबू पुत्र मुनीम के रूप में हुई है।

# एक आरोपी को पुलिस ने दबोचा

■ कैसरगंज कोतवाली के कसेहरी खुर्द में हुई घटना का खुलासा करते हुए एएसपी नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि प्रकरण चोरी का है। जानकारी होने पर डॉयल 112 व कोतवाली पुलिस ने चोरों की घेराबंदी की थी। जिसके बाद चोर किराना का कुछ सामान, नगदी, एक बाइक, साइकिल आदि मौके पर छोड़ कर भाग गए थे। एक चोर बैरीमहेशपुर निवासी अबू तालिब को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमें बनाई गई हैं।

# 1.31 लाख वाद निपटे

## लोक अदालत : सुहल समझौते के आधार पर कराया गया निस्तारण

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** दीवानी न्यायालय के परिसर में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। जिले के विभिन्न न्यायालयों पर लंबित रिकार्ड एक लाख 31 हजार 765 वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर कराया गया।

दीवानी न्यायालय में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत प्राधिकरण के अध्यक्ष व जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी की देखरेख में हुआ। कार्यक्रम का आरंभ जनपद न्यायाधीश ने दीप प्रज्जवलित कर किया। प्राधिकरण के सचिव विराट शिरोमणि ने बताया कि जिला न्यायालय द्वारा लंबित 6507 वादों का निस्तारण कराया गया। परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश शेषमणि द्वारा पारिवारिक वाद के 27, पीठासीन अधिकारी संजीव कुमार त्यागी द्वारा सात, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष नरेंद्र बहादुर यादव द्वारा तीन, बैंक रिकवरी के 584 और राजस्व के एक लाख 24 हजार 637 वादों का निस्तारण कराया गया। लोक अदालत में सेटेलमेंट की धनराशि 5,73,28,852 रही।



कचहरी में लोक अदालत के दौरान मौजूद न्यायिक अधिकारी। -संवाद

■ **अधिवक्ताओं ने किया बहिष्कार :** हापुड़ कांड की घटना में विरोध में विधि कार्य से विरत अधिवक्ताओं ने दीवानी न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत से पूर्व अपना विरोध प्रदर्शन कर बहिष्कार किया। जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी, एसीजेएम कृष्ण कुमार व प्राधिकरण के सचिव विराट शिरोमणि ने स्थित को संभालते हुए न्यायालय परिसर का निरीक्षण कर कर्मचारियों को लोक अदालत को सफल बनाने का निर्देश दिया।

■ **डीएम ने 17 वादों का किया निस्तारण : बहराइच।** कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत की अध्यक्षता डीएम मोनिका रानी ने की। उन्होंने 12 राजस्व व पांच स्टांप की कमी के वादों में सुनवाई करते हुए सभी वादों का निस्तारण किया। डीएम ने स्टांप कमी के मामले में 24 लाख 91 हजार 470 रुपये की धनराशि को मौके पर जमा कराई। इस मौके पर शासकीय अधिवक्ता राजस्व अजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

# समाधान दिवस : शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण करें निदान

संवाद न्यूज एजेंसी



कोतवाली नगर में आयोजित समाधान दिवस में शिकायत सुनतीं डीएम व मौजूद एसपी। -संवाद

बहराइच/ मोतीपुर/ रुपईडीहा/मटेरा। जिले के सभी थानों पर शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। बारिश के चलते फरियादियों की संख्या कम रही। डीएम व एसपी ने कोतवाली नगर व फखरपुर थाने का निरीक्षण किया और जन समस्याएं सुनीं। डीएम ने समस्या का गुणवत्तापूर्ण समाधान करने को कहा।

कोतवाली नगर में डीएम मोनिका रानी व एसपी प्रशांत वर्मा की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान एएसपी नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह व कोतवाल ब्रह्मा गौंड मौजूद रहे। फखरपुर थाने में नौ शिकायती पत्र आए, जिसमें से दो का डीएम-एसपी ने मौके पर निस्तारण करवाया। रुपईडीहा थाने में तहसीलदार नानपारा प्रद्युम्न पटेल की अध्यक्षता में समाधान दिवस हुआ। जिसमें लक्ष्मणपुर सलारपुर निवासी दाताराम ने पानी को लेकर पड़ोसी द्वारा विवाद करने की बात कही। जिस पर थाना प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने उसका मौके पर निस्तारण किया। मटेरा थाने में थाना प्रभारी परमानंद तिवारी की अध्यक्षता में तीन शिकायती पत्र आए। सभी का निस्तारण किया गया। मोतीपुर थाने में छह प्रार्थना पत्रों में से दो का निस्तारण किया गया।

# SHRAWASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः-10-09-2023

# राजस्व व पुलिस टीम मौके पर जाकर निपटाएं भूमि विवाद



कोतवाली भिनगा में शिकायत सुनती डीएम व एसपी।

। सभी थानों में शनिवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। ...ल प्राप्त 41 शिकायतों के सापेक्ष 14 ...ों का निस्तारण किया गया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया।

कोतवाली भिनगा में जिलाधिकारी कृतिका शर्मा व पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने लोगों की शिकायत सुनी। यहां कुल सात शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिसमें से एक का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। डीएम ने कहा कि थाना दिवस में आए प्रत्येक फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना जाय और समय से निस्तारण किया जाय। भूमि विवादों की शिकायत को राजस्व व पुलिस टीम मौके पर जाकर निस्तार करे।

शिकायतों के निस्तारण की जांच फरियादियों के मोबाइल पर बात कर की जाएगी। यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने कहा कि समाधान दिवस में आई छोटी-बड़ी सभी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज किया जाय तथा उनका समय से मौके पर जाकर निस्तारण किया जाय। लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

समाधान दिवस में गिलौला में चार, थाना इकौना में पांच, थाना श्रावस्ती में पांच, मल्हीपुर में दो शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से किसी का भी निस्तारण नहीं हो सका। इसी तरह से थाना सोनवा में प्राप्त तीन शिकायतों के सापेक्ष दो का, थाना सिरसिया प्राप्त 13 में से 10 शिकायतों को व हरदत्त नगर गिरंट थाने में दो के सापेक्ष एक शिकायत का निस्तारण मौके पर किया।

# शिकायतें निस्तारित

जागरण टीम, श्रावस्ती : शनिवार को भिनगा कोतवाली समेत सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कुल 41 प्रार्थना पत्र आए। इनमें से सिर्फ 14 का निस्तारण हो सका। डीएम कृतिका शर्मा व एसपी प्राची सिंह ने भिनगा कोतवाली में आयोजन की अध्यक्षता की। डीएम ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनें। समय सीमा में निस्तारित कराएं।

# फरियादियों का समाधान दिवस से भंग हो रहा मोह



भिनगा कोतवाली में समाधान दिवस में पीड़ितों की फरियाद सुनतीं डीएम व एसपी।-संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** थानों में शनिवार को होने वाले समाधान दिवस से फरियादियों का मोह भंग हो रहा है। फरियादियों को त्वरित न्याय नहीं मिल पा रहा है।

भिनगा कोतवाली में शनिवार आयोजित थाना समाधान दिवस में डीएम कृतिका शर्मा व एसपी प्राची सिंह की उपस्थिति में मात्र सात फरियादी ही शिकायत लेकर पहुंचे। इनमें एक राजस्व व छह पुलिस से संबंधित मामले थे। इनमें मात्र एक मामले का ही मौके पर समाधान हुआ। सीओ नगर अतुल कुमार चौबे के नेतृत्व में सिरसिया थाने में समाधान दिवस आयोजित हुआ। जहां 13 मामले आए। इनमें 12 राजस्व व एक पुलिस से संबंधित मामला था। जिनमें से दस मामले का मौके पर निस्तारण हुआ।

## ज्यादातर मामलों में पीड़ितों को नहीं मिल पा रहा त्वरित न्याय

मल्हीपुर में सीओ जमुनहा सतीश कुमार शर्मा की उपस्थिति में मात्र दो मामला आए। इनमें एक राजस्व व एक पुलिस से संबंधित था। जिनमें से किसी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। गिरंट में एसडीएम जमुनहा के नेतृत्व में आयोजित थाना समाधान दिवस में दो राजस्व से संबंधित मामले आए। जिनमें एक का ही निस्तारण हो सका। सोनवा में दो राजस्व व एक पुलिस से संबंधित मामलों मे दो मामलों का निस्तारण हुआ। गिलौला में राजस्व के चार, इकौना में राजस्व के पांच व नवीन मॉडल थाना कटरा में राजस्व के पांच मामले आए। इनमें से किसी भी मामले का निस्तारण मौके पर नहीं हो सका।

# चाकू के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गिलौला पुलिस ने चाकू के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। शुक्रवार शाम को गिलौला थाने की पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से एक अदद अवैध चाकू बरामद किया। बरामद चाकू को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान जाहिर अली पुत्र साबित अली निवासी लखबीभारी थाना गिलौला के रूप में हुई। आरोपी के विरुद्ध पुलिस की ओर से आर्म्स एक्ट में कार्रवाई की गई।

# हेल्पलाइन नंबरों के प्रति किया जागरूक

**श्रावस्ती।** महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा से उन्हें जागरूक करने के लिए शनिवार को कई स्थानों पर अभियान चला कर चौपाल का आयोजन किया गया। नारी सुरक्षा दल में शामिल महिला आरक्षियों ने महिलाओं व बालिकाओं को कई महत्वपूर्ण जानकारी व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। शनिवार इकौना के चक्र भंडार, सैयद मीरा शाह बाबा, जगतजीत इंटर कॉलेज, सीताद्वार व इकौना देहात में चौपाल का आयोजन किया गया। जगतजीत इंटर कॉलेज में चौपाल में वीमेन पावर लाइन 1090 की जानकारी दी गई। संवाद

# चाकू के साथ गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** गिलौला पुलिस ने शुक्रवार रात क्षेत्र भ्रमण के दौरान एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया। जिसके पास से पुलिस ने एक चाकू बरामद किया। गिरफ्तार युवक की पहचान लक्खी भारी निवासी जाहिर अली पुत्र साबित अली के रूप में हुई। जिसके विरुद्ध पुलिस ने आर्म्स एक्ट में कार्रवाई किया है। संवाद

# 27 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने शनिवार को नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध बैरियर व चेक पोस्ट पर वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 27 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में ई-चालान किया। साथ ही पुलिस ने 57000 रुपये शमन भी किया। संवाद